


THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com

वर्ष-27 अंक : 231 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) कार्तिक शु.12, 2079 शनिवार, 5 नवंबर 2022

प्रधान संपादक – **डॉ. गिरीश कुमार संघी** हैदराबाद नगर **पृष्ठ** : 16 **मूल्य** : 8 **रुपये**

## अनंतनाग में प्रवासी मजदूरों पर हमला

श्रीनगर, 4 नवंबर (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर में आतंकियों ने एक बार फिर प्रवासी मजदूरों को निशाना बनाया है। अनंतनाग जिले के बोंदियालगाम में आतंकियों ने दो प्रवासी मजदूरों पर गोलियां चलाईं। इससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस ने अस्पताल में भर्ती कराया। कश्मीर जोन पुलिस ने बताया दोनों मजदूर एक प्राइवेट स्कूल में काम कर रहे थे। इसी दौरान आतंकियों ने उन पर हमला कर दिया। मजदूर बिहार और नेपाल के रहने वाले हैं। वे बोंदियालगाम के एसएपीएस स्कूल में काम करते हैं। दोनों की हालत नाजुक बनी हुई है। इस हमले से पहले गुरुवार को ही सेना के जवानों ने पुंछ सेक्टर में आतंकियों ने घुसपैठ की कोशिश की थी।

## पंजाब में हिंदू नेता की हत्या



### मूर्तियों की बेअदबी के खिलाफ धरना दे रहे थे

अमृतसर, 4 नवंबर (एजेंसियां)। पंजाब के अमृतसर में शुक्रवार को हिंदू नेता सुधीर सूरी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। अमृतसर पुलिस के मुताबिक गोली मारने वाले को गिरफ्तार कर लिया गया है। साथ ही उससे हत्या में इस्तेमाल हथियार भी बरामद कर लिया गया है। हत्या क्यों की गई, इस बारे में आरोपी से पूछताछ की जा रही है। तनाव को देखते हुए इलाके में भारी पुलिस बल तैनात किया गया है।

सूरी शिवसेना हिंदुस्तान के नेता थे। जिस समय यह घटना हुई, वह मूर्तियों की बेअदबी के खिलाफ गोपाल मंदिर के बाहर प्रदर्शन कर रहे थे। उनके साथ उनके समर्थक भी मौजूद थे। तभी अचानक उन पर फायरिंग की गई। घायल अवस्था में उन्हें प्राइवेट अस्पताल में दाखिल कराया गया। जहां उन्होंने दम तोड़ दिया। सुधीर सूरी खालिस्तान समर्थकों के टारगेट पर थे। कुछ समय पहले भी उनकी हत्या की साजिश का खुलासा हुआ था, जो विदेश बैठे खालिस्तान समर्थकों ने रची थी। इसके बाद उन्हें पुलिस प्रोटेक्शन दिया गया था। जानकारी के अनुसार, सुधीर सूरी गोपाल मंदिर के बाहर धार्मिक मूर्तियों की बेअदबी को लेकर प्रदर्शन कर रहे थे।

## टीआरएस विधायक खरीद मामला

# जमानत मांगते तो आज दे देते...

### *आरोपियों की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट की कई दिलचस्प टिप्पणी*

नई दिल्ली, 4 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना की राजनीति में सनसनी फैलाने वाले टीआरएस विधायक खरीद प्रयास मामले में गिरफ्तार आरोपियों की ओर से दायर याचिका पर शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। न्यायमूर्ति गवई और न्यायमूर्ति नागरत्न की पीठ ने इस याचिका पर सुनवाई की।

इस मौके पर सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने कई दिलचस्प टिप्पणियां कीं। पीठ ने टिप्पणी की कि यदि आरोपियों ने जमानत याचिका दायर की होती तो आज जमानत दे देते। हालांकि आरोपियों ने जमानत याचिका दायर नहीं की है। ज्ञात हो कि इस मामले में गिरफ्तार किए गए रामचंद्र भारती उर्फ सतीश शर्मा, कोरे नंदकुमार उर्फ नंदू और स्वामी सिम्हायाजी ने उच्च न्यायालय के उस आदेश को रद्द करने की मांग करते हुए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था, जिसे विधायकों को खरीदने की कोशिश करने वाले झूठे आरोपों के आधार पर उन्हें रिमांड पर भेजने का आदेश दिया गया था। शुक्रवार को इस याचिका पर सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ताओं ने दलील दी कि तेलंगाना पुलिस ने उनके खिलाफ पक्षपातपूर्ण रवैये के साथ मामला दर्ज किया है। उनका कहना था कि निचली अदालत ने उन्हें रिमांड पर लेने से इनकार कर दिया। हाईकोर्ट ने दो दिन के भीतर फैसला बदल कर रिमांड पर भेज दिया। इन दलीलों को सुनकर सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के फैसले पर नाराजगी जताई। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी सवाल किया कि उच्च न्यायालय इस तरह के अलग-अलग फैसले कैसे दे सकता है। शीर्ष अदालत ने निचली अदालत को इस मामले में गुण-दोष के आधार पर सुनवाई करने का निर्देश दिया है। याचिका पर आगे की सुनवाई इस महीने की 7 तारीख तक के लिए टाल दी गई है।

### हाईकोर्ट ने भाजपा की याचिका पर सुनवाई स्थगित की

हैदराबाद, 4 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना उच्च न्यायालय ने तेलंगाना राष्ट्र समिति (टीआरएस) के चार विधायकों को खरीदने के कथित प्रयास की केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) या मौजूदा न्यायाधीश से जांच की मांग करने वाली भाजपा की याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई सोमवार तक के लिए स्थगित कर दी। अदालत ने एक आरोपी और अन्य की पत्नी की याचिकाओं पर भी सुनवाई स्थगित कर दी।

न्यायमूर्ति बी. विजयसेन रेड्डी ने स्पष्ट किया कि मामले की जांच पर रोक अगली सुनवाई तक जारी रहेगी। जैसा कि राज्य सरकार ने एक विस्तृत जवाब दाखिल किया है, भाजपा के वकील ने उस पर विचार करने और बहस के लिए तैयार होने के लिए समय मांगा। कोर्ट ने सोमवार तक का समय देने पर सहमति जताई। अतिरिक्त महाधिवक्ता रामचंद्र राव ने अदालत से जांच पर रोक हटाने का अनुरोध किया, लेकिन अदालत ने फैसला सुनाया कि अगली सुनवाई तक रोक जारी रहेगी। >14

## अगले तीन दिनों तक भारी बारिश

नई दिल्ली, 4 नवंबर (एजेंसियां)। उत्तर भारत के कई राज्यों में इन दिनों जहां बढ़ते प्रदूषण की समस्या से जूझ रहे हैं तो वहीं दक्षिणी राज्यों में जमकर बारिश हो रही है। तमिलनाडु, केरल, पुडुचेरी आदि में मौसम विभाग ने अनुमान जताया है कि आने वाले तीन दिनों तक जमकर बारिश जारी रहने वाली है। मालूम हो कि नॉर्थ ईस्ट मॉनसून ने पिछले दिनों दस्तक दी थी, जिसके चलते बरसात का दौर जारी है। कुछ राज्यों में नदियों का जलस्तर बढ़ गया है, जबकि कई इलाकों में पानी भी भर गया है। मौसम विभाग ने बताया कि तमिलनाडु, पुडुचेरी, कराईकल और केरल में अगले तीन दिनों तक बहुत भारी बारिश जारी रहने वाली है। इसके अलावा, वेस्टर्न डिस्टर्बेंस की वजह से चार और पांच नवंबर को पश्चिमी हिमालीय क्षेत्रों पर असर पड़ने वाला है। इसके अलावा, आठ नवंबर को साउथवेस्ट और वेस्ट सेंट्रल बे ऑफ बंगाल में तेज गति से हवाएं चल सकती हैं।

# दिल्ली में हवा दमघोंटू : 5वीं तक स्कूल बंद-एससी में 10 को सुनवाई



नई दिल्ली, 4 नवंबर (एजेंसियां)। दिल्ली में दिवाली के बाद से प्रदुषण का स्तर बढ़ रहा है। वहीं, नवंबर की शुरुआत से ही घना कोहरा छाया हुआ है। लोगों को सांस लेने में तकलीफ हो रही है।

दिल्ली में सांस लेना मुश्किल हो गया है। शुक्रवार सुबह एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 472 तक पहुंच गया। पूरी दिल्ली में घना कोहरा छाया हुआ है। एक्यूआइ हवा की क्वालिटी मापने का पैमाना है, 450 से ऊपर होने पर इसे बेहद गंभीर माना जाता है यानी फेफड़ों के लिए खतरनाक।

बढ़ते प्रदूषण के कारण नोएडा प्रशासन ने शुक्रवार से 8वीं तक के बच्चों की क्लासेस ऑनलाइन लेने का फैसला किया है। वहीं, दिल्ली में शनिवार से प्राइमरी स्कूल बंद रहेंगे। केजरीवाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में इसका ऐलान किया। प्रदूषण को लेकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई है। इस मामले पर 10 नवंबर को सुनवाई होगी। हवा खराब होने कारण दिल्ली में ग्रैप की चौथी स्टेज लागू हो गई है। इसके तहत एयर क्वालिटी मैनेजमेंट कमिशन ने दिल्ली-एनसीआर में डीजल से चलने वाले वाहनों पर रोक लगा दी है। हालांकि, सीएनजी और इलेक्ट्रिक वाहनों पर कोई बैन नहीं है।

**एनएचआरएस ने चार राज्यों के मुख्य सचिवों को किया तलब**

दिल्ली और एनसीआर में खतरनाक स्तर पर पहुंच चुके प्रदूषण के मसले पर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर हुई है। कोर्ट ने इस याचिका को स्वीकार भी कर लिया है। आवेदन में दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण घटाने के तरीकों पर निर्देश देने की मांग की गई है। सुप्रीम कोर्ट ने याचिका पर सुनवाई के लिए 10 नवंबर की तारीख तय की है।

वहीं, राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने भी दिल्ली-एनसीआर में बढ़ते वायु प्रदूषण को लेकर चिंता जताई है। मानवाधिकार आयोग ने वायु प्रदूषण को रोकने के लिए पंजाब, हरियाणा, दिल्ल ी व उत्तर प्रदेश की सरकारों द्वारा उठाए गए कदमों पर नाखुशी जाहिर की है। वहीं, आयोग ने इस मुद्दे पर पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और दिल्ली के मुख्य सचिवों को 10 नवंबर को तलब किया है।

# स्पेस में बेलगाम हुआ चीनी रॉकेट

### वैज्ञानिकों का अलर्ट, भारत और अमेरिका में क्रैश होने का खतरा, स्पेन ने एयरपोर्ट बंद किए

बीजिंग, 4 नवंबर (एजेंसियां)। चीन की हरकतों से एक बार फिर दुनिया परेशान है। दरअसल, चीन का एक रॉकेट बूस्टर स्पेस में आउट ऑफ कंट्रोल हो गया है। वह कभी भी धरती पर गिर सकता है। यह रॉकेट तेज गति से धरती की ओर बढ़ रहा है। अभी तय नहीं है कि यह कब और कहां गिरेगा? लेकिन, स्पेस एक्सपर्ट्स का मानना है कि शुक्रवार या शनिवार तक यह कहीं भी क्रैश कर सकता है।

वैज्ञानिकों ने बताया कि चीनी रॉकेट के टुकड़े अमेरिका, भारत, चीन, दक्षिण पूर्व एशिया, ऑस्ट्रेलिया और अफ्रीका के कुछ हिस्से में गिर सकता है। वहीं इस खतरे को देखते हुए स्पेन ने अपना एयरपोर्ट बंद कर दिया है। स्पेन का कहना है कि स्पेनिश एयर ट्रैफिक कंट्रोलर ने 23 टन के चीनी रॉकेट के मलबे को अपने देश से गुजरते हुए नोटिस किया है। वैज्ञानिकों का कहना है कि धरती से लॉन्च किए गए सैटेलाइट और रॉकेट कई बार अंतरिक्ष में अनियंत्रित हो जाते हैं। इनका मलबा धरती पर गिरता है।



**अगर गिरा तो तबाह हो जाएगा क्षेत्र**

चीन का रॉकेट लॉन्ग मार्च 5बी का कोर बूस्टर है। इसे 31 अक्टूबर को लॉन्च किया गया था। इस रॉकेट की मदद से तियांगोंगे स्पेस स्टेशन के लिए एक एक्सपेरिमेंटल लेबोरेटरी मॉड्यूल को स्पेस में भेजा गया था। रिपोर्टर्स के मुताबिक, इसका वजन करीब 23 टन है, जिसकी ऊंचाई 59 फुट है। अगर यह रॉकेट किसी शहर या क्षेत्र में गिरता है तो बड़े स्तर पर जान-माल का नुकसान हो सकता है।

**नासा बोला-चीन की हरकतें गैर-जिम्मेदाराना**

अमेरिकी स्पेस रिसर्च एजेंसी का कहना है कि चीन के स्पेस अधिकारियों ने इस खतरे को पैदा किया है। नासा ने पहले भी कई बार चीन की इन हरकतों को गैर-जिम्मेदार बता चुका है।

**2 साल में चौथी बार हो सकती है घटना**

2 साल में यह चौथी बार है, जब चीनी रॉकेट का मलबा धरती पर गिर सकता है। इससे पहले 30-31 जुलाई की रात रॉकेट के कुछ टुकड़े धरती पर गिरे थे। 25 टन का ये रॉकेट 24 जुलाई को चीन के अधूरे तियांगोंग अंतरिक्ष स्टेशन को पूरा करने के लिए एक मॉड्यूल लेकर निकला था। इसको लेकर भी वैज्ञानिकों ने चिंता जाहिर की थी।

जुलाई से पहले मई 2021 में हिंद महासागर और मई 2020 में आइवरी कोस्ट पर रॉकेट का मलबा गिरा था। हालांकि दोनों मामलों में किसी भी तरह की जान-माल का नुकसान नहीं हुआ था।

### रॉकेट के मलबे से कितना खतरा

द एयरोस्पेस कॉरपोरेशन के मुताबिक, जो मलबा पृथ्वी के एटमॉस्फियर में नहीं जलता वो आबादी वाले इलाकों में गिर सकता है। लेकिन, इस मलबे से किसी को नुकसान पहुंचाने की संभावना बहुत ही कम होती है। अमेरिका के ऑर्बिटल डॉबरीज मिटिगेशन स्टैंडर्ड प्रैक्टिसेज की 2019 में जारी हुई एक रिपोर्ट के मुताबिक, किसी रॉकेट के अनियंत्रित होकर धरती में फिर से प्रवेश करने पर किसी के हताहत होने की संभावना 10 हजार में एक है।

## एससी ने नवीन कुमार जिंदल को दी राहत

नई दिल्ली, 4 नवंबर (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने पैगम्बर मुहम्मद पर कथित अपमानजनक टिप्पणी के संबंध में भाजपा से निष्कासित नेता नवीन कुमार जिंदल को एक बड़ी राहत प्रदान की है।

सुप्रीम कोर्ट ने नवीन कुमार जिंदल के खिलाफ देशभर में दर्ज सभी एफआईआर को शुक्रवार को दिल्ली पुलिस को ट्रांसफर करने का निर्देश दिया है। मामले की सुनवाई कर रही जस्टिस एमआर शाह और जस्टिस एमएम सुंदरेश की बेंच ने दिल्ली पुलिस द्वारा जांच पूरी होने तक नवीन कुमार जिंदल को अंतरिम संरक्षण भी दिया। सुप्रीम कोर्ट ने जिंदल को उनकी कथित टिप्पणी पर दर्ज एफआईआर को रद्द करने के लिए दिल्ली हाईकोर्ट जाने की अनुमति दी और कहा कि भविष्य की सभी एफआईआर भी जांच के लिए दिल्ली पुलिस को हस्तांतरित की जाएंगी। बेंच ने कहा कि सभी एफआईआर दिल्ली पुलिस की आईएफएसओ यूनिट को ट्रांसफर की जाएंगी।

## *दिल्ली में एमसीडी चुनाव का ऐलान*

# 4 दिसंबर को होगा मतदान 7 दिसंबर को आएगा रिजल्ट

### *आधी सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित*

नई दिल्ली, 4 नवंबर (एजेंसियां)। दिल्ली चुनाव आयुक्त विजय देव ने शुक्रवार को दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) चुनाव का ऐलान कर दिया है। 7 से 14 नवंबर तक नामांकन होंगे। 4 दिसंबर को वोटिंग होगी, जबकि 7 दिसंबर को काउंटिंग होगी।

दिल्ली नगर निगम में 250 सीटें हैं, इनमें अनुसूचित जाति (एससी) के लिए 42 सीटें रिजर्व हैं। महिलाओं के लिए 50 फीसदी सीटें रिजर्व होंगी। दिल्ली नगर निगम के वार्डों के परिसीमन के बाद केंद्र सरकार ने 18 अक्टूबर को नोटिफिकेशन जारी किया था। दिल्ली के सभी 250 वार्ड में ईवीएम से वोट डाले जाएंगे। इसके लिए 50 हजार से ज्यादा ईवीएम रखी गई हैं। वोटर की सुविधा के लिए चुनाव में एक लाख से ज्यादा कर्मचारियों की तैनाती होगी। चुनाव में 250 एआरओ, 2 हजार सेक्टर मजिस्ट्रेट होंगे। 68 जनरल ऑब्जर्वर तैनात होंगे।

**दिल्ली में आचार संहिता लागू**

दिल्ली में आज से ही आचार संहिता लागू हो गई है। अब मॉडल बुक ऑफ कंडक्ट की एक बुकलेट जारी की जाएगी। लाउडस्पीकर के उपयोग पर पर रोक रहेगी। लाउडस्पीकर का यूज करने के लिए परमिशन लेनी होगी। परमीशन लेने के बाद भी रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक लाउडस्पीकर नहीं बजा सकेंगे। दिल्ली में अवैध रूप से लगे होर्डिंग्स और पोस्टर्स के खिलाफ अभियान चलाया जाएगा। उम्मीदवारों के नामांकन 68 स्थानों पर सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक होंगे। एक कैंडिडेट चुनाव प्रचार में 8 लाख रुपए तक खर्च कर सकता है। पिछले चुनाव में खर्च सीमा 5.75 लाख रुपए थी।

## 7वीं के स्टूडेंट को 'भारत माता की जय' बोलने पर मिशनरी स्कूल ने दी सजा

**2 टीचर पर एफआईआर**

गुना, 4 नवंबर (एजेंसियां)। गुना में मिशनरी स्कूल में 'भारत माता की जय' बोलने पर बवाल हो गया। यहां 7वीं के स्टूडेंट को न सिर्फ जमकर फटकार लगाई, बल्कि उसे अगले 4 पीरियड तक जमीन पर भी बिठाए रखा। जानकारी लगने पर हिंदू नेताओं और पेरेंट्स ने स्कूल में हंगामा कर दिया। मामले में दो टीचर्स के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। गुना के रहने वाले रोहित जैन ने बताया कि उनका बेटा क्राइस्ट स्कूल में कक्षा 7वीं में पढ़ता है। बुधवार को स्कूल में प्रेयर के बाद उसने 'भारत माता की जय' बोल दिया। इसी बात पर मौजूद टीचर भड़क उठे। बच्चे को 4 पीरियड तक जमीन पर बैठने की सजा दी गई। >14

## तिहाड़ के डीजी जेल पर गिरी गाज

नई दिल्ली, 4 नवंबर (एजेंसियां)। दिल्ली के पुलिस महानिदेशक (जेल) संदीप गोयल पर गाज गिरी है। उनका ट्रांसफर कर दिया गया है। संदीप गोयल पर तिहाड़ में बंद ठग सुकेश चंद्रशेखर की मदद का आरोप लगा था।

दिल्ली के राज्यपाल वीके सक्सेना के आदेश पर उनका ट्रांसफर किया गया है। संदीप गोयल की जगह अब संजय बेनीवाल नए डीजी जेल होंगे। अभी वह मीडिया सेल में स्पेशल कमिश्नर के पद पर तैनात थे। संदीप गोयल पर ठग सुकेश चंद्रशेखर को जेल में सुविधाएं देने का आरोप था। तिहाड़ जेल के 80 से ज्यादा अफसर रडार पर हैं जिनके ऊपर कभी भी गाज गिर सकती है। >14

## मृतक के घर से बरामद सामग्री में मिले कट्टरता के संकेत, एनआईए जांच जारी

कोयंबटूर, 4 नवंबर (एजेंसियां)। तमिलनाडु के कोयंबटूर शहर में बीते महीने कार में विस्फोट हुआ था। इसमें एक शख्स जेम्स मुबीन की मौत हो गई थी। इस बीच, पुलिस सूत्रों ने जानकारी दी है कि मुबीन के घर से बरामद सामग्री में कट्टरता के संकेत मिले हैं, जिनमें आईएसआईएस से जुड़े प्रतीक और लोगों के वर्गीकरण का संकेत देने वाले हाथ से लिए हुए नोट शामिल हैं। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) मामले की जांच कर रही है।

कोयंबटूर कार विस्फोट मामले की जांच अभी राष्ट्रीय जांच एजेंसी कर रही है। इससे पहले शहर की पुलिस ने घटना के संबंध में गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत प्राथमिकी दर्ज की थी।

जेम्स मुबीन के घर से बरामद की गई एक लकड़ी की पट्टी पर लिखा गया था- अल्लाहुद्दीन इल्लाथिनमीधु काइ वैथल वीररुप्पम। जिसका हिंदी अर्थ होता है- अल्लाह के घर को छूने वाले को उखाड़ फेंका जाएगा।

## गुजरात में आप के सीएम कैंडिडेट ईशुदान गढ़वी



गांधीनगर, 4 नवंबर (एजेंसियां)। गुजरात विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी के मुख्यमंत्री कैंडिडेट ईशुदान गढ़वी होंगे। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने लोगों से राय मांगी थी कि आपका सबसे लोकप्रिय आप नेता कौन है। इस सर्वे के आधार पर केजरीवाल ने मुख्यमंत्री कैंडिडेट के लिए गढ़वी को चुना। गढ़वी गुजराती पत्रकार हैं।

**73 फीसदी लोगों ने गढ़वी को लोकप्रिय नेता चुना**

केजरीवाल ने वेबसाइट, ईमेल, मोबाइल एप्लिकेशन, संदेश और वॉट्सऐप के माध्यम से लोगों से सुझाव मांगे थे। 16 लाख 48 हजार 500 लोगों ने अपने लोकप्रिय नेता के बारे में जवाब दिया। 73 फीसदी लोगों ने इशुदान गढ़वी को चुना। वहीं, 30 फीसदी लोगों ने गोपाल इटालिया के फेवर में मतदान किया था। पंजाब में भी इसी तरह सर्वे के बाद आप के सीएम उम्मीदवार के रूप में भगवंत मान के नाम की घोषणा की गई थी।

**108 कैंडिडेट्स के नाम का ऐलान कर चुकी है आप**

आम आदमी पार्टी ने बीते मंगलवार को आगामी गुजरात विधानसभा चुनाव के लिए अपने 22 उम्मीदवारों की अपनी आठवीं सूची जारी की है। इस लिस्ट के जारी होने के बाद घोषित उम्मीदवारों की संख्या 108 हो गई है। गुजरात में आम आदमी पार्टी एकमात्र पार्टी है, जो अब तक 100 से ज्यादा उम्मीदवारों के नाम का ऐलान कर चुकी है।

**गुजरात में 1 और 5 दिसंबर को चुनाव, नतीजे 8 को**

गुजरात विधानसभा चुनाव के लिए दो फेज में एक और पांच दिसंबर को वोट डाले जाएंगे। चुनाव आयोग ने गुरुवार को चुनाव की तारीखों का ऐलान किया। गुजरात विधानसभा का कार्यकाल 18 फरवरी 2023 को खत्म हो रहा है।

**REPLY NOTICE IN RESPONSE TO THE CAUTION NOTICE WHICH IS TERMS AS "WARNING" WHICH WAS PUBLISHED IN HINDI MILAP DAILY NEWS PAPER ON 24-10-2022, 05-10-2022 & 23-12-2021 THROUGH MR. V.K.SINHA, ADVOCATE & ATTORNEY ON BEHALF OF M/S. A.P.PRODUCTS PRIVATE LIMITED**

In response to the caution notice which is termed as "**WARNING**" which was published in Hindi Milap Daily News Paper on 23-12-2021, 05-102022 and 24-10-2022 through Mr. V.K. Singh. Advocate & Attorney on behalf of A.P. Products Private Limited alleging that their clients filed a suit against our client Mr. Yagyanand Agarwal, trading as A.P. Products of 18-7-445/1, 445/1A, 445/2, 445/6 to 9, Saraswathi Nagar, Lalita Bagh Road, Gowli Pura, Hyderabad-53 on the file of Hon'ble VIII Additional District, Rangareddy Dist., and our client Yagyanand Agarwal was restrained by way of interim injunction order dated 11th November, 2020 passed in I.A. No. 447 of 2020 in O.S. No. 283 of 2020 from manufacturing and selling and offering for sale SPICES OF ALL KINDS either by himself, his servants, agents, under any identical deceptively phonetically similar to and / or a colourable imitation their clients' trade mark i.e., A.P. PRODUCTS PRIVATE LIMITED and also alleged that the Hon'ble High Court was restored by skirmishes vide an order dated 25-062021 in I.A. No. 1 of 2021 in CRP No. 380 of 2021.

That our client Yagyanand Agarwal hereby informed the General Public the said orders passed by the Hon'ble courts are false, since the Hon'ble VIII Additional District Judge, Rangareddy Dist., passed an order restraining our client from alienating or dealing in any manner with respect of Schedule A to H properties and none of the properties as mentioned in the plaint i.e., Schedule A to H properties are situated within the limits of Rangareddy Dist., Courts, as such our client YAGYANAND AGARWAL who is the Defendant No.6 filed a petition in I.A. No. 447 of 2020 with a prayer to reject the plaint filed by Ved Prakash Agarwal and others and the Hon'ble VIII Addl. Dist. Judge, Rangareddy Dist., dismissed the petition filed by our client and directed the office to return the plaint to the plaintiffs i.e. Ved Prakash Agarwal and others to file it in the proper court as per law vide orders passed on 16-02-2021 Subsequently the said Ved Prakash Agarwal and others filed CRP No. 380 of 2021 before the Hon'ble High court instead of resubmitting the suit in a proper court and obtained the injunction order as granted earlier by the Hon'ble VII Addl. Dist. Judge, R.R. Dist., as such the caution notice in the shape of WARNING is false and baseless since there is no injunction order granted in L.A. No. 447 of 2020 and our client is the absolute rights and title over the properties belongs to his paternal grand father Late Anand Swaroopji and the matter is subjudice before Hon'ble Civil Courts and Hon'ble High Court.

**SYED SHABBIR HUSSAIN**
ADVOCATE
H.No. 2-4-620, (MIG 26/B)
Nehru Nagar, Kachiguda Golnaka
Road, Hyderabad-27.
Cell : 9848996040, 7989719610

# महाराष्ट्र में 'मराठी मुस्लिम' को लेकर सियासत तेज

## उद्धव गुट ने बताया अपना समर्थक, बीजेपी बोली- तुष्टिकरण की कोशिश



मुंबई, 4 नवंबर (एजेंसियां)। जैसे-जैसे मुंबई निकाय चुनाव नजदीक आ रहे हैं, महाराष्ट्र की राजनीति में एक नया वोट बैंक भी उभरता नजर आ रहा है। अब पार्टियों के बीच 'मराठी मुस्लिम' को लेकर राजनीति शुरू हो गई। एक तरफ जहां शिवसेना (उद्धव गुट) ने दावा किया है कि उन्हें मराठी मुसलमानों का साथ मिल रहा है तो दूसरी तरफ बीजेपी ने इसे तुष्टीकरण की राजनीति बताया है। दरअसल, 22 अक्टूबर को शिवसेना (उद्धव गुट) के मुखपत्र सामना ने पहले पन्ने पर इस बात का जिक्र किया था कि 'मराठी मुसलमान' पार्टी का समर्थन कर रहे हैं। इस पर बीजेपी ने तुरंत जवाब दिया और पार्टी पर तुष्टीकरण का आरोप लगाया। मुंबई बीजेपी प्रमुख आशीष शेलार ने उद्धव गुट पर हमला करते हुए कहा कि शिवसेना उद्धव बालासाहेब पार्टी मराठी और मुस्लिम वोट हासिल करना चाहती है, लेकिन शब्दों के साथ बड़ी चतुराई से खेल किया है।

**क्या मतदाता बदलती हुई उद्धव सेना को करेंगे स्वीकार ?**

इसे उद्धव सेना के नए मास्टर स्ट्रोक के रूप में देखा जा रहा है। गणित और राज्य में बदली हुई राजनीतिक के मद्देनजर अब वोट बैंक भी बदलते नजर आ रहे हैं। अभी तक शिवसेना को हिंदुत्व की राजनीति करते हुए देखा गया है। प्रतिष्ठित बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) के चुनाव में उद्धव सेना 25 सालों से नियंत्रित करती रही है। देखने वाली बात यह होगी की क्या इस बार जनता बदलती हुई इस उद्धव सेना को स्वीकार करेंगे। खासकर जब बीजेपी इस पर कब्जा जमाने की हर कोशिश कर रही है, जोकि राज्य और केंद्र दोनों में ही सत्ता संभाले हुए है।

**क्या कांग्रेस और राकांपा करेंगे उद्धव सेना के साथ गठबंधन ?**

वहीं, कांग्रेस और राकांपा दोनों ने उद्धव सेना के साथ गठबंधन करने का वादा किया है, इसे जीतने के लिए, पार्टी को न केवल अपने मराठी वोट बैंक पर पकड़ बनाने की जरूरत है, बल्कि और लोगों को भी जोड़ना होगा। इसी वजह से अब पार्टी ने नया वोट बैंक बनाना शुरू कर दिया है। मराठी वोट बैंक मुंबई में आबादी का लगभग 26-30 प्रतिशत होने का अनुमान है, मुसलमानों की संख्या 14-16 प्रतिशत है।

**एक समय में उग्र हिंदुत्व के लिए जानी जाती थी शिवसेना**

कभी अपने उग्र हिंदुत्व के लिए जानी जाने वाली शिवसेना के प्रति मुसलमान नरम हो गए हैं। 2019 के विधानसभा चुनावों के बाद भाजपा की सत्ता से इनकार करने के लिए एनसीपी और कांग्रेस के साथ हाथ मिलाने के उद्धव ठाकरे के फैसले ने उस दिशा में एक लंबा सफर तय किया। यही कारण है कि 'मराठी मुस्लिम सेवा संघ (एमएमएसएस)' ने उद्धव की बैठक में पार्टी को अपना समर्थन देने की बात कही।

# राज कुमार आनंद ने दिल्ली के मंत्री के रूप में शपथ ग्रहण के बाद पदभार संभाला

नई दिल्ली, 4 नवंबर (एजेंसियां)। आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक राज कुमार आनंद को बृहस्पतिवार को राजनिवास में उपराज्यपाल वी के सक्सेना ने दिल्ली सरकार के मंत्री के रूप में पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। आनंद ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल एवं मुख्य सचिव नरेश कुमार की उपस्थिति में शपथ ली।

शपथ ग्रहण समारोह के बाद सक्सेना ने ट्वीट किया, ''राज कुमार आनंद को राष्ट्रीय राजधानी परिक्षेत्र दिल्ली सरकार के मंत्री के तौर पर शपथ दिलाई। मैं उन्हें शुभकामनाएं देता हूं और आशा करता हूं कि वह दिल्ली एवं यहां की जनता की बेहतरी के लिए काम करेंगे।'' आनंद को बधाई देते हुए अरविंद केजरीवाल ने ट्वीट किया, '' राज कुमार जी को नई जिम्मेदारी मिलने पर बहुत-बहुत बधाइयां एवं शुभकामनाएं। कठिन मेहनत एवं ईमानदारी से दिल्ली के लोगों की सेवा कीजिए।'

'आनंद ने दिल्ली सचिवालय में अपना पदभार संभाल लिया एवं यह जिम्मेदारी देने के लिए मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया। राजेंद्र पाल गौतम के इस्तीफ के बाद केजरीवाल ने पटेल नगर के विधायक आनंद को मंत्रिपरिषद में शामिल किया है। गौतम ने एक धर्मांतरण कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति को लेकर उठे विवाद के बाद पिछले महीने समाज कल्याण मंत्री के पद से इस्तीफा दे दिया था।

# आधार कार्ड न होने पर गर्भवती को डॉक्टरों ने भेजा वापस, घर में जुडवां बच्चों को जन्म देते समय मौत

बेंगलुरू, 4 नवंबर (एजेंसियां)। कर्नाटक में डॉक्टरों व अस्पताल प्रशासन की लापरवाही के कारण एक महिला व उसके दो जुडवां नवजात बच्चों की मौत का मामला सामने आया है। घटना तुमकुरू जिले की बताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक, महिला के पास कथित तौर पर आधार या मातृत्व कार्ड न होने के कारण अस्पताल प्रशासन से उसे भर्ती करने से इनकार कर दिया, जिससे प्रसव के दौरान महिला व उसके दो नवजातों की मौत हो गई। महिला के पड़ोसियों ने बताया कि मृतक महिला का नाम कस्तूरी था। वह भारती नगर स्थित एक घर में एक अन्य लड़की के साथ रह रही थी। महिला का पति कहीं और रहता था।

# राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो यात्रा' आ रही



## पैदल चलने की प्रैक्टिस में जुटे महाराष्ट्र कांग्रेस नेता

नांदेड, 4 नवंबर (एजेंसियां)। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के नेतृत्व में 'भारत जोड़ो यात्रा' तेलंगाना से महाराष्ट्र पहुंचने वाली है। इससे पहले ही राज्य के सीनियर कांग्रेस नेता तेज चलने की प्रैक्टिस करने में जुट गए हैं, ताकि यात्रा के दौरान राहुल के साथ तालमेल बिठाया जा सके। मालूम हो कि भारत जोड़ो यात्रा 7 नवंबर को शाम करीब 7 बजे पड़ोसी राज्य तेलंगाना से महाराष्ट्र के नांदेड़ जिले के देगलुर पहुंचने वाली है। राज्य कांग्रेस के पूर्व प्रमुख अशोक चौहाण ने कहा कि उन्होंने दूसरे नेताओं के साथ मिलकर तेज चलने की प्रैक्टिस शुरू कर दी है, ताकि राहुल गांधी के साथ कदम से कदम मिलाकर चला जा सके। नांदेड़ के रहने वाले चौहाण ने कहा, 'यहां के लोग यात्रा में भाग लेने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। जब भी समय मिलता है हम एक्सरसाइज करते हैं। चलना स्वास्थ्य के लिए अच्छा है।'

**फिट रहने के लिए पुश-अप्स भी लगा रहे राणा पटोले**

वहीं, महाराष्ट्र कांग्रेस चीफ राणा पटोले ने कहा कि वह भी वार्म अप और एक्सरसाइज कर रहे हैं। साथ ही यात्रा के समय फिट रहने के लिए पुश-अप्स भी लगा रहे हैं। पटोले ने कहा कि पार्टी यूनिट चीफ होने के नाते यह मेरा कर्तव्य है कि राहुल गांधी के साथ राज्य में 382 किलोमीटर की यात्रा करूं। वहीं, कांग्रेस विधायक डीपी सावंत ने कहा कि मैं जितना भी चल सकता हूं, राहुल के साथ चलूंगा। उन्होंने कहा कि हम लोग हर रोज 5 किलोमीटर मॉर्निंग वॉक करते हैं।

**7 नवंबर को महाराष्ट्र पहुंचेगी भारत जोड़ो यात्रा**

मालूम हो कि भारत जोड़ो यात्रा शुक्रवार को विश्राम करेगी और शनिवार को तेलंगाना के मेडक से दोबारा बहाल होगी। यात्रा तेलंगाना में 19 विधानसभा और 7 संसदीय क्षेत्रों से गुजेरगी और 7 नवंबर को महाराष्ट्र में प्रवेश करने से पहले 375 किमी की दूरी तय करेगी। वायनाड के सांसद दक्षिणी राज्य में पार्टी के प्रचार के दौरान खेल, व्यवसाय और मनोरंजन क्षेत्रों की हस्तियों सहित विभिन्न समुदायों के बुद्धिजीवियों व नेताओं से मिलते रहे हैं। 'भारत जोड़ो यात्रा' 7 सितंबर को तमिलनाडु के कन्याकुमारी से शुरू हुई थी। पिछले सप्ताह यात्रा के तेलंगाना चरण की शुरुआत करने से पहले गांधी ने केरल, आंध्र प्रदेश और कर्नाटक में यात्रा पूरी की की। तेलंगाना राज्य कांग्रेस ने यात्रा के समन्वय के लिए 10 विशेष समितियों का गठन किया है।

# पीएम मोदी आज आएंगे डेरा ब्यास

## किसान यूनियनों ने किया पुतला फूंक प्रदर्शन का एलान



अमृतसर (पंजाब), 4 नवंबर (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को डेरा ब्यास आ रहे हैं। इससे पहले ही उनके दौरे का विरोध शुरू हो गया है। किसान मजदूर संघर्ष कमेटी के किसान नेता सरवण सिंह पंधेर ने प्रधानमंत्री के डेरा ब्यास आने पर पुतले फूंक कर विरोध करने का ऐलान किया है।

किसान नेता ने डेरा मुखी को भी मोदी से नहीं मिलने का अनुरोध किया है। किसान नेता ने कहा कि लखीमपुर खीरी में किसानों और पत्रकार के कत्ल मामले में अभी तक इंसाफ नहीं मिला। उन्होंने प्रधानमंत्री पर लखीमपुर खीरी में केंद्रीय मंत्री के बेटे को बचाने के प्रयास करने के आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि किसान आंदोलन के दौरान किसानों के साथ किए वादे अभी तक वफा नहीं हुए। इसे लेकर भी प्रधानमंत्री के खिलाफ किसानों में भारी विरोध है। पंधेर ने कहा कि भाखड़ा ब्यास मैनेजेमेंट बोर्ड (भाखड़ा ब्यास मैनेजमेंट बोर्ड) में पंजाब की हिस्सेदारी खत्म करने, बिजली की बांट का काम कॉरपोरेट को दिया गया।

उन्होंने पंजाब के सभी डेरे से अपील की कि मोदी किसान और मजदूर विरोधी हैं, इसलिए उनसे नहीं मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि हवा में प्रदूषण पराली से मात्र 4।5 फीसदी होता है, जो सुप्रीम कोर्ट में रिपोर्ट दाखिल हुई है। जबकि 95।5 उद्योग, आवाजाई के संसाधन, हवा में कुछ अन्य तत्व भी हैं, जिन पर कहीं भी चर्चा नहीं हो रही।

# असलहों व 100 जिंदा कारतूसों के साथ शख्स गिरफ्तार

कोलकाता, 4 नवंबर (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। कोलकाता के एमहर्स्ट स्ट्रीट से पुलिस ने जॉय चौधरी नाम के एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। उसके बाद से भारी मात्रा में हथियार बरामद किए गए हैं। पुलिस ने बताया, जॉय चौधरी के



पास से तीन सेमी-ऑटोमैटिक पिस्टल और एक देसी कट्टे के अलावा 100 जिंदा कारतूस व 16000 रुपये बरामद किए गए हैं। व्यक्ति से पूछताछ की जा रही है।

# कलेक्टर दिव्या अय्यर को लेकर सोशल मीडिया में छिड़ी बहस

## बेटे को बांहों में लेकर दिया था भाषण



तिरुवनंतपुरम, 4 नवंबर (एजेंसियां)। केरल के पथनमथिट्टा की कलेक्टर दिव्या एस। अय्यर द्वारा अपने मासूम बेटे को लेकर सार्वजनिक कार्यक्रम में जाने और उसे बांहों में लेकर कार्यक्रम को संबोधित करने पर बहस छिड़ गई है। सोशल मीडिया में इसके पक्ष-विपक्ष में राय रखी जा रही है। सवाल उठ रहा है कि क्या एक महिला आईएसएस अधिकारी का यह कदम उचित है? दरअसल, कलेक्टर दिव्या एस। अय्यर एक फिल्म समारोह का समापन करने अपने साढ़े तीन साल के बेटे को लेकर पहुंची थीं। आलोचक इसके औचित्य पर सवाल उठा रहे हैं तो उनके पति व अन्य समर्थक महिलाओं की विभिन्न भूमिकाओं की दुहाई देते हुए उनकी तारीफ कर रहे हैं। इनका कहना है कि उन्हें अपने बच्चे के साथ वक्त बिताने का अधिकार है।

**डिप्टी स्पीकर ने पहले साझा किया वीडियो, फिर डिलीट कर दिया**

अडूर में आयोजित छठे अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव के आयोजकों में शुमार केरल विधानसभा के उपाध्यक्ष चिट्टयम गोपकुमार ने 30 अक्तूबर को तीन दिनी कार्यक्रम का समापन किया था। इस समारोह में कलेक्टर अय्यर अपने बेटे को लेकर पहुंची थीं। गोपकुमार ने इस कार्यक्रम का एक वीडियो फेसबुक पेज पर साझा किया था। इसके बाद सोशल मीडिया में बहस छिड़ गई है। हालांकि, विवाद बढ़ने पर उन्होंने अपने फेसबुक हैंडल से यह वीडियो डिलीट कर दिया। वायरल वीडियो में कलेक्टर अय्यर को अपने बच्चे के साथ मंच पर बैठे, उसे गले लगाते और बाद में भाषण देते वक्त बांहों में लेकर उससे प्यार से बात करते देखा जा सकता है।

**पति सबरीनाधन ने किया बचाव**

इस घटना को लेकर कलेक्टर अय्यर की आलोचना के बीच उनके पति व पूर्व विधायक तथा युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष एस सबरीनाधन ने उनका बचाव किया है। उन्होंने कहा कि दिव्या अय्यर बेटे को अपने साथ इसलिए ले गई थीं, क्योंकि वह छुट्टी का दिन था और कार्यक्रम अनौपचारिक था।

# शिक्षकों के खिलाफ आरोप के साक्ष्य जुटाना जरूरी

**बच्चों की आत्महत्या: सिर्फ स्कूल जिम्मेदार नहीं**

चेन्नई, 4 नवंबर (एजेंसियां)। मद्रास हाईकोर्ट ने कहा कि बच्चों की आत्महत्या के लिए अकेले स्कूल, शिक्षक या हेडमास्टर जिम्मेदार नहीं ठहराए जाने चाहिए। अभिभावक भी इसके लिए बराबर जिम्मेदार हैं और उन्हें बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य का भी ध्यान रखना चाहिए। जस्टिस एसएम सुब्रमण्यम की पीठ ने कहा, देशभर में बच्चों की आत्महत्या के मामले बढ़ रहे हैं। माता-पिता की जिम्मेदारी है कि वह घर के भीतर और बाहर बच्चों के लिए अच्छा माहौल बनाएं। शिक्षकों व हेडमास्टर को सिर्फ तब कसूरवार ठहराया जा सकता है, जब इस बात के साक्ष्य मिलें कि उन्होंने स्कूली शिक्षा विभाग के नियमों का उल्लंघन किया है या कोई अपराध किया हो। पीठ ने बेटे की आत्महत्या पर 10 लाख रुपये का हर्जाना और स्कूल के हेडमास्टर पर उचित कार्रवाई की मांग वाली याचिका को खारिज कर दिया।

याचिकाकर्ता का 17 वर्षीय बेटा युवराज सरकारी स्कूल में कक्षा 12 का छात्र था। यह है मामला : याचिकाकर्ता ने अरोप लगाया कि हेडमास्टर सबके सामने लड़कों के बाल काटते थे, ब्लेड से उनकी पैंट फाड़ देते और बच्चों को बेरहमी से पीटते थे। लगातार इस व्यवहार के कारण उनके बेटे ने अगस्त 2017 में खुदकुशी कर ली थी।

# नगरोटा बगवां में गरजीं प्रियंका

## बोलीं- अपने स्वार्थ के लिए चुनाव लड़ रहे भाजपा नेता



शिमला, 4 नवंबर (एजेंसियां)। अखिल भारतीय कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने शक्तिपीठ ज्वालामुखी में माथा टेका। मां ज्वाला की दिव्य ज्योतियों के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। मंदिर अधिकारी ने उन्हें मां की चुनरी भेंट की। इसके बाद वे नगरोटा बगवां के लिए रवाना हुईं। कांगड़ा जिले के नगरोटा बगवां में चुनावी रैली में प्रियंका गांधी ने कहा कि रोजगार, पेंशन, महंगाई को लेकर भाजपा कुछ नहीं करेगी। भाजपा नेता अपने लिए, अपने स्वार्थ के लिए चुनाव मैदान में खड़े हैं। सोच समझकर वोट डालें।

समझें, नीयत साफ किसकी है और किसकी खोटी। पुलिस भर्तियों में घोटाले, पीपीई किट घोटाला, शिक्षक भर्ती में घोटाला और प्रदेश में अब ड्रग्स भी फैला हुआ है। भाजपा के राज में ये घोटाले हैं। उद्योगपतियों के लिए सब कुछ हो सकता है, आपके लिए कुछ नहीं। क्या आप ऐसी सरकार चाहते हैं? हिमाचल में 4 हजार सैनिक सेना में जाते थे। अग्निपथ योजना से अब सिर्फ 400 से 500 युवा सेना में जा पाएंगे। उनमें से भी 75 फीसदी 4 साल बाद घर भेज दिए जाएंगे। कांग्रेस आपके लिए गारंटी लेकर आई है। हमारी सरकारों ने करके दिखाया है। पहली कैबिनेट में ओपीएस देंगे। हिमाचल के 1 लाख रोजगार देंगे। 63 हजार पद खाली पद भरेंगे। 5 साल में 5 लाख रोजगार देंगे।

हर घर लक्ष्मी योजना में महिलाओं को प्रतिमाह 1500 देंगे। ड्रग्स से हम लड़ेंगे। देश में पहली इलेक्ट्रिक बस कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में चली। यह स्वर्गीय जीएस बाली की देन है। भाजपा ने हिमाचल को कर्ज में डुबोया है। प्रदेश पर 70 हजार करोड़ का कर्ज है। कर्मचारियों को पेंशन का टेंशन है।

# अलगाववादी नेता शब्बीर शाह को झटका

## मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत ईडी ने की 22 लाख प्रॉपर्टी अटैच की

नई दिल्ली, 4 नवंबर (एजेंसियां)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अलगाववादी नेता शब्बीर शाह की श्रीनगर स्थित 22 लाख रुपए की प्रॉपर्टी मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत अटैच कर ली है। आरोप है कि शब्बीर शाह को यह पैसा आतंकी संगठनों के जरिए मिला था। प्रवर्तन निदेशालय के एक आला अधिकारी ने बताया कि यह कार्रवाई मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत जांच एजेंसियों द्वारा दर्ज की गई एफआईआर के आधार पर की गई है। गौरतलब है कि जांच एजेंसियों ने लश्कर ए तैयबा के सरगना हाफिज मोहम्मद सईद तथा अन्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी। यह एफआईआर 30 मई 2017 को दर्ज की गई थी। ईडी अधिकारियों के मुताबिक जांच



के दौरान पता चला कि शब्बीर अहमद शाह कश्मीर को अशांत करने की हो रही अनेक कोशिशों में शामिल है। आरोप है कि कश्मीर को अशांत करने के लिए पत्थरबाजी की घटनाओं, हड़ताल, धरना प्रदर्शन आदि में जो लोग हिस्सा ले रहे थे, उन्हें कथित तौर पर शब्बीर अहमद शाह के द्वारा पैसा दिया जा रहा था। जांच के दौरान यह भी पाया गया कि शब्बीर अहमद शाह को यह पैसा आतंकवादी संगठन हिजबुल मुजाहिदीन द्वारा दिया जा रहा था। वहीं ईडी का दावा है कि पाकिस्तान के आतंकवादी संगठनों द्वारा हवाला के जरिए यह पैसा शब्बीर अहमद शाह और उसके नजदीकी लोगों तक पहुंचाया जा रहा था और इसका प्रयोग कश्मीर घाटी में अशांति फैलाने के लिए किया जा रहा था। अलगाववादी नेता शब्बीर शाह को झटका, मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत ईडी ने की 22 लाख प्रॉपर्टी अटैच की ईडी के मुताबिक जांच के दौरान शब्बीर अहमद शाह की श्रीनगर के सनत नगर थाना बर्जुल्ला इलाके में 21 लाख 80 हजार रुपए की एक प्रॉपर्टी पाई गई। ईडी का कहना है कि यह प्रॉपर्टी शब्बीर अहमद शाह के नाम पर थी।

# सांसद प्रज्ञा ठाकुर ने पेश किया हलालपुरा और लालघाटी का नाम बदलने का प्रस्ताव



भोपाल, 4 नवंबर (एजेंसियां)। भोपाल नगर निगम में परिषद की बैठक में जमकर हंगामा हुआ। सांसद प्रज्ञा ठाकुर गनमैन के साथ सदन में पहुंच गई। हालांकि बाद में सांसद ने अपनी गलती मानी। महापौर मालती राय ने कहा कि यह निगम की सुरक्षा का विषय है। इसे देखना चाहिए था। इसके बाद सांसद प्रज्ञा ठाकुर ने सदन को संबोधित करते हुए कहा कि हम गुलामी के प्रतीक हटाकर हम दोबारा भारत का इतिहास बदलने का दम रखते हैं। हम भोपाल का इतिहास बदलने और पुनर्निमाण करने के लिए खड़े है। सांसद ने हलालपुर बस स्टैंड और लालघाटी का नाम बदलने की बात कही। सांसद ने कहा कि हलाल नाम अशुद्ध है। इसे हटाना चाहिए। मेरा प्रस्ताव और अनुशंसा है कि हलालपुरा बस स्टैंड का नाम हनुमानगढ़ी बस स्टैंड हो। वहीं, लालघाटी का नाम बदलकर श्री महेंद्रनारायण दास जी महाराज सर्वेश्वर चौराहा रखा जाए। इसके पीछे तर्क देते हुए सांसद ने कहा कि लाल घाटी चौराहे पर कई हत्याएं हुई है। कई वीरांगनाएं शहीद हुई है। इसके अलावा हलालपुर बस्ती का नाम हनुमानगढ़ करने का प्रस्ताव रखा। सदन अध्यक्ष ने दोनों प्रस्तावों को पारित किए जाने का आश्वासन दिया।

**शपथ ग्रहण कार्यक्रम पर 29 लाख खर्च**

निगम परिषद की बैठक दो बार हंगामे के कारण रोकना पड़ी। प्रश्नकाल में विपक्ष ने शपथ ग्रहण समारोह का हिसाब मांगा। इस पर एमआईसी सुष्मा बबिसा ने जवाब दिया कि 29 लाख रुपए शपथ ग्रहण समारोह में खर्च हुए। इस पर कांग्रेस ने नगर निगम पर मनमानी का आरोप लगाया।

**शहर की सुंदरता बिगाड़ने वालों पर एफआईआर**

नगर निगम के अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी ने आसंदी से शहर की सुंदरता बिगाड़ने वालों के खिलाफ एफआईआर करने का आदेश दिया।

# बालिका वधू बनने से बची 17 वर्षीय लड़की, पुलिस ने रद्द कराई शादी

इंदौर, 4 नवंबर (एजेंसियां)। मध्यप्रदेश के इंदौर जिले में एक नाबालिग लड़की की शादी होने की खबर मिलते ही प्रशासन ने एक्शन लेते हुए 17 साल की लड़की को बालिका वधू बनने से बचा लिया। बाल विवाह के खिलाफ महिला और बाल विकास विभाग के उड़न दस्ते के प्रभारी महेंद्र पाठक ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि परिजनों को चेतावनी देकर, शादी रद्द करवा दी गई है। उन्होंने बताया कि इंदौर शहर से करीब 15 किलोमीटर दूर ढाबली गांव में रहने वाली 17 वर्षीय लड़की की शादी 21 साल के युवक से देवप्रबोधिनी एकादशी पर शुक्रवार शाम होने वाली थी और इसकी रस्में पहले ही शुरू हो चुकी थीं।

# क्या बलात्कारियों को सार्वजनिक रूप से होगी फांसी



## एमपी की नेता ऊषा ठाकुर ने की फांसी की मांग

भोपाल, 4 नवंबर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश की मंत्री उषा ठाकुर ने बलात्कारियों को सार्वजनिक रुप से फांसी देने की मांग की है। देश में बढ़ते हुए रेप की घटनाओं को लेकर मंत्री ने कहा कि इस तरह की सजा दूसरों के लिए बचाव का काम करेगी और कोई भी इस तरह के अपराधों में फिर से शामिल होने की हिम्मत नहीं करेगा।

गौरतलब है कि खंडवा जिले में इस सप्ताह की शुरुआत में चार साल की बच्ची से दरिंदो ने बलात्कार किया था। जब ऊषा ठाकुर से इस घटना पर सवाल पर किया तो उन्होनें कहा कि ऐसे दरिंदो को सार्वजनिक तौर पर फांसी दे देनी चाहिए।

**'रेप की घटनाएं समाज, मीडिया के लिए चिंता का विषय'**

मध्य प्रदेश की पर्यटन और संस्कृति मंत्री ऊषा ठाकुर ने पत्रकारों से कहा, देश में पहली बार वर्तमान मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की सरकार ने ही दरिंदो को फांसी की सजा का प्रावधान किया है। रेप की वारदातें नहीं थम रही है, मैं मुख्यमंत्री से कह चुकी हूं कि एक-दो दरिंदो को खुलेआम चौराहे पर लटका दो, जिन 72 दरिंदो को फांसी का दंड दिया गया है वो दरिंदे आज भी जेलों में जिंदा ही हैं।

उन्होंने कहा कि अगर इस तरह के अपराध बार-बार होते रहते हैं तो यह समाज के साथ-साथ लोकतंत्र के चौथे स्तंभ मीडिया और सभी के लिए चिंता का विषय है। यहां हाल ही में हुई बलात्कार की घटनाओं के सिलसिले में पकड़े गए दो अपराधियों को अगर खंडवा शहर के एक चौक पर सरेआम फांसी दी जाती है तो ऐसे सभी व्यक्ति (अपराधी तत्व) किसी भी बेटी को छूने से पहले हजार बार सोचेंगे।

**चार साल की बच्ची का यौन शोषण**

गौरतलब है कि बीते दिनों खंडवा में गन्ने के खेत में छोड़े जाने से पहले चार साल की बच्ची का यौन शोषण किया गया था। एक अधिकारी ने बताया कि सोमवार को खेत में बेहोशी की हालत में मिली बालिका का इंदौर के एक अस्पताल में उपचार चल रहा है। उक्त मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया जबकि दूसरे को जिले में एक अलग बलात्कार के मामले में पकड़ा गया है। मंत्री ने लोगों से उनके विचार का समर्थन करने की भी अपील की और कहा कि वे भविष्य में इस तरह के अपराधों में शामिल होने से दूसरों को रोकने के लिए मुख्यमंत्री से सार्वजनिक स्थानों पर बलात्कारियों को फांसी देने का अनुरोध करें।

स्वतंत्र वार्ता

# मेरा हैदराबाद

शनिवार, 5 नवंबर, 2022 3

सुविचार: लक्ष्मी ऊँच नीच नहीं समझती उसका कोई प्रिय नहीं होता। ये मूढ लोग उसी से अनुराग करते हैं।

## हाई वोल्टेज ड्रामे के बाद प्रेमिका के साथ इंस्पेक्टर धरा गया

### पुलिस टीम पर हमला करने का आरोप, पत्नी ने रंगेहाथ पकड़ा



हैदराबाद, 4 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। सिटी पुलिस के दक्षिण क्षेत्र नियंत्रण कक्ष में तैनात इंस्पेक्टर राजू को पुलिस ने उसके प्रेमिका के साथ सागर काम्प्लेक्स, वनस्थलीपुरम् से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी उसकी पत्नी की शिकायत के बाद हुई। इंपेक्टर की पत्नी ने अपने बच्चों के साथ थाने के सामने धरना दिया। उसने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई कि उसका पति एक महिला के साथ विवाहेतर संबंध में है और उसके खिलाफ कार्रवाई की मांग की। कथित तौर पर सीआई की पत्नी सागर काम्पलेक्स पहुंच गई और उसने दूसरी महिला के साथ कार में को इंपेक्टर रंगेहाथ पकड़ लिया। इसी बीच इंपेक्टर की पत्नी की सूचना पर वनस्थलीपुरम् पुलिस थाने से एक कांस्टेबल और होमगार्ड ने मौके पर पहुंचकर इंपेक्टर को उसके प्रेमिका के साथ कार में थाने जाने के लिए बैठा लिया। उन्होंने उसे भी नशे की हालत में पाया। पुलिस कांस्टेबल को देखने के बाद, आरोपी इंपेक्टर ने कांस्टेबल रामकृष्णा और होमगार्ड नागार्जुन नायडू पर हमला किया। उसने पुलिसकर्मियों को गाली देते हुए कहा कि वह हैदराबाद पुलिस कमिश्नरेट की विशेष शाखा में कार्यरत है। काफी देर तक हंगामा चलता रहा। बाद में वनस्थलीपुरम थाने से कई पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और इंपेक्टर को थाने लाए। पुलिस कांस्टेबल व होमगार्ड के सीआई के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने के बाद उसकी गिरफ्तारी हुई। एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर में सीआई रैंक के एक अधिकारी के शामिल होने की यह दूसरी घटना है। इसके पहले एक और सीआई नागेश्वर राव का भी इसी तरह का मामला सामने आ चुका है। इससे पहले मारेडपल्ली थाने के पूर्व सीआई नागेश्वर राव को भी एक महिला की शिकायत पर पुलिस ने पकड़ लिया था। महिला ने अपने पति के साथ मिलकर शिकायत दर्ज कराई कि सीआई ने उसे अपनी सर्विस रिवॉल्वर से धमकाया और उसके साथ बलात्कार किया। जांच लंबित रहने के दौरान राव को राज्य सरकार ने सेवा से बर्खास्त कर दिया था।

## देवीश्री प्रसाद के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज

हैदराबाद, 4 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। सीसीएस साइबर क्राइम पुलिस ने टॉलीवुड संगीत निर्देशक देवीश्री प्रसाद के खिलाफ हिंदू संघों और कराटे कल्याणियों की शिकायत के बाद मामला दर्ज किया है, जिन्होंने आरोप लगाया था कि निर्देशक ने "ओ परी" नामक एक निजी एल्बम का निर्माण किया था जिसमें शामिल है हरे राम हरे कृष्ण मंत्रों पर अश्लील नृत्य हिंदुओं की भावनाओं को ठेस पहुंचाते हैं। साइबर क्राइम के एसीपी केवीएम प्रसाद ने कहा कि कानूनी राय लेने के बाद संगीत निर्देशक के खिलाफ आगे की कार्रवाई की जाएगी। यहां यह उल्लेख किया जा सकता है कि देवीश्री प्रसाद ने टॉलीवुड में कई हिट फिल्मों में संगीत का निर्देशन किया है। सिने क्षेत्र में रॉक स्टार के नाम से मशहूर देवीश्री प्रसाद ने हाल ही में कई गैर-फिल्मों में संगीत तैयार किया है। म्यूजिक वीडियो को बॉलीवुड स्टार हीरो रणवीर सिंह ने लॉन्च किया। "ओ परी" गीत न केवल स्वयं द्वारा रचित था, बल्कि इसे गाया भी था। लेकिन गाने में हरे रामा और हरे कृष्ण हैं, जो बीच-बीच में शिकायतकर्ताओं को नाराज़ करते हैं।

## विधायक घोटाले को लेकर ड्रामा कर रहे हैं सीएम केसीआर : बंडी



हैदराबाद, 4 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बंडी संजय कुमार ने आज आरोप लगाया कि दिल्ली के शराब घोटाले में अपनी बेटी के. कविता को बचाने के लिए सीएम केसीआर वोट घोटाले के लिए सनसनीखेज नकदी के मामले में नाटक कर रहे हैं। यह कहते हुए कि सीबीआई ने दिल्ली में शराब घोटाले में मामला दर्ज किया है, उन्होंने कहा कि केसीआर सीबीआई को उनकी बेटी को गिरफ्तार करने से नहीं रोक सकते। गुरुवार को प्रगति भवन में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में सीएम की टिप्पणियों का जिक्र करते हुए संजय ने आरोप लगाया कि सीएम पूरे घोटाले के निदेशक हैं। उन्होंने दावा किया कि सीएम द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस में दिखाए गए वीडियो को देखकर राज्य के लोग सीएम से नफरत कर रहे हैं, क्योंकि इसमें कुछ भी नया नहीं है।

पार्टी नेताओं के साथ राज्य पार्टी मुख्यालय में मीडियाकर्मियों से बात करते हुए, उन्होंने कहा कि केसीआर अवसाद में हैं और सीएम से पूछा कि वह भाजपा से क्यों डरते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सीएम ने अपनी बेटी की सुरक्षा के लिए सीबीआई को राज्य में प्रवेश करने से रोकने के लिए एक जीओ जारी किया था। उन्होंने कहा कि सीएम ने न केवल अन्य राजनीतिक दलों के 37 विधायकों का स्वागत किया, बल्कि एक विधायक एराबेली दयाकर राव को भी राज्य मंत्री बनाया। उन्होंने सीएम से कहा कि विधायक घोटाले के लिए उनके पास नकदी में कोई सबूत राज्य के उच्च न्यायालय में प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने यादाद्री मंदिर आने और वोट के बदले पैसे घोटाले के मुद्दे पर शपथ लेने की उनकी चुनौती को स्वीकार नहीं किया था।

प्रतिद्वंद्वी पार्टी के नेताओं और विधायकों के प्रवेश पर टिप्पणी करते हुए, उन्होंने कहा कि वे अपने पदों से इस्तीफा देने के बाद ही उन्हें भाजपा में शामिल होने की अनुमति देंगे।

## सीएस ने प्रधानमंत्री के दौरे की व्यवस्था पर समीक्षा बैठक की



हैदराबाद, 4 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्य सचिव सोमेश कुमार ने आज 12 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रामागुंडम यात्रा की व्यवस्थाओं पर बीआरकेआर भवन में एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की।

इस समीक्षा बैठक में डीजीपी महेंद्र रेड्डी, दक्षिण मध्य रेलवे के जीएम अरुण कुमार जैन, रामागुंडम फर्टिलाइजर फैक्ट्री के सीईओ ए. के. जैन समेत विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। इस मौके पर सीएस सोमेश कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री के दौरे की बेहतर से बेहतर व्यवस्था करने के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारी समन्वय से काम करें। उन्होंने कहा कि ब्लू बुक के अनुसार पर्याप्त प्रावधान, शांति और सुरक्षा, प्रावधान और अन्य व्यवस्था की जानी चाहिए। बैठक में विशेष मुख्य सचिव सुनील शर्मा, गृह विभाग के प्रधान सचिव रवि गुप्ता, अतिरिक्त डीजी जितेंद्र, हैदराबाद सीपी सीवी आनंद, जीएडी सचिव शेषाद्री, अग्निशमन सेवा के आईजी संजय जैन, रामागुंडम सीपी चंद्र शेखर रेड्डी, पेद्दापल्ली कलेक्टर संगीता सत्यनारायण और अन्य अधिकारियों ने भाग लिया।

## टीएसडब्लूआरईआईएस ने किया समझौता



हैदराबाद, 4 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना सोशल वेलफेयर रेजिडेंशियल एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस सोसाइटी (टीएसडब्लूआरईआईएस), हैदराबाद और मास म्युचुअल इंडिया ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए और आदान-प्रदान किया। बेगमपेट में आयोजित एक कार्यक्रम में कल्याण मंत्री कोप्पुला ईश्वर, प्रमुख सचिव, एससीडीडी राहुल बोज्जा आदि की मौजूदगी में एमओयू पर हस्ताक्षर किया गया। एमओयू का उद्देश्य इंटर्नशिप,प्लेसमेंट और कौशल विकास प्रदान करना है। तेलंगाना सोशल एंड ट्राइबल वेलफेयर रेजिडेंशियल डिग्री के डिग्री कालेज छात्रों को प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रदान करना है। इस अवसर पर बोलते हुए, मंत्री कोप्पुला ईश्वर ने कहा कि सीएम के. चंद्रशेखर राव ने विशेष रूप से के लिए 45 आवासीय डिग्री कॉलेजों को मंजूरी दी है। इस अवसर पर सचिव टीएसडब्लूआरईआईएस रोनाल्ड रोज प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## भाकपा ने जेपी नड्डा, अमित शाह के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज करने की मांग की

हैदराबाद, 4 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। भाकपा पार्टी ने आज संबंधित अधिकारियों से भाजपा के राष्ट्रीय प्रमुख जेपी नड्डा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भाजपा के राष्ट्रीय आयोजन सचिव बीएल संतोष के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज करने की मांग की। पार्टी के राज्य सचिव कुनामनेनी संबाशिव राव ने कहा कि अधिकारियों को गुरुवार को शहर में आयोजित एक प्रेस मीट में राज्य के सीएम केसीआर द्वारा जारी ऑडियो और वीडियो फुटेज को ध्यान में रखते हुए मामले दर्ज करने चाहिए। वीडियो फुटेज का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि घोटाले में शामिल आरोपियों ने गर्व से कहा कि वे देश के आठ राज्यों में लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई सरकारों के पतन के लिए जिम्मेदार थे, इसके अलावा देश के प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित इसमें शाह की भी भूमिका थी। उन्होंने कहा कि संबंधित राज्यों के उच्च न्यायालय भी आरोपियों की टिप्पणियों पर स्वत: संज्ञान लें और अपनी मर्जी से मामले दर्ज करें। उन्होंने कहा कि सीएम केसीआर पहले ही कह चुके हैं कि उन्होंने भारत के मुख्य न्यायाधीश और आठ राज्यों के मुख्य न्यायाधीशों को वीडियो भेजे हैं।

## अग्रवाल समाज हिमायतनगर शाखा का दीपावली मिलन कल, हुई बैठक



हैदराबाद, 4 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। अग्रवाल समाज, हिमायत नगर शाखा का दीपावली मिलन 6 नवंबर को आयोजित किया जाएगा। इस संदर्भ में हुई कार्यकारिणी सभा में यह निर्णय लिया गया। जानकारी देते हुए शाखा की मनन मंत्री रमा बाजोरिया ने बताया कि दीपावली मिलन के अवसर पर अन्नकूट प्रसाद का आयोजन एनटीआर गार्डन, नेकलेस रोड के सामने स्थित श्री हनुमान मंदिर में संपन्न होगा। रात्रि 6:30 बजे भगवान की पूजा-अर्चना के पश्चान शाखा की महिला समिति द्वारा मनोरंजन खेलो का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के संयोजक आनन्द डालमिया, उपसंयोजक विकास अग्रवाल ने बताया कि सर्व साधारण सभा के पश्चात् अन्नकूट प्रसाद का आयोजन रहेगा। सभा में विस्तार से व्यवस्था पर चर्चा हुई एवं सब कार्य का विभाजन किया गया। अध्यक्ष पवन भुवानिया एवं संस्थापक एवं केन्द्रीय कार्यकारिणी सदस्य डी. पी. अग्रवाल ने सभी सदस्यों से अनुरोध किया कि वे ज्यादा से ज्यादा संख्या में सपरिवार लाभ उठावें। समय पर उपस्थित रहे कार्यक्रम का लाभ उठाएं। सभा में संस्थापक डीपी अग्रवाल, अध्यक्ष पवन भुवानिया, मंत्राणी रमा बाजोरिया, उपाध्यक्ष नवीन आलमाल, सहमंत्री राजकुमार गुप्ता, परामर्शदाता प्रताप नारायण संघी, एवं मिट्ठनलाल मितल, महिला संयोजिका सुमन भुवानिया व निर्मला संधी, युवा संयोजक कमल केडिया एवं विकास अग्रवाल, कार्यकारिणी सदस्य अनिल बाजोरिया, संजय गुप्ता, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, मनीष अग्रवाल संजय अग्रवाल आनन्द डालमिया आदि ने अपनी उपस्थिति दर्ज करायी।

## 'हर लड़की के लिए आत्मरक्षा प्रशिक्षण जरूरी'

### महिला दक्षता समिति द्वारा आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू



हैदराबाद, 4 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। महिला दक्षता समिति द्वारा संचालित शिक्षण संस्थाओं सुमन जूनियर और वोकेशनल कॉलेज, वी .ड़ी बजाज डिग्री कॉलेज, महिला दक्षता समिति और बंसीलाल मालानी कॉलेज ऑफ नर्सिंग गंगारम चंदा नगर प्रांगण में श्री राम चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा समर्थित आवाहन आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। महिला दक्षता समिति की अध्यक्ष डॉ. सरोज बजाज ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कॉलेज की विकास यात्रा का संक्षेप में परिचय देते हुए कहा कि इस कॉलेज का एक मात्र उद्देश्य शिक्षा से वंचित लड़कियों को ग्रामीण क्षेत्रों की छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना है। आज हमारी लड़कियां जीवन के हर क्षेत्र में अपना सर्वांगीण विकास कर रही हैं। अनेक लड़कियां सरकारी कार्यालयों में, बैंकों में, कई हॉस्पिटल में और अमेरिका के ब्रॉड्रिज कंपनी में कार्यरत है। लडकियों की संख्या हर साल बढ़ रही है, इसलिए एक नया छात्रावास भवन बन रहे हैं। उन्होंने मुख्य अतिथि उमेश शर्राफ (डीजी एसपीएफ़, तेलंगाना) एवं सम्माननीय अतिथि श्रीमती उमा गुरखा (मैनेजिंग ट्रस्टी श्रीराम चैरिटेबल ट्रस्ट) की सराहना की। उन्होंने एमडीएस के ट्रस्टी स्वर्गीय श्री रामावतार शर्राफ़ को याद करते हुए कहा कि इस कॉलेज के विकास में उनका योगदान अविस्मरणीय है। मुख्य अतिथि उमेश शर्राफ ने आत्मरक्षा के महत्व के बारे में और अपराध के त्रिकोण के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि एक अपराध घटित होने के तीन घटक होते हैं। पहला है प्रेरित अपराधी ,इंद्रिय लक्ष्य और तीसरा है संरक्षकता। उन्होंने स्पष्ट रूप से बताया कि इन तीन कारकों को कैसे कम किया जाए। सबसे महत्वपूर्ण है लड़कों को लैंगिक समानता के बारे में शिक्षित और संवेदनशील बनाने और लड़कियों और महिलाओं की रक्षा करने की जरूरत है। श्रीमती उमा गुरखा मैनेजिंग ट्रस्टी श्रीराम चैरिटेबल ट्रस्ट ने आवाहन की गतिविधियों के बारे में विस्तार से बताया और कहा कि आत्मरक्षा प्रशिक्षण हर लड़की के लिए जरूरी है। कार्यक्रम में श्रीमती मुन्ना जगेटिया, एमडीएस की संयुक्त सचिव, एल. अनुराधा, संध्या झल्ला डायरेक्टर शी ग्रूमिंग, श्रीमती नलिनी आवाहन की सीईओ, श्रीमती सीमा कोठारी सीए ,स्वाति, सुशीला राज, एन शकुंतला, डॉ. डीवीएनएस मूर्ति, एल. वेंकटेश्वर राव, भागेश्वर रतकल, विजय लक्ष्मी सोमानी, अशोक सोमानी, डॉ. के. सुजाता, श्रीमती. रमाकुमारी, श्रीमती एच-सुशीला पाटिल, श्रीमती अनीता, टीचिंग, नॉन-टीचिंग स्टाफ, छात्राओं ने कार्यक्रम में भाग लिया।

## किशन रेड्डी ने सीएम केसीआर पर साधा निशाना

हैदराबाद, 4 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। केंद्रीय पर्यटन और संस्कृति मंत्री जी. किशन रेड्डी ने आज बीजेपी और केंद्र सरकार के बारे में आलोचनात्मक टिप्पणियों के लिए सीएम केसीआर पर जमकर निशाना साधा। सीएम के आरोपों का जवाब देते हुए, केंद्रीय मंत्री ने स्पष्ट किया कि सीएम द्वारा जारी किए गए वीडियो में राज्य सरकार के पतन को सुनिश्चित करने की साजिश के बारे में बात नहीं की गई है। दिल्ली में मीडियाकर्मियों से बात करते हुए, किशन रेड्डी ने आश्चर्य व्यक्त किया कि क्या केसीआर सरकार इतनी कमजोर है कि वह अपने राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों द्वारा रची गई साजिशों से गिर जाएगी। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि केसीआर भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की छवि खराब करने के लिए एक काल्पनिक कहानी लेकर आए हैं। उन्होंने सीएम से पूछा कि क्या किसी राज्य सरकार को स्वामीजी ने अस्थिर किया है? उन्होंने टीआरएस पार्टी के चार विधायकों का जिक्र करते हुए सीएम से पूछा कि चार में से तीन विधायक किस पार्टी से आए हैं? उन्होंने कहा कि केसीआर ने अपनी प्रेस मीट में सभी पुरानी बातों के बारे में बात की और कहा कि सीएम के चेहरे पर निराशा और असुरक्षा की भावना स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही थी। उन्होंने आरोप लगाया कि सीएम ने अपनी टिप्पणियों से सीएम पद को बदनाम किया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि उन्हें दलालों की मदद से भाजपा में प्रतिद्वंद्वी पार्टी के विधायकों का स्वागत करने की आवश्यकता नहीं है।

**सार्वजनिक सूचना**

एतद्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि, मेरे मुवक्किल के. रवि सिंह सुपुत्र स्व.सत्यनारायण सिंह, म.नं.12-1-361/1, आसिफ नगर, हैदराबाद, तेलंगाना निवासी ने नवग्रह, आसिफ नगर, सीतारामबाग,हैदराबाद, तेलंगाना स्थित जीएचएमसी नं. 12-1-411, अधिमापन 180.0 स्के. याड्र्स या 150.48 स्के. मीटर्स युक्त मकान की खरीदी हेतु तत्संबंधित मकान मालिक बी. बाबूलाल सिंह सुपुत्र स्व.बी. सरदार सिंह, म.नं.12-1-411, आसिफ नगर, हैदराबाद, तेलंगाना के साथ बिक्री करार(एग्रीमेंट आफ सेल) किया है तथा उपरोक्त खरीदार ने तत्संबंधित मकान मालिक को पर्याप्त बयाना राशि का भुगतान किया है। अत: यदि कोई व्यक्ति(व्यक्तिगण) उक्त संपत्ति जायदाद के प्रति अपना कोई अधिकार, रुचि या दावा जताते हैं तो वे इस सूचना की प्रकाशन तिथि से लेकर (0%) दिनों के भीतर संबध्द प्रासंगिक दस्तावेजों सहित अधोहस्ताक्षरी से व्यक्तिगत रुप में संपर्क करें, अन्यथा इस बिक्री करार की प्रक्रिया निष्पादित की जायेगी एवं इसके बाद प्राप्त किसी भी आपत्तियों, यदि कोई हो तो, पर कतई विचार नही किया जायेगा तथा उन्हें माफ कर दिया गया माना जायेगा।

दि. 05/11/2022

हस्ता./-
टी. वी. एस. एसोसिएट्स
द्वारा ठाकूर वीरेंद्र सिंह
सत्येंद्र सिंह-अज्जू सिंह- एडवोकेट्स
म.नं. 14-1-36%/1, न्यू आगापूरा, हैदराबाद
सेल-8919960413 / 9391100022

**जन्मदिन की शुभकामनाएं**



आरुष
माता : अपर्णा
पिता : राममोहन

## परशुराम रथ यात्रा के संदर्भ में हुई बैठक



हैदराबाद, 4 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। विप्र फाउंडेशन जोन-16 द्वारा दायमा समाज कार्यालय, किंग कोठी पर कार्यकारिणी की सभा रखी गई। भगवान पर परशुराम तीर्थ, परशुराम कुण्ड, अरुणाचल प्रदेश में सरकार द्वारा 51 फिट की पंच घातु की मूर्ति स्थापना हेतु विप्र फाउंडेशन को कार्य सौंपा गया। इसके तहत विप्र फांउडेशन द्वारा भगवान परशुराम रथ यात्रा निकाली जाएगी। जो कांचीपुरम से 9 नवंबर को प्रारम्भ होकर पूरे देश में धुमते हुए अरुनाचल प्रदेश पहुंचेगी। यह यात्रा 15 नंवबर को हैदराबाद पहुचेगी एवं 17 नवंबर की प्रातः हैदराबाद से निजामाबाद होते हुए नान्देड महाराष्ट्र की और अग्रसर होगी। हैदराबाद में इस रथ यात्रा का स्वागत एक ठहरने हेतु प्रबन्ध करने हेतु बुलाई गई। सभा में विप्र फाउंडेशन के दक्षिण क्षेत्र प्रभारी केशव शर्मा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हरीनारायण व्यास, राष्ट्रीय महामंत्री भगवान व्यास, जोन-16 के अध्यक्ष शिवसागर त्रीवेदी, मन्त्री महेश अवस्थी, मदन गोपाल व्यास, उपाध्यक्ष रामदेव नागला, प्रदीप खण्डेलवाल, हरीश्चन्द्र शर्मा, संदीप जायलवाल, नवल किशोर शर्मा, मुकेश शर्मा आदि ने अपने-अपने विचार रखे।

**INSTITUTE OF HOTEL MANAGEMENT**
**CATERING TECHNOLOGY & APPLIED NUTRITION**
(An Autonomous body under the Ministry of Tourism, GOI)
F-Row, D.D.Colony, Vidyanagar, Hyd-500007(T.G.) Ph: 040-27427569, Mob: 83747 87988
e-mail: ihmhyd.principal@gmail.com; Website: www.ihmhyd.org

निम्न पद हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है

**प्रशासनिक-सह-लेखा अधिकारी**
(प्रतिनियुक्ति पर)

अधिक जानकारी के लिए इंस्टिट्यूट में लॉग ऑन करें।

website: www.ihmhyd.org

हस्ता-
प्राचार्य/सचिव

॥ हरि ओम ॥ स्वर्गवास ॥ हरि ओम ॥



**स्व.श्री जसारामजी चोयल**

सुपुत्र स्व. जेतारामजी चोयल * (पूर्व अध्यक्ष सीरवी समाज पारसीगुट्टा)
स्वर्गवास : 04.11.2022 शुक्रवार । मरुधर में जाणुन्दा

शवयात्रा, आज दिनांक 05.11.2022 शनिवार प्रात: 11 बजे हमारे निवास स्थान फ्लैट नं. 1403, ट्रेन्कल टावर्स, वाईट फील्डस, कोन्डापुर, हैदराबाद से वैकुण्ठा महाप्रस्थानम फिल्मनगर जुबली हिल्स (विस्परवैली के पास) शमशान वाटिका जायेगी।

शोकाकुल: छगनीबाई (धर्मपत्नी) चुन्नीबाई, भुरीबाई (भाभी), वेनाराम (भाई), मूलाराम, चन्द्रगुप्त, रामलाल, ताराराम, प्रकाश, शंकरलाल, प्रेम, गणेश (पुत्र), मुकेश, प्रवीण, मनीष, कुनाल, मोहित, हिमांशु, उत्तम, गौरीश, कर्ण, आयुष, जयवीर (पौत्र, पड़पौत्र) एवं समस्त चोयल परिवार तारा-गणेशराम सोलंकी (पुत्री-दामाद)

* प्रकाश प्लाईवुड एवं विनियर बोराबंडा
* किसान एन्टरप्राईजेज शापुरनगर
9949412200, 984512424, 9440222078

P.Solankey

# नौकरी के बहाने युवक को भिखारी गिरोह को बेचा

## आंखें फोड़कर पंजे तोड़े गए, मंगवाई गई भीख, तीन पर एफआईआर दर्ज

कानपुर, 4 नवंबर (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के कानपुर में एक युवक को नौकरी दिलवाने के बहाने उसे भिखारी गैंग को बेच दिया गया और फिर उसे काफी यातनाएं दी गई। कानपुर के नौबस्ता स्थित रविंद्र नगर निवासी सुरेश मांझी नौकरी की तलाश कर रहे थे और इसी दौरान उनके परिचित विजय ने उन्हें नौकरी दिलवाने का वादा किया। ये घटना छह महीने पुरानी है।

नौकरी दिलवाने के बहाने सुरेश मांझी को उसके परिचित विजय ने उसे झकरकटी पुल के नीचे बुलाया और फिर उसे बंधक बना लिया। इसके बाद विजय उसे शहर से दूर लेकर चला जाता है। फिर परिजन शाम को युवक के घर न पहुंचने पर उसकी तलाश करते हैं, लेकिन उसका कोई पता नहीं चलता है। रविवार को युवक अचानक अपने घर पहुंचता है लेकिन उसके घर वाले भी उसे नहीं पहचान पाते हैं। फिर स्थानीय पार्षद को घटना की सूचना दी जाती है और इसके बाद खूब हंगामा होता है।



पीड़ित सुरेश मांझी ने बताया, "गुलाबी बिल्डिंग के पास रहने वाला विजय नाम का व्यक्ति मजदूरी का काम का झांसा देकर अपने साथ ले गया था। उसने नशीला पदार्थ खिलाने के बाद मेरे हाथ-पैर पंजे के पास से तोड़ दिए और करीब 12 दिन मछिया के अपने घर में कैद रखा। इसके बाद दोनों आंखों में केमिकल डालकर अंधा कर दिया गया। मेरे शरीर को कई जगह जलाया। इसके बाद मुझे झकरकटी पुल के नीचे किसी डेरे में रखा गया। पहले मुझे किसी महिला को बेचा गया था। जहरीला इंजेक्शन लगाने के बाद कानपुर रेलवे स्टेशन से गोरखधाम-नई दिल्ली एक्सप्रेस से किसी राज नाम के व्यक्ति को सौंप दिया गया। विजय ने मुझे 70 हजार में बेचा था।"

इसके बाद सुरेश मांझी ने बताया कि मुझे दिल्ली ले जाने के बाद रोज वहां भीख मंगवाई जाती थी। पीड़ित ने बताया, "मुझे रोज सुबह 4 बजे जगाते थे और फिर भीख मंगवाते थे। दिन में केवल एक बार एक रोटी खाने को देते थे। लगातार मुझे जहरीला इंजेक्शन दिया जाता था, जिससे मेरे शरीर में इन्फेक्शन हो गया। जिन लोगों ने मुझे खरीदा था, उन लोगों ने विजय से कहा कि मुझे इस लड़के के बदले दूसरा लड़का चाहिए।"

इसके बाद सुरेश ने बताया कि मेरी हालत बिगड़ने पर मुझे वापस कानपुर स्टेशन छोड़ दिया गया और मुझे दूसरी जगह बेचने की तैयारी करने लगे। इसके बाद सुरेश की हालत और बिगड़ती चली गई। वह कई दिनों तक सड़क किनारे बेहोशी हालत में पड़ा था। बाद में होश में आने पर राहगीरों की मदद से उसने अपने घर पर सूचना दी और परिवार के पास पहुंचा।

स्थानीय पार्षद को इसकी सूचना दी गई और वह एफआईआर दर्ज करवाने के लिए अपने समर्थकों के साथ थाने पर पहुंचे। इसके बाद थाने का घेराव हुआ और काफी हंगामे के बाद मुकदमा दर्ज हुआ। इस मामले पर डीसीपी प्रमोद कुमार ने कहा कि पुलिस जांच कर रही है और तीन अज्ञात लोगों पर एफआईआर दर्ज की गई है।

### बाहुबली आनंद मोहन जेल से बाहर आए, 15 दिनों तक अपनों के बीच रहेंगे पूर्व सांसद

पटना, 4 नवंबर (एजेंसियां)। पूर्व सांसद बाहुबली आनंद मोहन जेल से बाहर आ गये हैं। उन्हें पैरोल पर छोड़ा गया है। आनंद मोहन 15 दिनों के पैरोल पर जेल से बाहर आए हैं। आनंद मोहन को पारिवारिक समारोह में शामिल होने के लिए पैरोल दिया गया है। बिहार से इस समय बड़ी खबर सामने आ रही है। पूर्व सांसद आनंद मोहन जेल से बाहर आ गये हैं। 15 दिनों के पैरोल पर आनंद मोहन को जेल से रिहा किया गया है। बताया जा रहा है कि पारिवारिक समारोह में शामिल होने के लिए आनंद मोहन को ये पेरौल मिला है।

### तैनात सिपाही ने धारदार हथियार से रेता अपना गला, डीएमसीएच में चल रहा इलाज

पटना, 4 नवंबर (एजेंसियां)। बिहार के दरभंगा में एक दर्दनाक घटना घटी है। एक जवान ने अपना गला रेतकर खुद की जिंदगी को खत्म करने की कोशिश की है। बताया जा रहा है कि बहेरा थाना में क्यूआरटी में तैनात सिपाही अरूण प्रसाद ने आत्महत्या की कोशिश की। जवान ने धारदार चाकू से अपना गला रेत लिया।

# भाजपा विधायक विक्रम सैनी की सदस्यता रद्द

## अदालत ने सुनाई थी दो साल की सजा, जयंत ने ट्वीट कर लिखा

मुजफ्फरनगर, 4 नवंबर (एजेंसियां)। मुजफ्फरनगर जनपद में खतौली से भाजपा विधायक विक्रम सैनी की सदस्यता रद्द हो गई है। अदालत ने उन्हें दो साल की सजा सुनाई थी। साथ ही 10 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया था।

रालोद अध्यक्ष चौधरी जयंत सिंह ने भी ट्वीट किया है। उन्होंने ट्वीट कर लिखा कि आखिरकार कोर्ट के आदेश का संज्ञान लेकर भाजपा के विधायक विक्रम सैनी की सदस्यता रद्द कर गई है।

विधानसभा सचिवालय का कहना है कि सदस्यता तो दो साल या उससे अधिक की सजा होने पर स्वतः समाप्त हो जाती है। विक्रम सैनी के मामले को परीक्षण के लिए न्याय विभाग को भेजा गया है। न्याय विभाग से स्पष्ट राय मांगी है कि सुप्रीम कोर्ट का आदेश दो साल की सजा पर लागू होगा या दो साल से अधिक की सजा पर ही लागू होगा। विक्रम सैनी को दो साल की सजा हुई है। न्याय विभाग की रिपोर्ट आने के बाद ही सीट रिक्त घोषित करने पर निर्णय किया जाएगा।

मुजफ्फरनगर दंगे के मामले में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश विशेष एमपी/एमएलए कोर्ट से हुई



दो साल की सजा के मामले में खतौली के भाजपा विधायक विक्रम सैनी ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया। निचली अदालत के फैसले को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में अपील दायर की है। कवाल कांड के बाद हुए झगड़े के मामले में विधायक विक्रम सैनी समेत 12 आरोपियों को अदालत ने 11 अक्तूबर को दो-दो साल कारावास और 10-10 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई थी। विधायक समेत सभी आरोपियों की जमानत अर्जी भी स्वीकृत हो गई थी। निचली अदालत के फैसले पर विधायक ने हाईकोर्ट में अपील दायर की है। विधायक के अधिवक्ता भारतवीर अहलावत ने बताया कि अपील दायर कर दी है, जल्द ही सुनवाई की तिथि तय हो जाएगी। उधर, जिला प्रशासन ने स्थानीय अदालत के फैसले की कॉपी भी शासन को भेज दी है। डीजीसी राजीव शर्मा ने इसकी पुष्टि की। उन्होंने बताया कि डीएम ऑफिस के माध्यम से विधायक को सजा की कॉपी भेजी गई है।

कवाल कांड के बाद 29 अगस्त 2013 को कवाल गांव में दोनों समुदाय के लोग आमने-सामने आ गए थे। हिंसा और आगजनी की घटना के बाद पुलिस ने तब पूर्व प्रधान के पति विक्रम सैनी समेत 28 लोगों के खिलाफ सिखेड़ा थाने में मुकदमा दर्ज कराया था।

प्रकरण की सुनवाई अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश विशेष एमपी/एमएलए कोर्ट में हुई। विधायक समेत 12 आरोपियों को धमकी देने के मामले में दो साल की सजा और पांच हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। धारा 148 में दो साल की सजा और पांच हजार रुपये जुर्माना लगाया था।

सपा नेता पूर्व मंत्री आजम खान को सजा सुनाए जाने के बाद विधानसभा की सदस्यता चले जाने के मामले के बाद विक्रम सैनी का प्रकरण भी तूल पकड़ा रहा है। विपक्ष के नेता सवाल उठा रहे हैं। रालोद अध्यक्ष जयंत सिंह ने भी इस बाबत पत्र लिखा है। जबकि विक्रम सैनी का कहना है कि रालोद अध्यक्ष को नियमों की जानकारी ही नहीं है।

# डेंगू के मरीज बढ़ने से अस्पतालों में दवा की किल्लत, मरीज परेशान



अमेठी, 4 नवंबर (एजेंसियां)। डेंगू के बढ़ते मामले को लेकर इलाहाबाद हाईकोर्ट ने शुक्रवार को प्रयागराज के जिलाधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक और नगर आयुक्त को अदालत में तलब किया है। जबकि उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि प्रयागराज, जौनपुर और लखनऊ में डेंगू के मामले ज्यादा हैं। लेकिन स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है।

एमडी मेडिसिन डॉ नीरज वर्मा ने बताया कि डेंगू वायरस से संक्रमित मच्छर के काटने से व्यक्ति में तीन से पांच दिन के अंदर डेंगू बुखार के लक्षण सामने आते हैं। डेंगू बुखार तीन प्रकार के होते हैं। इसमें क्लासिकल साधारण डेंगू बुखार, डेंगू हमरेंजिक बुखार डीएचएफ और डेयू शॉक सिंड्रोम डीएसएस है।

साधारण डेंगू बुखार में मौत नहीं होती है। लेकिन बाकी दोनों डेंगू बुखार में समय से इलाज न होने पर जानलेवा है। जबकि लखनऊ मेडिकल कॉलेज में डेंटल कैंसर के प्रोफेसर डॉ हरिराम ने बताया कि मच्छरों के संक्रमण से बचने के लिए शरीर ढक कर रखें। सावधानी से बचना आसान है। पूर्व एमडी डॉ विनोद सिंह ने कहा कि बुखार को नजरंदाज न करें। ठंड लगने के साथ बुखार आने पर डाक्टर से सम्पर्क करें। लेकिन झोलाछाप डॉक्टरों से बचें। बालरोग विशेषज्ञ डॉ लाईक ने बताया कि छोटे बच्चों को डेंगू बुखार से कवर करना मुश्किल हो रहा है। इसलिए छोटे बच्चों की निगरानी ज्यादा करें।

मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ विमलेंद्र शेखर ने बताया कि ओपीडी में आने वाले 70 फीसदी मरीज बुखार के होते हैं। सैंपल जांच के लिए लखनऊ भेजते हैं। अब तक 45 मरीज डेंगू के निकल चुके हैं। डेंगू बुखार से अमेठी में एक स्वास्थ्य कर्मी की मौत भी हो चुकी है। लेकिन मच्छरों को मारने के लिए एंटी लारवा के छिड़काव की व्यवस्था नहीं है।

इसके कारण गांव से लेकर शहर तक मच्छरों की भरमार है। इसके बाद सरकारी अस्पतालों में डेंगू बुखार से जुड़ी दवा भी नहीं है। इसके कारण मरीजों को बाहर से ग्लूकोज की बोतल तक खरीदकर लाना पड़ता है। डेंगू के मरीज आलोक त्रिपाठी ने बताया कि वे तीन दिन पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमेठी में भर्ती थे। अस्पताल में दवा नहीं है। अब वे बाहर किसी अस्पताल में इलाज करा रहे हैं। चूंकि प्लेटलेट 18 हजार पहुंच गई थी।

डेंगू बुखार में प्लेटलेट कम हो जाती है, जिससे मरीजों को जान बचाने के लिए खून चढ़वाना पड़ता है। इसीलिए प्लेटलेट की कालाबाजारी हो रही है। कालाबाजारी के आरोप में प्रयागराज पुलिस दो लोगों को जेल भेज चुकी है।

प्लेटलेट को कबर करने के लिए पपीता, कीवी और मौसमी का जूस पीने से डेंगू वायरस कम होता है। बाजार में कीवी की कीमत आसमान छू रही है। सौ रुपए में दो कीवी बिक रही है। भाजपा नेता अमरेंद्र सिंह पिंटू ने कहा कि डेंगू बुखार से निपटने के लिए सरकार पूरी तरीके से जुटी है। लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर मुख्यमंत्री की पैनी नजर है।

# गैर मान्यता प्राप्त मदरसों पर एक्शन लेगी योगी सरकार ?

## अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री दानिश अंसारी ने दिया जवाब

अयोध्या, 4 नवंबर (एजेंसियां)। यूपी में मदरसों का जो सर्वे करवाया है, उसमें बड़ी संख्या में गैर मान्यता प्राप्त मदरसे सामने आए हैं। करीब 8000 गैर मान्यता प्राप्त मदरसे मिले हैं। इनमें 16 हजार से ज्यादा छात्र पढ़ते हैं। सर्वेक्षण पूरा होने के बाद अब मदरसा संचालक योगी सरकार के किसी एक्शन को लेकर चिंतित हैं। प्रदेश में तरह तरह की चर्चाएं हो रही हैं। इस बीच अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री दानिश आजाद अंसारी ने इसे लेकर स्थिति साफ की है। दानिश अंसारी ने कहा कि फिलहाल गैर मान्यता प्राप्त मदरसों पर कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि सर्वे को लेकर भ्रम फैलाए जा रहे हैं। यह सब मदरसों की बेहतरी के लिए है।

अयोध्या पहुंचे मंत्री ने मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि प्रदेश सरकार सबके विकास के लिए काम कर रही है और धरातल पर हो रहे विकास कार्यों का असर भी स्पष्ट दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि विश्वास और भरोसा योगी सरकार की पहचान है। मदरसों के सर्वे के बारे में उन्होंने कहा कि अभी सर्वे रिपोर्ट की विस्तृत जानकारी एकत्र नहीं हुई है। इसलिए फिलहाल कोई कार्रवाई नहीं होगी। रिपोर्ट सरकार के पास आने के बाद ही सरकार किसी निष्कर्ष पर पहुंचेगी।

इससे पहले उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष इफ्तिखार अहमद जावेद ने बताया था कि बिना मान्यता के 7189 मदरसे चल रहे हैं। इन मदरसों से 16 लाख से अधिक छात्रों को शिक्षित किया गया है। जावेद ने यह भी कहा कि इन मदरसों में लगभग 3000 शिक्षक और अन्य कर्मचारी हैं। उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा बोर्ड के अनुसार, राज्य में लगभग 16,513 मान्यता प्राप्त मदरसे हैं। इनमें से 560 उत्तर प्रदेश सरकार से अनुदान प्राप्त कर रहे हैं। मान्यता प्राप्त मदरसों में 20 लाख से अधिक बच्चे पढ़ाई कर रहे हैं।

जावेद ने कहा, "बिना मान्यका वाले मदरसों की संख्या संख्या बढ़ने की उम्मीद है, क्योंकि जानकारी अभी भी आ रही है। अगले कुछ दिनों तक बहराइच और गोंडा के बाढ़ प्रभावित इलाकों में सर्वेक्षण जारी रहने की उम्मीद है। उन क्षेत्रों के कर्मचारियों ने सर्वेक्षण पूरा करने के लिए कुछ और समय मांगा है।"

### नदी के तेज बहाव में बहा सेना का जवान 100 घंटे बाद मिला शव

कटिहार, 4 नवंबर (एजेंसियां)। बिहार में छुट्टी पर अपने घर आए सेना के एक जवान का शव नदी के तेज बहाव में बहने के चार दिन बाद शुक्रवार को मिला। पुलिस ने यह जानकारी दी। जानकारी के मुताबिक, दृश्य कुमार (22) कटिहार जिले के मनिहारी प्रखंड स्थित अपने गांव आए थे, जहां उन्हें आखिरी बार सोमवार को देखा गया था। वह छठ उत्सव के बाद कुछ दोस्तों के साथ गंगा में डुबकी लगा रहे थे। मनिहारी पुलिस थाने के एसएचओ के मुताबिक, सेना का जवान फिसल कर बह गया था। पेशेवर गोताखोरों और राज्य आपदा मोचन बल को तुरंत सेवा में लगाया गया, लेकिन उनका कोई पता नहीं चला। उन्होंने बताया कि आज 100 घंटे के अंतराल के बाद हमें सूचना मिली कि अमदाबाद थाना क्षेत्र में नदी से एक फूला हुआ, क्षत-विक्षत शव निकाला गया है। यह उस स्थान से लगभग 25 किमी दूर है, जहां वह बह गया था।

## माइक लिया, गले में फंदा डाला और पेड़ पर चढ़कर मुख्यमंत्री से मिलने की मांग की

लखनऊ, 4 नवंबर (एजेंसियां)। मुख्यमंत्री आवास से करीब 500 मीटर दूर एक युवक पेड़ पर चढ़ गया। उसने गले में फंदा डाल रखा था और माइक लेकर मुख्यमंत्री से मिलवाने की मांग कर रहा था। पेड़ से उसने पर्चे फेंका, जिस पर लिखा था कि हिंदू-देवी देवताओं का जो अपमान करें हम उसे वोट क्यों दें। इसके बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना मिलते ही इंस्पेक्टर गौतमपल्ली सुधीर कुमार, एसीपी हजरतगंज अरविंद कुमार वर्मा व अन्य पुलिस कर्मी पहुंचे। पुलिस ने युवक के द्वारा फेंके गए पर्चे उठाए। मान मनौव्वल शुरू की। मुख्यमंत्री से मिलवाने का आश्वासन दिया।

करीब दो घंटे की मान मनौव्वल के बाद उसे नीचे उतारा गया। पुलिस उसे लेकर थाने चली गई। एसीपी के मुताबिक कि पूछताछ में पता चला कि वह मुजफ्फरनगर के मौराकला हिलौली का रहने वाला कल्लू है। युवक के पास पीएम मोदी, सीएम योगी और दिल्ली के सीएम केजरीवाल की फोटो भी थी। पर पुलिस ने इस बात से इंकार किया है। इंस्पेक्टर गौतमपल्ली के मुताबिक कल्लू ने बताया कि उसे गांव में मकान बनवाने के लिए पट्टे की जमीन चाहिए। वह मकान बनवाना चाहता है। पर जमीन नहीं मिल रही है। इंस्पेक्टर ने बताया कि कल्लू ने मुजफ्फरनगर में अपनी तहसील अथवा जिलाधिकारी के पास कोई इस संबंध में प्रार्थनापत्र नहीं दिया है। न ही अबतक कभी सीएम से मिलने के लिए कोई अर्जी लगाई थी। घरवालों से बात की गई तो पता चला कि कल्लू को हाइपर टेंशन की बीमारी है। उसका इलाज भी चल रहा है। मुजफ्फरनगर पुलिस को सूचना दे दी गई है। पुलिस को सौंप दिया जाएगा।

## डिप्टी सीएम सख्त, मरीजों-तीमारदारों के साथ मारपीट करने वाले जूनियर डॉक्टरों की निरस्त होगी डिग्री



प्रयागराज, 4 नवंबर (एजेंसियां)। स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय में बीते 27 अक्तूबर को जूनियर डॉक्टरों द्वारा तीमारदारों की पिटाई के मामले में डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कड़ा रूख अख्तियार किया है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर इस प्रकार की घटना दोबारा हुई तो आरोपी जूनियर डॉक्टरों की पढ़ाई बीच में ही निरस्त कर दी जाएगी। कहा कि तीमारदार अपने मरीज को लेकर इलाज के लिए अस्पताल आते हैं। ऐसे में उनके साथ मानवता दिखाते हुए अच्छा व्यवहार करना चाहिए।

डिप्टी सीएम ने कहा कि अस्पताल में इलाज कराने आने वाले मरीजों और उनके तीमारदारों से दुर्व्यवहार और मारपीट किसी भी कीमत पर बर्दास्त नहीं किया जाएगा। एसआरएन में हुई घटना का जिक्र करते हुए कहा कि पहले के समय में विभागाध्यक्ष और प्रॉक्टर पर छात्रों को नियंत्रित करने की जिम्मेदारी होती थी, लेकिन अब ऐसा नहीं दिख रहा है। 27 अक्तूबर की घटना इस बात को पूरी तरह से साबित कर रही है।

उन्होंने एमएलएन मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. एसपी सिंह को निर्देश दिया कि आगे से प्रॉक्टर और विभागाध्यक्ष की जवाबदेही निर्धारित की जाए। प्रॉक्टर और विभागाध्यक्ष कॉलेज परिसर में घूमकर जूनियर डॉक्टरों के कार्यों और व्यवहार का मूल्यांकन करें।

### 'एनकाउंटर स्पेशलिस्ट' आईपीएस अफसर अजय पाल शर्मा को हार्ट अटैक

लखनऊ, 4 नवंबर (एजेंसियां)। यूपी कैडर के चर्चित आईपीएस अफसर और 'एनकाउंटर स्पेशलिस्ट' कहे जाने वाले अजय पाल शर्मा को हार्ट अटैक के कारण राजधानी लखनऊ के मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आईपीएस अजय पाल शर्मा को गुरुवार रात हार्ट अटैक आने के कारण अस्पताल में भर्ती किया गया था। अब उनकी हालत स्थिर बतायी जा रही है।

आईपीएस अफसर अजय पाल शर्मा की तबीयत गुरुवार को कार्यालय में काम के दौरान खराब हुई। बताया जा रहा है कि काम के दौरान दिन में ही उनके सिर में दर्द हो रहा था। इसके बाद रात में उनकी हालत ज्यादा खराब हुई। इसके बाद उन्हें मेदांता अस्पताल ले जाया गया, जहां पर जांच में हार्ट अटैक की बात सामने आयी।

## बिहार में 10 नवंबर के बाद सताएगी सर्दी

### पछुआ हवा के कारण दिन शुष्क, रात में हो रही ठंड, बदलते मौसम में प्रदूषित हुई हवा

पटना, 4 नवंबर (एजेंसियां)। नवंबर का महीना शुरू होने के साथ ही बिहार में मौसम तेजी से बदल रहा है। बिहार में इस महीने से कड़ाके की ठंड का दौर शुरू होने वाला है। नवंबर महीने के दूसरे सप्ताह से राजधानी पटना समेत राज्य भर में न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की जा सकती है। मौसम विभाग की मानें तो राज्य भर में पछुआ हवा का प्रभाव है, इस बीच हवा की गति 6 से 8 किलोमीटर प्रति घंटा कम होने के कारण फिलहाल तापमान में कोई खास गिरावट दर्ज नहीं की जा रही है। दिन में तो मौसम शुष्क बना हुआ है, हालांकि रात के तापमान में कुछ गिरावट आई है।

मौसम विभाग के माने तो राजधानी पटना समेत प्रदेश भर में नवंबर के दूसरे हफ्ते में ठंड दस्तक दे सकती है। हालांकि उत्तर पूर्वी जिले में कुछ जगहों पर तापमान में गिरावट दर्ज की जा सकती है। पिछले कुछ सालों के आंकड़े पर नजर डाले तो नवंबर के महीने मे रात का तापमान 15 डिग्री के आसपास रहता था वही दिन में औसत तापमान 29 डिग्री के करीब रहता था। मौसम विभाग के अनुसार गुरुवार के रात में न्यूनतम तापमान 17 से 20 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा।

मौसम विभाग के मुताबिक बंगाल की खाड़ी में सक्रिय चक्रवाती हवाओं के प्रभाव और निम्न हवा के दबाव की वजह से केरल, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, तमिलनाडु, महाराष्ट्र के साथ ही जम्मू कश्मीर और उत्तराखंड में हल्की बारिश होने के आसार है। इसके साथ ही 6 और 7 नवंबर को देश में दो पश्चिम विक्षोभ सक्रिय होगा।

# गैंगस्टर के आरोपी नर्सिंग संचालक की तीन संपत्तियां हुई जब्त

## डीएम के आदेश पर हुई कार्रवाई

गोरखपुर, 4 नवंबर (एजेंसियां)। गैंगस्टर एक्ट के आरोपी नर्सिंग कॉलेज संचालक डॉ. अभिषेक यादव उसकी पत्नी व बहन की 50 करोड़ से अधिक की 3 संपत्ति शुक्रवार को जब्त व कुर्क हुई। तिवारीपुर थाना पुलिस की रिपोर्ट पर जिलाधिकारी कृष्णा करुणेश ने आरोपियों की चिन्हित हुई भूमि, भवन, नर्सिंग कॉलेज को कुर्क करने का आदेश दिया था। इनके अलग-अलग बैंकों में स्थित 15 से अधिक बैंक खातों के संचालन पर भी जिलाधिकारी ने रोक लगा दी है।

बिना मान्यता के नर्सिंग कॉलेज में छात्रों का प्रवेश लेकर जालसाजी करने का आरोपी डॉ. अभिषेक उसकी पत्नी समेत पांच आरोपी इस समय जेल में हैं। बता दें कि पिपराइच के तुर्रा बाजार स्थित राज नर्सिंग एंड पैरामेडिकल कॉलेज के संचालक डॉ. अभिषेक यादव ने कूटरचित दस्तावेज कर शासन से मान्यता मिलने की जानकारी देकर नर्सिंग कॉलेज में छात्र-छात्राओं का



प्रवेश ले लिया था। शिकायत पर शासन के संयुक्त सचिव अनिल कुमार सिंह ने आठ जनवरी 2022 को कोतवाली थाने में राज नर्सिंग कॉलेज के संचालक पर कूटरचित दस्तावेज तैयार कर जालसाजी करने का मुकदमा दर्ज कराया था। जालसाजी की जानकारी होने पर ठगी के शिकार छात्रों के स्वजन ने भी तहरीर दी थी। कॉलेज पर ताला लगाने के साथ ही अधिकारियों ने आरोपियों के खिलाफ पिपराइच थाने में भी मुकदमा दर्ज कराया। कोतवाली थाना पुलिस ने मामले की छानबीन की तो पता चला कि दुर्गाबाडी निवासी डॉ. अभिषेक यादव उसकी पत्नी डॉ. मनीषा यादव, शाहपुर के बशारतपुर में रहने वाली बहन डॉ. पूनम यादव, अपने साथी शक्तिनगर निवासी डॉ. सी प्रसाद उर्फ चौथी, बस्ती जिले के लालगंज, खोरिया निवासी शोभितानंद यादव, गुलरिहा थानाक्षेत्र के करमहा निवासी श्यामनरायण मौर्य व मोगलहा निवासी विशाल त्रिपाठी के साथ मिलकर 2015 से यह गिरोह चला रहे हैं।

# प्रशांत किशोर बोले- मुसलमानों को हल्के में लेती है राजद

## अल्पसंख्यकों को नहीं दी कैबिनेट में जगह

पटना, 4 नवंबर (एजेंसियां)। बिहार में अपना राजनीतिक चेहरा चमका रहे प्रशांत किशोर इन दिनों राज्य के गांव-कस्बों में जनसभाएं कर रहे हैं। गुरुवार को एक जनसभा में बोलते हुए पीके ने राजद पर बिहार के मुसलमानों के साथ 'बंधुआ मजदूर' जैसा व्यवहार करने का आरोप लगाया।

उन्होंने कहा कि भाजपा से नाता तोड़कर जेडीयू ने राजद के साथ सरकार बनाई, लेकिन इस बात



पर ध्यान दें कि आपके समुदाय के कितने लोगों को नई कैबिनेट में जगह मिली है।

उन्होंने पश्चिम चंपारण जिले के पुपरहिया गांव में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि नई सरकार ने राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद के बेटे और उत्तराधिकारी तेजस्वी यादव को दूसरी बार उपमुख्यमंत्री बना दिया। आप सभी राजद के प्रति आत्मीयता महसूस करते हैं। लेकिन कृपया इस सवाल पर विचार करें। बता दें राजद दो महीने पहले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के भाजपा से नाता तोड़कर 'महागठबंधन' में शामिल होने के बाद सत्ता में आई है।

प्रशांत किशोर अपने गृह राज्य की 3,500 किलोमीटर लंबी 'पदयात्रा' पर हैं, जिसके बाद उनके 'जन सूरज' अभियान के एक पूर्ण राजनीतिक दल के रूप में विकसित होने की उम्मीद है। उन्होंने राजद पर अक्सर आरोप लगाया कि वह भाजपा द्वारा वित्त पोषित किया जा रहा है।

# 80 लाख रुपए के फूलों से सजेगा विश्वनाथ धाम

## सीएम योगी का निर्देश- देव दीपावली पर दो दिन दिखे बाबा दरबार की अलौकिक छटा



वाराणसी, 4 नवंबर (एजेंसियां)। श्री काशी विश्वनाथ धाम का लोकार्पण होने के बाद वाराणसी में पर्यटकों की संख्या में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है। ऐसे में देव दीपावली पर काशी आने वाले सैलानियों की संख्या लाखों में होने का अनुमान है। इस बार वाराणसी के सभी घाटों को 10 लाख दीयों से रौशन किया जाएगा। वहीं, नव्य-भव्य श्री काशी विश्वनाथ धाम को दिव्य और अलौकिक रूप देने के लिए फूलों से सजाने की तैयारी है। इसके लिए 80 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे। इसके तहत दो दिन तक पूरे विश्वनाथ धाम परिसर की छटा अलौकिक दिखेगी।

काशी की देव दीपावली पूरी दुनिया में विख्यात है। इसे देखने के लिए देश-विदेश से बड़ी संख्या में पर्यटक वाराणसी आते हैं। काशी आने वाले पर्यटक श्री काशी विश्वनाथ मंदिर भी जरूर जाते हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का निर्देश है कि देव दीपावली पर वाराणसी आने वाले पर्यटक काशी विश्वनाथ धाम की अलौकिक छटा के साक्षी बनें। इसके लिए पूरे धाम परिसर को लोकार्पण की तर्ज पर सजाने संवारने का काम किया जाए।

# अरविंद केजरीवाल और सीएम मान ने कबूला

## हां, पंजाब में पराली जलने के लिए हम जिम्मेदार, मगर...

चंडीगढ़, 4 नवंबर (एजेंसियां)। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पंजाब के सीएम भगवंत मान ने एक संयुक्त प्रेस वार्ता में कहा कि पंजाब में अगर पराली जल रही है तो इसके लिए हम जिम्मेदार हैं। उन्होंने कहा कि पंजाब में पराली जलाने पर दोषारोपण नहीं होना चाहिए। यह पूरे उत्तर भारत से जुड़ी समस्या है। सीएम केजरीवाल ने कहा कि किसान भी धान की पराली नहीं जलाना चाहते हैं, लेकिन दो फसलों के बीच सीमित समय के अंतर के कारण उनके पास कोई विकल्प नहीं है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि पंजाब में सरकार बनने के बाद हमारे पास छह महीने का



समय था। इसलिए इस समस्या का इतनी जल्दी हल नहीं किया जा सका, अगले साल तक हम इसका कोई ठोस हल निकालने में कामयाब होंगे। इस दौरान सीएम भगवंत मान ने पंजाब सरकार द्वारा की जा रही कार्रवाइयों का भी जिक्र किया और कहा कि किसानों को पराली जलाने से रोकने के लिए कई और उपायों की जरूरत है। उन्होंने इसकी पूरी जिम्मेदारी लेते हुए कहा कि हम वादा करते हैं कि अगले साल तक यह समस्या नहीं होगी।

भगवंत मान ने कहा कि अगले साल तक 40 लाख हेक्टेयर भूमि पर पराली जलाने को रोकने के लिए ठोस समाधान होंगे। केजरीवाल और मान ने दिल्ली के खराब एक्यूआई का सामना कर रहे हरियाणा और उत्तर प्रदेश के शहरों का जिक्र करते हुए कहा कि यह पूरे उत्तर भारत से जुड़ी एक समस्या है जिसके लिए हर कोई जिम्मेदार है। केजरीवाल ने कहा कि हम स्थिति को नियंत्रित करने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। दिल्ली के सीएम ने कहा कि अगर केजरीवाल को गाली देकर समस्या का समाधान किया जा सकता है, तो ऐसा ही कर लें। हालांकि, सामूहिक प्रयास से ही समस्या का समाधान किया जाना चाहिए। केजरीवाल और मान ने वादा किया कि अगले साल दिल्ली में प्रदूषण की समस्या नहीं होगी। उन्होंने कहा कि किसानों को फसल में विविधता लाने के लिए प्रेरित करने के लिए हम अन्य फसलों के लिए एमएसपी के लिए काम कर रहे हैं।

## कोलकाता में सुबह से ही ईडी के ताबड़तोड़ छापे, फ्लैट सील

कोलकाता, 4 नवंबर (एजेंसियां)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) शुक्रवार सुबह से ही कोलकाता और सॉल्ट लेक इलाके में ताबड़तोड़ छापेमारी कर रही है। बताया जा रहा है कि पांच टीम ने एक साथ पांच अलग-अलग जगह पर छापेमारी शुरू की। हालांकि अभी तक कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। हालांकि सूत्रों के मुताबिक सेना की जमीन पर अतिक्रमण के आरोप में ईडी ने झारखंड और पश्चिम बंगाल में कुल 12 जगहों पर तलाशी अभियान शुरू किया है। सूत्रों के मुताबिक कोलकाता में कारोबारी अमित अग्रवाल और विष्णु अग्रवाल के घर और दफ्तर में तलाशी चल रही है। साल्ट लेक के सेक्टर पांच में दो टीमें गई थीं। बाकी दो टीमें कोलकाता में अन्य जगह पर छापेमारी कर रही हैं। सूत्रों के मुताबिक साल्ट लेक में दो कारोबारियों के घरों पर छापेमारी चल रही है। इन दोनों कारोबारियों के विभिन्न राज्यों में कारोबार हैं। हालांकि अभी यह साफ नहीं हो पाया है कि यह ऑपरेशन किस लिए किया जा रहा है। इसी बीच, गरियाहाट रोड पर संजय घोष नाम के व्यावसायी का फ्लैट है, जो विदेश में रहते हैं। जानकारी मिली है कि तालाबंद फ्लैट को सील कर दिया गया।

## दैनिक पंचांग

**ग्रह गोचर**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य- तुला | में | कन्या... | 02-55 बजे |
| चंद्र- मीन | में | तुला- | 05-01 बजे |
| मंगल मिथुन | में | वृश्चिक | 07-11 बजे |
| बुध- तुला | में | धनु--- | 09-24 बजे |
| गुरु- मीन | में | मकर- | 11-30 बजे |
| शुक्र- तुला | में | कुंभ- | 13-21 बजे |
| शनि- मकर | में | मीन... | 14-59 बजे |
| राहु- मेष | में | मेष-- | 16-35 बजे |
| केतु- तुला | में | वृष-- | 18-20 बजे |
| | | मिथुन.. | 20-21 बजे |
| | | कर्क... | 22-32 बजे |
| | | सिंह... | 00-45 बजे |

विक्रम श्री नल नाम संवत्- **2079**
शक संवत् **-1944,** कलियुग अवधि-**432000**
भोग्य कलि वर्ष-**426878**
कलियुग संवत् **-5123** वर्ष सूर्य-दक्षिणायने
कल्पारंभ संवत् **-1972949123**
सृष्टि ग्रहारंभ संवत्-**1955885123**
महावीर निर्वाण संवत् **-2549,**हिजरी सन् **-1443**
ऋतु-हेमन्त दिशाशूल- पश्चिम-दही खाकर घर से निकले
तिथि- द्वादशी - **17-07** तक उपरान्त, त्रयोदशी
मास - कार्तिक शुक्ल पक्ष ,शनिवार **05 Nov**
नक्षत्र - उ.भाद्रपद - **23 -56** - तक उपरान्त,रेवती
योग - हर्षण - **01 - 22** - राततक उप- वज्र
करण- बालव - **17 - 07** - तक,उप- कौलव
विशेष:- शनि प्रदोष व्रत
व्रत -त्योहार - तुलसी विवाह

विशेष:- राशिफल ग्रहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश के लिए जन्म पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति जानने के लिए जन्म कुण्डली दिखाना चाहिए।

**राहुकाल 09:08 से 10:34 तक**

**श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र Hyd,Sec**

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| काल | 06:19 - 07:43 | अशुभ | लाभ. | 17:42 - 19:16 | शुभ |
| शुभ | 07:43 - 09:08 | शुभ | उत्पात | 19:16 - 20:51 | अशुभ |
| रोग | 09:08 - 10:34 | अशुभ | शुभ | 20:51 - 22:25 | शुभ |
| उत्पात | 10:34 - 11:59 | अशुभ | अमृत | 22:25 - 23:59 | शुभ |
| चंचल | 11:59 - 13:25 | शुभ | चंचल | 23:59 - 01:34 | शुभ |
| लाभ | 13:25 - 14:51 | शुभ | रोग | 01:34 - 03:09 | अशुभ |
| अमृत | 14:51 - 16:16 | शुभ | काल | 03:09 - 04:43 | अशुभ |
| काल | 16:16 - 17:39 | अशुभ | लाभ | 04:43 - 06:19 | शुभ |

## आपका राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो अ) — आपकी वर्तमान जिंदगी में काफी उतार चढाव आ रहे हैं।लेकिन आपको उनसे जल्दी ही छुटकारा मिलने वाला है। अपना नजरिया हमेशा की तरह सकारात्मक बनाये रखें,स्थिति जल्दी ही बेहतर होगी। लोग आपसे सहायता मांगेंगे और आप उनकी सहायता में व्यस्त होकर अपनी चिंताएं भूल जायेंगें।

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो) — आप आज ऐसे लोगों से मिलेंगे जो आपकी कमियों के बारे में जानते तो हैं लेकिन उन्हें स्वीकार करना नही चाहते जैसे कि उनमें खुद में कोई कमियां नही हैं।ऐसे लोगों से दूरी बनाये रखें।उन अच्छे लोगों पर अपना ध्यान केन्द्रित करें जो आपको पिछले कुछ वर्षों में मिले हैं और उनसे दुबारा संपर्क साधने की कोशिश करें।

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा) — आज आप खुद की जरुरत से अधिक आलोचना करने के मूड में हैं।आपको भी पता है कि आपकी अधिकतर चिंताएं निरर्थक हैं,फिर भी आप चिंता करते रहते हैं। इसका एकमात्र समाधान यह है कि अपने किसी ऐसे करीबी से सा अपनी चिंताओं के बारे में बात करें जो आपको सहारा दे सके।

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो) — आप आसानी से आगे होने वाली बातों का अनुमान लगा लेते हैं। आपकी संचार क्षमता भी प्रभावशाली और नजरिया खुला है,इसीलिए जो आप चाहते हैं उसके लिए बहुत मेहनत करें। हमेशा गलतियाँ ढूँढने की फिराक में रहने वाले आक्रामक लोगों के साथ उलझने से बचें।

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे) — इस समय आपके जीवन में अजीब ही घटनाएँ हो रही हैं।जिससे भी आप मिलते हैं आपके मन में उसी के लिए कोमल भावनाएं पैदा हो जाती हैं,विशेषत विपरीत लिंग को आप बहुत आकर्षित करेंगे। साथ ही आप उस काम के बारे में भी जागरूक रहेंगे जो आपको दूसरों के लिए घर और कार्यस्थल पर करना है।

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो) — अतीत से चिपके रहने से आपको कोई लाभ होने वाला नहीं है। आपको अपने अतीत से सीखना जरुर है ,परन्तु उसे पकडे रहने से बात नही बनेगी।अगर आप आज यह समझ पाने में कामयाब हो जाते हैं तो पिछले कुछ समय से आपके जीवन में चली आ रही बड़ी समस्याओं को सुलझाने की दिशा में यह एक बड़ा कदम होगा।

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते) — आपसे सामजिक संपर्कों पर और ध्यान देने की अपेक्षा है।आपके आकर्षक व्यक्तित्व का सबपर प्रभाव पडेगा।इसके अलावे आपको उन लोगो पर भी ध्यान दें जो आपकी सामाजिक प्रतिष्ठा को नुक्सान पहुंचा रहे हैं। अपनी व्यस्त कार्यशैली के बावजूद सेहत का ध्यान रखें।

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू) — आज आप कुछ उलझे हुए से रहेंगे।आप कोई महत्वपूर्ण काम शुरू करने के लिए भी उतावले हैं।परन्तु आज प्रतीक्षा करना और कोई महत्वपूर्ण काम शुरू न करना ही ठीक होगा। शाम तक उलझन खुद कम हो जायेगी।दिन बाधारहित गुजरेगा।यात्रा कर सकते हैं ,सार्वजनिक परिवहन से देर हो सकती है। दूसरे विकल्प खुले रखें।

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे) — आज का दिन अपने जीवन की वर्त्तमान स्थिति का मूल्यांकन करने और अपनी योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर बांटने के लिए बिलकुल उपयुक्त है।अगर आप पिछले कुछ समय से आलसी महसूस कर रहे हैं और काफी सारा काम इकठ्ठा हो गया है,आज अपने अन्दर असीमित ऊर्जा अनुभव करेंगे।

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी) — आप हंसी-मजाक के मूड में हैं। अपनी इस विशेषता को बनाएं रखें जो आपको मुश्किल समय में भी चितामुक्त रखती है। आप अपनी सक्रिय प्रवृति के कारण एक बिजनेस डील हासिल करने में कामयाब होंगे। कोई आपसे प्रोत्साहन चाहता है.उसके मेंटर बन जाएँ।अपने करीबियों के साथ अच्छा वक़्त गुजरेगा।

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा) — ऐसी स्थितियां आ सकती हैं जो आपको बिना सोचे काम करने के लिए उकसायें।यह सही समय है जब आपको सब कुछ अपने नियंत्रण में रखकर युद्ध स्तर पर काम करना है।अपने बच्चों या छोटे बहन भाइयों के लिए सुरक्षात्मक रवैया अपनाएँ। आप बहुत अच्छी तरह सामाजिक गतिविधियों में शामिल होंगे।

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची) — बिजनेस सम्बन्धी किसी मीटिंग में आपके मनमुताबिक मोड़ आने की सम्भावना है।आप आज शांत किन्तु दृढ हैं।आपने खूब सोच समझकर फैसले लिए हैं।कार्यस्थल पर सकारात्मक बदलाव होंगें।किसी पुराने दोस्त से मुलाकात संभव है।घर पर शांत और संतुष्ट बने रहेंगे।बोद्धिक उन्नति होगी।

**पं महेशचन्द्र शर्मा 9247132654,8309517693**

## 'धर्म संसद' के आयोजन को लेकर डासना देवी मंदिर के पुजारी यति नरसिंहानंद को नोटिस

गाजियाबाद, 4 नवंबर (एजेंसियां)। स्थानीय पुलिस ने गाजियाबाद स्थित डासना देवी मंदिर के पुजारी यति नरसिंहानंद को नोटिस जारी कर 17 दिसंबर और छह दिसंबर को क्रमशः 'धर्म संसद' और इसकी तैयारी बैठक आयोजित नहीं करने का निर्देश दिया है, जिसकी अनुमति उन्होंने नहीं ली है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि जिला प्रशासन की ओर से मसूरी पुलिस ने बृहस्पतिवार को यति को नोटिस जारी किया। पूर्वी दिल्ली से भाजपा के पूर्व सांसद बैकुंठ लाल शर्मा 'प्रेम' की जयंती के अवसर पर 17 दिसंबर से प्रस्तावित तीन दिवसीय 'धर्म संसद' कार्यक्रम की योजना तैयार करने के लिए छह दिसंबर को तैयारी बैठक बुलाई गई है। यति ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा,"धर्म संसद मंदिर परिसर के



अंदर आयोजित की जाएगी, इसलिए किसी अनुमति की आवश्यकता नहीं है। और यह पहली बार आयोजित नहीं हो रही है। हम इसे किसी भी कीमत पर आयोजित करेंगे, अगर पुलिस और प्रशासन बाधा उत्पन्न करता है, तो संत अपना विरोध दर्ज कराएंगे।" पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) इराज राजा ने कहा, "बिना अनुमति के पुलिस तीन दिवसीय 'धर्म संसद' की अनुमति नहीं देगी, जिसमें सैकड़ों संत यहां पहुंचेंगे और उन्हें सुरक्षा प्रदान करना एक कठिन काम होगा।

# इंद्राणी मुखर्जी के वकील का दावा, शीना बोरा जिंदा है

मुंबई, 4 नवंबर (एजेंसियां)। बहुचर्चित शीना बोरा हत्याकांड की आरोपी इंद्राणी मुखर्जी के वकील रंजीत सांगले ने दावा किया कि शीना बोरा अभी भी जीवित है। सांगले ने मुंबई की सत्र न्यायालय में सुनवाई के दौरान यह दावा किया है। साथ ही सांगले ने कहा कि राहुल मुखर्जी और शीना बोरा सितंबर-अक्तूबर 2012 से संपर्क में हैं। इस मामले की सुनवाई गुरुवार (तीन नवंबर) को पूरी हुई।

सुनवाई के बाद उन्होंने मीडिया से बात करते हुए यह घोषणा की। रंजीत सांगले ने कहा कि हम दावा करते हैं कि शीना बोरा अभी भी जीवित है। हमारे पास इस बात के सबूत हैं कि सितंबर-अक्तूब 2012 में राहुल मुखर्जी ने शीना बोरा के साथ कई संदेशों का आदान-प्रदान किया। हमने उनका सामना किया था। राहुल और शीना सितंबर-अक्तूबर 2012 तक नियमित रूप से संपर्क में थे। चूंकि शीना बोरा से मिलने वाला अंतिम व्यक्ति राहुल मुखर्जी था, तो



राहुल मुखर्जी ही हमें बता सकते हैं कि वह कहां है। उन्होंने कहा कि शीना के तथाकथित लापता होने के अगले दिन, 25 और 26 अप्रैल, 2012 को, श्यामवर राय और राहुल मुखर्जी के बीच दो मोबाइल फोन पर बातचीत हुई।उन्होंने दो मई को भी उनसे संपर्क किया था।

**पहले भी शीना के जिंदा होने का किया जा चुका है दावा**

सांगले ने कहा कि मामले में जिरह के दौरान राहुल ने कई सवालों के जवाब देने में आनाकानी की है। इसलिए इस बात की जांच की जानी चाहिए कि क्या शीना बोरा जिंदा है।यह पहली बार नहीं है जब इंद्राणी मुखर्जी की ओर से इस बात का दावा किया जा रहा है कि शीना बोरा जिंदा है। इससे पहले इंद्राणी ने भी विशेष सीबीआई अदालत में शीना बोरा के जिंदा होने का दावा करते हुए जांच की मांग की थी। सांगले ने कहा कि किसी ने शीना को कश्मीर में देखने की बात कही थी। अगर किसी ने सच में उसे देखा है तो क्या पुलिस ने उसका बयान दर्ज किया है। नई परिस्थितियों में नए सबूत सामने आ रहे हैं। गवाह परेशान होकर ही सही लेकिन अब सच बोल रहा है।

इस मामले की जांच की जानी चाहिए। इससे पहले शीना की मां और उसकी हत्या की आरोपी इंद्राणी मुखर्जी ने सीबीआई को पत्र लिखकर दावा किया था कि आशा कोरके नाम की

# मध्य प्रदेश के बैतूल में भीषण सड़क हादसा बस-कार की टक्कर में 11 की मौत



बैतूल, 4 नवंबर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के बैतूल परतवाड़ा मार्ग पर बस और टवेरा के बीच भीषण टक्कर हो गई है। टवेरा में सवार 11 लोगो की मौत हो गई। 7 की बॉडी तुरन्त निकाल ली गई थी। 4 लोगों की बॉडी टवेरा काटकर निकाली गई। घटना लगभग 2 बजे रात की बताई जा रही है। मृतकों की अब तक शिनाख्त नहीं हो पाई है। पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। पुलिस के मुताबिक सभी मृतक मजदूर लग रहे हैं। झल्लार थाने के एक किलोमीटर गुदगांव के पास घटना हुई है। अभी 27 अक्टूबर को ही उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में हंडिया टोल प्लाजा के पास भीषण सड़क हादसा हुआ था। एक टवेरा कार अनियंत्रित होकर बिजली की पोल से टकरा गई। हादसे में 4 महिलाओं और 1 बच्चे समेत पांच लोगों की मौत हो गई। वहीं 5 लोग हादसे में गंभीर रुप से घायल हो गए। इसी तरह 14 अक्टूबर को लखनऊ से गाजीपुर जाने वाले 304 किलोमीटर लंबे पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर सुलतानपुर जिले के हलियापुर थाना क्षेत्र में हुए एक हादसे में चार लोगों की मौत हो गई थी। पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर सुलतानपुर की ओर जा रही बीएमडब्ल्यू कार को लखनऊ से आ रहे कंटेनर ने पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में कार में सवार चारों लोगों की मौत हो गई और कार के परखच्चे उड़ गए।

## देश में कोरोना के सामने आए 1216 नए केस, एक्टिव मामले 16 हजार से कम



नई दिल्ली, 4 नवंबर (एजेंसियां)। भारत में कोरोना संक्रमण का कहर अभी पूरी तरह से खत्म नहीं हुआ है। देश में पिछले 24 घंटे में कोविड के 1216 नए मामले सामने आए और 18 संक्रमितों ने अपनी जान गंवा दी। अब कोरोना संक्रमितों की कुल संख्या बढ़कर 4 करोड़ 46 लाख 58 हजार 365 हो गई है। पिछले 24 घंटे में 1591 मरीज ठीक भी हुए। इसी के साथ कोरोना एक्टिव मरीजों की संख्या घटकर 15 हजार 705 रह गई। देश में अब तक करीब 220 करोड़ कोरोना वैक्सीन के डोज दिए जा चुके हैं। पिछले 24 घंटे में 1 लाख 97 हजार 659 ने कोरोना से बचाव करने के लिए वैक्सीन ली। कोरोना से मरने वालों की कुल संख्या बढ़कर 5 लाख 30 हजार 479 पहुंच गया। 24 घंटे में कुल 18 मौत के मामले में केरल के 15 लोग भी शामिल हैं, जिनके नाम संक्रमण से मौत के आंकड़ों का दोबारा मिलाते हुए हुए वैश्विक महामारी से जान गंवाने वाले मरीजों की सूची में जोड़े गए हैं। संक्रमण से मौत के तीन मामले सामने आए हैं, उनमें महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश तथा पश्चिम बंगाल के एक-एक मरीज शामिल हैं।

**देश में संक्रमण दर**

नए आंकड़ों के मुताबिक, देश में कोरोना वायरस संक्रमण के एक्टिव मरीजों की संख्या घटकर 15 हजार 705 रह गई है, जो कुल मामलों का 0।04 फीसदी है। पिछले 24 घंटे में एक्टिव मरीजों की संख्या में 393 की कमी दर्ज की गई है। वहीं, मरीजों के ठीक होने की राष्ट्रीय दर 98,78 फीसदी है। आंकड़ों के मुताबिक, देश में अभी तक कुल 4 करोड़ 41 लाख 12 हजार 181 लोग कोरोना वायरस संक्रमण से मुक्त हो चुके हैं, जबकि कोविड-19 से मृत्यु दर 1,19 प्रतिशत है। वहीं, राष्ट्रव्यापी टीकाकरण अभियान के तहत अभी तक कोविड-19 रोधी टीकों की 219।69 करोड़ खुराक दी जा चुकी हैं।

# पीएम मोदी ने पूरी कर दी बालासाहब की इच्छाएं

## एकनाथ शिंदे ने याद की बाल ठाकरे की पुरानी बात

मुंबई, 4 नवंबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे का मानना है कि केंद्र सरकार ने दिवंगत बाल ठाकरे की इच्छाओं को पूरा किया है। शुक्रवार को एक कार्यक्रम के दौरान उन्होंने अनुच्छेद 370, राम मंदिर निर्माण समेत कई कामों का जिक्र किया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई वाली केंद्र सरकार की तारीफ की। शिंदे ने कहा, 'बालासाहेब ने एक बार कहा था, मुझे एक दिन प्रधानमंत्री बना दो, मैं कश्मीर में अनुच्छेद 370 हटा दूंगा, आयोध्या में राम मंदिर बना दूंगा। अब आर्टिकल 370 हट गया है और राम मंदिर भी बन रहा है।' इस दौरान उन्होंने बगावत की वजह भी बताई। मुख्यमंत्री ने साफ कर दिया है कि शिवसेना के कांग्रेस और राष्ट्रवादी



कांग्रेस पार्टी के साथ गठबंधन से विधायक खुश नहीं थे। उन्होंने कहा, 'मैं कभी भी सीएम नहीं बनना चाहता था। हमारे विधायक दुखी थे। इसलिए मैंने यह कदम उठाया और मुझे नहीं लगता कि मैंने कुछ गलत किया है।' जून में शिंदे और करीब 50 विधायकों ने तब की शिवसेना में बगावत कर दी थी। नतीजा यह हुआ कि बाद महाराष्ट्र में महाविकास अघाड़ी सरकार गिर गई थी। बाद में शिंदे ने भारतीय जनता पार्टी के साथ मिलकर सरकार बनाई थी। राज्य के सीएम का पद संभाल चुके देवेंद्र फडणवीस को उपमुख्यमंत्री पद की जिम्मेदारी दी गई थी। दशहरा रैली में भी उन्होंने साफ कर दिया था कि उनका गुट 'असली' शिवसेना है। उन्होंने कहा था, 'यह शिवसेना उद्धव ठाकरे या एकनाथ शिंदे की नहीं है। यह बालासाहेब के सिद्धांतों की शिवसेना है। बालासाहेब के असली वारिस उनके विचारों के उत्तराधिकारी हैं। हमें गद्दार कहा जा रहा है। धोखा हुआ है, लेकिन धोखा 2019 में हुआ।' साल 2019 में शिवसेना ने कांग्रेस और राकंपा के साथ मिलकर सरकार बना ली थी।

# मच्छरों के हमले से कांपा दाऊद का साथी

## बोतल में भरकर पहुंचा कोर्ट, कहा- 'बचा लो'



मुंबई, 4 नवंबर (एजेंसियां)। मुंबई की एक अदालत में अजब-गजब मामला आया। अंडरवर्ल्ड डाउन दाऊद इब्राहिम की गैंग का साथी गैंगस्टर एजाज लकड़ावाला कोर्ट में मरे हुए मच्छरों से भरी बोतल लेकर पहुंच गया। उसने कोर्ट में बोतल दिखाते हुए कहा कि जेल के अंदर मच्छरों ने परेशान कर दिया है। इसलिए उसे एक मच्छरदानी दी जाए। हालांकि, कोर्ट ने उसकी याचिका को खारिज कर दिया। बता दें, एजाज लकड़ावाला को जनवरी, 2020 में गिरफ्तार किया गया था। उस पर महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण कानून व अन्य धाराओं में मामला दर्ज है। 2020 से ही एजाज नवी मुंबई की तलोजा जेल में बंद है। हाल ही में एजाज ने कोर्ट में याचिका दायर कर मच्छरदानी की मांग की थी। उसने कहा था कि जब उसे जेल भेजा गया था तो शुरुआत में मच्छरदानी दी गई थी, लेकिन बाद में उसे ले लिया गया। गुरुवार को कोर्ट में वह मच्छरों से भरी बोतल लेकर पहुंच गया और कहा कि हर रोज कैदियों को इस समस्या से जूझना पड़ता है। बता दें, सुरक्षा कारणों से जेल प्रशासन ने एजाज से मच्छरदानी वापस ले ली थी। उसकी याचिका का भी अधिकारियों द्वारा विरोध किया गया।

# लहसुन बोरे के नीचे छिपा रखे थे गौवंश

## ट्रक के पटलने पर हुआ खुलासा, 12 बछड़ों की मौत



भोपाल, 4 नवंबर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के शिवपुरी से गौवंश तस्करी की खबर सामने आई है। यहां भरे ट्रक में 80 गौवंश थे जिन्हें लहसुन ले बोरियों की आड़ में छुपा रखा था। लेकिन अचानक ट्रक के पलट जाने से खुलासा हुआ कि गौवंश की तस्करी की जा रही थी। हालांकि ट्रक के पलट जाने से 12 गौवंश की हुई मौत हो गई। दरअसल शिवपुरी जिले के कोलारस थाना क्षेत्र अंतर्गत फोरलेन हाईवे पर गुना की ओर जा रहा एक गौवंश से भरा हुआ ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। इस हादसे में लगभग एक दर्जन गाय के बछड़ों की मौत हुई है। बताया जा रहा है कि इनकी मंशा गौवंश की तस्करी थी। इस घटना के बाद कोलारस थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार एक ट्रक में करीब 80 गौवंश को भरकर शिवपुरी से गुना की ओर जा रहा था। इसी दौरान सरैया बाग हनुमान मंदिर के पास ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। ट्रक में पार्टीशन करके गोवंश को भरा हुआ था। और जैसी ही ट्रक पलटा करीब 12 गबछड़ों की मौत हो गई कई। एक पुलिस अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि गौ तस्कर काफी शातिराना तरीके से ट्रक में लहुसन की ओट में गोवंश की तस्करी कर रहे थे। उन्होंने पहले ट्रक में पार्टीशन कर गोवंश को भरा हुआ था। जिसके बाद इस ट्रक के ऊपर लहसुन से भरे बोरे रखे हुए थे जिससे किसी को शक न हो सके।

# 6 महीने पहले कांग्रेस देगी युवाओं को टिकट

## यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास बोले- क्राइटेरिया फिक्स, 3 महीने में यह करना होगा

भोपाल, 4 नवंबर (एजेंसियां)। हमारा पहला मकसद है कि मप्र में कांग्रेस की सरकार बने। जमीनी स्तर पर जो मजबूत युवा कार्यकर्ता हैं, जिनके नाम सर्वे में सामने आएंगे, उनको टिकट दिलाएंगे। इसमें कोई कोटा सिस्टम नहीं है। कमलनाथ ने भी चुनाव की तैयारी कर रहे मजबूत युवा साथियों को चिन्हित करने की बात कही है। युवा कांग्रेस के बूथ लेवल वर्कर से लेकर स्टेट की टीम में काम करने वाले उन कार्यकर्ताओं को टिकट की पैरवी करेंगे जो मजबूती से चुनाव लड़कर जीतने की स्थिति में हो। यह बात यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास बीवी ने अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव में युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं की उम्मीदवारी पर कही। वे मध्यप्रदेश युवा कांग्रेस की प्रदेश कार्य समिति की बैठक में शामिल होने भोपाल पहुंचे हैं। पीसीसी में आयोजित बैठक से पहले मीडिया से चर्चा में युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास ने यह बात कही। श्रीनिवास ने कहा- 15-20 दिनों में ये जानकारी तैयार करा रहे हैं कि कितने साथी आने वाले दिनों में चुनाव लड़ने वाले हैं। आखिरी समय में युवा कांग्रेस का टिकट मांगने नहीं जाएंगे। चुनाव लड़ने के इच्छुक युवाओं को टास्क दिए जाएंगे। बूथ कमेटी से लेकर तमाम काम पूरा करने वालों को टिकट की मजबूती से पैरवी की जाएगी। तीन महीने युवाओं को काम करने का मौका देंगे। इसके बाद सर्वे कराएंगे। 28 हजार बूथ कम्प्लीट हो चुके हैं। उनका कॉल सेंटर से वैरिफिकेशन भी पूरा हो गया है।

दो तीन महीने में सभी 65 हजार बूथ पर बूथ जोडो-यूथ जोडो का काम पूरा करने का टाइम तय किया है।मोबाइल एप में ये डेटा दर्ज किया जा रहा है। दो तीन-महीने में यह काम पूरा हो जाए, इसके लिए ट्रेनिंग भी दे रहे हैं। 125 विधानसभाओं के प्रभारियों की ट्रेनिंग हुई है। ये सभी पहले से काम में लगे हुए हैं। बूथ के यूथ को आगे कौन से काम करने हैं, जल्द ही ये जानकारी सामने लाएंगे। मंहगाई, बेरोजगारी, करप्शन के मुद्दे पर युवा कांग्रेस के आंदोलन तेज होंगे। बूथ जोड़ो-यूथ जोड़ो अभियान को घर-घर तक पहुंचाने का काम करेंगे। अच्छे दिन का भाव सबको पता लग गया 100 रुपए के पार पेट्रोल पहुंच गया है।

स्वतंत्र वार्ता

शनिवार, 5 नवंबर, 2022

# मोरबी हादसा भाग्यवादी सोच का निकृष्ट नमूना

देश की आर्थिक प्रगति के इंजन गुजरात में बड़े और प्राकृतिक हादसे कोई नई बात नहीं है, लेकिन राज्य के मोरबी में झूला पुल ढहने से 135 से ज्यादा लोगों की असमय दर्दनाक मौत के मामले में जिस तरह की संवेदनहीनता और कार्रवाई के नाम पर खानापूर्ति का रवैया दिख रहा है, वह कई सवाल खड़े करता है। कई घरों के चिराग बुझाने और कइयों की कोख सूनी करने वाली इस भीषण त्रासदी के बाद हादसे के लिए जिम्मेदारी कंपनी के गिरफ्तार कर्मचारियों ने जो बयान कोर्ट के में दिया है, वह तो असंवेदनशीलता की पराकाष्ठा है।

ब्रिज का रखरखाव करने वाली कंपनी ओरेवा के मैनेजर ने कहा कि जो हुआ, वह 'भगवान की मर्जी' थी। यानी जो भयानक हादसा हुआ और झूला पुल का आनंद लेने पुल पर चढ़े सैकड़ों लोग पुल गिरने की वजह से नीचे बहती मच्छु नदी में जिंदा समा गए, वह सब ईश्वरेच्छा थी। इसमें किसी का कोई दोष नहीं है। भाग्यवादी सोच का यह शायद सबसे निकृष्ट उदाहरण होगा।

**अंग्रेजों के जमाने का है यह पुल**

मोरबी का पुल 143 साल पुराना था और अंग्रेजों के जमाने में उस समय की उपलब्ध श्रेष्ठ तकनीक से बना था और इस निर्माण पर 3.5 लाख रुपये खर्च हुए थे। कहा जाता है कि यह पुल अंग्रेजों को उनके अपने शहर लंदन की याद दिला देता था। आजाद भारत में भी यह सैलानियों को पसंदीदा जगह बन गया था। पुल पुराना हो जाने के कारण मोरबी नगर पालिका ने इसकी मरम्मत और रखरखाव का ठेका ओरेवा कंपनी को दिया था, जिसके पास इस तरह के कामों का कोई अनुभव नहीं था।

आरंभिक जांच में यह सामने आ रहा था कि कंपनी ने रखरखाव के नाम पर दो करोड़ रुपये खर्च करना बताया है, लेकिन हकीकत में उसने खानापूर्ति की और इस पुल के जरिए पैसा कमाने की लालच में प्रशासन से फिटनेस सर्टिफिकेट लिए बिना ही इसे सैलानियों के लिए खोल दिया।

गुजरात में दिवाली के दूसरे दिन गुजराती नव वर्ष 'बेस्तु बरस' का त्योहार मनाया जाता है। प्रदेश में दिवाली के बाद पांच दिन तक बाजार बंद रहते हैं और लोग दिवाली का जश्न मनाने और तफरीह के लिए अक्सर बाहर निकल जाते हैं। शायद इसी वजह से हजारों लोग मोरबी के पास मच्छु नदी पर बने इस पुराने झूला पुल का आनंद लेने वहां पहुंचे थे। पुल का रखरखाव करने वाली कंपनी ने भी मौके का फायदा उठाते हुए 17-17 रुपये टिकट बेचकर सैकड़ों लोगों को पुल पर जाने दिया, बिना यह सोचे कि पुल एक साथ इतने लोगों का वजन कैसे झेल पाएगा? उधर लोग भी इस बात से बेखबर थे कि हाल में मरम्मत किए पुल पर कोई ऐसा हादसा भी हो सकता है। वहां कोई भी ऐसी एजेंसी नहीं थी, जो चेताती कि कोई भी पुल हो, उसकी सहनशक्ति की भी एक सीमा होती है। बताया जाता है कि जब पांच सौ से अधिक लोग एक साथ पुल पर जा चढ़े तो उसकी नींव ही चरमरा गई और एक झटके में पुल के दो टुकडे. हो गए। क्षणार्धात में झूला पुल का आनंद ले रहे सैंकड़ों लोग नदी में समा गए, जिसने भी उस दृश्य का वीडियो देखा, वह भीतर से हिल गया। लेकिन जो हुआ, वह गुजरात के भुज में आए भयावह भूकंप जैसी प्राकृतिक विपदा नहीं थी। यह मानवीय लापरवाही के कारण हुआ हादसा है, जो पुल के मेंटेनेंस के नाम पर की गई खानापूर्ति और इस ठेके के जरिए भारी मुनाफा कमाने की नीयत से की गई थी। इसके पहले दुनिया में तोड़फोड़, युद्ध, प्राकृतिक आपदा, घटिया निर्माण अथवा आतंकवादी घटनाओं के कारण पुलों को भारी नुकसान पहुंचा है और इस कारण लोगों को भी अपनी जानें गंवानी पड़ी है। ऐसा ही एक भयानक हादसा पुर्तगाल में 1809 में हुआ था, जब वहां दूरा नदी पर बना एक पोंटून पुल टूट गया था और इसमें 4 हजार से अधिक लोगों को जानें गंवानी पड़ी थीं।

मोरबी पुल भी संभवतः सही मरम्मत न करने के कारण टूटा है। शुरुआती जांच में जो तथ्य सामने आ रहे हैं, उसमें पुल की लोहे की रस्सियां बुरी तरह जंग खा गई थीं, जिन्हें नहीं बदला गया। मोरबी में झूलते पुल के तार जंग लगे हुए थे। इन्हें मरम्मत के दौरान बदला नहीं गया। इनकी मरम्मत की जाती तो यह हादसा नहीं होता। यह बात मोरबी पुल हादसा मामले के जांच अधिकारी और मोरबी के पुलिस उपाधीक्षक पीए झाला ने स्थानीय अदालत में पेश फोरेंसिक साइंस लेबोरेटरी रिपोर्ट में कही। पैसे बचाने के चक्कर में सैकड़ों लोगों की जान को दांव पर लगा दिया गया।

**सरकार का रवैया पर प्रश्नचिन्ह**

इस मामले में गुजरात सरकार का रवैया भी हैरान करने वाला है। सरकार दोषियों को सजा देने के बजाय, उन्हें बचाने में लगी ज्यादा लगती है। ओरेवा कंपनी के छोटे कर्मचारियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार भी कर लिया गया है, लेकिन कंपनी के मालिक जयसुख पटेल के खिलाफ कार्रवाई तो दूर, एफआईआर में उनका नाम तक नहीं है। जयसुख पटेल के भाजपा नेताओं से अच्छे रिश्ते बताए जाते हैं। तानाशाह हिटलर को अपना आदर्श मानने वाले जयसुख भाई ने इस हादसे पर अफसोस तक नहीं जताया।

उधर निचली अदालत में अतिरिक्त सरकारी अभियोजक एचएस पांचाल ने बताया कि ओरेवा कंपनी के मैनेजर दीपक पारेख ने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट और अतिरिक्त वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एमजे खान को बताया है कि कंपनी के प्रबंध निदेशक से लेकर निचले स्तर के कर्मचारियों तक, सभी ने खूब काम किया, लेकिन भगवान की इच्छा से ऐसी दुर्भाग्यपूर्ण घटना हुई। इस बीच राज्य में इस भयंकर हादसे को लेकर तीखी प्रतिक्रियाएं और आक्रोश सामने आ रहा है। मोरबी व राजकोट बार एसोसिएशन ने कहा कि एसोसिएशन का कोई भी सदस्य घटना से जुड़े किसी भी आरोपी का मामला नहीं लड़ेगा। साथ ही वकीलों ने विरोध मार्च भी निकाला। हालांकि सरकार इस मामले में दुख जताने की पूरी कोशिश कर रही है।

मोरबी हादसे के मृतकों की याद में अहमदाबाद, सूरत में प्रार्थना सभाएं हुई। 2 नवंबर को राज्य में राजकीय शोक रखा गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वयं मोरबी पहुंचे और घायलों से मिले। एक कार्यक्रम में मोरबी हादसे में मृत व्यक्तियों की याद में उनकी आंखों से आंसू भी आ गए। मोरबी हादसे को लेकर गुजरात सरकार और भाजपा विपक्ष के निशाने पर है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने पूछा कि मोरबी के पुल की दुर्घटना 'एक्ट ऑफ गॉड' है या 'एक्ट ऑफ फ्रॉड' है? साथ ही उन्होंने कहा कि 6 महीने से पुल की मरम्मत की जा रही थी, इसमें कितना खर्च आया? 5 दिनों में पुल गिर गया। 27 साल से बीजेपी की सरकार है, क्या यही है आपका विकास मॉडल? कांग्रेस ने इस घटना की न्यायिक जांच की मांग की है। राज्य में इस बार पूरी ताकत से विधानसभा चुनाव लड़ने जा रही आम आदमी पार्टी ने भी इस हादसे के लिए भाजपा को जमकर घेरा है।

भाजपा की परेशानी यह है कि यह हादसा राज्य में ऐन विधानसभा के मुहाने पर हुआ है। इस हादसे के बचाव में उसके पास कोई ठोस तर्क नहीं है। वह हादसे के लिए दोषी लोगों पर कार्रवाई करती दिखना भी चाहती है और इसके लिए नैतिक रूप से जिम्मेदार कंपनी मालिक जयसुख भाई पटेल को कार्रवाई की आंच से बचाना भी चाहती है, क्योंकि इससे राज्य में पटेलों के नाराज होने का खतरा है। चुनाव की पूर्व बेला में वो कोई ऐसा जोखिम नहीं उठाना चाहती।

आश्चर्य की बात तो यह इस चुनावी मजबूरी को राजकोट के भाजपा सांसद मोहन भाई कुंडारिया के दुख और घोषणा की भी फिकर नहीं है, जिसमें उन्होंने कहा था कि किसी दोषी को नहीं बख्शा जाएगा। सांसद कुंडारिया ने इस हादसे में अपने परिवार के 12 सदस्यों को खोया है। यही नहीं मोरबी नगर पालिका के उपाध्यक्ष जयराज सिंह जडेजा ने भी इस घटना के लिए ओरेवा कंपनी के मालिक को जिम्मेदार ठहराया था।

जडेजा ने कहा था कि जयसुख भाई ने नगर पालिका से एनओसी लिए बिना ही 24 अक्टूबर को फीता काटकर पुल को आम लोगों के लिए खोल दिया था। उसने यह भी डीएम को लिखकर दिया था कि यदि कोई अनहोनी हुई तो जिम्मेदारी हमारी होगी। प्रधानमंत्री ने भी मोरबी दौरे के दौरान कहा था कि इस मामले में किसी को बख्शा नहीं जाएगा, लेकिन हकीकत में वैसा कुछ होता दिख नहीं रहा। छोटे कर्मचारी मालिकों के निर्देश पर काम करते हैं, लेकिन अगर यह पूरा मामला 'भगवान की इच्छा' ही है तो इसका संदेश यह है कि चुनावी मजबूरियों के आगे सब कुछ बेमानी है।

## आरबीआई का भरोसा

देश में बढ़ती महंगाई से जहां आम नागरिक फटेहाल हो गया है वहीं सरकार व रिजर्व बैंक आफ इंडिया भी कम परेशान नहीं है। बहरहाल, महंगाई पर काबू पाने को लेकर केंद्रीय रिजर्व बैंक के गवर्नर ने भरोसा जताया है कि इस पर नजर बनाए हुए है। यदि सबकुछ ठीक रहा तो जल्दी ही इस पर काबू पा लिया जाएगा। इसके लिए समय रहते ब्याज दरों को संतुलित कर महंगाई की तीव्रता को रोक लिया गया है, यदि यह कदम नहीं उठाया गया होता तो हालात और बुरे हो सकते थे। रिजर्व बैंक चाहता है कि महंगाई को किसी भी हालत में छह फीसद के ऊपर न जाने दिया जाए। यदि वह इसमें कामयाब हो गया तो महंगाई काबू में आते देर नहीं लगेगी। इससे लोगों की जेब का खर्च भी घटेगा। बता दें कि बीते नौ महीनों से महंगाई दर लगातार छह फीसद से ऊपर बनी हुई है जिससे महंगाई पर अंकुश लगा पाना मुश्किल बना हुआ है। आरबीआई इस संबंध में सरकार को रिपोर्ट भी सौंपेगा कि क्यों वह महंगाई को नहीं रोक पाया। नियमानुसार उसे सरकार को कारण बताना जरूरी है। इससे संभव है कि एक बार फिर रिजर्व बैंक ब्याज दरों में बढ़ोतरी करने का मन बना चुका है। इसके पहले भी उसने थोड़े-थोड़े समय बाद रेपो दरों में बढ़ोतरी करके सकारात्मक नतीजे लाए हैं, जिससे स्वाभाविक ही एक बार फिर रेपो दरों में बढ़ोतरी का दबाव बना हुआ था। महंगाई को चार फीसद पर रोक दिया जाए तो अर्थव्यवस्था के लिए इससे बेहतर रामराज्य की कल्पना भी नहीं की जा सकती है, मगर कोरोना महामारी और फिर कच्चे तेल की कीमतों में लगातार उतार-चढ़ाव ने देश की अर्थव्यवस्था को झकझोर कर रख दिया है। इसका अलावा वैश्विक आर्थिक उथल-पुथल ने भी रास्ता कठिन कर दिया है। अब आरबीआई का अनुमान है कि अगले वित्तवर्ष तक महंगाई का रुख नीचे की तरफ जा सकता है। बता दें कि महंगाई पर काबू पाने के लिए केवल रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति कारगर औजार साबित नहीं होती। इस वक्त अर्थव्यवस्था के मामले में सभी मोर्चों पर चुनौतियां बनी हुई हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की बढ़ती कीमत भी अनिश्चित रुख बनाए हुई है। पूरी दुनिया व्यापारिक गतिविधियों की कमजोरी से कराह रही है। निर्यात की दर को भी आशातीत सफलता नहीं मिल रही है, जबकि आयात लगातार बढ़ रहा है। ऐसे में विदेशी मुद्रा भंडार छीज रहा है। घरेलू बाजार की रौनक कहीं खो गई इसलिए लगती है कि लोगों की जेब में पैसा न होने से क्रयशक्ति कमजोर हो चुकी है। इसका सबसे बडा कारण बहुत सारे लोगों का काम-धंधा बंद हो जाना, नौकरियां खो देना, छोटे, मंझोले और लघु उद्योगों का बंद हो जाना है। हालांकि सरकार ने नए सिरे से कारोबार शुरू करने के लिए आसान शर्तों पर मुद्रा योजना के तहत कर्ज उपलब्ध कराने की घोषणा की, लेकिन उससे बाजार में कहीं उत्साह नहीं दिखाई दे रहा है। रोजगार के मामले में भी हालात कब सुधरेंगे कहना मुश्किल है। रिजर्व बैंक ने रेपो रेट में बढ़ोतरी कर बचत को आकर्षित करने में तो कुछ कामयाबी हासिल की, लेकिन जिन लोगों ने कर्ज लेकर काम-धंधे शुरू किए थे, उन पर ब्याज का बोझ अलग से बढ़ता ही जा रहा है। तेल की कीमतें कम न होने की वजह से उत्पादन दर भी बढ़ता जा रहा है। नतीजतन खरीदार न होने के बावजूद वस्तुओं की कीमतें लगातार बढ़ रही हैं। सबसे चिंता की बात यह कि थोक महंगाई दर भी बेकाबू होता जा रहा है। साफ है कि बड़े उद्योगों में उत्पादन और उनके उत्पाद की मांग घटी है। इस तरह अर्थव्यवस्था में इस क्षेत्र का योगदान तीन फीसद के आसपास पहुंच गया है। रिजर्व बैंक मौद्रिक नीति से बाजार में पूंजी के प्रवाह को संतुलित करने का प्रयास तो कर सकता है, मगर केवल इतने से महंगाई पर काबू पाने का दावा करना कितना मुश्किल होता है यह तो भविष्य ही बताएगा।

## सांसों पर मंडराता संकट



योगेश कुमार गोयल

इस बार दीपावली के तुरंत बाद भले ही दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण खतरनाक स्तर पर नहीं पहुंचा था लेकिन अब यह क्षेत्र हर साल की भांति प्रदूषण से कराहता नजर आने लगा है। सरकार के मुताबिक पड़ोसी राज्यों में पराली जलाने की निरन्तर बढ़ रही घटनाओं के कारण दिल्ली-एनसीआर तथा पड़ोसी राज्यों में प्रदूषण का स्तर बढ़ रहा है, जिससे स्मॉग (कोहरे और धुएं का ऐसा मिश्रण, जिसमें बहुत खतरनाक जहरीले कण मिश्रित होते हैं) की परत छाने के साथ-साथ लोगों को आंखों में जलन तथा सांस लेने में परेशानी की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। हाल के दिनों में दिल्ली-एनसीआर को देश के सर्वाधिक प्रदूषित क्षेत्र के रूप में दर्ज किया जा रहा है। इसी कारण चिकित्सक अब सांस के मरीजों को विशेष तौर पर सतर्क रहने की हिदायत देते हुए सुबह के समय बुजुर्गों व बच्चों को बाहर न जाने की सलाह भी देने लगे हैं। एनसीआर के कई इलाकों में तो प्रदूषण का स्तर 450 के पार दर्ज हो रहा है। एनसीआर में बढ़ते प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए केन्द्र सरकार के वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग द्वारा ग्रेप का तीसरा चरण लागू किया जा चुका है, जिसके तहत सभी निर्माण कार्य, तोड़फोड़, ईंट-भट्ठे व हॉट मिक्स प्लांट इत्यादि के संचालन पर प्रतिबंध लगाया गया है और लोगों को सलाह दी जा रही है कि वे निजी वाहनों के बजाय सार्वजनिक परिवहन और साइकिल का इस्तेमाल करें। सरकारी सूत्रों के मुताबिक दिल्ली में अभी अगले कुछ दिनों तक एक्यूआई (वायु गुणवत्ता सूचकांक) 400 से भी ज्यादा रह सकता है। हालांकि शून्य से 50 के बीच एक्यूआई को अच्छा, 51 से 100 के बीच संतोषजनक, 101 से 200 के बीच मध्यम, 201 से 300 के बीच खराब, 301 से 400 के बीच बहुत खराब और 401 से 500 के बीच गंभीर माना जाता है। इस सीजन में हर साल खेतों में बड़े स्तर पर पराली जलने के कारण प्रदूषण का यही आलम देखने को मिलता है लेकिन किसानों से पराली नहीं जलाने की अपील करने के अलावा सरकारों द्वारा बीते वर्षों में अब तक पराली प्रबंधन के लिए ऐसे कोई संतोषजनक उपाय नहीं किए गए हैं, जिससे किसानों को पराली जलानी ही न पड़े और बगैर पराली को जलाये उनकी पराली का उपयोग विविध प्रकार से किया जा सके। चिंताजनक स्थिति है कि हम खेतों में जलती पराली, विकास के नाम पर अनियोजित तथा अनियंत्रित निर्माण कार्यों के चलते बिगड़ते हालात, वाहनों और औद्योगिक इकाइयों के कारण बेहद प्रदूषित हो रहे वातावरण के भयावह खतरों को इसी प्रकार झेलने को विवश हैं। हालांकि पर्यावरण तथा प्रदूषण नियंत्रण के मामले में देश में पहले से ही कई कानून लागू हैं लेकिन उनकी पालना कराने के मामले में पर्यावरण एवं प्रदूषण नियंत्रण विभाग में सदैव उदासीनता का माहौल देखा जाता रहा है। देश की राजधानी दिल्ली तो वक्त-बेवक्त 'स्मॉग' से लोगों का हाल बेहाल करती रही है। तय मानकों के अनुसार हवा में पीएम की निर्धारित मात्रा अधिकतम 60-100 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर होनी चाहिए किन्तु यह वर्षभर अधिकांश समय 300-400 के पार रहने लगी है। दिल्ली सहित देश के विभिन्न इलाकों की आबोहवा जब भी हवा में पीएम की निर्धारित मात्रा को पार कर खतरनाक स्तर पर पहुंचती है तो सरकारें चेतावनी जारी करनी लगती हैं कि यदि जरूरत नहीं हो तो घर से बाहर न निकलें और प्रदूषण के कहर से बचने के लिए घर में भी सभी खिड़की-दरवाजे बंद रखें।

## मच्छरों के लिये आकर्षक मनुष्यों की पहचान



डा. अशोक कुमार तिवारी

प्रकृति की गोद में अनेकों तरह के जीव-जन्तु पल रहे हैं । सभी की एक-दूसरे पर किसी न किसी तरह की निर्भरता है और इस प्रकृति में सबका अपना अपना महत्व है । लेकिन निर्भरता अगर घातक सिद्ध होने लगे, तो समस्या विकट होने लगती है, और उससे बचाव के तरीके ढूंढ़ना भी जरूरी हो जाता है । मच्छरों का प्रकृति में अपना महत्व होगा, लेकिन जब से यह मालूम हुआ कि मानव-खून पर इनकी निर्भरता मानव के लिये घातक सिद्ध होती जा रही है, मनुष्य निरन्तर इनसे अपने बचाव के साधन ढूंढ़ने में लगा है । लेकिन मच्छर भी तू डाल-डाल हम पात-पात का खेल खेल रहे हैं । जैसे जैसे हम विकास कर रहे हैं, प्रकृति में अन्य जीव-जन्तु भी अपने जीवन-अस्तित्व को बनाये और बचाये रखने का उपाय विकसित कर अपना जीवनयापन करते रहते हैं। इसी कड़ी में, मादा-मच्छर अपनी तीव्र घ्राण-शक्ति से अपने शिकार का पता लगा लेती है । इन मादाओं के इंसानों के प्रति आकर्षण में हो रहे खोज नित्यप्रति नये कौतूहल पैदा कर रहे हैं । कहते हैं कि नर-मच्छर शाकाहारी होते हैं, और फ़ूलों-पेड़-पौधों के रस चूस कर अपनी जिन्दगी गुजार लेते हैं । हांलाकि मादा-मच्छर भी फ़ूलों-पेड़-पौधों के रस चूसती है, लेकिन इंसानों के खून में मौजूद प्रचुर मात्रा में सूक्ष्म-पोषक तत्व मादा मच्छर के प्रजनन, गर्भ-धारण तथा अंडे देने एवं उनके विकास में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं । कौन नहीं चाहता कि उसकी संतति स्वस्थ हो और उसका लालन-पालन अच्छे से हो । इसीलिये वह मानव रक्त पर निर्भर रहती है और मनुष्यों का खून चूसती है । अतः वह अपनी तीव्र घ्राण-शक्ति की सहायता से खास-मानुष-गंध को पहचान कर उनके प्रति आकर्षित होती है और उन्हें अपना शिकार बनाती है । ऐसा पाया गया है कि जो लोग सामान्य लोगों की तुलना में अधिक मात्रा में कार्बनडाई आक्साइड का उत्सर्जन करते हैं, तथा जिनके शरीर से लैक्टिक एसिड (दूध की गन्ध), अमोनिया अथवा यूरिक एसिड की महक सामान्य लोगों से अधिक निकलती है, मादा-मच्छर उनकी ओर तीव्रता से आकर्षित होती है । शराब की गंध भी मादा-मच्छर को बहुत भाती है । गहरे रंग के कपडे.भी इन मादाओं को आकर्षित करते हैं । खुली तथा चिपचिपी त्वचा और उससे निकलती गंध भी इनके आकर्षण का कारण मानी गई है ।



मानव रक्त चूसने की प्रक्रिया में, मादा अपने लार के साथ अनेकों रोगाणुओं को भी हमारे रक्त में छोड़ देती है । इसीलिये इन्हें रोगाणु-वाहक कहते हैं । रोग-वाहक मच्छरों की खास-मानव-आकर्षण-प्राथमिकताओं की जानकारी सार्वजनिक-स्वास्थ्य-नियमन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है । क्योंकि, ऐसा पाया गया है कि रोग-स्थानिक क्षेत्रों में मनुष्यों का एक छोटा अंश बार बार मच्छर-जन्य बिमारियों से ग्रसित होता रहता है, और वह मानव समुदाय रोग-भण्डार का कार्य करता है। अध्ययन बताते हैं कि मलेरिया का संक्रमण मानव-त्वचा की गंध-रसायन संरचना को कुछ ऐसा परिवर्तित कर देता है कि मच्छर उस व्यक्ति की ओर बार-बार आकर्षित होता है । इस तरह वह व्यक्ति रोग संचरण में विशेष भूमिका निभाता रहता है । मलेरिया नामक बिमारी एनाफ़िलीज नामक मादा मच्छर के काटने से होती है । आजकल जो ज़ीका वाइरस, डेंगू, येलो फ़ीवर तथा चिकनगुनियां नामक बिमारी बहुत तेजी से फैल रही है, वह ऐडिस ऐगिप्टी नामक मादा मच्छर के काटने से फैलती है । हाल ही में रॉकफेलर यूनिवर्सिटी, न्यूयॉर्क से इस मच्छर के मनुष्यों के प्रति आकर्षण पर बहुत ही रोचक जानकारी सामने आयी है। शोधकर्ताओं ने कई मनुष्यों पर किये गये खास-प्रयोग की जानकारी साझा करते हुए बताया है, कि जिन लोगों की त्वचा से कुछ खास तरह के कार्बाक्सिलिक एसिड सामान्य लोगों की तुलना में बहुतायत में उत्सर्जित होते हैं, उनकी ओर ये मच्छर अधिक आकर्षित होते हैं और काटते हैं ।यहां यह बताना जरूरी है कि मानव त्वचा की गंध कई वर्गों के रासायनिक-यौगिकों का एक जटिल मिश्रण है । मच्छर काटने की प्राथमिकताओं की आधारभूत क्रिया-विधि की जानकारी एवं समझ, मनुष्यों के प्रति मच्छरों का आकर्षण कम करने तथा इन रोग-वाहकों द्वारा फैलाये जा रहे खतरनाक रोगों से बचाव एवं उपचार-विकास में काफी मददगार साबित होगी । वैज्ञानिक खोज एक-एक करके इन रसायनों के बारे में जानकारी इकट्ठी करती है, जो कालांतर में उपचार-विकास में सहायक होती है । लेकिन सटीक उपचार-विकास से पहले इकट्ठी की गयी ये जानकारियां, हमें अपनी तरफ से सावधानियां बरतने में मदद करती हैं । अगर आप भी ऐसा महसूस करते हैं कि दूसरों की तुलना में आप की तरफ मच्छर अधिक आकर्षित होते हैं, तो सावधानी बरतें । मलेरिया, ज़ीका वाइरस, डेंगू, येलो फ़ीवर तथा चिकनगुनियां नामक बिमारियां आज हमारे लिये बहुत बड़ी समस्या और चुनौती बनकर खड़ी हैं । मच्छर गंदगी, रुके हुये पानी तथा सीलन भरे वातावरण में पनपते हैं ।

खुली त्वचा पर प्रायः अंधेरे और सांझ-सवेरे अधिक प्रहार करते हैं । अतः जब तक हम अपनी तथा अपने आस-पास की साफ-सफाई पर पर्याप्त ध्यान नहीं देंगे, तब तक इनके पनपने पर रोक नहीं लगेगी, और सांझ-सवेरे बाहर निकलने या टहलने के समय अगर हम शरीर को पर्याप्त रूप से उपयुक्त वस्त्र पहन कर तथा शरीर को ढंककर नहीं रखेंगे, तो इन्हें अपनी ओर आकर्षित करने से रोक नहीं पायेंगें । बाजार में उपलब्ध घरों से मच्छर भगाने के प्रसाधनों का उपयोग बताई गई उपयुक्त सावधानियों के साथ करें । यह जानकारी कि एक समुदाय में कौन से व्यक्ति मच्छरों को तीव्र आकर्षित करने वाले हैं, उनको सावधानी बरतने तथा मच्छर जनित रोगजनकों के प्रसार से निपटने के लिए प्रभावी हो सकती है।

**मुख्य वैज्ञानिक, वै.औ.अ.प.- भारतीय रासायनिक प्रौद्योगिकी संस्थान, हैदराबाद**

## औरत-मर्द: बाहरी एकरूपता



डॉ. वेदप्रताप वैदिक

न्यूयॉर्क टाइम्स ने अपने मुखपृष्ठ पर एक खबर छापी है कि अमेरिका में कई आदमी अब औरतों का वेश धारण करने लगे हैं और औरतें तो पहले से ही वहां आदमियों की वेशभूषा पहनते रही हैं।

उनका कहना है कि कपड़ों में भी औरत-मर्द का भेद क्या करना? वह जमाना लद गया जब औरतों के लिए खास तरह की वेशभूषा, जेवर और जूते-चप्पल पहनना अनिवार्य हुआ करता था। उन्हें घर से बाहर निकलने की अनुमति नहीं होती थी। घूंघट और बुर्का लादना आवश्यक माना जाता था। हमारे संस्कृत नाटकों को देखें तो कालिदास और भवभूति जैसे महान लेखकों की रचनाओं में उनकी महिला पात्र संस्कृत में नहीं, प्राकृत में संवाद करती थीं। महिलाओं को पुरुषों के समान न हवन करने का अधिकार था और न ही जनेऊ धारण करने का! वेदपाठ करना तो उनके लिए असंभव ही था। आर्यसमाज के प्रवर्तक महर्षि दयानंद सरस्वती की कृपा से भारतीय स्त्रियों को इन बंधनों से मुक्ति मिली लेकिन यूरोपीय इतिहास की लगभग एक हजार साल की अवधि को वहाँ अंधकार-युग कहा जाता है। उस युग में पोप लीला के कारण औरतों पर अत्याचार की हद हो रखी थी लेकिन अब इसी ईसाई यूरोप और अमेरिका में आधुनिकता की ऐसी लहर चली है कि आदमी लोग औरतों की तरह लंबे-लंबे बाल रखने लगे हैं, स्कर्ट ब्लाउज पहनने लगे हैं और उनके पारंपरिक जेवर भी अपने शरीर पर सजाने लगे हैं। इसे वे लिंग-भेद का निराकरण कहते हैं लेकिन वास्तव में औरत-औरत होती है और आदमी-आदमी। हमारे यहां तो भाषा और व्याकरण में भी वह भेद प्रतिबिंबित होता है। उसे सिर्फ वेशभूषा बदलने से नहीं मिटाया जा सकता है। कई देशों में उनके पुरुष भी अपना अधोवस्त्र स्त्रियों-जैसा ही सदियों से पहनते आ रहे हैं। जब पहली बार अपने राष्ट्रपति भवन में भूटान नरेश से लगभग 30 साल पहले मेरी भेंट हुई तो मैं उन्हें स्कर्ट-जैसा अधोवस्त्र पहने देखकर दंग रह गया। पचास साल पहले जब मैं लंदन में पढ़ता था तो मुझे स्कॉटलैंड के छात्रों को देखकर भ्रम हो जाया करता था, क्योंकि उनमें से कुछ स्कर्ट पहने रहते थे। दुनिया के दर्जनों देश हैं, जिनमें लोगों की वेशभूषा अपने तरह की अनूठी होती है।

## चुनावी बिसात पर जोर आजमाइश

गुजरात विधानसभा चुनावों का बिगुल बजने के बाद यहां के सियासी समीकरण की चर्चा शुरू हो गई है। यहां साल 1995 से ही भाजपा वोटों की दौड़ में आगे रही है और वह लगातार मजबूती से चुनाव जीतती रही है। हर बार 182 विधानसभा सीटों में से 100 से ज्यादा सीटें उसके खाते में गई हैं। पिछला 2017 का चुनाव बेशक अपवाद था, जिसमें वह सीटों का सैकड़ा पूरा करने में चूक गई, लेकिन वोट प्रतिशत के लिहाज से पूर्व की तरह कांग्रेस और उसमें बड़ा फासला (छह प्रतिशत से अधिक) रहा। दोनों दलों के बीच हर बार वोट प्रतिशत में नौ से 11 अंकों का अंतर रहा है। फिर भी, कांग्रेस यहां सफल प्रतिद्वंद्वी रही है, क्योंकि किसी तीसरे मजबूत दल का यहां अभाव रहा है। मगर इस बार उसकी राह कुछ ज्यादा कठिन जान पड़ती है, क्योंकि आम आदमी पार्टी ने यहां सफल दस्तक दी है। इससे यहां का चुनावी समीकरण बदलता दिख रहा है। आप नेता अरविंद केजरीवाल कई महीनों से यहां प्रचार कर रहे हैं, जिसका असर भी दिखने लगा है। गुजरात की जनता से बात करने पर यह महसूस होता है कि आप ने उनके बीच एक पहचान बनाई है। उनसे यदि आप दिल्ली से आने की बात कहेंगे, तो वे तुरंत पूछ बैठते हैं, आप आम आदमी पार्टी की तरफ से तो नहीं आए हैं? झाडू वाले तो नहीं हैं? साफ है, आप यहां चर्चा में है, लेकिन वह लोगों का कितना भरोसा जीत पाएगी, यह फिलहाल कह पाना मुश्किल है।

यहां के पिछले उप-चुनाव भी त्रिकोणीय संघर्ष के संकेत दे रहे हैं। मगर इस संघर्ष में एक तरफ भाजपा है, तो दूसरी तरफ आप और कांग्रेस। मौजूदा स्थिति यही तस्दीक करती है कि यहां भाजपा व दूसरी पार्टियों के बीच ठीक-ठाक फासला है। यहां के मतदाता भाजपा, विशेषकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से प्रभावित हैं। इसीलिए नजर इस बात पर होगी कि गुजरात चुनावों में दूसरे और तीसरे पायदान पर कौन सी पार्टी कब्जा करती है? हां, स्थानीय निकाय के चुनावों में, खासकर सूरत के इलाकों में आम आदमी पार्टी ने अच्छा प्रदर्शन किया है, जिससे उसे नई ऊर्जा मिली है, मगर यह जोश जीत में कितना बदल पाएगा, यह अभी दावे के साथ नहीं कहा जा सकता।

जाहिर है, कांग्रेस के लिए यहां दोतरफा जंग है। एक तरफ उसे भाजपा से लड़ना है, तो दूसरी तरफ, आप से मिल रही चुनौतियों से पार पाना होगा। बावजूद इसके उसकी चाल सुस्त दिखती है। भाजपा और आप जहां पुरजोर तरीके से अपनी उपस्थिति दर्ज कर रही हैं, अमित शाह व अरविंद केजरीवाल जैसे नेता लगातार सक्रिय हैं, वहीं मतदाता कांग्रेस के पास ढंग का नेतृत्व न होने की बात कह रहे हैं। किसी दौर में बेशक कांग्रेस यहां मजबूत दल हुआ करती थी, लेकिन अब वह काफी कमजोर लग रही है। वह घर-घर जाकर अभियान चलाने का दावा जरूर कर रही है, लेकिन इसका असर शायद ही दिख रहा है। उसकी मुश्किल यह भी है कि आप जितना ऊपर उठेगी, कांग्रेस उतना नीचे की तरफ जाएगी। दिल्ली और पंजाब में आप ने कांग्रेस का आधार अपनी ओर खिसकाकर ही सरकार बनाई है, और गुजरात भी इसका अपवाद नहीं दिख रहा। यहां इस त्रिकोणीय संघर्ष के कारण भी भाजपा खुद को मजबूत मान रही है।

फिर भी, बहुत कुछ इस बात पर निर्भर करेगा कि पार्टियां किस तरह के उम्मीदवारों पर दांव लगाती हैं। यहां यह चर्चा जरूर है कि जो पार्टी ढाई दशक से सत्ता में है, उसके खिलाफ अंदरूनी लहर है, लेकिन यह काफी ज्यादा इसलिए नहीं दिख रही, क्योंकि भाजपा ने इसकी काट ढूंढ़ ली है। उसने करीब एक साल पहले यहां का पूरा मंत्रिमंडल बदल दिया था। यहां तक कि नए मुख्यमंत्री की भी ताजपोशी की गई थी। यह सब इसलिए किया गया, ताकि राज्य सरकार के खिलाफ यदि लोगों में कोई असंतोष है, तो उसको दबाया जा सके। साफ है, यहां भाजपा की चुनौती न सिर्फ चुनाव जीतने, बल्कि बड़े अंतर से मैदान मारने की है।

गुजरात के साथ-साथ हिमाचल प्रदेश के चुनावों पर भी लोगों की स्वाभाविक नजर है। दोनों राज्यों में मतगणना 8 दिसंबर को होगी। पिछले दो-तीन दशकों में देखें, तो हिमाचल प्रदेश में हर चुनाव में सरकार बदलती रही है। आम आदमी पार्टी ने यहां पर भी अपनी दावेदारी जताने की कोशिश की है, लेकिन पिछले छह माह की सियासी गतिविधियों से यही जान पड़ता है कि वह यहां शायद ही कोई खास टक्कर दे सके। कुल मिलाकर, हिमाचल में कांग्रेस और भाजपा ही आमने-सामने होंगी। इसीलिए हर चुनाव में सरकार बदलने की संभावना के आधार पर कहा जा सकता है कि इस बार सत्तारूढ़ भाजपा को कांग्रेस से कड़ी टक्कर मिल रही है। इसकी तस्दीक एक साल पहले हुए विधानसभा उप-चुनावों के नतीजे भी करते हैं और लोकसभा उप-चुनाव के परिणाम भी, जिनमें कांग्रेस का ग्राफ भाजपा से काफी ऊपर रहा था।

# शनि प्रदोष व्रत?

एक बार फिर शनि प्रदोष आ रहा है। इससे पहले धनतेरस के दिन शनि प्रदोष व्रत था। जो लोग धनतेरस पर शनि प्रदोष व्रत पर नहीं रख पाए थे, वे चाहें तो इस बार शनि प्रदोष व्रत रख सकते हैं। शनि प्रदोष व्रत पुत्र की प्राप्ति के लिए रखा जाने वाला व्रत है। जिन लोगों को विवाह के काफी समय बाद भी संतान की प्राप्ति नहीं हो पाई है, उन लोगों को शनि प्रदोष व्रत अवश्य रखना चाहिए। इस व्रत के प्रभाव से संतान की प्राप्ति होती है। इस व्रत में शाम के समय भगवान शिव की पूजा करते हैं। श्री कल्लाजी वैदिक विश्वविद्यालय के ज्योतिष विभागाध्यक्ष डॉ मृत्युञ्जय तिवारी से जानते हैं शनि प्रदोष व्रत की तिथि और शिव पूजा का शुभ मुहूर्त।



**शनि प्रदोष व्रत तिथि**

पंचांग के अनुसार, हर माह की त्रयोदशी तिथि को प्रदोष व्रत रखा जाता है। इस समय कार्तिक माह का शुक्ल पक्ष चल रहा है। ऐसे में कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी तिथि 05 नवंबर दिन शनिवार को शाम 05 बजकर 06 मिनट से शुरू हो रही है। यह तिथि 06 नवंबर दिन रविवार को शाम 04 बजकर 28 मिनट पर समाप्त हो रही है।

त्रयोदशी तिथि को प्रदोष काल में ही शिव पूजा होती है। इसे देखते हुए शनि प्रदोष व्रत 05 नवंबर को रखा जाएगा क्योंकि इस दिन शाम को ही त्रयोदशी तिथि पर प्रदोष पूजा मुहूर्त है। 06 नवंबर को त्रयोदशी तिथि शाम 04:28 बजे ही खत्म हो जा रही है।

**शनि प्रदोष पूजा मुहूर्त**

05 नवंबार को शनि प्रदोष व्रत की पूजा का शुभ मुहूर्त शाम 05 बजकर 33 मिनट से रात 08 बजकर 10 मिनट तक है। इस समय काल में आपको भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना कर लेनी चाहिए।

रवि योग में शनि प्रदोष व्रत

शनि प्रदोष व्रत के दिन रवि योग बन रहा है। इस दिन रवि योग रात 11 बजकर 56 मिनट से अगले दिन 06 नवंबर रविवार को प्रातः 06 बजकर 37 मिनट तक है। इस दिन शिववास कैलाश पर शाम 05 बजकर 06 मिनट तक है। इस दिन जिसे रुद्राभिषेक कराना है, वे करा सकते हैं।

**शनि प्रदोष व्रत का महत्व**

यह व्रत संतान की प्राप्ति के उद्देश्य से रखा जाने वाला व्रत है। प्रदोष व्रत करने से भगवान शिव प्रसन्न होते हैं और शिव कृपा से सभी प्रकार के रोग, कष्ट, दोष दूर होते हैं। भगवान भोलेनाथ की कृपा से सभी प्रकार की मनोकामनाएं पूरी होती हैं।

# इस राशि के जातकों को हाथ-पैर में नहीं बांधना चाहिए काला धागा

मान्यता के अनुसार लोग बुरी नजर या शनि दोष से बचने के लिए हाथों या पैरों में काला धागा बांधते हैं। ज्योतिष शास्त्र में काले धागे को पहनने को लेकर कई फायदे बताए गए हैं। इस धागे को आप गर्दन, हाथ, कमर, पैर या कलाई पर बांध सकते हैं। लाल किताब और ज्योतिष में काले धागे का उपाय और महत्व बताया गया है। लेकिन काला धागा कुछ लोगों को नहीं पहनना चाहिए, आइए जानते हैं काला धागा पहनने के फायदे और सावधानियां-

**काला धागा पहनने के फायदे**

शनि ग्रह का संबंध काले रंग से भी है। शनि काले रंग का कारक है, काला धागा पहनने से व्यक्ति की कुंडली में शनि ग्रह मजबूत होता है। इसके साथ ही काले धागे में व्यक्ति को बुरी नजर से बचाने की अपार शक्ति होती है। यह उसे काली ताकतों से बचाता है। काला धागा पहनने से व्यक्ति को शनि दोष से भी छुटकारा मिलता है।



**काला धागा किसे नहीं पहनना चाहिए?**

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार दो राशियों के लोगों को काला धागा बांधने से बचना चाहिए। पहली राशि वृश्चिक और दूसरा नाम है मेष राशि। ज्योतिष शास्त्र अनुसार वृश्चिक राशि का स्वामी मंगल है और मंगल का रंग लाल है। ऐसा माना जाता है कि मंगल को काले रंग से नफरत है। इसलिए वृश्चिक राशि के लोगों को काला धागा बिल्कुल भी धारण नहीं करना चाहिए। इस राशि के लोगों पर इसका प्रतिकूल और नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है।

# राहु दोष से व्यापार में मिलता है घाटा

**इन ज्योतिषीय उपायों से कारोबार में तरक्की और धन लाभ के बनेंगे प्रबल योग!**

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार राहु ग्रह एक क्रूर ग्रह की श्रेणी में आता है। अगर आपकी कुंडली में राहु दोष है, तो मानसिक तनाव और धन हानि सहित कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है। ज्योतिष में राहु दोष के कई उपाय बताए गए हैं।

मान्यता के अनुसार इन उपायों को कर आप राहु दोष से मुक्ति पा सकते हैं। साथ ही आपकी समस्याएं भी काफी हद तक कम हो जाती हैं। राहु के शुभ प्रभाव से आप रंग के राजा बन सकते हैं। आइए जानते हैं किन ज्योतिषीय उपायों को राहु दोष से मुक्ति मिल सकती है।



**राहु शांति के लिए करें दान**

ज्योतिष के अनुसार राहु शांति के लिए बुधवार के दिन राहु नक्षत्र में दान करना फलदायी होता है। आप सात प्रकार के अनाच, सिक्का, नीले रंग के कपड़े और कांच से बनी वस्तुएं दान कर सकते हैं।

**राहु शांति के लिए धारण करें गोमेद**

मान्यता के मुताबिक अगर आपकी कुंडली में राहु दोष है, तो गोमेद रत्न पहनने से बहुत लाभ होता है। इसे धारण करने से अच्छे नतीजे मिलते हैं। मिथुन, कन्या, तुला, कुंभ और वृषभ राशि के जातकों के लिए इसे धारण करना बहुत ही शुभ माना जाता है। इसे धारण करने पर शरीर में सकारात्मक ऊर्जा आती है।

**राहु ग्रह की कृपा से बनते हैं धनवान**

अगर आप पर राहु की महादशा है, तो आप गोमेद धारण कर सकते हैं। यह आपके लिए लाभप्रद हो सकता है। ज्योतिष के अनुसार इसे चांदी या अष्टधातु में पहनना चाहिए। अगर आप पर राहु दोष है, तो आप बुधवार के दिन राहु नक्षत्र में इसे धारण करें।

**राहु यंत्र की करें पूजा**

बुधवार के दिन राहु यंत्र की पूजा करें। राहु नक्षत्र में बुधवार के दिन राहु यंत्र धारण करने से कई समस्याओं से छुटकारा मिलने की मान्यता है। राहु ग्रह शांति के उपाय करने से जातकों को राहु दोष से मुक्ति मिलती है। साथ ही करियर, कारोबार और घर में आ रहें संकट भी खत्म हो जाते हैं।

# बेहतर नींद के लिए सोने से पहले करें इन मंत्रों का जाप, दूर होगी तनाव और अनिद्रा



नींद न आने के कई स्वास्थ्य संबधी कारण हो सकते हैं। जिसमें सुबह देर तक सोना, रात में जागना, तनाव, चिंता, थकावट जैसे कई कारण शामिल होते हैं। कभी-कभी लोग इसे गंभीर बीमारी मान लेते हैं। लेकिन इसका अहम कारण अव्यवस्थित जीवनशैली और तनाव है। इस समस्या के लिए मंत्रों को काफी हद तक सहायक माना गया है। पूजा-पाठ के साथ ही मन-मस्तिष्क की शांति और एकाग्रता के लिए भी मंत्रों को महत्वपूर्ण माना जाता है। ज्योतिष में कुछ ऐसे मंत्रों के बारे में बताया गया है जिसका जाप करने से रात्रि में तनावरहित और सुकून भरी नींद मिलती है।

**वाराणस्यां दक्षिणे तु कुक्कुटो नाम वै द्विजः।**
**तस्य स्मरणमात्रेण दुःस्वपनः सुखदो भवेत।।**

कुछ लोगों को रात में बुरे सपने आते हैं। ऐसे में वो डर जाते हैं और फिर दोबारा नींद नहीं आती है। यदि आपके साथ भी ऐसा होता है तो इस मंत्र जाप जरूर करें।

विधि- रात में सोने से पहले हाथ-पैर धो लें। फिर किसी आसन पर बैठकर शांत मन से इस मंत्र का कम से कम 108 बार जाप करें। आपको कुछ दिनों में ही फर्क नजर आने लगेगा।

**या देवी सर्वभूतेषु निद्रा-रूपेण संस्थिता।**
**नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः॥**

दुर्गा सप्तदशी के इस मंत्र का जाप हर व्यक्ति को करना चाहिए। इससे जीवन में मानसिक तनाव दूर होता है। यदि आप अनिद्रा और तनाव से परेशान हैं तो इस मंत्र का जाप जरूर करें। ज्योतिष में इस मंत्र को मानसिक तनाव दूर करने के लिए सहायक माना गया है।

विधि- दुर्गा सप्तदशी मंत्र का जाप करने के लिए सोने से पहले स्वच्छ होकर 11 या 21 बार इसका जाप करना उत्तम होता है।

**अच्युतानन्त गोविन्द नामोच्चारण भेषजात।**
**नश्यन्ति सकलाः रोगाः सत्यं सत्यं वदाम्यहम।।**

इस मंत्र को जपने से व्यक्ति के मानसिक रोग समाप्त हो जाते हैं। इस मंत्र में विष्णु जी के तीन नाम 'अच्युत, अनन्त, गोविन्द' का उच्चारण होता है जो मानसिक समस्या को दूर करने में औषधी के समान है।

विधि- इस दिन मंत्र का जाप आप सोते, उठते, बैठते, चलते कभी भी कर सकते हैं। यदि आप पूरा मंत्र जाप नहीं कर सकते तो भगवान विष्णु के इन 'अच्युत, अनन्त, गोविन्द' तीन नामों का उच्चारण कर लें। इससे भी शारीरिक और मानसिक कष्टों से मुक्ति मिलती है।

# क्या आपके घर भी आने वाला है नन्हा-मेहमान? चुनिए सबसे प्यारे नाम

अधितया (Adhitya)
यह यूनिक नाम लड़के और लड़कियों दोनों के लिए रखा जाता है। इस नाम का मतलब भगवान सूर्य होता है। इस नाम को आपको बार बार बोलने का मन करेगा।

मृदुल ( Mridul)
यह यूनिक नाम लड़के और लड़कियों दोनों के लिए रखा जाता है। इस नाम का मतलब होता है नाजुक, कोमल और जल। यह नाम आपकी संतान को उसके में शीतलता और कोमलता प्रदान करके उसके जीवन को नई दिशा दे सकती है।

अच्युत ( Achyut)
यह नाम लड़को के लिए रखा जाता है। इस नाम का मतलब अविनाशी, भगवान विष्णु के एक नाम होता है।

देवज (devaj)
अगर आप भगवान पर भरोसा करते हैं तो देवज एक अच्छा ऑप्शन हो सकता है जिसका मतलब होता है देवताओं की तरफ से दिया हुआ।



अर्चिस (Archis)
ये एक बहुत ही यूनिक नाम है जिसका मतलब होता है रोशनी।

कर्णिका (karnika)
आप कर्णिका नाम रख सकते हैं। कर्णिका नाम का मतलब होता है कमल का हृदय।

चारू (Charu)
आप चारू नाम रख सकते हैं। इसका मतलब एक ऐसी लड़की जो बेहद खूबसूरत हो।

वहीदा ( Waheeda)
जिसके जैसी खूबसूरती किसी के भी पास न हो।

सेजल ( sejal)
बहते हुए पानी की तरह साफ।

किआरा (kiara)
एक ऐसी लड़की जो बहुत सुंदर हो और उसके काले सुनहरे बाल हों।

# जीवन में जितना कठिन संघर्ष होता है, जीत उतनी ही शानदार होती है

जीवन एक संघर्ष है और जब तक हम जीवित हैं तब तक हमें अपने सपनों को साकार करने के लिए हर पल किसी न किसी चीज के लिए संघर्ष करना पड़ता है। संघर्ष के बगैर जीवन में कभी भ सफलता नहीं मिलती है। इसे ऐसे समझें कि आम आदमी को ही नहीं बल्कि पशु-पक्षी को अपना पेट भरने के लिए संघर्ष करना पड़ता है। जीवन में तमाम तरह की बाधाओं और चुनौतियों के बाद भी परिस्थितियों से जूझते जाना ही संघर्ष कहलाता है। दरअसल, यह संघर्ष ही है जो हमें अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर और उसे पाने के लिए प्रेरित करता है। इतिहास के पन्नों पर जितने भी महान लोगों के नाम दर्ज हैं, वे सभी संघर्ष के दम पर ही दुनिया में अपनी एक अलग पहचान बना पाए हैं। आइए जीवन से जुड़े संघर्ष पर आधारित 5 प्रेरक वाक्य जानते हैं।

जीवन में प्रत्येक व्यक्ति के संघर्ष की अपनी एक कहानी होती है, लेकिन किताबों में सिर्फ उसी की छपती है, जिसका अंत सबसे शानदार होता है।

जीवन में आए संघर्ष को ईश्वर का प्रसाद समझना चाहिए क्योंकि उसके पास इस दर्द को देने का न सिर्फ कारण बल्कि इससे जूझने के लिए इनाम भी होता है।

जीवन से जुड़े संघर्ष आपको असफल बनाने या फिर आपको बर्बाद करने कारण नहीं होते हैं बल्कि ये आपके भीतर छुपी हुई ताकत और शक्तियों को बाहर निकालने का माध्यम है।

जिस पल हम जीवन में संघर्ष से मुंह मोड़ लेते हैं, उसी पल से हम अपना मोल खोने लगते हैं। दरअसल, वर्तमान में किया जाने वाला संघर्ष ही हमें अगले कदम के लिए तैयार करता है।

जीवन से जुड़ा संघर्ष हमें धैर्यवान, संवेदनशील और मजबूत बनाता है। संघर्ष हमें सिखाता है कि दुःखों से भरे संसार में सुख और सफलता को पाने के विकल्प भी मौजूद हैं।

# खिड़की खोलने पर आती है आवाज़, तो तुरंत कराएं सही



वास्तु शास्त्र में कल हमने बात की थी घर के मुख्य दरवाजे पर खिड़की बनवाने के बारे में और आज हम बात करेंगे खिड़की खुलने के तरीके के बारे में आप सोचेंगे कि खिड़की के खुलने के तरीके से क्या होता है ? जैसे होगी वैसे ही तो खुलेगी, लेकिन ऐसा नहीं है। वास्तु शास्त्र के अनुसार खिड़की खुलने व बंद होने का तरीका भी घर की सुख-शांति बनाए रखने में बहुत अहमियत रखता है

**घर की अंदर की तरफ खुलें खिड़की के दरवाजे**

खिड़कियां हमेशा इस तरह से बनवानी चाहिए कि ये घर के अंदर की तरफ ही खुले न कि बाहर की तरफ। इसके साथ ही खिड़कियां खोलते व बंद करते समय खिड़कियों का आवाज करना भी अच्छा नहीं माना जाता। इसका प्रभाव घर की सुख-शांति पर पड़ता है और इसके कारण परिवार के सदस्यों का ध्यान भंग होता है।

इसलिए अगर आपके घर की खिड़कियों में इस तरह की कोई भी समस्या है तो उसे तुरंत ठीक करवाएं। वास्तु शास्त्र में ये थी चर्चा घर की खिड़की खुलने के तरीके के बारे में। उम्मीद है आप इस वास्तु टिप्स को अपनाकर अपने घर वास्तु जरूर ठीक करेंगे।

**दिशा है महत्वपूर्ण**

वास्तु में खिड़कियों के लिए दिशा बहुत ज़रूरी है। वास्तु के अनुसार घर की पूर्व, पश्चिम एवं उत्तर दिशा में खिड़कियों का होनाशुभ होता है। उत्तर,पूर्व एवं पश्चिम दिशा में खिड़की होने से घर में धन और समृद्धि के द्वारा खुल जाते हैं।

पूर्व दिशा भगवान सूर्य की दिशा है। इस दिशा में खिड़की बनवाने से न केवल सूरज की पहली किरण प्रवेश करती है बल्कि रौशनी के साथ घर में सौभाग्य भी आता है। इससे परिवार के सदस्यों को यश, तरक्की मिलती है।

जामवंत की सीख

# हमें अपनी योग्यता के अनुसार करना चाहिए काम

हमें अपनी योग्यता के अनुसार करना चाहिए काम, क्षमता से बड़ी जिम्मेदारी ले लेंगे बिगड़ सकता है काम रामायण के सुंदरकांड में वानर सेना सीता की खोज करते हुए संपाति नाम के एक गिद्ध के पास पहुंची। संपाति ने वानरों से कहा कि मैं यहां से लंका में देख सकता हूं कि वहां रावण ने सीता को बंदी बनाकर रखा है। संपाति की बात सुनकर वानरों ने तय किया कि सौ योजन का समुद्र पार करके लंका जाना पड़ेगा और वहां सीता की खोज करनी होगी। वानर सेना में कई बलवान वानर थे। कुछ ने कहा कि हम 70-80 योजन समुद्र तक पहुंच सकते हैं, इसके आगे नहीं जा पाएंगे। अंगद ने भी अपनी योग्यता पर भरोसा नहीं जताया।

जामवंत ने कहा कि मैं अब बूढ़ा हो गया हूं। जब विष्णु जी ने वामन अवतार लिया था, तब मैं युवा था। उस समय मैंने वामन देव के विराट स्वरूप की 21 बार परिक्रमा कर ली थी। तब मैं इतना समर्थ था, लेकिन अब मैं बूढ़ा हूं, इस वजह से समुद्र लांघकर लंका नहीं पहुंच सकता।



एक-एक करके सभी ने लंका जाने से मना कर दिया। अंत में जामवंत ने हनुमान जी से कहा था कि तुम लंका जाओ। तुम ये काम कर सकते हो। जामवंत ने हनुमान जी को उनकी शक्तियां याद दिलाईं और वे लंका जाने के लिए तैयार हो गए। इसके बाद हनुमान जी लंका पहुंचे और सीता की खोज करके लौट आए। हनुमान जी के बताने के बाद श्रीराम वानर सेना के साथ लंका पहुंचे और रावण का वध करके सीता जी को आजाद कराया।

**जामवंत की सीख**

इस कहानी में जामवंत ने संदेश दिया है कि हमें कभी भी अपनी क्षमता से अधिक बड़ा काम हाथ में नहीं लेना चाहिए। अगर जिम्मेदारियां ज्यादा बड़ी होंगी तो पूरा काम बिगड़ सकता है। जामवंत ने इस काम के लिए वानर सेना में सबसे योग्य सदस्य हनुमान जी को प्रेरित किया।

# 300 करोड़ के पार कांतारा

## हिंदी में भी 50 करोड़ का कलेक्शन किया




**कांतारा आए** दिन नए नए रिकॉर्ड्स बना रही है। अब हाल ही में फिल्म ने 300 करोड़ का वर्ल्डवाइड कलेक्शन कर लिया है। सिर्फ घरेलू बॉक्स ऑफिस पर फिल्म ने 285.56 करोड़ की कमाई कर ली है।15 करोड़ के बजट में बनी इस फिल्म के कलेक्शन वाकई चौंकाने वाले हैं। ऋषभ शेट्टी स्टारर इस फिल्म ने हिंदी लैंग्वेज में भी शानदार कमाई करते हुए 50 करोड़ के आस-पास का कलेक्शन कर लिया है। केजीएफ चैप्टर 2 के बाद ये दूसरी कन्नड़ फिल्म बन गई है जिसने 300 करोड़ से ज्यादा की कमाई की है।

307.56 करोड़ का वर्ल्डवाइड कलेक्शन किया-

रिपोर्ट्स के मुताबिक कांतारा ने अब तक 22 करोड़ का ओवरसीज कलेक्शन कर लिया है। वहीं सभी भाषाओं को मिलाकर फिल्म ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 285.56 करोड़ का बिजनेस कर लिया है। इस तरह फिल्म ने अब तक वर्ल्डवाइड 307.56 करोड़ की शानदार कमाई कर ली है। हिंदी भाषी क्षेत्र में फिल्म तगड़ी कमाई कर रही है। फिल्म के हिंदी के डब वर्जन ने अब तक करीब 50 करोड़ का बिजनेस कर लिया है। बाहुबली सीरीज, पुष्पा, आरआरआर और केजीएफ सीरीज की हिंदी क्षेत्र में सफलता के बीच में कांतारा ने भी अपनी अलग पहचान बना ली है।

30 सिंतबर को रिलीज हुई थी फिल्म

ऋषभ शेट्टी स्टारर इस फिल्म को थिएटर्स में 30 सिंतबर को रिलीज किया था। रिलीज के शुरुआती दिनों में फिल्म की कमाई काफी स्लो थी लेकिन धीरे धीरे जबरदस्त वर्ड ऑफ माउथ की वजह से फिल्म ने कमाई का रफ्तार पकड़ना शुरू किया। कन्नड़ भाषा में फिल्म की शानदार कमाई को देखते हुए मेकर्स ने इसे 14 अक्टूबर को हिंदी, तमिल और तेलुगु भाषाओं में भी रिलीज किया।

## लाल सूट में श्वेता तिवारी का दिलकश अंदाज



टीवी एक्ट्रेस श्वेता तिवारी अपने फोटोशूट को लेकर चर्चा में बनी रहती हैं. श्वेता ने अपनी जिंदगी में बहुत उतार-चढ़ाव देखे हैं. हालांकि दो शादी टूटने के बाद वे और ज्यादा स्ट्रांग हो गई हैं. वे चाहती हैं कि उनकी बेटी पलक तिवारी भी शादी न करें और अपनी हिसाब से अपनी जिंदगी जीए. बता दें, 42 साल की ये अभिनेत्री अपनी दिलकश तस्वीरों से फैंस को दीवाना बनाती हैं. हाल ही में एक्ट्रेस ने लाल रंग के सूट में फोटोशूट कराया है जिसमें वो गजब की खूबसूरत लग रही हैं. श्वेता तिवारी ने इन तस्वीरों को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है. एक्ट्रेस की मुस्कान लोगों का दिल जीत रही है. श्वेता तिवारी ने अपने बाल खुले रखे हैं और वह जमीन पर बैठी हैं. इसके साथ ही उन्होंने कानों में ईयररिंग्स पहने हुए हैं और अपने अंदाज से लोगों का दिल जीत रही हैं. वहीं उनका लाइट मेकअप काफी अच्छा लग रहा है. श्वेता तिवारी भी अपनी फिटनेस पर छाई रहती हैं. 42 साल की उम्र में भी वह आज कई अभिनेत्रियों को टक्कर देती हैं. वहीं श्वेता तिवारी की फैन फॉलोइंग काफी अच्छी है और यही वजह है कि वह एक बड़ी स्टार हैं और फैंस उन्हें देखने के लिए हर पल उनका इंतजार करते रहते हैं।

# विजय देवरकोंडा की बड़ी डील!

## इस हसीन एक्ट्रेस संग रोमांस करेंगे

विजय देवरकोंडा साउथ सिनेमा के दमदार एक्टर हैं, जिनकी फैन फॉलोइंग काफी शानदार है। हाल ही में उन्होंने फिल्म 'लाइगर' से बॉलीवुड में कदम रखा लेकिन ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप साबित हुई। इस फिल्म में विजय देवरकोंडा के साथ अनन्या पांडे अहम रोल में नजर आई थी और अब खबर है कि विजय देवरकोंडा ने एक फिल्म की बड़ी डील की है।





विजय देवरकोंडा को लेकर खबर है कि वो एक बार फिर पर्दे पर तहलका मचाने के लिए तैयार है और उन्होंने एक बड़ी फिल्म साइन की है। दरअसल, विजय देवरकोंडा एक्ट्रेस शारवरी वाघ संग पर्दे पर रोमांस करते हुए नजर आएंगे और दोनों की जोड़ी को लेकर सोशल मीडिया पर जोरों पर चर्चा हो रही है। सोशल मीडिया पर जो फोटो वायरल हो रही है उससे साफ झलक रहा है कि वो एक साथ स्क्रीन शेयर करेंगे।

### सोशल मीडिया पर छाई तस्वीर

विजय देवरकोंडा की फोटो में आप देख सकते है कि वो एक्ट्रेस शारवरी वाघ संग नजर आ रहे हैं। इसी के साथ फोटो में एक शख्स और नजर आ रहे हैं। खबर है कि, शारवरी वाघ कुछ दिनों पहले हैदराबाद भी गई थी। वहीं कयास लगाने शुरु हुए वो अपनी आने वाली फिल्म के सिलसिले में भी हैदराबाद गई है लेकिन अभी उनकी फिल्म को लेकर किसी भी तरह की कोई जानकारी सामने नहीं आई है। वहीं अगर दोनों एक साथ नजर आए तो फैंस के लिए ये तोहफा है। शारवरी वाघ एक एक्ट्रेस है जो 'बाजीराव मस्तानी' और 'सोनू की टीटू की स्वीटी' में बतौर असीस्टेंट डायरेक्टर काम कर चुकी हैं। इसी के साथ शारवरी वाघ फिल्म 'बंटी और बबली 2' में बतौर एक्ट्रेस नजर आई थी और उनका नाम विक्की कौशल के के भाई सनी कौशल साथ जुड़ा था। बता दें, विजय देवरकोंडा की फैन फॉलोइंग काफी शानदार है और अब देखना है कि फिल्म 'लाइगर' के बाद उनकी आने वाली फिल्म पर्दे पर कितना तहलका मचाती है और शारवरी वाघ संग उनकी जोड़ी को पर्दे कितना पसंद करते हैं।

## 'मिली' की रिलीज से पहले जाहनवी कपूर ने खरीदा घर, चुकाई 3.90 करोड रुपये की स्टाम्प ड्यूटी



बॉलीवुड एक्ट्रेस जाहनवी कपूर की फिल्म 'मिली' आज यानी शुक्रवार को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई. इस फिल्म को उनके पिता बोनी कपूर ने ही डायरेक्टर किया है, एक्ट्रेस के फैंस 'मिली' को लेकर काफी एक्साइटेड नजर आ रहे हैं. 'मिली' के बॉक्स ऑफिस पर ओपनिंग कलेक्शन को लेकर अभी थोड़ा इंतजार करना पड़ सकता है, लेकिन इससे पहले ही जाहनवी कपूर ने अपने सपनों का घर खरीदने के लिए मोटी रकम खर्च कर सबको हैरान कर दिया है. जी हां, रिपोर्ट के मुताबिक जाहनवी कपूर ने मुंबई के बांद्रा में एक आलीशान अपार्टमेंट खरीदा है, जो क्यूबीलीस्क्यू बिल्डिंग में है.

जाहनवी कपूर की फिल्म 'मिली' को पॉजिटिव रिस्पॉन्स मिल रहा है, जिससे एक्ट्रेस की खुशियां सातवें आसमना पर हैं. बताया जा रहा है कि जाहनवी कपूर ने लग्जूरियस अपार्टमेंट खरीदा है, जिसकी कीमत करीब 65 करोड़ रुपये है. ये अपार्टमेंट उन्होंने अपने पिता बोनी कपूर और बहन खुशी कपूर के साथ मिलकर लिया है. जाहनवी कपूर अपने करियर में बुलंदियों पर हैं, उनके पिता बोनी कपूर को भी अपनी बेटी पर गर्व है. 'मिली' के प्रमोशनल इवेंट में बोनी ने जमकर जाहनवी कपूर की तारीफ की थी.

सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहने वाली जाहनवी कपूर अपनी अदाओं से चर्चा में बनी रहती हैं. इस बार उन्होंने अपने सपनों का घर लेकर फैंस को बड़ी गुड न्यूज दी है. सामने आ रहे रिपोर्ट्स की माने तो जाहनवी कपूर का ये घर 8669 स्क्वायर फीट एरिया में बना हुआ है. इसका कारपेट एरिया 6421 स्क्वायर फीट का है. जाहनवी ने पिछले महीने 12 अक्टूबर को घर का रजिस्ट्रेशन कराया. इसके लिए उन्होंने करीब 3.90 करोड़ रुपये की स्टाम्प ड्यूटी भी चुकाई है, इसमें रजिस्ट्रेशन फीस भी शामिल है.

## चारू का करण मेहरा संग अफेयर चल रहा था : राजीव सेन

**बॉलीवुड एक्ट्रेस** सुष्मिता सेन के भाई राजीव सेन और चारू असोपा अपने रिश्ते की वजह से अक्सर सुर्खियों में रहते हैं। कुछ दिन पहले चारू ने अपने पति राजीव पर घरेलू हिंसा और प्रेग्नेंसी के दौरान उन्हें धोखा देने का आरोप लगा था। अब हाल ही में राजीव ने इस पर रिएक्ट करते हुए कहा कि वो इस टॉर्चर और ह्यूमिलीएशन के लिए चारू को कभी माफ नहीं करेंगे। साथ ही उन्होंने खुलासा करते हुए बताया कि चारू का टीवी एक्टर करण मेहरा के साथ अफेयर चल रहा था।

राजीव कहते हैं, 'चारू और करण मेहरा का अफेयर चल रहा था। दोनों ने एक रोमांटिक इंस्टाग्राम रील बनाई थी। मुझे चारु और करण के रोमांस की सभी बातें खुद चारू की मां ने बताई थी।' राजीव ने अपने ऊपर लगे इल्जामों के बारे में बात करते हुए कहा, 'चारू और करण के बीच क्या चल रहा था, इसके बारे में मुझे कुछ नहीं पता था। वो मुझपर धोखा देने का आरोप लगा रही है, बल्कि वो खुद शक के घेरे में है...चारू को ट्रस्ट इश्यू थे मुझे नहीं। मैं चारू जैसे इंसान के साथ नहीं रह सकता।' राजीव आगे कहते हैं, 'वो हर समय वुमेन कार्ड प्ले करना चाहती है। जो आरोप चारू ने मेरे ऊपर लगाए हैं, उसका चारू के पास को सबूत नहीं है। मेरी पूरी फैमिली उससे प्यार करती थी और मुझसे ज्यादा उसका सपोर्ट करती थी, फिर भी उसने मेरे ऊपर ऐसे आरोप लगाए। ये सब मैं डिजर्व नहीं करता। मैं उसे इस टॉर्चर के लिए कभी माफ नहीं करूंगा।



राजीव ने अपने ऊपर लगे मारपीट के आरोपों को भी झूठा बताया है। इस बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, 'चारु को ट्रस्ट इश्यू थे मुझे नहीं। उसकी मां ने मुझे बताया था कि उसने अपनी पिछली रिलेशनशिप में भी ऐसा ही किया था। मैं एक इंसान हूं, इसलिए मुझे गुस्सा आ सकता है, हम सब करते हैं, लेकिन जो आपको गुस्सा दिलाने के लिए उकसाता है वो कहीं ज्यादा खतरनाक होता है।' चारू और राजीव ने साल 2019 में शादी की थी। साल 2021 में कपल के घर एक बेटी ने जन्म लिया, जिसका नाम जियाना है। बेटी के जन्म के समय सुष्मिता सेन भी वहां मौजूद थीं। उसके कुछ दिन बाद ही दोनों के बीच अनबन की खबरें सामने आने लगीं। हालांकि 2022 में चारू ने इस बात की पुष्टि की कि वो राजीव से तलाक लेने जा रही हैं, जिसके बाद एक्ट्रेस अलग घर में रहने लगीं। अब कुछ दिन पहले गणेश चतुर्थी के मौके पर पैच अप भी हुआ था। लेकिन अब फिर से दोनों अलग हो गए हैं।

# काजोल पर चढ़ा जया बच्चन का रंग, पपराजी को झिड़का...लोग बोले- घमंडी

पिछले कुछ दिनों से जया बच्चन पपराजी से किए अपने बुरे बर्ताव को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं. अब इसमें एक नाम और जुड़ गया है. वो नाम है अजय देवगन की बीवी और एक्ट्रेस काजोल का. हाल ही में वे अपने बेटे युग के साथ एयरपोर्ट पर दिखाई दीं. उन्होंने गहरे नीले रंग का गाउन और सफेद ब्लेज़र पहना हुआ था. वे बहुत जल्दी-जल्दी चल रही थीं उनकी बॉडी लैंग्वेज, रवैया देखकर लगता है कि उन्हें वहां पपराजी का मौजूद होना बिल्कुल भी पसंद नहीं आया. वे कुछ बड़बड़ाती हुईं वहां से निकली उनके बॉडीगार्ड वहां से पपराजी को हटाते हुए नज़र आए. काजोल का ये वीडियो सामने आने के बाद लोगों ने उन्हें ट्रोल करना शुरू कर दिया और काजोल की तुलना जया बच्चन से करने लगे. एक यूजर ने लिखा- एक और जया बच्चन. वहीं एक ने लिखा- पहले खुद बुलाते हैं फिर से हटाने का नाटक करते हैं. कुछ ने तो एक्ट्रेस को घमंडी तक कह डाला.



हालांकि ये पहली बार नहीं है जब काजोल को ट्रोल किया गया हो. इससे पहले भी एक छोटे बच्चे को पैसे नहीं देने के लिए काजोल की आलोचना की गई थी. काजोल एक शॉपिंग सेंटर से बाहर निकली. एक छोटी लड़की ने उसका पीछा किया लेकिन वह जल्दी से अपनी कार में बैठ गई और दरवाजा बंद कर लिया. उसके बाद उसने अपने पर्स में से कुछ पैसे निकाले और उस बच्ची को दिए. वहीं जब एक छोटा लड़का आया, तो उसने उसे नजरअंदाज कर दिया. काजोल की उनके अशिष्ट व्यवहार के लिए ट्रोल किया गया।

# नोरा फतेही का लहंगा बड़ा महंगा



नोरा फतेही बॉलीवुड की डांसिंग क्वीन हैं, उनके कातिल मूव्स लोगों की धड़कने बढ़ा देते हैं। वो अपनी खूबसूरती को लेकर भी छाई रहती हैं। नोरा का अंदाज फैंस के सिर चढ़कर बोलता है। नोरा फतेही का कोई भी पुराना या नया वीडियो हो, सोशल मीडिया पर आते ही छा जाता है। वहीं अब नोरा की कुछ तस्वीरें सामने आई हैं जिसे देखकर नजरें हटाना बेहद ही मुश्किल हैं। इस लुक में वो कहर बरपाती रही हैं।

लहंगा पहन बरपाया कहर

नोरा फतेही ने फोटोज को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है जिसमें आप देख सकते हैं कि वो लहंगे में नजर आ रही हैं और उनका कातिलाना अंदाज देखने को मिल रहा है। वो पिस्टल ग्रीन लुक में दिख रही हैं जिसमें वो बला की खूबसूरत लग रही हैं। एक्ट्रेस ने तीन फोटो शेयर की हैं और तीनों फोटो में वो दिलकश अदाओं से लोगों का दिल धड़का रही हैं। नोरा फतेही ने बालों को खुला रखा है और गले में मैचिंग हार पहना हैं और इयररिंग्स पहने हैं।

नोरा फतेही की मुस्कान लोगों का दिल जीत रही हैं और उनकी फोटोज इस वक्त सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं। देख सकते हैं कि उन्होंने एक बड़ी रिंग भी पहनी हैं। नोरा की फोटो को अब तक लाखों लोग लाइक कर चुके हैं। कोई उनकी खूबसूरती की बात कर रहा है तो कोई उनकी अदाओं पर अपना दिल हार रहा है। बता दें, नोरा का ये लहंगा काफी महंगा है जिसकी किमत लाखों में हैं और ये लहंगा खासकर उन्हीं के लिए बनाया गया है।

नोरा फतेही का इंडियन हो या फिर वेस्टर्न हर लुक सोशल मीडिया पर ट्रेंड करने लगता है जिसे फैंस फॉलो भी करते हैं। आपको बता दें, नोरा फतेही की फैन फॉलोइंग काफी जबरदस्त हैं और उनका हर स्टाइल फैंस को बहुत पसंद आता हैं। नोरा हर लुक में कहर बरपाती है और यही वजह है कि वो आज लोगों के दिलों में अपनी एक अलग जगह बना चुकी हैं।

# हंसिका मोटवानी ने अटेंड की थी होने वाले पति की पहली शादी, बनी थीं ब्राइड्समेड

**हंसिका मोटवानी** भी जल्द ही शादी रचाने वाली हैं और इसकी जानकारी हाल ही में उन्होंने अपने सोशल मीडिया पर शेयर किया था. एक्ट्रेस ने हाल ही में सोशल मीडिया पर अपनी सगाई की तस्वीरें साझा की थीं। अभिनेत्री जल्द ही मुंबई के बिजनेसमैन सोहेल कथूरिया के साथ शादी करने वाली हैं. हंसिका ने जो तस्वीरें शेयर की थी उसमें ये कपल पेरिस में नजर आ रहा था और एक साहिल अपने होने वाली पत्नी को प्रपोज कर रहे थे.

हंसिका की शेयर की इस फोटो के साथ ही एक और फोटो इन दिनों वायरल हो रही है. हालांकि इसी दौरान मीडिया पर एक और वीडियो और तस्वीरें वायरल हो रही हैं जिसमें एक्ट्रेस अपने होने वाले पति साहिल की पहली शादी में नजर आ रही हैं. इतना ही नहीं वो साहिल की पत्नी रिंकी बजाज की तरफ से इस शादी का हिस्सा बनी थी. वायरल हो रहे वीडियो में आप हंसिका को रिंकी को हल्दी लगाते हुए और उनके साथ मस्ती करते हुए देख सकते हैं.



फोटोज में हंसिका रिंकी के साथ पोज देती भी दिख रही हैं. सोहेल का रिंकी से रिश्ता क्यों टूटा इसकी तो खास वजह निकलकर सामने नहीं आई हैं. लेकिन फिलहाल हंसिका के प्यार में गिरफ्तार सोहेल बहुत ही जल्द उनके साथ फिर से घर बासने वाले हैं. सोहेल मुंबई बेस्ड बिजनेसमैन हैं. हंसिका और सोहेल एक इवेंट मैनेजमेंट कंपनी में बिजनेस पार्टनर भी हैं. सोहेल का इसके अलावा टेक्सटाइल का भी बिजनेस है. रिपोर्ट्स के मुताबिक हंसिका 4 दिसंबर को सात फेरे लेंगी, लेकिन शादी के फंक्शन 2 दिसंबर से शुरू हो जाएंगे. ये एक रॉयल डेस्टिनेशन वेडिंग होगी रिपोर्ट्स के मुताबिक 4 दिसंबर की सुबह ही हल्दी सेरेमनी होगी और इसके बाद शाम को फेरे लिए जाएंगे।



# बिपाशा बसु ने शेयर किया मैटरनिटी शूट, एक चादर लपेट करवाया फोटोशूट

**बॉलीवुड** एक्ट्रेस बिपाशा बसु बहुत ही जल्द मां बनने वाली हैं. शादी के छह साल बाद बिपाशा और करण पेरेंट्स बनने जा रहे हैं. ऐसे में ये कपल आए दिन सोशल मीडिया पर एक से बढ़कर एक फोटोशूट शेयर करता रहता है. ऐसे में बिपाशा इन दिनों अपने मदरहुड फेज के सबसे खूबसूरत दौर का आनंद ले रही हैं और ऐसे में वो अपनी प्रेग्नेंसी अनाउंसमेंट वाली फोटोज से लेकर बेबी शॉवर तक की झलकियों ने हमें सरप्राइज दिया है. ऐसे में अबएक्ट्रेस ने अपने मैटरनिटी फोटोशूट की तस्वीर साझा करके फैंस को खुश कर दिया है.

बिपाशा बसु ने थोड़ी देर पहले ही अपने इंस्टा हैंडल से मैटरनिटी शूट की एक आश्वर्यजनक फोटो शेयर की हैइस सेक्सी फोटो में एक्ट्रेस गर्व के साथ अपना बेबी बंप फ्लॉन्ट करती दिख रही हैं. खास बात ये है कि इस दौरान उन्होंने गोल्डन शिमरी ड्रेस पहना हुआ है और उन्हें कैमरे के लिए पोज़ देते हुए बिपाशा को बैठे हुए देखा जा सकता है.बता दें कि बिपाशा बसु ने इसी साल अगस्त महीने में अपनी प्रेग्नेंसी की घोषणा की थी और साथ ही एक्ट्रेस इसी महीने अपने बेबी को जन्म दे सकती हैं.

बिपाशा बसु ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपने लेटेस्ट मैटरनिटी फोटोशूट की तस्वीर शेयर की है और प्रेग्नेंट होने के बाद भी उन्होंने अपनी बोल्डनेस से सबको हैरान कर दिया है. इस फोटोशूट में बिपाशा ने सिर्फ एक गोल्डन कलर की चादर जैसा कपड़ा लपेट कर फोटोशूट कराया है. इस दौरान उनके बेबी बंप को साफ देखा जा सकता, इसके साथ ही वो अपने टोंड लेग भी फ्लॉट कर रही हैं. फोटो शेयर करते हुए बिपाशा ने लिखा, “हर समय खुद से प्यार करें (रेड हार्ट इमोजी) उस बॉडी से प्यार करें जिसमें आप रहते हैं (रेड हार्ट इमोजी)।



# सेमीफाइनल की रेस में कहां खड़ी टीम इंडिया



**टी-20 वर्ल्ड कप** में चौंकाने वाले नतीजों का दौर जारी है। ताजा मामला पाकिस्तान V/S साउथ अफ्रीका मैच है। भारत को हराने के बाद साउथ अफ्रीका की टीम जोरदार फॉर्म में नजर आ रही थी। वहीं, भारत और जिम्बाब्वे से हारकर पाकिस्तान के हौसले पस्त थे। नीदरलैंड पर जीत के बावजूद पाकिस्तान को सीरियसली नहीं लिया जा रहा था, लेकिन गुरुवार को पाकिस्तान ने साउथ अफ्रीका को हरा दिया। इस नतीजे के साथ ही ग्रुप-2 के कई समीकरण बदल गए हैं।

सेमीफाइनल की रेस में इस समय टीम इंडिया कहां खड़ी है और अब पाकिस्तान की क्या स्थिति है। साथ ही आने वाले मुकाबलों के नतीजों का पॉइंट्स टेबल पर क्या असर होगा यह भी देखेंगे...

### शुरुआत पाकिस्तान के समीकरण के साथ

साउथ अफ्रीका पर जीत के साथ ही पाकिस्तान की टीम तीसरे स्थान पर आ गई है। हालांकि सेमीफाइनल में पहुंचने के उसके रास्ते कम ही सही, लेकिन अब भी खुले हैं। पाकिस्तान का सेमीफाइनल में पहुंचने का समीकरण बिल्कुल साफ है। उसे अब एक जीत और एक चमत्कार की जरूरत है।

पाकिस्तान का अगला मुकाबला 6 नवंबर को बांग्लादेश से है। पाकिस्तान की टीम यह मैच भी जीत लेती है तो उसके 6 पॉइंट्स हो जाएंगे। यह तो रही बात उस जीत की जो पाकिस्तान को अब भी चाहिए। अब उस चमत्कार की बात कर लेते हैं। यह चमत्कार दो में से किसी एक मैच में भी हुआ तो बाबर आजम की टीम सेमीफाइनल में पहुंच जाएगी।

ये दो मैच साउथ अफ्रीका V/S नीदरलैंड और भारत V/S जिम्बाब्वे हैं। अगर साउथ अफ्रीका या भारत में से एक भी टीम अपना आखिरी मैच हारती है तो बांग्लादेश पर विजय हासिल करने की स्थिति में पाकिस्तान सेमीफाइनल में पहुंच जाएगा।

### साउथ अफ्रीका की क्या है स्थिति

साउथ अफ्रीका के अभी पांच मैचों से पांच पॉइंट हैं। उसका आखिरी मैच नीदरलैंड से है। इस मैच में जीत के साथ ही साउथ अफ्रीका की टीम सेमीफाइनल में पहुंच जाएगी। वहीं, हार की स्थिति में साउथ अफ्रीका का पत्ता लगभग साफ हो जाएगा। तब साउथ अफ्रीका अंतिम चार में तभी जा सकेगा जब पाकिस्तान भी अपना आखिरी मैच हारे।

### भारत के लिए सीधा है समीकरण

भारत का आखिरी मैच जिम्बाब्वे से है। उस मैच में जीत या बारिश के कारण परिणाम न आने की स्थिति में भारतीय टीम सेमीफाइनल में पहुंच जाएगी, लेकिन अगर भारतीय टीम हारती है तो यह देखना होगा कि पाकिस्तान V/S बांग्लादेश और साउथ अफ्रीका V/S नीदरलैंड मैचों में क्या हुआ।

मसलन, पाकिस्तान या साउथ अफ्रीका में से कोई भी टीम अपना आखिरी मैच हारती है तो भारतीय टीम जिम्बाब्वे से मैच गंवाने के बावजूद सेमीफाइनल में पहुंच जाएगी। पाकिस्तान और साउथ अफ्रीका के आखिरी मुकाबले भारत V/S जिम्बाब्वे मैच से पहले होने हैं।

### बांग्लादेश, नीदरलैंड और जिम्बाब्वे हो चुके हैं बाहर

बांग्लादेश की टीम पाकिस्तान के खिलाफ आखिरी मैच जीतकर 6 पॉइंट पर आ जाएगी। फिर अगर भारतीय टीम जिम्बाब्वे से हारती है तो उसके भी 6 पॉइंट रहेंगे। इस स्थिति में भी बांग्लादेश की टीम सेमीफाइनल में नहीं पहुंचेगी। इसके पीछे बांग्लादेश का नेट रन रेट बहुत खराब होना सबसे बड़ा कारण है। नीदरलैंड और जिम्बाब्वे किसी भी सूरत में 6 पॉइंट तक नहीं पहुंच सकते, लिहाजा ये दोनों पहले ही रेस से बाहर हैं। टी-20 वर्ल्ड कप के 36वें मुकाबले में पाकिस्तान ने साउथ अफ्रीका को 33 रन से हरा दिया। इस जीत के साथ टीम अभी भी सेमीफाइनल की दौड़ में बनी हुई है। पहले बल्लेबाजी करते हुए पाकिस्तान ने 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 185 रन बनाए। बाबर और रिजवान के फ्लॉप होने के बाद शादाब खान ने 22 बॉल में 52 रन की पारी खेली। इस दौरान 4 छक्के और 3 चौके लगाए। इफ्तिखार अहमद ने 35 बॉल पर 51 रन की पारी खेली। साउथ अफ्रीका के लिए सबसे ज्यादा 4 विकेट एनरिक नोर्त्या ने लिए।

**पॉइंट्स टेबल**

**सुपर-12 स्टेज में ग्रुप-2**

| टीम | मैच | जीत | हार | NR | पॉइंट | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| भारत | 4 | 3 | 1 | 0 | 6 | +0.73 |
| साउथ अफ्रीका | 4 | 2 | 1 | 1 | 5 | +1.44 |
| पाकिस्तान | 4 | 2 | 2 | 0 | 4 | +1.11 |
| बांग्लादेश | 4 | 2 | 2 | 0 | 4 | -1.27 |
| जिम्बाब्वे | 4 | 1 | 2 | 1 | 3 | -0.31 |
| नीदरलैंड | 4 | 1 | 3 | 0 | 2 | -1.23 |




तीनों मैच 6 नवंबर को होंगे

# पाकिस्तानी खिलाड़ियों को नहीं पता क्रिकेट के नियम, रिव्यू न लेने पर ट्रोल हुए नवाज

**टी20 विश्व कप** में पाकिस्तान की टीम ने दूसरी जीत हासिल कर ली है। अपने चौथे मैच में पाकिस्तान ने डकवर्थ लुईस नियम के तहत दक्षिण अफ्रीका को 33 रन से हराया और सेमीफाइनल में पहुंचने की अपनी उम्मीदें जिंदा रखी हैं। पाकिस्तान ने इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए खराब शुरुआत की और 43 रन पर चार विकेट गंवा दिए। हालांकि, इसके बाद इफ्तिखार अहमद, मोहम्मद नवाज और शादाब खान ने शानदार बल्लेबाजी कर पाकिस्तान का स्कोर 185 रन तक पहुंचा दिया। इसके जवाब में दक्षिण अफ्रीका ने नौ ओवर में चार विकेट खोकर 69 रन बनाए थे। इसके बाद बारिश आ गई।

बारिश रुकी तो दक्षिण अफ्रीका के सामने 14 ओवर में 142 रन का लक्ष्य था। अफ्रीकी टीम इसके जवाब में नौ विकेट खोकर 108 रन ही बना सकी और पाकिस्तान ने मैच 33 रन से जीत लिया। हालांकि, पाकिस्तान की जीत के बावजूद पाकिस्तानी खिलाड़ी सोशल मीडिया पर ट्रोल हो रहे हैं। खासकर नवाज को लेकर कहा जा रहा है कि उन्हें आईसीसी के नियम ही नहीं पता हैं।



पाकिस्तान की पारी के 13वें ओवर में तबरेज शम्सी की गेंद पर नवाज ने स्वीप शॉट खेलने की कोशिश की, लेकिन गेंद उनके बल्ले का अंदरूनी किनारा लेकर उनके पैर से टकराई। दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ी एलबीडब्ल्यू की अपील करने लगे और नवाज रन भागने लगे। अंपायर ने उन्हें आउट करार दिया। इसके बाद दक्षिण अफ्रीका के खिलाड़ियों ने उन्हें रन आउट भी कर दिया। यह देख नवाज चुप चाप पवेलियन लौट गए, लेकिन इसी वजह से उन्हें सोशल मीडिया पर ट्रोल किया जा रहा है। दरअसल, आईसीसी के नियमों के अनुसार नवाज आउट नहीं थे।

### क्या हैं आईसीसी के नियम?

आईसीसी के नियम के अनुसार अंपायर के निर्णय देने के बाद हर गेंद डेड हो जाती है और उस पर कोई रन नहीं बन सकता या कोई विकेट भी नहीं गिर सकता। नवाज के मामले में भी ऐसा ही हुआ। दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ियों ने उनके खिलाफ एलबीडब्ल्यू की अपील की और अंपायर ने उन्हें आउट दे दिया। गेंद यहीं पर डेड हो चुकी थी। इसके बाद दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ियों ने नवाज को रन आउट कर दिया, लेकिन नियमों के अनुसार नवाज रन आउट नहीं हो सकते थे।

ऐसे में यदि नवाज रिव्यू लेते तो गेंद उनके बल्ले पर लगी थी और वह एलबीडब्ल्यू आउट नहीं होते। वहीं, नियमों के अनुसार गेंद डेड होने के बाद उन्हें रन आउट नहीं किया जा सकता था और वह खेलते रहते। नवाज को आईसीसी के नियम की जानकारी नहीं थी। इसी वजह से वह आउट हो गए और अब सोशल मीडिया पर उनका मजाक बन रहा है।

### पाकिस्तान को हो सकता था बड़ा नुकसान

नवाज के आउट होने के बाद शादाब खान क्रीज पर आए और ताबड़तोड़ बल्लेबाजी कर 20 गेंद में अर्धशतक लगा दिया। उन्होंने इफ्तिखार के साथ 82 रन की शानदार साझेदारी कर पाकिस्तान का स्कोर 177 रन तक पहुंचा दिया और नवाज का विकेट गिरने से पाकिस्तान को कोई खास नुकसान नहीं हुआ। अगर शादाब भी जल्दी आउट हो जाते और पाकिस्तान बड़ा स्कोर नहीं बना पाता तो यह मैच हारकर पाकिस्तान की टीम सेमीफाइनल की रेस से बाहर हो सकती थी।

# गेंदबाज कुलदीप सेन ने उधार के जूतों से प्रैक्टिस की न्यूजीलैंड में वनडे खेलेंगे, पिता बोले- बढ़िया...

**मध्य प्रदेश** के रीवा के पेसर कुलदीप सेन अब न्यूजीलैंड की फास्ट पिचों पर गेंदबाजी करते नजर आएंगे। उन्हें सोमवार को न्यूजीलैंड दौरे पर जाने वाली टीम इंडिया में चुना गया है। आईपीएल की वजह से कुलदीप अनजाना चेहरा नहीं हैं। राजस्थान रॉयल्स के इस गेंदबाज ने रफ्तार से विकेट चटकाए। आखिरी ओवर में लखनऊ जॉयंट्स के खिलाफ 14 रन बचाकर पहचान हासिल की।

कुलदीप आज क्रिकेट स्टार हैं, लेकिन इस मुकाम तक पहुंचने का सफर आसान नहीं था। कभी उधार के जूतों से प्रैक्टिस करते थे। पिता सैलून चलाते हैं। भास्कर ने टीम इंडिया में सिलेक्शन के बाद कुलदीप के कोच और पिता से बात की। पूरी बातचीत पढ़ने से पहले आप इस पोल में हिस्सा ले सकते हैं...

### सिलेक्शन पर क्या बोले पिता और कोच

पिता रामपाल ने कहा- 'बढ़िया है कि बेटा टीम इंडिया में चुन लिया गया।' कोच एरिल एंथोनी ने कहा- 'बोर्ड ने उनके प्रदर्शन पर भरोसा किया है, उम्मीद करता हूं कि उसे कैप भी मिले और वह बेहतर प्रदर्शन करे।'




### अब कुलदीप के संघर्ष की कहानी

साथी गेंदबाज ने दिए जूतेः कोच एंथोनी ने कहा- 'कुलदीप ने बहुत संघर्ष किया है। एक समय उसके पास प्रैक्टिस के लिए जूते तक नहीं होते थे। मुझे अच्छे से याद है कि 2014 के न्यूजीलैंड दौरे के लिए टीम इंडिया में चुने गए ईश्वर पांडेय ने उसे पहली बार अपने स्पाइक्स दिए थे, जिनसे कुलदीप अभ्यास करता था। वह गरीब घर से था।'

कोच ने फ्री कोचिंग दीः एंथोनी ने बताया कि खेल के प्रति कुलदीप की लगन और मेहनत को देखते हुए उन्होंने तय किया था कि कभी उससे एक चवन्नी नहीं लूंगा। कोचिंग फ्री में दी। कुलदीप को झारखंड से रणजी खेलने वाले आनंद सिंह का भी भरपूर सहयोग मिला।

### न्यूजीलैंड दौरे के लिए कुलदीप तैयार

केन विलियम्सन जैसे बल्लेबाजों की चुनौती पर एंथोनी ने कहा, 'उसकी चिंता नहीं है, क्योंकि कुलदीप ने आईपीएल में दुनिया के दिग्गज बल्लेबाजों को गेंदबाजी की है। इतना ही नहीं, मलिंगा ने उसे कोचिंग दी है। ऐसे में वह वहां के लिए पूरी तरह तैयार है। कुलदीप ने इस मौके के लिए बहुत मेहनत की है। उसे उस मेहनत का फल भी मिलेगा, क्योंकि न्यूजीलैंड में पिच फास्ट होती हैं, जो कुलदीप के लिए मददगार साबित होंगी। कुलदीप नॉर्मल पिच पर 140-145 की स्पीड से गेंद फेंकता है। ऐसे में न्यूजीलैंड में तो उसकी स्पीड अलग ही होगी।'

एंथोनी ने ईश्वर पांडेय के चयन से समानता के सवाल पर कहा- उम्मीद करता हूं कि कुलदीप को डेब्यू का मौका मिल जाए। ईश्वर पांडेय में भी काबिलियत थी। उसकी सराहना कपिल देव और सुनील गावस्कर जैसे बल्लेबाज करते थे। अगर उसे मौका मिलता तो उसका करियर कुछ और होता। 2014-15 में रीवा के तेज गेंदबाज ईश्वर पांडेय भी न्यूजीलैंड दौरे के लिए भारतीय टीम में चुने गए थे, लेकिन उन्हें डेब्यू का मौका नहीं मिला था। वे फिर टीम में भी नहीं चुने गए।

# सेमीफाइनल में बारिश हुई तो क्या होगा

## दोनों पारियों में 10-10 ओवर होना जरूरी, मैच धुलने पर ग्रुप स्टेज के नतीजे काम आएंगे

**टी-20 वर्ल्ड** कप में ग्रुप स्टेज के मुकाबले 6 नवंबर को खत्म हो जाएंगे। इसके बाद 9 और 10 नवंबर को दो सेमीफाइनल खेले जाने हैं। 13 नवंबर को फाइनल मैच होना है। इन नॉकआउट मुकाबलों के प्लेइंग कंडीशंस ICC ने जारी कर दिए हैं। ये कंडीशंस ग्रुप स्टेज के मैचों से अलग हैं। बारिश की स्थिति में क्या होगा, मैच पूरा धुल गया तो क्या होगा जैसे सवालों के जवाब सामने आ गए हैं। चलिए इनको एक-एक कर जानते हैं।

### सबसे पहले रिजर्व-डे का होगा इस्तेमाल

अगर बारिश के कारण सेमीफाइनल या फाइनल मैच तय तारीख को पूरा नहीं होता है तो इसे रिजर्व डे के दिन पूरा कराया जाएगा। तय तारीख के दिन मैच जिस स्थिति में रुकेगा रिजर्व डे को उसे उसी स्थिति में शुरू करना होगा। यानी मैच रुकने के समय अगर बाद में बैटिंग करने वाली टीम को 5 ओवर में 40 रन चाहिए तो रिजर्व डे के दिन यहीं से मैच शुरू होगा। मुकाबले को नए सिरे से नहीं खेला जाएगा। ग्रुप स्टेज के मुकाबलों के लिए रिजर्व डे का प्रावधान नहीं था।



### दोनों पारियों में कम से कम 10 ओवर का खेल होना जरूरी

सेमीफाइनल और फाइनल के लिए जारी प्लेइंग कंडीशंस के मुताबिक मैच कम से कम 10-10 ओवर का होना जरूरी है। यानी अगर मुकाबला देर से शुरू होता है तो यह प्रति पारी 10 ओवर से कम का नहीं होगा।

दूसरी पारी में 10 से कम ओवर तभी हो सकते हैं जब बाद में बैटिंग करने वाली टीम इससे पहले ऑलआउट हो जाए या टारगेट चेज कर ले। सामान्य टी-20 मैचों में कम से कम 5-5 ओवर का खेल होना जरूरी होता है।

### टाई के बाद तब तक सुपर ओवर, जब तक फैसला न हो जाए

अगर सेमीफाइनल मुकाबला टाई होता है तो इसके बाद सुपर ओवर खेला जाएगा। अगर सुपर ओवर भी टाई होता है फिर एक और सुपर ओवर होगा। यह सिलसिला तब तक चलेगा, जब तक मैच का विजेता सामने न आ जाए।

ICC ने यह नियम 2019 वनडे वर्ल्ड कप के फाइनल के बाद ही बना दिया था। पिछला टी-20 वर्ल्ड कप भी इसी नियम के तहत खेला गया था। 2019 वर्ल्ड कप का फाइनल इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच खेला गया था। यह मुकाबला टाई रहा था। इसके बाद खेला गया सुपर ओवर भी टाई रहा था। इंग्लैंड ने मैच में ज्यादा बाउंड्री (चौके + छक्के) जमाए थे, लिहाजा उसे विजेता चुना गया था।

### मैच धुलने पर क्या होगा?

अगर सेमीफाइनल मुकाबला बारिश के कारण धुल जाता है और विजेता का फैसला नहीं होता है तो फिर सुपर-12 स्टेज पर किया गया प्रदर्शन काम आएगा। ICC के मुताबिक इस स्थिति में वह टीम फाइनल में पहुंचेगी जो अपने ग्रुप में नंबर-1 पर रहते हुए सेमीफाइनल में आई है। यानी अगर भारत सुपर 12 ग्रुप-2 में टॉप पर रहते हुए अंतिम चार में जाता है और सेमीफाइनल मुकाबला बारिश से धुल जाता है तो भारतीय टीम फाइनल में पहुंच जाएगी। ऐसा इसलिए होगा क्योंकि इस स्थिति में भारत का सामना दूसरे ग्रुप की नंबर-2 टीम से होगा।

फाइनल में अगर मैच बारिश या किसी अन्य परिस्थितियों के कारण पूरा नहीं होता है तो फिर जॉइंट विनर घोषित किया जाएगा। यानी फाइनल खेलने वाली दोनों टीमें खिताब साझा करेंगी।

# द्रविड़ के 15 साल पुराने दर्द पर लगा मरहम भारत ने बांग्लादेश को हराकर लिया कोच का बदला

**भारतीय टीम ने सुपर-12** राउंड में तीसरी जीत हासिल की है। एडिलेड में भारत ने बांग्लादेश को पांच रन से हरा दिया। इस जीत के साथ भारतीय टीम ग्रुप दो में अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई है। भारत के लिए सेमीफाइनल की राह आसान हो गई है। भारत को अब जिम्बाब्वे के खिलाफ छह नवंबर को मैच जीतना है। वहीं, बांग्लादेश और पाकिस्तान के लिए राह कठिन हो गई है। बांग्लादेश और पाकिस्तान को अब अंतिम चार में पहुंचने के लिए दूसरी टीमों के नतीजों पर निर्भर रहना होगा।

भारतीय टीम ने इस जीत के साथ हेड कोच राहुल द्रविड़ को साल 2007 में वनडे विश्व कप में मिली हार का बदला भी ले लिया। 2007 में बांग्लादेश ने भारत को पांच विकेट से हराया था। इस मैच में भी जब बांग्लादेश की टीम लक्ष्य का पीछा करन उतरी तो हालात 2007 वाले ही बन रहे थे। लिटन दास की अगुआई में बांग्लादेश ने बेहतरीन शुरुआत की। हालांकि, जब लिटन रन आउट हुए तो पासा पूरी तरह पलट गया।

इससे पहले बांग्लादेश ने 2007 वनडे वर्ल्ड कप में टीम इंडिया को शिकस्त दी थी। तब भी वह भारत के लिए अगले राउंड में पहुंचने के लिए बड़ा मुकाबला था। बांग्लादेश ने तब भारत को हराकर वनडे वर्ल्ड कप से बाहर कर दिया था। इसके बाद वापस देश लौटने पर टीम इंडिया की खूब आलोचना हुई थी।



तब 2007 में भी टीम इंडिया ने पहले बल्लेबाजी की थी। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 49.3 ओवर में 191 रन बनाए थे और टीम ऑलआउट हो गई थी। सौरव गांगुली ने उस मैच में 129 गेंदों में 66 रन की पारी खेली थी। वहीं, युवराज सिंह ने 58 गेंदों में 47 रन बनाए थे। उस मैच में टीम इंडिया की कमान राहुल द्रविड़ के हाथों में ही थी। वह इस मैच में 28 गेंदों में 14 रन बनाकर आउट हुए थे। उस मैच में बांग्लादेश के मशरफे मोर्तजा ने चार विकेट लिए थे। वहीं, अब्दुर रज्जाक और मोहम्मद रफीक को तीन-तीन विकेट मिले थे।

जवाब में बांग्लादेश ने 48.3 ओवर में पांच विकेट पर 192 रन बनाकर मैच जीत लिया था। तमीम इकबार ने 51, मुशफिकुर रहीम ने 56 और शाकिब अल हसन ने 53 रन की पारी खेली थी। इस हार के बाद भारतीय टीम के खिलाड़ी छुप-छुप कर भारत वापस लौटे थे। तब मैच त्रिनिदाद के क्विंस पार्क ओवल में खेला गया था। हालांकि, 15 साल बाद भारतीय टीम ने राहुल द्रविड़ का बदला ले लिया और बांग्लादेश की टीम को शिकस्त दी।

### भारत को हराकर उलटफेर करने के बाद बांग्लादेश की टीम

इस टी20 वर्ल्ड कप में द्रविड़ भारतीय टीम के हेड कोच हैं। मैच की बात करें तो टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए टीम इंडिया ने 20 ओवर में छह विकेट गंवाकर 184 रन बनाए। विराट कोहली ने 44 गेंदों में 64 रन की नाबाद पारी खेली। वहीं, केएल राहुल ने 32 गेंदों में 50 रन की पारी खेली। सूर्यकुमार यादव ने 16 गेंदों में 30 रन बनाए। इसके बाद बारिश ने मैच में खलल डाला। तब तक सात ओवर में बांग्लादेश ने बिना कोई विकेट गंवाए 66 रन बना लिए थे।

ऐसा लग रहा था कि भारत फिर उलटफेर का शिकार होगा। हालांकि, बारिश रुकी और बांग्लादेश को 16 ओवर में 151 रन का संशोधित लक्ष्य मिला। यानी उन्हें बाकी बचे नौ ओवर में 85 रन बनाने थे।

बारिश टीम इंडिया के लिए वरदान साबित हुई और इसके बाद भारत ने बांग्लादेश के छह विकेट गिरा दिए। लिटन दास का आउट होने टर्निंग पॉइंट रहा। बांग्लादेश की टीम 16 ओवर में छह विकेट पर 145 रन बना सकी। भारत यह मैच पांच रन से जीता।



## फोर्टिस के पूर्व प्रमोटर मलविंदर की अंतरिम जमानत याचिका पर सुनवाई को सुप्रीम कोर्ट तैयार



नई दिल्ली, 4 नवंबर (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट शुक्रवार को फोर्टिस हेल्थकेयर लिमिटेड के पूर्व प्रमोटर मलविंदर मोहन सिंह की पत्नी की गंभीर स्थिति को देखते हुए अंतरिम जमानत देने की मांग वाली याचिका पर आज ही सुनवाई करने के लिए तैयार हो गया। मुख्य न्यायाधीश उदय उमेश ललित और न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी की पीठ ने सिंह की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कैलाश वासुदेव की दलीलों पर ध्यान देते अंतरिम जमानत याचिका पर सुनवाई करने का फैसला किया है। दलील में कहा गया था कि याचिका पर तत्काल सुनवाई की जाए क्योंकि उनकी पत्नी की स्थिति प्लेटलेट काउंट में कमी गंभीर के कारण गंभीर है। शीर्ष अदालत ने दिल्ली सरकार के स्थायी वकील को नोटिस जारी कर याचिका पर दोपहर एक बजे सुनवाई का समय तय किया है। बता दें कि मलविंदर मोहन सिंह सिंह वर्तमान में रेलिगेयर फिनवेस्ट लिमिटेड (आरएफएल) में धन की कथित हेराफेरी से संबंधित एक मामले में तिहाड़ जेल में बंद है। बता दें सिंह को इसी साल सितंबर में सुप्रीम कोर्ट ने मलेशिया स्थित आईएचएच हेल्थकेयर को फोर्टिस के शेयरों की बिक्री से संबंधित अवमानना मामले में छह महीने की जेल की सजा सुनाई थी।

## योजना का लाभ लेने के लिए 15000 वेतन की सीमा रद्द

### पर सुप्रीम कोर्ट ने इसे वैध ठहराया



नई दिल्ली, 4 नवंबर (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने ईपीएफ पेंशन मामले में अपना महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। कोर्ट के इस फैसले का असर देश भर के कर्मचारियों पर पड़ेगा। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कर्मचारी पेंशन (संशोधन) योजना 2014 की वैधता को बरकरार रखा है लेकिन कोर्ट ने पेंशन फंड में शामिल होने के लिए 15,000 रुपये मासिक वेतन की सीमा को रद्द कर दिया है। 2014 के संशोधन ने अधिकतम पेंशन योग्य वेतन (मूल वेतन प्लस महंगाई भत्ता) को 15,000 रुपये प्रति माह पर सीमित कर दिया था। संशोधन से पहले अधिकतम पेंशन योग्य वेतन 6,500 रुपये प्रति माह था। सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस यूयू लिलित, जस्टिस अनिरुद्ध बोस और जस्टिस सुधांशु धुलिया ने अपने फैसले में कई जरूरी बातें कही है। कोर्ट ने अपने फैसले में कहा है कि कर्मचारी पेंशन (संशोधन) योजना, 2014 के प्रावधान कानूनी और वैध हैं। पीठ ने कहा कि जिन कर्मचारियों ने पेंशन योजना में शामिल होने के विकल्प का इस्तेमाल नहीं किया है, उन्हें छह महीने के भीतर ऐसा करना होगा। सुप्रीम कोर्ट की ओर से कहा गया है कि पात्र कर्मचारी जो कट-ऑफ तारीख तक योजना में शामिल नहीं हो सके हैं उन्हें एक अतिरिक्त मौका दिया जाना चाहिए क्योंकि केरल, राजस्थान और दिल्ली के उच्च न्यायालयों की ओर से पारित निर्णयों के मद्देनजर इस मुद्दे पर स्पष्टता की कमी थी।पीठ ने इसके साथ ही 2014 की योजना की उस शर्त को भी अमान्य करार दिया है जिसके तहत कर्मचारियों को 15,000 रुपये से अधिक के वेतन पर 1.16 प्रतिशत का अतिरिक्त योगदान देना होता था। पीठ ने यह भी कहा कि सीमा से अधिक वेतन पर अतिरिक्त योगदान करने की शर्त स्वेच्छिक होगी, लेकिन यह भी जोड़ा कि निर्णय के इस हिस्से को छह महीने के लिए निलंबित रखा जाएगा ताकि अधिकारियों को धन जेनरेट करने में सक्षम बनाया जा सके। बता दें कि कर्मचारी भविष्य निधि संगठन और केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट में केरल, राजस्थान और दिल्ली के उच्च न्यायालयों के उन फैसले को चुनौती दी थी, जिसमें जिन्होंने 2014 की ईपीएफ योजना को रद्द कर दिया था।

## एकादशी के दिन सोने-चांदी के रेट में बड़ा बदलाव

### 1561 रुपये उछली चांदी, 46270 पर पहुंचा 22 कैरेट गोल्ड का भाव



नई दिल्ली, 4 नवंबर (एजेंसियां)। सोना-चांदी दोनों के भाव में आज एकादशी के दिन यानी शुक्रवार 4 नवंबर को बड़ा बदलाव नजर आ रहा है। सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोने का औसत हाजिर भाव 50513 रुपये पर पहुंच गया है और यह गुरुवार के बंद भाव के मुकाबले 399 रुपये प्रति 10 ग्राम महंगा होकर खुला। वहीं, चांदी ने आज 1561 रुपये प्रति किलो की छलांग लगाकर 58610 रुपये पर खुली। अब शुद्ध सोना अपने ऑल टाइम हाई रेट से 56254 रुपये प्रति 10 ग्राम से 5741 रुपये ही सस्ता रह गया है। जबकि, चांदी अपने दो साल पहले के उच्च रेट 76008 रुपये प्रति किलो से अब केवल 17398 रुपये ही सस्ती है। आज सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोने का जीएसटी समेत औसत हाजिर भाव 52028 रुपये है। इसमें 99.99 पर्सेंट सोना होता है और इससे कोई जेवर नहीं बनता। वहीं, 23 कैरेट गोल्ड की औसत कीमत अब जीएसटी के साथ 51820 रुपये है। आज यह 50311 रुपये प्रति 10 ग्राम के रेट से खुली। इसमें 95 पर्सेंट सोना होता है। इस पर अगर ज्वेलर का मुनाफा जोड़ लें तो यह 57002 रुपये पड़ेगा। ज्वेलरी मेकिंग चार्ज के साथ यह 6100 रुपये के पार पहुंच जाएगा। 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 46270 रुपये प्रति 10 ग्राम है। अब 3 फीसद जीएसटी के साथ इस सोने की कीमत 47658 रुपये है। इसमें 85 फीसद गोल्ड होता है। ज्वेलरी मेकिंग चार्ज और ज्वेर का मुनाफा जोड़ने के बाद यह आपको करीब 56000 रुपये का पड़ेगा। जबकि, 18 कैरेट गोल्ड का रेट 37885 रुपये प्रति 10 ग्राम है और जीएसटी के साथ इसकी कीमत अब 39021 रुपये हो गई है। इसमें 75 प्रतिशत ही सोना होता है। ज्वेलरी मेकिंग चार्ज और मुनाफा जोड़ कर करीब यह 49500 रुपये पड़ेगा।बता दें सोन-चांदी के ये रेट आईबीजेए द्वारा जारी किए गए औसत रेट हैं, जो कई शहरों से लिए गए हैं। इस पर जीएसटी और ज्वेलरी मेकिंग चार्ज नहीं लगा है। हो सकता है कि आपके शहर में सोना-चांदी इस रेट से 500 से 2000 रुपये तक महंगा या सस्ता बिक रहे हों।

## बैंक ऑफ इंग्लैंड ने ब्याज दरों में तीन दशकों में सबसे बड़ी वृद्धि की, कहा- मंदी अभी जारी रहेगी



लंदन, 4 नवंबर (एजेंसियां)। बैंक ऑफ इंग्लैंड ने गुरुवार को ब्याज की आधार दर 0.75 प्रतिशत बढ़ाकर तीन प्रतिशत कर दिया है। यह पिछले तीन दशकों से अधिक समय में की गई सबसे बड़ी वृद्धि है। ब्याज दरों में बढ़ोतरी पर बैंक ऑफ इंग्लैंड ने कहा है कि ब्रिटेन पहले से ही मंदी का सामना कर रहा है और इसके लंबे समय तक बने रहने की संभावना है। केंद्रीय बैंक ने आने वाले वर्षों में उच्च मुद्रास्फीति और बेरोजगारी दर के साथ लंबे समय तक ब्रिटिश अर्थव्यवस्था में संकुचन रहने की चेतावनी दी है। उसके अनुसार ब्रिटेन में रिकॉर्ड दर्ज होना शुरू होने के बाद इतिहास में पहली बार लगातार आठ तिमाहियों में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में गिरावट दर्ज की गई है। हालांकि बैंक ऑफ इंग्लैंड ने यह भी कहा है कि इसका असर वर्ष 2008-09 में और 1980 के दशक में आई मंदी से कम है। बता दें कि ब्रिटेन के केंद्रीय बैंक ने यूक्रेन पर रूस के आक्रमण और हाल ही में पूर्व प्रधानमंत्री लिज ट्रस की तरफ से विनाशकारी आर्थिक नीतियों के बाद से बढ़ी महंगाई को काबू करने के लिए फैसला लिया हैं। बैंक ऑफ इंग्लैंड का प्रमुख ब्याज दर अब 0.75 फीसदी बढ़कर 3 फीसदी हो गया है। इस दौरान बैंक ऑफ इंग्लैंड ने लगातार 8वीं बार ब्याज दरों में बढ़ोतरी की घोषणा की है। यह बताता है कि इंग्लैंड में महंगाई का संकट काफी बड़ा है और केंद्रीय बैंक व सरकार की तमाम कोशिशों के बाद भी लोगों को महंगाई से राहत मिलती नहीं दिख रही है। ब्रिटेन के नवनियुक्त प्रधानमंत्री ऋषि सुनक के लिए इससे निपटना सबसे बड़ी चुनौती है।

## रतन टाटा के स्टार्टअप ने जुटाए 25 मिलियन डॉलर



नई दिल्ली, 4 नवंबर (एजेंसियां)। दिग्गज कारोबारी रतन टाटा के स्वामित्व वाली कंपनी इलेक्ट्रा ईवी ने जीईएफ कैपिटल पार्टनर्स से लगभग 25 मिलियन डॉलर जुटाए हैं। इलेक्ट्रा ईवी पैसेंजर और कॉमर्शियल व्हीकल सेग्मेंट में ईवी पावरट्रेन सिस्टम का डिजाइन और डेवलप करती है। इसके अलावा मैन्युफैक्चरिंग और सप्लाई का भी काम होता है। इस इलेक्ट्रिक मोबिलिटी स्टार्टअप की स्थापना 2017 में की गई थी। फंड का क्या होगाः इलेक्ट्रा ईवी की ओर से जारी बयान के मुताबिक कंपनी घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों निर्माताओं की सेवा के लिए ई3 व्हीलर्स, ई4 व्हीलर्स के अलावा अन्य ईवी सेगमेंट में अपने उत्पाद पोर्टफोलियो का विस्तार करेगी। इसी के लिए फंड का इस्तेमाल किया जाएगा। बयान में कहा गया है कि डिजाइन, परीक्षण और प्रोटोटाइप क्षमताओं को भी मजबूत करना है। बता दें कि इलेक्ट्रा ईवी ने जिस जीईएफ कैपिटल पार्टनर्स से फंड जुटाए हैं वो निजी इक्विटी फंड मैनेजर है। यह उन कंपनियों में निवेश करने पर केंद्रित है जो जलवायु परिवर्तन के प्रतिकूल प्रभावों को दूर करना चाहते हैं। जीईएफ कैपिटल के मैनेजिंग पार्टनर श्रीधर नारायण के मुताबिक हम मानते हैं कि इलेक्ट्रा ईवी के पास मजबूत विकास अवसर है।

## फेसबुक वाले मार्क जुकरबर्ग ने 10 महीने में ही गंवा दी 72% से अधिक की संपत्ति



नई दिल्ली, 4 नवंबर (एजेंसियां)। फेसबुक की पैरेंट कंपनी मेटा के सीईओ मार्क जुकरबर्ग के लिए यह साल किसी बुरे सपने से कम नहीं है। इस साल अब तक उनकी संपत्ति 72.50 फीसद यानी 90.9 अरब डालर घट गई है। इनकी संपत्ति का सबसे बड़ा हिस्सा मेटा के शेयरों की है और इस साल अब तक 73 फीसद से अधिक यह टूट चुका है। गुरुवार को यह 88.91 डॉलर पर बंद हुआ। जुकरबर्ग की नेटवर्थ में गिरावट ने उन्हें दुनिया के अमीरों की लिस्ट में दूसरे से 29वें नंबर पर ढकेल दिया है। बता दें मेटा कंपनी के पोर्टफोलियो में फेसबुक के अलावा वाट्सऐप , इंस्टाग्राम और मैंसेजर शामिल हैं। ब्लूमबर्ग बिलेनियर इंडेक्स के मुताबिक तीन नवंबर 2021 को मार्क जुकरबर्ग का कुल नेट वर्थ 124 अरब डॉलर था, जो घटकर अब केवल 34.6 अरब डॉलर रह गया है। दो फरवरी 2022 को 121 अरब डॉलर की संपत्ति वाले जुकरबर्ग को झटका 4 फरवरी को लगा, जब मेटा के शेयर औंधेमुंह गिरे और उनकी संपत्ति 89.4 अरब डॉलर रह गई। इस झटके के बाद जुकरबर्ग अबतक उबर नहीं पाए। कंपनी के 2022 प्रॉक्सी स्टेटमेंट के अनुसार, जुकरबर्ग के वेल्थ का अधिकांश हिस्सा मेटा प्लेटफॉर्म्स (फेसबुक) में 13% हिस्सेदारी से प्राप्त होता है। फेसबुक दुनिया का सबसे बड़ा सोशल मीडिया नेटवर्क है। जनवरी 2022 की कंपनी के डेटा के मुताबिक मेटा प्लेटफॉर्म के हर महीने लगभग 3.6 बिलियन सक्रिय उपयोगकर्ता हैं, जिनमें फेसबुक पर लगभग 2.9 बिलियन शामिल हैं। कंपनी ने 17 मई 2012 को एक आईपीओ में शेयर बेचे, जो उस समय के इतिहास में सबसे बड़ा प्रौद्योगि की आईपीओ था।

## एक बार फिर वीआरएस योजना ला रही एयर इंडिया

### नए स्किल पर कंपनी का फोकस!



नई दिल्ली, 4 नवंबर (एजेंसियां)। टाटा समूह की एयरलाइन कंपनी एयर इंडिया एक बार फिर स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति योजना (वीआरएस) शुरू करने के मूड में है। एयर इंडिया इसके जरिए कर्मचारियों की लागत कम और युवा कर्मचारियों के लिए राह आसान करना चाहती है। सूत्रों के मुताबिक वीआरएस अगले दो-तीन महीनों में लाया जा सकता है। सूत्रों ने कहा- वीआरएस उनके बहुत सारे कर्मचारियों के लिए एक अच्छा विकल्प होगा, जिन्होंने कंपनी के साथ अच्छा समय बिताया है और अन्य विकल्पों को देखना चाहते हैं। एक अन्य सूत्र ने बताया कि एयर इंडिया के जो निश्चित आयु और रोजगार कार्यकाल मानदंडों को पूरा करते हैं, योजना के लिए पात्र होंगे। सूत्र ने कहा कि एयरलाइन नई प्रतिभाओं को जोड़ना चाहती है। कंपनी को मजबूत करने के लिए अधिक स्किल वाले लोगों की जरूरत है। इसी कड़ी में एयर इंडिया तेजी से पायलट, केबिन क्रू और प्रबंधकीय कर्मचारियों की भर्ती कर रही है। आपको बता दें कि इसी साल जनवरी में एयर इंडिया एयरलाइन का अधिग्रहण हुआ था। इस अधिग्रहण के बाद टाटा समूह ने जून में 4,500 कर्मचारियों को वीआरएस योजना की पेशकश की, जिसे 1,500 कर्मचारियों ने स्वीकार कर लिया।

टाटा समूह के अधिग्रहण से पहले एयरलाइन में लगभग 12,085 कर्मचारी थे, जिनमें से 8,084 स्थायी कर्मचारी थे।

## बंपर उत्पादन से सस्ता हो गया कश्मीर सेब

### कीमतों में 30 फीसद की गिरावट



नई दिल्ली, 4 नवंबर (एजेंसियां)। कश्मीर में चालू सीजन के दौरान सेब का बंपर उत्पादन उत्पादकों को खुश करने में विफल रहा है और उनकी उपज में पिछले साल की तुलना में लगभग 30 फीसद की गिरावट आई है। भारी नुकसान का सामना कर रहे सेब किसानों ने अब सरकार से समर्थन की मांग की है। कश्मीरी सेब सितंबर में तब सुर्खियों में आया था, जब एशिया के सबसे बड़े थोक बाजार आजादपुर मंडी समेत घाटी के बागानों से केंद्र शासित प्रदेश के बाहर के बाजारों तक इसके परिवहन में बार-बार व्यवधान आने पर हंगामा हुआ था। कश्मीर देश में कुल सेब की फसल का लगभग 75 फीसद उत्पादन करता है और इसे अपनी अर्थव्यवस्था की रीढ़ मानता है। यह क्षेत्र जम्मू और कश्मीर के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में लगभग 8.2 फीसद का योगदान देता है। चैंबर ऑफ आजादपुर फल एवं सब्जी व्यापारी अध्यक्ष मेथा राम कृपलानी ने पीटीआई-भाषा को बताया, "इस सत्र में कश्मीर से आने वाले सेब की दरें वर्ष 2021 की तुलना में लगभग 30 फीसद कम हैं। इसमें कोई संदेह नहीं है कि उत्पादकों को भारी नुकसान हो रहा है। सरकारी समर्थन के बिना नुकसान को दूर करना उनके लिए बहुत मुश्किल है।" कृपलानी दिल्ली कृषि विपणन बोर्ड के सदस्य और कश्मीर एप्पल मर्चेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष भी हैं। उन्होंने कीमतों में कमी के कई कारण बताए। उन्होंने कहा, "चालू सत्र में अच्छी गुणवत्ता वाली बंपर फसल हुई थी, लेकिन पिछले साल की तुलना में पैकेजिंग और परिवहन शुल्क जैसे खर्च लगभग दोगुने हो गए हैं। दरें सीधे आपूर्ति और मांग से जुड़ी हुई हैं और आपूर्ति अधिक है, इसलिए उत्पाद की दर लगभग 30 फीसद कम हो गई है।"कश्मीर की आधी से ज्यादा आबादी प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से बागवानी उद्योग से जुड़ी हुई है। इसकी खेती 1.45 लाख हेक्टेयर भूमि में की जाती है। कश्मीर घाटी फल उत्पादकों और डीलर्स यूनियन के बडगाम जिला अध्यक्ष बाबा ने कहा, "सरकार को आगे आना होगा और हमें बचाना होगा....अन्यथा मौजूदा परिस्थितियों को देखते हुए भारी नुकसान से उबरना बहुत मुश्किल है।"

## साल भर में 300% से ज्यादा चढ़ गए शेयर

### श्रीलंका की कंपनी में खरीदी है 51% हिस्सेदारी



नई दिल्ली, 4 नवंबर (एजेंसियां)। टेक्सटाइल बिजनेस से जुड़ी एक स्मॉलकैप कंपनी ने ताबड़तोड़ रिटर्न दिया है। कंपनी के शेयरों ने शुक्रवार 4 नवंबर को 52 हफ्ते का अपना नया हाई बनाया है। यह कंपनी फिलाटेक्स फैशंस है। कंपनी के शेयर 4 पर्सेंट से ज्यादा की तेजी के साथ 18.10 रुपये पर ट्रेड कर रहे हैं और शेयरों का हाई लेवल 18.15 रुपये है। फिलाटेक फैशंस के शेयरों ने पिछले एक साल में इनवेस्टर्स को 300 पर्सेंट से अधिक का रिटर्न दिया है। फिलाटेक्स फैशंस के शेयरों ने पिछले एक साल में निवेशकों को 330 पर्सेंट का रिटर्न दिया है। कंपनी के शेयर एक साल पहले 4 नवंबर 2021 को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज पर 4.19 रुपये के स्तर पर थे। टेक्सटाइल कंपनी के शेयर 4 नवंबर 2022 को बीएसई पर 18.10 रुपये पर ट्रेड कर रहे हैं। अगर किसी व्यक्ति ने एक साल पहले कंपनी के शेयरों में 1 लाख रुपये लगाए होते और अपने निवेश को बनाए रखा होता तो मौजूदा समय में यह पैसा 4.31 लाख रुपये होता। इंडियन फैशन ब्रांड फिलाटेक्स फैशंस ने हाल में श्रीलंका की फैशन कंपनी इसाबेला प्राइवेट लिमिटेड में 51 पर्सेंट हिस्सेदारी खरीदने की घोषणा की है। फिलाटेक्स फैशंस के शेयरों ने इस साल अब तक 150 पर्सेंट का रिटर्न इनवेस्टर्स को दिया है। साल की शुरुआत में यानी 3 जनवरी 2022 को फिलाटेक्स फैशंस के शेयर बीएसई पर 7.22 रुपये के स्तर पर थे। कंपनी के शेयर 4 नवंबर 2022 को 18.10 रुपये के स्तर पर हैं। कंपनी के शेयरों ने पिछले 6 महीने में 128 पर्सेंट का रिटर्न दिया है। वहीं, पिछले एक महीने में फिलाटेक्स फैशंस के शेयरों ने 49 पर्सेंट का रिटर्न दिया है।

## गौतम अडानी की कंपनी का बड़ा कमाल

### लगाया 200 मीटर ऊंचा विंड टर्बाइन



नई दिल्ली, 4 नवंबर (एजेंसियां)। गौतम अडानी अपने बिजनेस को बहुत तेजी के साथ विस्तार दे रहे हैं। यही वजह है कि अडानी ग्रुप नए-नए सेक्टर में अपनी किस्मत आजमा रहा है। एशिया के सबसे रईस शख्स गौतम अडानी का फोकस जिन कुछ सेक्टर पर सबसे ज्यादा है, उनमें रिन्यूएबल एनर्जी भी एक है। यही वजह है कि अडानी समूह समय के साथ अपना निवेश इस सेक्टर में बढ़ा रहा है। अडानी ग्रुप ने गुजरात के मुंद्रा में स्टैच्यू ऑफ यूनिटी से भी ऊंची विंड टर्बाइन लगाई है। इस एक विंड टर्बाइन से 4000 घरों में बिजली पहुंचाई जा सकती है। अडानी न्यू इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने गुरुवार को बताया है कि देश के सबसे बड़े विंड टर्बाइन जनरेटर को गुजरात के मुंद्रा में लगाया गया है। इसके ब्लेड जंबो जेट से भी बड़े हैं। यह विंड टर्बाइन अडानी एंटरप्राइजेज लिमिटेड की सब्सिडियरी कंपनी मुंद्रा विंडटेक लिमिटेड ने लगाया है। 200 मीटर लंबी इस विंड टर्बाइन के पास 5.2 मेगावॉट बिजली उत्पादन करने की क्षमता है, जिसे लगभग 4000 घरों में सप्लाई किया जा सकेगा। इसके ब्लेड्स 78 मीटर के हैं। यह पावर के मामले में सबसे बड़ा विंड टर्बाइन है। हाल के साल में विंड टर्बाइन सेक्टर में तेजी से ग्रोथ देखी गई है। मुंद्रा में अडानी ग्रुप की तरफ से लगाए गए विंड टर्बाइन अपने आप में सबसे अलग है। इस मशीन को जर्मनी के विंड टू एनर्जी मॉडल पर डिवेलप किया गया है। बता दें, यह 3 मीटर प्रति सेकेंड की न्यूनतम स्पीड पर और 20 मीटर प्रति सेकेंड के अधिकतम स्पीड पर काम कर सकता है। मुंद्रा विंडटेक लिमिटेड के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर मिलिंद कुलकर्णी ने कहा, 'इस मॉडल को रिकॉर्ड 19 दिन में एसेंबल किया गया है।

यह लगाया जा चुका है, अब हम सर्टिफिकेशन के लिए जाएंगे।' उन्होंने कहा, 'यह मॉडल, एक नए मॉडल को डिवेलप करने के लिए काम आएगा।

## 1 रुपये से भी कम में मिलता है 10 लाख का कवर



नई दिल्ली, 4 नवंबर (एजेंसियां)। भारतीय रेल नेटवर्क दुनिया के सबसे बड़े रेल नेटवर्कों में शामिल है। हर दिन लाखों लोगों इसमें सफर करते हैं। लंबी दूरी की यात्रा के लिए अधिकतर लोग ट्रेन में सफर करना ज्यादा पसंद करते हैं। इसके पीछे का सबसे बड़ा कारण कम किराया है। रेल के सफर में हवाई जहाज और रोड ट्रांसपोर्ट के मुकाबले कम किराया लगता है। यात्रियों की सुविधाओं और सुरक्षा के लिए रेलवे कई कदम उठाता रहता है। ट्रैवल इंश्योरेंस भी एक रेलवे की एक शानदार सुविधा है। रेलवे ट्रैवल इंश्यारेंस उन यात्रियों को मिलता है जो ऑनलाइन रेल टिकट बुक करते हैं। लेकिन, बहुत कम लोग ही रेलवे यात्रा बीमा विकल्प को चुनते हैं। कारण ये है कि उनको इसके बारे में जानकारी नहीं होती। 1 रुपये से कम में होने वाले इस इंश्योरेंस में यात्री को 10 लाख रुपये तक का कवर मिलता है। ट्रैवल इंश्यारेंस होने पर अगर ट्रेन दुर्घटना में यात्री को किसी भी तरह का नुकसान होता है तो, उसकी भरपाई बीमा कंपनी करती है। जब ऑनलाइन टिकट बुकिंग की जाती है तो वेबसाइट और ऐप पर रेलवे ट्रैवल इंश्योरेंस का आप्शन आता है।

## ब्रिटेन में और आसान होगी भारतीय दवाओं की पहुंच



नई दिल्ली, 4 नवंबर (एजेंसियां)। ब्रिटेन के साथ प्रस्तावित फ्री ट्रेड एग्रीमेंट के तहत भारत अपने औषधि उत्पादों के लिए व्यापक बाजार पहुंच हासिल करने की कोशिश में लगा हुआ है। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने कहा, ''प्रस्तावित समझौते की सबसे अच्छी बात यह है कि दोनों ही पक्षों ने अपनी संवेदनाओं एवं आपत्तिजनक बिंदुओं से अवगत करा दिया है। जीवनरक्षक दवाओं के सस्ते संस्करण (जेनेरिक) का विनिर्माण ऐसा बिंदु है जिस पर कोई भी समझौता नहीं किया जा सकता है।''भारत ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के साथ लागू एफटीए में अपनी दवा कंपनियों के लिए सुगम बाजार पहुंच हासिल की है। इस समझौते के तहत भारतीय औषधि उत्पादों एवं चिकित्सकीय उत्पादों को 90 दिन के भीतर नियामकीय अनुमति मिलेगी। अमेरिका, ब्रिटेन, यूरोपीय संघ, कनाडा और ऑस्ट्रेलिया जैसे विकसित बाजारों में बिक्री के लिए मंजूरी हासिल कर चुके औषधि उत्पादों को यूएई में भी आसान पहुंच मिलने का प्रावधान है। इसी तरह ऑस्ट्रेलिया के साथ भारत के व्यापार सौदे में भी त्वरित अनुमति और विनिर्माण संयंत्रों की गुणवत्ता परीक्षण के आकलन का प्रावधान होगा। भारत, ब्रिटेन के साथ प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते में भी अपनी दवा कंपनियों के लिए सुगम पहुंच हासिल करने के प्रयास में है। अधिकारी ने कहा, ''हम भारत-ब्रिटेन समझौते से फार्मा क्षेत्र के लिए एक सकारात्मक नतीजे पर नजरें टिकाए हुए हैं। ब्रिटेन की औषधि एवं स्वास्थ्य उत्पादन नियामक एजेंसी के साथ नियामकीय सहयोग को लेकर चर्चा जारी है।''

**भारत-ब्रिटेन में इस साल शुरू हुई एफटीए वार्ता**

भारत और ब्रिटेन के बीच मुक्त व्यापार समझौते को लेकर बातचीत इस साल जनवरी में शुरू हुई थी।

इसके दिवाली तक पूरी हो जाने की समयसीमा तय की गई थी लेकिन ब्रिटेन में पैदा हुई राजनीतिक अनिश्चितता ने इसे कुछ समय के लिए टाल दिया है।

# इजराइल चुनाव में बेंजामिन नेतन्याहू की जीत

## पीएम मोदी बोले- दोस्त को बधाई

## भारत के साथ जल्द हो सकता है फ्री ट्रेड एग्रीमेंट

**इजरायल में लगातार राजनीतिक अस्थिरता बनी हुई थी, जिसके बाद पिछले तीन सालों में यहां के लोगों ने पांचवी बार वोटिंग की है। जिसके बाद नेतन्याहू के नेतृत्व वाली सरकार बन रही है।**




तेल अवीव, 4 नवंबर (एजेंसियां)। बेंजामिन नेतन्याहू इजराइल के अगले प्रधानमंत्री होंगे। 'टाइम्स ऑफ इजराइल' की रिपोर्ट के मुताबिक, उन्होंने बहुमत से सत्ता में वापसी की है। 3 नवंबर को हुई फाइनल राउंड की काउंटिंग में नेतन्याहू की लिकुड पार्टी ने 120 में से 64 सीटें जीत लीं। उन्हें सत्ता में आने के लिए 61 सीटों की जरूरत थी। इजराइल में पिछले 3 साल में पांचवीं बार इलेक्शन हुए हैं, जिसके बाद पूर्ण बहुमत के साथ किसी पार्टी ने सत्ता में वापसी की है। 73 साल के बेंजामिन नेतन्याहू 1996 से 1999 और 2009 से 2021 तक 15 साल इजराइल के प्रधानमंत्री रह चुके हैं। न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, नेतन्याहू औपचारिक रूप से 15 नवंबर के बाद प्रधानमंत्री नियुक्त किए जाएंगे। इस बीच इजराइल स्टेट प्रोटोकॉल के मुताबिक राष्ट्रपति इसहाक हर्जोग, नेतन्याहू को सरकार बनाने का समय देंगे।

### पीएम मोदी के खास दोस्त हैं नेतन्याहू

नेतन्याहू के भारत से अच्छे रिश्ते रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें जीत की बधाई दी है। उन्होंने लिखा- चुनावी जीत पर 'मेरे दोस्त' नेतन्याहू को बधाई। हम मिलकर भारत-इजरायल स्ट्रैटिक पार्टनरशिप को आगे ले जाएंगे। 5 साल पहले नेतन्याहू प्रधानमंत्री रहते भारत आए थे। तब पीएम नरेंद्र मोदी प्रोटोकाल तोड़कर उन्हें रिसीव करने एयरपोर्ट गए थे। इसी साल वे इजराइल दौरे पर गए थे। मोदी पहले भारतीय प्रधानमंत्री थे, जिन्होंने इजराइल की यात्रा की थी। दोनों एक दूसरे को दोस्त बता चुके हैं। अब नेतन्याहू के प्रधानमंत्री बनने पर भारत और इजराइल, दोनों देश आतंकवाद, टेक्नोलॉजी और ट्रेड पर एक साथ काम कर सकते हैं। दोनों देशों के बीच फ्री ट्रेड एग्रीमेंट भी हो सकता है।

### लैपिड ने नेतन्याहू को बधाई दी

काउंटिंग के बाद उनके प्रतिद्वंदी और प्रधानमंत्री येर लैपिड ने हार मान ली। उनकी पार्टी 51 सीट हासिल कर पाई। उन्होंने बेंजामिन नेतन्याहू को बधाई देते हुए कहा कि उन्होंने सभी विभागों को सत्ता सौंपने के लिए जरूरी प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दे दिए हैं।

### नेतन्याहू के गठबंधन में केवल 8 महिलाएं

नेतन्याहू ब्लॉक में 8 महिलाएं ही हैं, क्योंकि अल्ट्रा-रूढ़िवादी दल महिलाओं को टिकट नहीं देते, जबकि लैपिड की सरकार में 30 महिलाएं रहीं। ये 30 वर्षों में पहली नेसेट होगी जिसमें अल्पसंख्यक डूज धर्म का कोई भी प्रतिनिधि नहीं होगा।

### जून में गिरी थी बेनेट सरकार

जून 2021 में इजराइल में सत्ता बदली थी और नफ्टाली बेनेट को प्रधानमंत्री बनाया गया था। उनकी सरकार बहुत लंबा नहीं चली और 30 जून 2022 को इजराइली संसद भंग कर दी गई। तब से अब तक नफ्टाली बेनेट सरकार में नंबर दो रहे येर लैपिड को केयरटेकर सरकार की जिम्मेदारी संभाल रहे थे यानी वो कार्यवाहक प्रधानमंत्री थे। इजराइल' की एक रिपोर्ट के मुताबिक बेनेट, नेतन्याहू के तरह गठबंधन चलाना नहीं जानते थे। इसके अलावा शिक्षा और रोजगार में अरबों को बराबरी का मौका देने के वादे पूरे नहीं कर पाए। यही वजह थी कि उन्हें सत्ता गंवानी पड़ी।

### आतंक पर लगाम के लिए फिलिस्तीनी सीमा ब्लॉक करेंगे नेतन्याहू

नेतन्याहू खुले तौर पर फिलिस्तीन विरोधी कट्टरपंथियों के साथ हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि उनके जीतने के बाद फिलिस्तीनियों को रोकने के लिए बनी दीवार का काम आगे बढ़ा सकता है। नेतन्याहू मानते हैं कि आंतकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए दीवार जरूरी है। इधर, फिलिस्तीनी मानवाधिकार समूहों का कहना है कि इजराइल के चुनावी लोकतंत्र का एक ही मकसद है- फिलिस्तीनी अरब लोगों का दमन और यहूदियों का वर्चस्व बनाना। फिलिस्तीनी मानवाधिकार संगठन 'द इजराइली



इन्फॉर्मेशन सेंटर फॉर ह्यूमन राइट्स इन ऑक्यूपाइड टेरीटरीज' या बेतसेलेम ने चुनाव से ठीक पहले कहा कि इजराइली सत्ता एक ही सिद्धांत पर चल रही है- एक समूह यहूदी का दूसरे समूह फिलिस्तीनी पर वर्चस्व स्थापित करना। इजराइल की सरकार इन लोगों का जीवन तय करती है, लेकिन उन्हें चुनावों में हिस्सा लेने या वोट डालने का अधिकार नहीं है। फिलिस्तीनी क्षेत्रों में रहने वाले ये लोग फिलिस्तीन के प्रशासन में रहते हैं। फिलहाल इन इलाकों पर हमास और दूसरे चरमपंथी गुटों का नियंत्रण है।

# इमरान ख़ान के हमलावर को लेकर मरियम नवाज़ अहम बयान

**पाकिस्तान मुस्लिम लीग - नवाज़ की नेता मरियम नवाज़ ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान ख़ान पर शाम हुए हमले के बाद एक अहम बयान दिया है।**

लंदन, 4 नवंबर (एजेंसियां)। लंदन में मौजूद मरियम नवाज़ ने कहा है कि बिना सोचे-समझे आरोप लगाना ग़लत बात है। तहरीक-ए-इंसाफ़ के नेता इमरान ख़ान पर हमले के लिए पाकिस्तान सरकार में गृह मंत्री राणा सनाउल्लाह और मेजर जनरल फ़ैसल पर आरोप लगा रहे हैं। सनाउल्लाह ने अपने ऊपर लगे सभी आरोपों को निराधार बताया है। इसके साथ ही उन्होंने संयुक्त जांच समिति बनाकर इस मामले की निष्पक्ष और पारदर्शिता के साथ जांच कराने की मांग की है। समाचार एजेंसी एपीपी के मुताबिक़, सनाउल्लाह ने मेजर जनरल फ़ैसल का बचाव करते हुए कहा है कि वह अपनी ज़िम्मेदारियों का ठीक ढंग से निर्वाह कर रहे हैं और तहरीक ए इंसाफ़ बिना किसी सबूत के दुष्प्रचार कर रही है। बता दें कि



इमरान ख़ान पर हमले के बाद उनकी ओर से जारी बयान में तीन लोगों को ज़िम्मेदार ठहराया गया था। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के नेता असद उमर ने कहा है कि वजीराबाद में लॉन्ग मार्च के दौरान हुई गोलीबारी के लिए पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, गृह मंत्री राणा सनाउल्लाह और मेजर जनरल फैसल ज़िम्मेदार हैं। इसके बाद गुस्साए लोगों ने गृह मंत्री सनाउल्लाह के फैसलाबाद स्थित पर हमला करके तोड़फोड़ मचाई है। पीटीआई के शीर्ष नेता फ़वाद चौधरी ने भी हमले के बाद लोगों को संबोधित करते हुए कहा है कि 'इमरान ख़ान पर हमला पाकिस्तान पर हमला है और इसका बदला लिया जाएगा।'

# पुलिस की कार्रवाई:ठेकेदारों को 'फर्जी' नोटिस भेजकर लेते थे रिश्वत

भोपाल, 4 नवंबर (एजेंसियां)। सीबीआई, भोपाल ने बुधवार शाम सेना के थ्री ईएमई सेंटर बैरागढ़ में पदस्थ दो असिस्टेंट गैरिसन इंजीनियर (एजीई) सहित 3 लोगों को रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया है। पूछताछ में पता चला है कि आरोपी ठेकेदारों को 'फर्जी' नोटिस देते थे और मामले का निपटारा करने के नाम पर रिश्वत लेते थे। यह काम वो अपने एक सीनियर अफसर के इशारों पर करते थे। सीबीआई ने अफसर की भूमिका की जांच शुरू कर दी है।

# किम जोंग उन ने बाप-दादा को भी पछाड़ा

## 10 महीने में दागी 40 मिसाइलें; फायरिंग रेंज में अमेरिका-जापान



नई दिल्ली, 4 नवंबर (एजेंसियां)। उत्तर कोरिया के शासक किम जोंग उन की निगरानी में इस साल दस महीने में 40 से अधिक घातक मिसाइलों का परीक्षण हो चुका है। अमेरिका से लेकर जापान और दक्षिण कोरिया इसको लेकर चिंतित हैं। अमेरिका के रिसर्च एंड डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (आरएएनडी) के अनुसार, उत्तर कोरिया के पास अभी करीब 200 परमाणु हथियार हैं। वर्ष 2027 तक इनकी संख्या 250 के पार जा सकती है। उत्तर कोरिया के पास इतने संसाधन हैं कि वो हर साल औसतन बारह परमाणु हथियार बना सकता है। परमाणु हथियारों का जखीरा बढ़ाने के साथ नियमित परीक्षण से उत्तर कोरिया अपनी परमाणु शक्ति का प्रदर्शन कर रहा है।

### मिसाइल दागने में दादा और पिता को पछाड़ा

उत्तर कोरिया के मौजूदा शासक किम जोंग उन के दादा किल इल सुंग ने 1984 से 1998 के बीच 15 मिसाइलों का परीक्षण किया। उनके पिता किम जोंग इल ने 2006 से 2009 के बीच 16 परीक्षण किए। वहीं, उन के नेतृत्व में 2012 में पहला परीक्षण हुआ था और 2021 तक कुल 129 मिसाइलों का परीक्षण पूरा हो चुका है। बीते दस वर्षों में उन ने हर वर्ष औसतन 12 मिसाइलों का परीक्षण किया है।

### सत्ता संभालते ही चार परमाणु परीक्षण किए

उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन के पिता किम जोंग इल जब सत्ता में थे तब उन्होंने अक्टूबर 2006 में पहली बार परमाणु परीक्षण किया। दूसरा परीक्षण मई 2009 में हुआ। उन ने जब 2011 में सत्ता संभाली तो उन्होंने चार परीक्षण का निर्देश दिया। पहला परीक्षण फरवरी 2013 में हुआ। दूसरा और तीसरा उसी साल जनवरी और सितंबर में जबकि चौथा सितंबर 2017 में हुआ था।

### अमेरिका और जापान तक मारक क्षमता

काउंसिल ऑन फॉरेन रिलेशन्स (सीएफआर) के अनुसार प्योंगयांग कम से कम छह बार परमाणु परीक्षण कर चुका है। इसी से बैलिस्टिक मिसाइल बनाई हैं जिनकी मारक क्षमता अमेरिका, जापान और दक्षिण कोरिया तक है। उत्तर कोरिया की इस रणनीति को अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने गंभीरता से लिया और एजेंसियों को निगरानी रखने का निर्देश दिए हैं।

### जीडीपी का 30 फीसदी सेना पर खर्च

उत्तर कोरिया के पास दुनिया की चौथी सबसे बड़ी सेना है जिसके पास करीब 12 लाख सैनिक हैं। यह देश जीडीपी का करीब एक तिहाई हिस्सा सेना पर खर्च करता है। उत्तर कोरिया के पास सिर्फ परमाणु हथियारों का ही नहीं, रासायनिक और जैविक हथियारों का भी भंडार है।

# न्यू जर्सी में यहूदियों व उनके मंदिरों पर हमले का खतरा, एफबीआई ने जारी किया अलर्ट

वॉशिंगटन, 4 नवंबर (एजेंसियां)। अमेरिका की संघीय जांच एजेंसी फेडरल ब्यूरो ऑफ इंवेस्टिगेशन (एफबीआई) ने न्यू जर्सी के सिनेगॉग (यहूदी मंदिर) पर हमले की आशंका जताई है। इसे लेकर अलर्ट जारी करते हुए लोगों से सतर्क रहने को कहा गया है। एफबीआई न्यूवॉर्क ने ट्वीट जारी कर कहा कि न्यू जर्सी में सिनेगॉग प्रार्थना स्थलों को खतरे की विश्वसनीय जानकारी मिली है। एजेंसी ने यहूदी समुदाय के लोगों से कहा है कि वे अपनी और प्रार्थना स्थलों के लिए सारी सुरक्षा एहतियात बरतें। सावधान रहें और किसी भी आपात स्थिति में पुलिस को सूचित करें। जांच एजेंसी ने कहा है कि वह हर खतरे को गंभीरता से लेती है और कानून का पालन कराने वाली एजेंसियों तथा समुदाय के लोगों के के साथ मिलकर एहतियाती कदम उठा रही है।

# ब्रिटेन में आया तूफान तो डगमगाया विमान

## फिर पायलट ने तरकीब लगाकर तिरछा करके कराया लैंड

ब्रिस्टल, 4 नवंबर (एजेंसियां)। ब्रिटेन में खराब मौसम के कारण एक विमान को बेहद खतरनाक स्थिति में लैंड कराया गया। विमान को लैंड कराने के लिए पायलट को संघर्ष करना पड़ा। इसका एक वीडियो सामने आया हैं, जिसमें औरिग्ने एटीआर72-600 प्लेन आसमान में तेज हवाओं के बीच डगमगाते हुए देखा जा सकता है। बाद में पायलट ने प्लेन को तिरछा कर ब्रिस्टल एयरपोर्ट पर लैंड करा लिया। जब प्लेन ब्रिस्टल एयरपोर्ट पर उतरने का प्रयास कर रहा था, तभी बरसात और तेज हवाओं के कारण वह डगमगाने लगा। इसके चलते लैंडिंग में पायलटों को मुश्किलों का सामना करना पड़ा। रनवे पर पहुंचने पर भी विमान स्थिर नहीं हो पा रहा था, लेकिन पायलटों ने अपनी तकनीक से कुछ सेकंड के बाद प्लेन को लैंड करा लिया। बताया जा रहा है कि यूके में तूफान, बारिश और तेज हवा के कारण हवाईअड्डे पर भयावह स्थिति बन गई थी। जब विमान लैंड कर रहा था, तब हवा 44 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चल रही थी। मौसम विभाग ने भी अलर्ट जारी किया था।

# लंदन में स्टेशन पर फूल बेचते नजर आए पीएम ऋषि सुनक

लंदन, 4 नवंबर (एजेंसियां)। ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था मंदी की चपेट में है, महंगाई आसमान छूती जा रही है और राजनीतिक अस्थिरता भी देखने को मिल रही है। साफ है कि ऐसे हालात में देश के नए प्रधानमंत्री ऋषि सुनक के सामने बड़ी चुनौतियां है। इसके बावजूद पीएम सुनक का निराला अंदाज देखने को मिला है। जी हां, सुनक लंदन ट्यूब स्टेशन पर यात्रियों के लिए पॉपीज़ (एक तरह का फूल) बेचते नजर आए। अपने टॉप लीडर को ऐसा करता देख लोग हैरान रह गए। इन पॉपीज़ को पेपर से बनाया गया था और सुनक ने फंडराइजर के तौर पर एक फूल को 5 में बेचा। रॉयल ब्रिटिश लीजन की वार्षिक लंदन पॉपी डे के लिए यह फंड जुटाया गया। यूके के पीएम ब्रिटिश सेना, नौसेना और वायु सेना के उन वॉलंटियर्स का हिस्सा बने जो घर-घर जाकर लोगों से चंदा मांग रहे हैं।

### लोगों ने पीएम से बातचीत भी की

पीएम सुनक के इस तरह सार्वजनिक स्थान पर मौजूद होने से आम लोगों को उनके पास आकर बातचीत करने का मौका मिला। कई लोगों ने अपने प्रधानमंत्री के साथ सेल्फी ली और उनके साथ थोड़ी-बहुत चर्चा भी की। इसके बाद कुछ लोगों ने सोशल मीडिया पर तस्वीरें शेयर कीं और अपना अनुभव बताया। लोगों ने भारतीय मूल के पहले




ब्रिटिश प्रधानमंत्री के साथ बातचीत के अनुभव को शानदार माना।

### सुनक को 'डाउन टू अर्थ' बता रहे लोग

रॉयल ब्रिटिश लीजन की ओर से भी पीएम सुनक का आभार जताया गया। इसने कहा कि टॉप लीडर का भीड़भाड़ वाले समय में आना और इस नेक प्रयास के लिए समय देना सराहनीय काम है। ब्रिटिश प्रधानमंत्री को अचानक ही अपने बीच पाकर लोगों ने खुशी जाहिर की है। दिलचस्प है कि इसे लेकर मीडिया को भी कोई जानकारी नहीं दी गई थी। सुनक से 5 में एक पॉपीज़ खरीदने वाले लुईस नाम के शख्स ने कहा कि हमारे पीएम 'डाउन टू अर्थ' हैं।

# 15 साल पहले ऐसे ही हमले में बेनजीर भुट्टो की हुई थी मौत

## अब इमरान खान पर हुआ जानलेवा हमला

इस्लामाबाद, 4 नवंबर (एजेंसियां)। पाकिस्तान में गुरुवार को एक बड़ी घटना हो गई है। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान पर एक रैली के दौरान जानलेवा हमला हुआ है। वजीराबाद में पीटीआई के लॉन्ग मार्च के दौरान इमरान खान पर हमलावरों ने फायरिंग कर दी। फायरिंग की घटना में पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के पैर में गोली लगी है। इसके अलावा कई अन्य पीटीआई नेता भी हमले में घायल हो गए हैं। फायरिंग की घटना के बाद इमरान खान को लाहौर ले जाया गया है। फिलहाल उनकी हालत स्थिर है।

### 15 साल पहले बेनजीर भुट्टो पर हमला

15 साल पहले 27 दिसंबर 2007 को इसी तरह का बेनजीर भुट्टो पर हमला हुआ था, 2007 में हुए हमले में बेनजीर भुट्टो की मौत हो गई थी। भुट्टो पर जिस वक्त हमला हुआ था, वह रावलपिंडी के लियाकतबाग में एक चुनावी रैली को खत्म करने के बाद वापस लौट रही थी। जिस समय काफिला निकल रहा था उसी समय भारी संख्या में लियाकतबाग गेट के पास समर्थक इकट्ठा हो गए और नारे लगाने लगे।

### 2007 में बेनजीर भुट्टो की हमले में मौत

समर्थकों को जवाब देने के लिए जैसे ही बेनजीर भुट्टो ने कार से बाहर निकली। उस दौरान भीड़ से तीन गोलियां चलीं और जोरदार धमाका हुआ। कुछ देर बाद जब धमाके का धुआं खत्म हुआ तो चारों तरफ शव पड़े नजर आ रहे थे। धमाके के कारण शव के पूरी तरह से चिथड़े हो गए थे। इधर बेनजीर



भुट्टो की भी मौत हो गई। इसके अलावा अन्य 25 लोगों की भी इस हमले में मारे गए थे।

# बाइडेन ने ईरान को मुक्त करने की कसम खाई

## प्रदर्शनकारियों से कहा, 'चिंता न करें'

वॉशिंगटन, 4 नवंबर (एजेंसियां)। ईरान में हिजाब के खिलाफ देशव्यापी प्रदर्शन के बीच, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने ईरान को 'मुक्त' करने की कसम खाई। उन्होंने कहा कि, ईरानी सरकार को चुनौती देने वाले प्रदर्शनकारी जल्द ही खुद को आजाद करने में सफल होंगे। बाइडेन ने एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि आप चिंता न करें, हम ईरान को मुक्त करने जा रहे हैं। वहां की जनता बहुत जल्द खुद को आजाद करने वाले हैं। वहीं, बाइडेन के संबोधन के दौरान रैली में मौजूद लोगों ने ईरान में हिजाब के खिलाफ जारी प्रदर्शन के सपोर्ट में सेल फोन पर 'फ्री ईरान'वाला संदेश प्रदर्शित किया।




### अमेरिका प्रदर्शनकारियों को आजादी देगा

ईरान में महसा अमीनी की मौत के बाद से पूरे ईरान में प्रदर्शन जारी है। रिपोर्ट के मुताबिक, विश्वविद्यालयों के 2 हजार से अधिक शिक्षाविदों की तरफ से राष्ट्रपति बाइडेन को लिखे पत्र में हिजाब विरोधी प्रदर्शनकारियों का समर्थन करने के लिए आग्रह किया गया था। उन्होंने ईरानी विश्वविद्यालयों के गंभीर स्थिति पर तत्काल ध्यान देने की बात कही और आगे बाइडेन से इस पर ठोस कार्रवाई करने के लिए कहा। जिसके बाद बाइडेन ने ईरान को स्वतंत्र कराने की कसम खाई।

### अमेरिका की ईरान पर नजर

अमेरिका ने पिछले महीने प्रदर्शनकारियों के साथ क्रूर व्यवहार के लिए ईरानी अधिकारियों के खिलाफ प्रतिबंधों की घोषणा की थी। इसके साथ ही हाल ही में यूक्रेन युद्ध के बीच रूस को ड्रोन और तकनीकी सहायता की आपूर्ति के लिए ईरान पर प्रतिबंध लगाए हैं। इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने ईरान में प्रदर्शनकारियों पर ईरानी सुरक्षाबलों की कार्रवाई पर गंभीर चिंता प्रकट की थी। उन्होंने कहा था कि प्रदर्शनकारियों के खिलाफ हिंसा करने वाले दोषियों को इसका गंभीर अंजाम भुगतना होगा।

### महसा की मौत के बाद से प्रदर्शन जारी

बता दें कि, 22 साल की महसा अमिनी को पुलिस ने 13 सितंबर को हिजाब नहीं पहनने के आरोप में हिरासत में लिया था। बताया जाता है कि हिरासत में ईरान की मोरैलिटी पुलिस ने उसके साथ मारपीट की जिसके बाद वह कोमा में चली गई और तीन दिन बाद महसा की मौत हो गई। महसा अमीनी की मौत के बाद प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर भी निशाना साधा। जवाबी कार्रवाई में अब तक भारी संख्या में प्रदर्शनकारियों की मौत हो चुकी है।

### अमेरिका ईरान को लेकर हुआ सख्त

वहीं, अमेरिका ने ईरान को महिलाओं की स्थिति (सीएसडब्ल्यू) पर 45 सदस्ययी संयुक्त राष्ट्र आयोग से ईरान को हटाने के अपने इरादे की घोषणा की थी। ईरान में कुर्द महिला महसा अमीनी की मौत के बाद हिजाब के खिलाफ जारी प्रदर्शन के क्रम में प्रदर्शनकारियों पर ईरान सरकार की बर्बरता पर उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने यह कड़ी प्रतिक्रिया दी । कमला हैरिस ने कहा था कि ईरान सरकार द्वारा महिलाओं के अधिकारों से इनकार करने और विरोध प्रदर्शनों पर क्रूर कार्रवाई पर संयुक्त राज्य अमेरिका महिलाओं की स्थिति (सीएसडब्ल्यू) पर 45 सदस्यीय संयुक्त राष्ट्र आयोग से ईरान को हटाने का प्रयास करेगा।

# एरिक गार्सेटी बन सकते हैं भारत में यूएस के अगले राजदूत, बाइडेन प्रशासन ने की मांग



वॉशिंगटन, 4 नवंबर (एजेंसियां)। व्हाइट हाउस ने लॉस एंजिलिस के मेयर एरिक गार्सेटी को भारत में अमेरिका का अगला राजदूत बनाने के लिए संसद से उनके नाम पर जल्द मुहर लगाने की मांग की है। राष्ट्रपति जो बाइडेन के एक प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। बाइडेन प्रशासन ने जुलाई 2021 में भारत के अगले राजदूत के रूप में गार्सेटी के नाम की घोषणा की थी। हालांकि, अमेरिकी सीनेट की ओर से अभी तक उनके नाम की पुष्टि होना बाकी है। गार्सेटी 2013 से लॉस एंजेलिस के मेयर भी हैं। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरीन जीन-पियरे ने इस मुद्दे पर पत्रकारों को बताया, "हम गार्सेटी के नाम पर मुहर लगाए जाने की मांग जारी रखेंगे। उन्होंने कहा, भारत के राजदूत के रूप में गार्सेटी की नियुक्ति बाइडेन प्रशासन की प्राथमिकता है, जिन्हें भारत में राजदूत के रूप में सेवा करने के लिए मजबूत दो दलों का समर्थन मिला था।

### गार्सेटी पर गलत व्यवहार का आरोप

गार्सेटी के नाम पर सीनेट से पुष्टि बीते एक साल से रुकी हुई है। उन पर एक वरिष्ठ कर्मचारी के तरफ से गलत व्यवहार का आरोप लगा था, इस कारण से रिपब्लिकन सीनेटर चक ग्रासली ने उनके नॉमिनेशन का शुरु में विरोध किया था। हालांकि, बाद में गार्सेटी के नॉमिनेशन पर से रोक हटा ली गई थी। सत्तारूढ़ डेमोक्रेट्स पूरे सीनेट के सामने उनके नॉमिनेशन को लाने के लिए मन नही बनाए हुए हैं क्योंकि, उन्हें लगता है कि गार्सेटी के पास इसके लिए पूरे तौर पर मत नहीं हैं। इस संबंध में डेमोक्रेटिक सीनेट नेतृत्व की ओर से कोई ऑफिसीयल कमेंट नहीं की गई है। व्हाइट हाउस का कहना है कि गार्सेटी के पास अभी भी मौका है।

### भारत के साथ महत्वपूर्ण साझेदारी

जीन-पियरे ने एक प्रश्न के उत्तर में कहा, "इस समय हमारे पास कोई जानकारी नहीं है। लेकिन, हां, यह हमारे लिए प्राथमिकता बनी हुई है।" उन्होंने कहा, "जैसा कि विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने कहा है, भारत के साथ हमारी एक महत्वपूर्ण और परिणाम निकलने वाली साझेदारी है।

# रेपिस्ट और एड्स पीडित पुतिन के नए सिपाही

## जेल से निकालकर बॉर्डर पर मरने भेज रहे, क्या है इनको भर्ती करने वाली वैगनर आर्मी?

एक्सक्लूसिव डेस्क, 4 नवंबर। रूस में एचआईवी एड्स और हेपेटाइटिस के मरीजों, रेपिस्टों और समलैंगिकों को सेना में भर्ती किया जा रहा है। अलग-अलग देशों की तीन रिपोर्ट में ये दावा किया गया है। ऐसे लोगों को रूसी सेना की 'वैगनर' टुकड़ी में शामिल किया जा रहा है, जिसे प्राइवेट आर्मी भी कहते हैं। पुतिन की प्राइवेट आर्मी 'वैगनर' क्या है और इसमें एड्स मरीजों की भर्ती क्यों की जा रही है?

**यूनाइटेड किंगडम के रक्षा मंत्रालय की रिपोर्ट:** 30 अक्टूबर की इस रिपोर्ट में पुतिन के शेफ मोगुल येवजेनी प्रिगोझिन के हवाले से दावा किया गया है कि यूक्रेन की प्राइवेट आर्मी में एड्स और हेपेटाइटिस-सी के मरीजों की भर्ती की जा रही है।

**यूक्रेन के अखबार की रिपोर्ट:** यूरोपीय अखबार यूक्रेइंस्का प्रावदा की रिपोर्ट में 100 से ज्यादा एड्स और हेपेटाइटिस बीमारी से पीड़ित कैदियों के प्राइवेट आर्मी में भर्ती होने की बात कही गई है।

**अमेरिकी न्यूज एजेंसी 'द डेली बीस्ट' की रिपोर्ट:** द डेली बीस्ट ने अपनी इन्वेस्टिगेटिव रिपोर्ट में कहा है कि रूस में रेप के दोषी, समलैंगिक और संक्रामक रोगों से पीड़ित कैदियों को जबरन मोर्चे पर लड़ने के लिए भेजा जा रहा है।

रूसी प्राइवेट आर्मी को एचआईवी मरीजों की सेना में भर्ती करने की नौबत क्यों आई?

अमेरिकी इंटेलिजेंस के मुताबिक रूसी सेना में सैनिकों की भारी कमी हो गई है। ऐसे में लंबे समय तक जंग में टिके रहने के लिए जेल में बंद खूंखार अपराधियों और बीमारों का सहारा लिया जा रहा है।

द डेली बीस्ट के अनुसार रूस के जेलों में अभी भी सोवियत के समय जैसा ही भेदभाव होता है। यहां रेपिस्ट, समलैंगिक और संक्रामक बीमारी के मरीजों को 'द शेम्ड' कहते हैं। जेल में इनके साथ मारपीट और भेदभाव होता है। ऐसे में आसानी से वैगनर आर्मी में भर्ती कर इन्हें जंग के मैदान में झोंका जा सकता है।

एक कैदी के हवाले से रिपोर्ट में दावा किया गया है कि वैगनर आर्मी में इन मरीजों की भर्ती जंग के मैदान में मरने के लिए ही किया जा रहा है। दरअसल, रूस पूर्वी यूक्रेन में एक 200 किलोमीटर लंबी डिफेंसिव लाइन यानी सुरक्षा घेरा तैयार कर रहा है। फ्रंटलाइन पर इसकी जिम्मेदारी प्राइवेट आर्मी को सौंपी गई है।

**रूस की खूंखार प्राइवेट आर्मी है वैगनर**

वैगनर रूस की प्राइवेट आर्मी है, जो सिर्फ और सिर्फ राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन के इशारे पर काम करती है। वैगनर ग्रुप की शुरुआत रूसी सेना के एक पूर्व अधिकारी दिमित्री उत्कीन ने साल 2014 में की थी। ये वो वक्त था जब रूस क्रीमिया पर कब्जा करने की तैयारी कर रहा था। दिमित्री चेचन युद्ध के समय हीरो बनकर उभरे थे। उन्होंने रूसी खुफिया सेवा में भी काम किया था।

ऐसे में रिटायर होने के बाद उन्होंने इस प्राइवेट सेना की नींव रखी। इसमें पूर्व सेना के जवान और जेल से रिहा हुए खूंखार हत्यारों को शामिल किया गया था।

**पुतिन के दोस्त येवगेनी के पैसे से ऑपरेट होता है वैगनर**

यूरोपीय संघ और अमेरिकी ट्रेजरी विभाग दोनों ने दावा किया है कि रूसी प्राइवेट आर्मी वैगनर इस समय पुतिन के करीबी दोस्त और आईटी क्षेत्र के बड़े कारोबारी येवगेनी विक्टरोविच प्रिगोझिन के पैसे से चल रहा है। हालांकि, पुतिन और उसके दोस्त ने इस दावे को गलत बताया है।

राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के दफ्तर क्रेमलिन ने कई मौकों पर कहा है कि प्राइवेट आर्मी वैगनर से रूस सरकार का कोई लेना-देना नहीं है। जबकि अंग्रेजी अखबार डेली स्टार ने अपनी रिपोर्ट में दावा किया है कि क्रेमलिन रूस में भाड़े के प्राइवेट आर्मी को बढ़ावा दे रहा है।




**पुतिन के इशारे पर वैगनर ने कई मिशन अंजाम दिए**

पुतिन के आदेश पर यह प्राइवेट पैरामिलिट्री संगठन दुनियाभर में क्रूर और भयानक मिशन को अंजाम दे चुका है। सेंट्रल अफ्रीकन रिपब्लिक यानी कार की लड़ाई इसका उदाहरण है। यहां पुतिन के इशारे पर इन प्राइवेट लड़ाकों की फौज ने कथित तौर पर 100 से ज्यादा युद्ध अपराध की घटनाओं को अंजाम दिया था। इन्होंने वहां के लोगों का न सिर्फ टॉर्चर किया बल्कि रेप और हत्या जैसी घटना को भी अंजाम दिया।

इसके अलावा सीरिया के खशम शहर में 7 फरवरी 2018 को इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक के आतंकियों और प्राइवेट रूसी आर्मी के बीच जबरदस्त लड़ाई हुई थी। इस क्षेत्र में मजबूती से अपनी जड़ें जमा चुके आतंकियों को निकालना सीरिया सरकार के लिए मुश्किल था। ऐसे में रूसी प्राइवेट आर्मी वैगनर ने इस मिशन को सफल तरीके से अंजाम दिया और इस्लामिक स्टेट के आतंकियों को मैदान छोड़कर भागना पड़ा था।

वैगनर आर्मी को 2015 में सीरिया और 2016 में लीबिया में सक्रिय पाया गया था। 2017 में रूसी प्राइवेट आर्मी को मध्य अफ्रीकी गणराज्य ने हीरे की खदानों की रक्षा करने का टेंडर दिया था। 2021 में पश्चिम अफ्रीका के देश माली में इस्लामी आतंकवादियों के खिलाफ सुरक्षा के लिए वैगनर के खूंखार जवानों की तैनाती की गई थी।

यूनाइटेड नेशन और फ्रांस की सरकार भी प्राइवेट रूसी सैनिक वैगनर पर मध्य अफ्रीकी गणराज्य में रेप और डकैती करने का आरोप लगा चुकी है। यही वजह है कि यूरोपीय यूनियन वैगनर पर पाबंदी लगा चुका है।

**जंग शुरू होने से पहले रूस ने वैगनर को भेजा था यूक्रेन**

किंग्स कॉलेज लंदन में युद्ध मामलों के एक्सपर्ट प्रोफेसर ट्रेसी जर्मन के मुताबिक 1,000 भाड़े के सैनिकों को डोनेट्स्क और लुहान्स्क में रूसी समर्थक उग्रवादियों को उकसाने के लिए भेजा गया था।

इसके अलावा ब्रिटेन के रक्षा मंत्रालय ने भी दावा किया है कि रूसी सैनिक यूक्रेन की जमीन जीतने के बाद वैगनर समूह को वहां सुरक्षा की जिम्मेदारी सौंपते हैं। अलजजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक यूक्रेन जंग में टिके रहने के लिए रूस पूरी तरह से वैगनर पर निर्भर हो गया है।

**रूसी वैगनर की तरह यूक्रेन के पास भी है प्राइवेट आर्मी 'अजोव'**

2014 में वैगनर की शुरुआत के बाद यूक्रेन ने रूस के इरादे को भांप लिया था। इसके बाद इसी साल यूक्रेन में भी प्राइवेट आर्मी अजोव की शुरुआत हुई। इसका उद्धेश्य पूर्वी यूक्रेन में रूस समर्थक विद्रोहियों के खिलाफ सेना के बजाय 'अजोव' के जवानों को उतारना था। शुरुआत में यह कट्टर राष्ट्रवादी लड़ाकों का रेजिमेंट था। बाद में इससे यूक्रेन के आम नौजवानों को भी जोड़ा जाने लगा।

2019 में अमेरिकी संसद अजोव को 'आतंकवादी संगठन' का दर्जा देने वाली थी, लेकिन बाद में ऐसा नहीं हुआ। जर्मनी के आंदोलनों में भी अजोव की भूमिका सामने आई थी। अगस्त 2022 में रूस के सबसे बड़े अदालत ने अजोव को आतंकवादी संगठन घोषित किया है।

**7 महीने से जारी जंग के बाद यूक्रेन में भी हो रही सैनिकों की कमी**

रूस की तरह ही यूक्रेन में भी जंग लड़ने वाले पुरुष सैनिकों की संख्या में लगातार कमी हो रही है। डीडब्ल्यू की रिपोर्ट के मुताबिक यूक्रेन के शहरों में भी सन्नाटा पसरा हुआ है। सड़कों और बाजारों में पुरुष न के बराबर नजर आते हैं। देश में रहने वाले ज्यादातर पुरुष या तो सीमा पर हैं या फिर अपने व्यवसाय में लगे हैं। इसे दो बातों से समझा जा सकता है

**पहला:** यूक्रेन सरकार ने महिलाओं और बच्चों को देश छोड़कर जाने की इजाजत तो दी है, लेकिन पुरुषों के देश छोड़ने पर पूरी तरह से पाबंदी है।

**दूसरा:** रूस की तरह ही यूक्रेन में भी 18 से 60 साल के उम्र के पुरुषों की सेना में जबरन भर्ती की जा रही है। यही नहीं अपनी इच्छा से यूक्रेन और बाहरी देशों के पुरुष भी वॉलंटियर सैनिक के तौर पर सेना में शामिल हो रहे हैं।

# न्यूट्रीशन से भरपूर है मूली

## खाने से कंट्रोल में रहता है ब्लड प्रेशर और शुगर लेवल, मूली के पत्ते भी फायदेमंद



एक्सक्लूसिव डेस्क, 4 नवंबर। मूली एक जड़ वाली सब्जी है जिसे लोग आमतौर पर सलाद के रूप में खाते हैं। मूली की कई रेसिपीज खाने का स्वाद बढ़ा देती हैं। मूली का पराठा, मूली का अचार और भी बहुत कुछ। मूली में ऐसे कई पोषक तत्व पाए जाते हैं जो सेहत को लाभ पहुंचाते हैं। डाइटीशियन स्वाति विश्नोई से जानते हैं मूली और उसके पत्तों की खूबियां।

**ब्लड शुगर कंट्रोल करे**

मूली में ऐसे न्यूट्रीशन पाए जाते हैं जो डायबिटीज को मैनेज करते हैं। यह ग्लूकोज को बढ़ाते हैं और ब्लड शुगर के लेवल को कंट्रोल करते हैं। मूली में एक ऐसा बायो एक्टिव कंपाउंड पाया जाता है जो एडिपोनेक्टिन हार्मोन को कंट्रोल कर ब्लड शुगर लेवल को रेगुलेट करता है। मूली में पोटेशियम उच्च मात्रा में होता है, जो ब्लड प्रेशर लेवल को कंट्रोल करने और दिल को ठीक से काम करने में मदद करता है। इनमें एंथोसाइन नामक कंपाउंड होता है, जो ब्लड सर्कुलेशन और लो ब्लड प्रेशर में सुधार करने में मदद करता है।

**पेट के लिए फायदेमंद**

मूली में घुलनशील और अघुलनशील फाइबर दोनों होते हैं जो गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल ट्रैक्ट के लिए बहुत फायदेमंद हैं। फाइबर आंतों से गंदगी बाहर निकालने में मदद करता है और कब्ज से भी छुटकारा दिलाता है।

**कैंसर से बचाव करे**

मूली कैंसर रोधी होती है। शोध के मुताबिक, इसमें ऐसे कंपाउंड पाए जाते हैं जो पानी के साथ मिलाने पर आइसोथियोसाइनेट में टूट जाते हैं, जोकि कैंसर पैदा करने वाले पदार्थों और ट्यूमर के विकास को रोकने में मदद करते हैं।

सर्दियों में जरूर पिएं मूली के पत्तों का जूस, कई बीमारियां दूर रहती हैं। मूली के पत्ते में खून साफ करने का गुण होता है।

**मूली के पत्तों का जूस**

विंटर में मूली के पराठे, सलाद, मूली के पत्ते की सब्जी तो जरूर खाई होगी, लेकिन मूली के पत्ते का जूस बनाकर पीना सेहत के लिए फायदेमंद होता है। रोजाना मूली के पत्तों का जूस पीने से कई बीमारियां दूर रहती हैं। मूली के पत्तों में भरपूर मात्रा में आयरन और फॉस्फोरस पाया जाता है जो इम्यूनिटी बढ़ाने में मदद करता है। यह एनीमिया और हीमोग्लोबिन की कमी को दूर करता है।

इजेशन को दुरुस्त रखने के लिए फाइबर का सेवन बहुत जरूरी है और मूली के पत्तों में फाइबर की पर्याप्त मात्रा पाई जाती है। डाइजेशन कमजोर है तो रोजाना मूली के पत्तों से बने रस का सेवन करें। इसके अलावा, मूली के पत्ते का जूस गठिया, बवासीर, शुगर, पीलिया जैसी कई बीमारियों में फायदेमंद होता है। मूली से ज्यादा मूली के पत्ते में पौष्टिक तत्व होते हैं। मूली के पत्तों में प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट, क्लोरीन, सोडियम, आयरन, मैग्नीशियम जैसे पोषक तत्वों के साथ विटामिन ए, विटामिन बी और विटामिन सी जैसे जरूरी पोषक तत्व भी पाए जाते हैं जो सर्दियों में शरीर को होने वाली कई समस्याओं से बचाने में मदद करते हैं।

**इम्यूनिटी बढ़ाए-** मूली के पत्तों में भरपूर मात्रा में आयरन और फॉस्फोरस पाया जाता है जो इम्यूनिटी बढ़ाने में मदद करता है। यह एनीमिया और हीमोग्लोबिन की कमी को दूर करता है।

**डाइजेशन सिस्टम दुरुस्त करे-** डाइजेशन सिस्टम को दुरुस्त रखने के लिए फाइबर का सेवन बहुत जरूरी है और मूली के पत्तों में फाइबर की पर्याप्त मात्रा पाई जाती है। डाइजेशन कमजोर है तो रोजाना मूली के पत्तों से बने रस का सेवन करें।

**लो ब्लड प्रेशर की समस्या दूर करे-** लो ब्लड प्रेशर के मरीजों के लिए मूली के पत्तों का रस बहुत फायदेमंद माना जाता है। इसमें मौजूद सोडियम की मात्रा बॉडी में नमक की कमी को पूरा करती है और इस समस्या को ठीक करती है।

**खून साफ करे-** मूली के पत्ते में खून साफ करने का गुण होता है, जिस वजह से स्किन पर दाने, खुजली, फुंसियां, पिंपल्स नहीं होते। बवासीर में फायदेमंद- मूली के पत्ते के सेवन से शरीर में इन्फ्लेमेशन की समस्या दूर होती है। ऐसे में बवासीर की समस्या को दूर करने के लिए मूली के पत्ते के रस का सेवन किया जा सकता है।

**ऐसे बनाएं मूली के पत्ते का जूस-** मूली के पत्ते को 2-3 बार साफ पानी से धो लें। इन पत्तों को छोटे-छोटे टुकड़ों में काटकर मिक्सी में पीस लें। इसमें काला नमक, एक चुटकी काली मिर्च पाउडर और नींबू का रस मिलाएं।

# दो कांग्रेस विधायकों पर ईडी-आईटी की रेड

## बेरमो विधायक बोले- बीजेपी की बात नहीं मानने वालों पर रेड, प्रदीप यादव के ठिकानों पर भी छापेमारी

रांची, 4 नवंबर (एजेंसियां)। झारखंड में दो कांग्रेस विधायकों पर ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) और आयकर विभाग ने शुक्रवार को एक साथ कार्रवाई की। कांग्रेस विधायक कुमार जयमंगल सिंह उर्फ अनूप सिंह और प्रदीप यादव के घर और उनसे जुड़े लोगों के ठिकानों पर छापा मारा गया। रांची, बोकारो गोड्डा में 9 जगहों पर छापे पड़े हैं। यह कार्रवाई कोयले से जुड़ा है।

प्रदीप यादव पौड़ैयाहाट से कांग्रेस विधायक हैं, वहीं कुमार जयमंगल सिंह बेरमो से विधायक हैं। कोयला व्यवसायी अजय कुमार सिंह के घर पर भी ईडी की टीम ने दबिश दी। अजय विधायक अनूप सिंह के करीबी हैं। शिवशंकर यादव के यहां भी छापे पड़े हैं। कांग्रेसी नेताओं के अलावा रांची स्थित न्यूक्लियस मॉल के मालिक विष्णु अग्रवाल के ठिकानों पर भी छापेमारी चल रही है। रांची में टीमें 8 गाड़ियों से पहुंची हैं। टीम दोनों विधायकों के गोड्डा, रांची के कांके रोड और डोरंडा स्थित नौ ठिकानों पर छापे मारे हैं।

**बीजेपी की बात नहीं मानने पर रेड होगी- जयमंगल सिंह**

आईटी की रेड को लेकर कुमार जयमंगल सिंह ने कहा- मेरे बेरमो आवास और पटना आवास पर आयकर विभाग की छापेमारी चल रही है। जो नेता भाजपा की बात नहीं मानेंगे उनके यहां रेड डाली जाएगी।




बता दें कि जिस वक्त आईटी विभाग की टीम पहुंची अनूप सिंह अपने घर पर मौजूद नहीं थे। घर पर सिर्फ उनकी मां मौजूद थीं। बेरमो में कुछ और लोगों के ठिकानों की तलाश आईटी की टीम कर रही है। इनमें बड़े कारोबारियों के नाम शामिल हैं।

अनूप सिंह के बेरमो स्थित आवास पर रेड करने पहुंची आईटी की टीम की गाड़ी पर बीजेपी का स्टीकर होने से चर्चा तेज हो गई है। गाड़ी का नंबर जेएच01एल 5626 है। जो किसी दिनेश महतो के नाम पर है। ये इसके सेकंड ऑनर हैं। जब यह गाड़ी बेरमो विधायक के घर रेड के लिए पहुंची तो गाड़ी के शीशे पर बीजेपी का स्टीकर लगा हुआ था। चर्चा होने के बाद आईटी टीम में शामिल कुछ अधिकारियों ने आनन-फानन में स्टीकर निकाल दिया है।

**राज्य में चढ़ा राजनीतिक पारा**

झारखंड में ईडी और आयकर विभाग की यह बड़ी कार्रवाई है। ईडी के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को समन भेजे जाने के बाद राज्य में राजनीति तेज है। आयकर की छापेमारी को लेकर कांग्रेस प्रवक्ता राजीव रंजन ने कहा कि ये बीजेपी की साजिश है। लगातार गैर बीजेपी शासित सरकारों को अस्थिर करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने सवाल किया कि क्या बीजेपी के सारे नेता पाक साफ है। उनके खिलाफ कभी कोई कार्रवाई क्यों नहीं होती है।

**न्यूक्लियस मॉल के मालिक विष्णु अग्रवाल और शाह ब्रदर्स पर भी शिकंजा**

झारखंड के रियल स्टेट कारोबारी विष्णु अग्रवाल, चाईबासा के लौह अयस्क कारोबारी राजकुमार शाह (शाह ब्रदर्स) और बेरमो के कोयला कारोबारी अजय सिंह के यहां भी छापेमारी हुई है। इनकम टैक्स के अधिकारियों ने राजकुमार शाह के जमशेदपुर के बिष्टुपुर सर्किट स्थित आवास, पोटका स्थित शाह स्पंज कंपनी और आदित्यपुर इंडसट्रियल एरिया स्थित स्कोडा शोरूम में एकसाथ दबिश दी है। रांची के बरियातू में आर्मी की लगभग 50 एकड़ जमीन को फर्जी दस्तावेजों के आधार पर हड़पने की कोशिश मामले में कई सीओ और रजिस्ट्रार भी ईडी की रडार पर हैं।

# बालू माफिया का पुलिस पर हमला

## पथराव में मजिस्ट्रेट समेत आधा दर्जन पुलिस जवान घायल

जमुई, 4 नवंबर (एजेंसियां)। जमुई सदर थाना क्षेत्र में अवैध बालू कारोबार के खिलाफ कार्रवाई करने गई पुलिस टीम पर बालू कारोबारियों ने हमला कर दिया। इस दौरान दर्जनों की संख्या में बालू कारोबारियों ने पुलिस टीम को घेर लिया और उनपर जमकर पथराव किया। इस घटना में एक मजिस्ट्रेट, एक पुलिस पदाधिकारी सहित आधा दर्जन पुलिस जवान घायल हो गए।

घायलों में सिंचाई विभाग के कनीय अभियंता सह मजिस्ट्रेट शिवम कुमार मृत्युंजय, टाउन थाना के एसआई श्यामल किशोर साह, सिपाही पंकज कुमार और योगेंद्र कुमार के अलावा अन्य पुलिस कर्मी शामिल हैं। जानकारी के अनुसार पुलिस को यह सूचना मिली थी कि सदर थाना क्षेत्र में अवैध रूप से बालू का कारोबार किया जा रहा है। जिसे लेकर एक विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया तथा सिंचाई विभाग के कनीय अभियंता सहित अन्य पुलिस पदाधिकारियों को उसमें शामिल किया गया था।

उक्त टीम के द्वारा ही छट्ठु धनामा गांव में बालू तस्करी रोकने के लिए छापेमारी की जा रही थी। जैसे ही पुलिस उक्त गांव में पहुंची उन्होंने अवैध बालू लदे दो ट्रैक्टर को देखकर उसका पीछा करना प्रारंभ किया तथा दोनों को पकड़ लिया।

इस दौरान वहां मौजूद बालू माफिया ने बड़ी संख्या में पुलिस टीम को चारों तरफ से घेर लिया और उन पर जमकर पत्थरबाजी करने लगे जिससे मजिस्ट्रेट सहित आधा दर्जन पुलिसकर्मी घायल हो गए हालांकि दोनों ट्रैक्टर को जब्त कर पुलिस थाना लेकर आ गई है।

# अनिल सहनी को मिली दिल्ली हाईकोर्ट से राहत

## पूर्व विधायक ने विधानसभा अध्यक्ष से लगायी सदस्यता बहाल करने की गुहार

पटना, 4 नवंबर (एजेंसियां)। दिल्ली हाईकोर्ट ने बिहार विधानसभा के पूर्व सदस्य और कुढ़नी के विधायक अनिल सहनी को राहत दी है। दिल्ली हाइकोर्ट ने अनिल सहनी को अवकाश एवं यात्रा भत्ता घोटाला मामले में दी गयी तीन साल की सजा को निलंबित कर दिया है। अदालत से स्टे मिलने के बाद पूर्व विधायक ने राहत की सांस ली है। अदालत से मिली इस राहत के बाद पूर्व विधायक अनिल सहनी ने विधानसभा अध्यक्ष से मुलाक़ात की और उन्हें एक ज्ञापन सौपा है।

अपने ज्ञापन में अनिल सहनी ने विधानसभा अध्यक्ष से गुहार लगायी है कि निचली अदालत के फैसले के निलंबन तक उन्हें विधायक का ओहदा दिया जाये। उन्होंने कहा कि दिल्ली हाइकोर्ट ने उस फैसले को निलंबित कर दिया है, जिसके आलोक में आप के आदेश से प्रभारी सचिव ने 13 अक्टूबर को कुढ़नी विधानसभा की सदस्यता खत्म कर दी थी।

दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश (9 सितंबर व 18 अक्टूबर) के आलोक में अगली तिथि तक निचली अदालत के फैसला को निलंबित किया गया है। ऐसे में अंतिम फैसला आने तक विधानसभा की सदस्यता को बहाल की जाये।

सहनी ने अनुरोध किया है कि विधानसभा अपने स्तर से उच्च न्यायालय नयी दिल्ली के आदेश का अध्ययन कर भारत निर्वाचन आयोग व मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी पटना के साथ सभी विभागों को इस आदेश से अवगत कराये।

# स्वर्ण कारोबारी लापता परिजनों ने जताई अपहरण की आशंका, जांच में जुटी पुलिस

आरा, 4 नवंबर (एजेंसियां)। भोजपुर जिले से एक बड़े स्वर्ण कारोबारी के लापता होने की सूचना है। परिजनों ने वैसे अपहरण की आशंका जतायी है। जिला मुख्यालय आरा के कारोबारी डॉ हरी जी गुप्ता गुरुवार की दोपहर से ही लापता हैं। जब देर शाम तक वह घर नहीं लौटे, तो आखिरकार परिजनों ने पुलिस में शिकायत दर्ज करायी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस का कहना है कि फोन का आखिरी लोकेशन आरा से 20 किलोमीटर दूर बिहिया के आसपास का बताया जा रहा है। जल्द ही उन्हें बरामद कर लिया जायेगा। परिजनों के मुताबिक गुरुवार की दोपहर हरि जी गुप्ता मोती टोला बलुआही स्थित अपनी दुकान से मोटर पार्ट्स के दुकानदार अमरलाल से किराया लेने के लिए निकले थे। उसके बाद उनका कोई अता-पता नहीं हैं। उनका मोबाइल फोन भी स्विच ऑफ आ रहा है। जब देर रात तक वो घर वापस नहीं लौटे तो परिजनों ने पुलिस को उनके लापता होने की सूचना दी है। उनकी पत्नी ललिता गुप्ता ने उनके अपहरण की आशंका जताई है, लेकिन परिवार को किसी प्रकार की फिरौती संबंधी फोन नहीं आया है।

# बीजेपी के कई नेता जदयू के संपर्क में

## उपेंद्र कुशवाहा के बाद अब जदयू के इस नेता ने किया दावा

पटना, 4 नवंबर (एजेंसियां)। एक मशहूर कहावत है, जब दो दोस्त दुश्मन बनते हैं और जब उन दोनों के बीच लड़ाई होती है तो वह देखने लायक होता है। बिहार की सियासत में भी कमोबेश यही हालात बने हुए है। दरअसल, बीते दिनों बिहार विधानसभा उपचुनाव को लेकर बीजेपी के नेताओं ने जदयू के खिलाफ बयान दिया था। इसके बाद जदयू संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा ने बयान दिया था कि बीजेपी के कई नेता जदयू के संपर्क में हैं और बीजेपी में कभी भी खलबली मच सकती है। उपेंद्र कुशवाहा के बाद बीजेपी के राज्यसभा सांसद सुशील मोदी ने पलटवार करते हुए कहा था कि वह लिखकर देने को लिए तैयार हैं। जदयू-राजद का विलय होना तय है। अब सुशील मोदी के इस बयान पर मंत्री अशोक चौधरी ने निशाना साधा है। अशोक चौधरी ने कहा कि अगर बीजेपी लिखकर देने के लिए तैयार है, तो वे 'एफिडेविट करवा कर दे सकते हैं कि बीजेपी के लोग हम लोगों के संपर्क में हैं''। अशोक चौधरी के इस बयान के बाद बिहार में एक बार फिर से सियासी बायनबाजी बढ़ गयी है। बता दें कि बिहार में महागठबंधन की सरकार बनने के बाद से ही दोनों दलों के बीच एक दूसरे को नीचा दिखाने के लिए लगातार बयानबाजी जारी है।



**'बीजेपी नेताओं के बयान पर जवाब देना जरूरी नहीं'**

जदयू के वरीय नेता मंत्री अशोक चौधरी ने कहा कि बीजेपी के कई दिग्गज नेता हमारे संपर्क में है। वे इस बात का एफिडेविट करवा कर दे सकते हैं। अशोक चौधरी ने आगे कहा कि बीजेपी के नेता जदयू को डेमोरलाइज करने के लिए बार-बार कुछ न कुछ बयानबाजी करते रहते हैं। बीजेपी नेताओं के बयान को वे अहमियत नहीं देते हैं। इसलिए बीजेपी के नेताओं के बयान पर जवाब देना जरूरी नहीं है। बता दें कि भवन निर्माण मंत्री अशोक चौधरी शुक्रवार को जेडीयू कार्यालय में जनता दरबार में पहुंचे थे। उनके साथ मंत्री सुमित सिंह भी थे।

**सुशील मोदी हो गए हैं ज्योतिषाचार्य'**

बता दें कि बीते दिनों सुशील मोदी ने राजद-जदयू के विलय होने का दावा किया था। इस सवाल पर मंत्री अशोक चौधरी ने कहा कि सुशील मोदी अब ज्योतिषाचार्य हो गए हैं। हमको यह पता नहीं है कि वे राजनीति में भविष्यवाणी भी करने लगे हैं। उन्होंने आगे कहा कि बीजेपी के कुछ नेता जनता के बीच भ्रम फैलाने की कोशिश कर रहे हैं। न तो जदयू के नेताओं ने और न ही राजद के नेताओं ने विलय को लेकर कुछ कहा है।



गुजरात में चलेगा अब गहलोत मॉडल

# आज से गुजरात दौरे पर सीएम गहलोत



जयपुर, 4 नवंबर (एजेंसियां)। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत कल से गुजरात के तीन दिवसीय चुनावी दौरे पर जा रहे हैं। सीएम गहलोत कल शनिवार को सुबह 10 बजे जयपुर से अहमदाबाद के लिए रवाना होगें। प्रस्तावित कार्यक्रम के तहत सीएम गहलोत 10 जनसभाओं को संबोधित करेंगे। सीएम का सरदार वल्लभाई पटेल की जन्मस्थली पर भी जाने का कार्यक्रम है। बता दें, कांग्रेस आलाकमान ने गहलोत को सीनियर पर्यवेक्षक बनाया है। सीएम गहलोत कांग्रेस के पक्ष में माहौल बनाने में जुटे हैं। पिछले चुनाव में भी सीएम गहलोत ने चुनाव में फिजा बदली थी, इस बार कांग्रेस आलाकमान ने फिर बड़ी जिम्मेदारी है।

## गहलोत की योजनाओं का दिखेगा असर

सीएम गहलोत के योजनाओं का असर भी गुजरात कांग्रेस के चुनाव घोषणा पत्र में दिखाई देगा। पुरानी पेंशन योजना की बहाली, 300 यूनिट फ्री बिजली, मुफ्त में इलाज जैसी योजनाओं को कांग्रेस के चुनाव घोषणा पत्र में शामिल किया जाएगा। सीएम गहलोत ने हाल ही में गुजरात का दौरा किया था। जिसमें संकेत दिए है कि गुजरात में कांग्रेस की सरकार बनने पर पुरानी पेंशन योजना बहाल की जाएगी। इससे कर्मचारियों और पेंशनर्स को रात मिलेगी।

## गहलोत के लिए गुजरात चुनाव अहम

उल्लेखनीय है कि गुजरात चुनाव में प्रचार का दारोमदार सीएम गहलोत के कंधों पर ही है। सीएम गहलोत कहने पर ही कांग्रेस आलाकमान ने रघु शर्मा को गुजरात का प्रभारी बनाया है। गहलोत कैबिनेट के आधा दर्जन से अधिक मंत्रियों को गुजरात चुनाव में प्रचार का जिम्मा दिया गया है। इस बार गुजरात चुनाव गहलोत बनाम मोदी के बीच होने के पूरे आसार है। गुजरात विधानसभा के चुनाव सीएम अशोक गहलोत के लिए काफी अहम माने जा रहे है।

## पीएम मोदी के कार्यक्रम के बाद डीएसपी और सीआई भिड़े

उदयपुर, 4 नवंबर (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक नवंबर को बांसवाड़ा के मानगढ़ धाम में आए थे। उसी दिन सभा के बाद डीएसपी और सीआई आपस में भिड़ गए। दोनों के बीच जमकर गाली-गलौज हुई। इस मामले का वीडियो भी सामने आया है। आईजी प्रफुल्ल कुमार ने शिकायत मिलते ही एएसपी अंजना सुखवाल को जांच करने की जिम्मेदारी दे दी है।

मामला थोड़ा चकित कर देने वाला है। एक नवंबर का यह वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। दरअसल, इसमें अभय कमांड उदयपुर के डीएसपी विवेक सिंह राव और सागवाड़ा के थाना अधिकारी शैलेंद्र सिंह के बीच गाली-गलौज होती सुनाई दे रही है। राव और सिंह एक-दूसरे को भद्दी-भद्दी गालियां दे रहे हैं। मारने भी दौड़ रहे हैं। अन्य पुलिस कर्मचारी और अधिकारी बीच-बचाव करते दिख रहे हैं।

# दिव्या मदेरणा बोलीं-मंत्री महेश जोशी अनुशासनहीनता की गौरव गाथा लिख रहे हैं



जयपुर, 4 नवंबर (एजेंसियां)। राजस्थान में सियासी बयानबाजी के बीच कांग्रेस विधायक दिव्या मदेरणा ने गहलोत कैंप के मंत्री महेश जोशी पर फिर हमला बोला है। आईएएस अफसरों की एसीआर मामले में दिव्या मदेरणा ने निशाने पर ले लिया।

दिव्या मदेरणा ने ट्वीट कर कहा- वह अधिकारियों की एसीआर तो नहीं लिखते, अनुशासनहीनता की गौरव गाथा जरूर लिख रहे हैं। एक मंत्री दूसरे मंत्री की बात काट रहा है, कितनी भी असहमति हो ,लेकिन मंत्रिमंड़ल में इस तरह का शिष्टाचार तो होना चाहिए। दिव्या ने तंज कसा ऐसे हालात में हम सरकार रिपीट कैसे कर पाएंगे।

**दिव्या मदेरणा के निशाने पर गहलोत कैंप**

बता दें, ओसियां से कांग्रेस विधायक दिव्या मदेरणा गहलोत कैंप के मंत्री महेश जोशी को लगातार निशाने पर ले ही है।

ताजा मामला आईएएस अफसरों की एसीआर से जुड़ा है। दरअसल, मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने आईएएस अफसरों की एसीआर भरने का अधिकार विभागीय मंत्रियों को देने की मांग की है। जिसका मंत्री महेश जोशी ने विरोध किया है।

महेश जोशी ने कहा कि उनके विभाग में सब कुछ ठीक है। एसीआर भरने की जरुरत नहीं है। दिव्या मदेरणा ने इसी को आधार बनाकर जलदाय मंत्री महेश जोशी पर निशाना साधा है।

**कांग्रेस में जारी है बयानबाजी का दौर**

राजस्थान में 25 सितंबर को कांग्रेस विधायक दल की बैठक का बहिष्कार करने का बाद से ही दिव्या मदेरणा मंत्री शांति धारीवाल और महेश जोशी पर हमलावर है। दिव्या मदेरणा का कहना है कि वह कांग्रेस आलाकमान समर्थक है। किसी गुट में शामिल नहीं है। जानकारों का कहना है कि दिव्या मदेरणा मंत्री शांति धारावील और महेश जोशी को आधार बनाकर सीएम गहलोत को निशाने पर ले ही है।

पटरियों पर लेटे पति-पत्नी

## बोले-हमें मर जाने दो, बच्चे नहीं हैं-इसलिए साथ मरने की जिद

ट्रेन की कम स्पीड के कारण जिंदा बचे




अलवर, 4 नवंबर (एजेंसियां)। अलवर में एक बुजुर्ग दंपती के मरने की जिद ने सभी को झकझोर कर रख दिया है। ट्रेन का इंतजार करते हुए यह कपल जब पटरियों पर लेटा तो तब भी चेहरे पर कोई डर या शिकन नहीं थी। एक-दूसरे का हाथ थामे हुए केवल दूर से आती ट्रेन की गड़गड़ाहट पटरियों पर महसूस करता रहा। उसे उम्मीद थी कि जिंदगी के इस पड़ाव में अकेलेपन के दर्द से उन्हें आज छुटकारा मिल जाएगा, लेकिन भगवान को शायद यह मंजूर न था। कुछ मीटर दूर पटरियों की मरम्मत में लगे ट्रैकमैन ने उन्हें बचा लिया, लेकिन वह मरने की जिद करते रहे और वहां से जाने से मना कर दिया। आखिरी काफी समझाइश के बाद उन्हें एक वृद्धाश्रम में पहुंचाया गया है। मामला अलवर के हसन खां मेवात नगर में गुरुवार का है। रेलवे के इंजीनियर डिपार्टमेंट के ट्रैकमैन मुकेश ने बताया कि सुबह करीब आठ बजे ट्रैक पर काम करने के दौरान उसकी नजर पटरी पर लेटे एक बुजुर्ग बाबू सिंह (82) और छोटी देवी (80) पर पड़ी। जिस ट्रैक पर वे थे उस पर गरीब रथ एक्सप्रेस आ रही थी। रिपेयरिंग के काम के कारण ट्रेन की स्पीड केवल 30 किमी. प्रतिघंटा थी। ये सीन देखते ही मैं कपल की ओर दौड़ा और लोको पायलट से ट्रेन रुकने का इशारा किया। जानकारी के अनुसार बाबू सिंह चौकीदारी करते हैं। दोनों भरतपुर के कुम्हेर के किशनपुरा गांव के रहने वाले हैं।

गहलोत के मंत्री परसादी लाल मीना दौसा एसपी से बोले

# पुलिस निकम्मी है, हटा दीजिए

जयपुर, 4 नवंबर (एजेंसियां)। राजस्थान के स्वास्थ्य मंत्री परसादी लाल ने पुलिस पर निशाना साधा है। दौसा कलेक्ट्रेट में कलेक्टर-एसपी की मौजूदगी में मंत्री ने कहा- पुलिस गश्त छोड़कर हाईवे पर वसूली कर रही है।

मंडावरी थाने की पुलिस को निकम्मा तक बता दिया। ऐसे पुलिसकर्मी थाने में रहने लायक नहीं है। मंत्री परसादी गुरुवार को दौसा कलेक्ट्रेट में रिव्यू बैठक ले रहे थे। बैठक में कलेक्टर कमर चौधरी और एसपी संजीव नैन भी मौजूद थे। मंत्री यही नहीं रुके। कहा- 8 बदमाशों ने खूब उत्पात मचाया, कई घंटे तक मंडावरी कस्बे में रहे। बदमाश कई खेतों के तार काटते हुए डकैती की वारदातों को अंजाम देने आबादी क्षेत्र में पहुंचे थे। पुलिस को उसकी भनक भी नहीं लगी। वारदातों को अंजाम देते वक्त भी गश्त कर रहे पुलिसकर्मियों को पता नहीं चला। इन्हें हटा दीजिए।



**एसपी ने स्वास्थ्य मंत्री को दिया भरोसा**

स्वास्थ्य मंत्री के नाराज होने पर एसपी ने मंत्री को भरोसा दिलाते हुए कहा कि इस तरह की वारदात जयपुर ग्रामीण व टोंक जिलों में भी हुई है। ऐसे में आशंका है कि यह कोई बड़ी गैंग हो सकती है। एसपी ने कहा-वारदात का जल्द खुलासा कर बदमाशों को गिरफ्तार किया जाएगा। इससे पहले स्वास्थ्य मंत्री परसादी लाल मीना ने आरएएस अधिकारी शिवचरण मीना को गेट आउट कहते मीटिंग से बाहर निकाल दिया। दरअसल, स्वास्थ्य मंत्री गुरुवार को दौसा जिले के दौरे पर थे। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों की लेटलतीफी पर नाराजगी जताई। दौसा कलेक्ट्रेट में प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक के दौरान विधायक कोष से स्वीकृत किए कार्यों में लेटलतीफी को लेकर जिला परिषद के सीईओ शिवचरण मीणा को 'गेट आउट' कहते हुए मीटिंग से बाहर निकाल दिया।

**फटकार वाली घटना का वीडियो वायरल**

मंत्री फटकार का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। हालांकि, वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। चिकित्सा मंत्री परसादी लाल मीणा की नाराजगी को देखते हुए बिना देर किए आरएएस अधिकारी भी बैठक से निकलकर सीईओ जिला परिषद कार्यालय पहुंच गए, इस बीच उनको 'गेट आउट' करने वाली बात का वीडियो वायरल हो गया। मीणा ने बिजली-पानी सड़क, रसद समेत कई विभाग के अधिकारियों की भी क्लास लगाई. बैठक के आखिरी में पीएमओ डॉ. शिवराम मीणा से पूछा गया कि पिछले 2 महीनों से पीपीपी मोड पर संचालित लैब बंद हैं तो समय पर सूचना क्यों नहीं दी गई है।

## गिद्ध को परिवार से मिलाने प्लेन से जोधपुर लाए

**साढ़े 5 साल पहले कन्याकुमारी में बिछड़ा, अब 2600 कि.मी का हवाई सफर किया**




जोधपुर, 4 नवंबर (एजेंसियां)। स्पेन से आया एक गिद्ध कन्याकुमारी में अपने परिवार से बिछड़ गया। साढ़े पांच साल के इंतजार के बाद अब उसे परिवार से मिलाने के लिए प्लेन से गुरुवार दोपहर 2 बजे जोधपुर लाया गया है। करीब 12 घंटे के सफर में इसे भूखा रखा गया था। चेन्नई से जोधपुर पहुंचे गिद्ध को माचिया सफारी पार्क में छोड़ा गया। पहले इसी गिद्ध को कन्याकुमारी से जोधपुर (करीब 2600 किलोमीटर) शिफ्ट करने के लिए सड़क मार्ग की प्लानिंग बनाई गई थी, लेकिन एक महीने पहले हुए ट्रायल में उसके लिए खतरा बढ़ गया था। ऐसे में एयरलिफ्ट करने का प्लान बनाया। जोधपुर में भी इसे इनकी प्रजाति के बीच छोड़ने से पहले सर्वे किया जाएगा।

**साढ़े पांच साल इसे बच्चों की तरह रखा**

दरअसल, 2017 में स्पेन से आया सिनेरियस प्रजाति का यह गिद्ध कन्याकुमारी में अपने परिवार से बिछड़ गया था। जब यह झुंड कन्याकुमारी पहुंचा तो साइक्लोन की वजह से यह गिद्ध उड़ नहीं पाया। इसके बाद इसे उदयगिरी पार्क में रखा गया। इस बीच रिसर्च किया गया कि देश में इसके अनुकूल कौन सी जगह है। सामने आया जोधपुर इसके लिए सबसे बेहतर है। इतना ही नहीं जोधपुर में सिनेरियस प्रजाति के कई गिद्ध यहां आते हैं, इसके बाद इसे यहां लाने की प्लानिंग बनाई गई।

एक्सपर्ट के अनुसार वल्चर को उड़ान भरने के लिए हीट वेव की जरूरत होती है। साउथ का इलाका ठंडा होने की वजह से वहां गर्म हवाओं का असर न के बराबर होता है। ऐसे में वल्चर उड़ान नहीं भर पा रहा था। वाइल्ड लाइफ इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया देहरादून से इकॉलोजिस्ट की टीम ने जब रिसर्च किया तो पता चला ऐसा एरिया पश्चिमी राजस्थान या गुजरात में मिल सकता है, जहां सर्दियों में भी ये आसानी से उड़ान भर सकता है।

# जयपुर ग्रेटर मेयर के लिए रश्मि सैनी होंगी बीजेपी प्रत्याशी

## पहले सुखप्रीत बंसल का नाम फाइनल था, कांग्रेस से हेमा सिंघानिया उम्मीदवार



भाजपा की ओर से रश्मि सैनी (बाएं) और सुखप्रीत बंसल (दाएं) के नाम पर चर्चा चल रही थी।

जयपुर, 4 नवंबर (एजेंसियां)। जयपुर नगर निगम ग्रेटर में मेयर पद के चुनाव के लिए नामांकन भरने की आज आखिरी तारीख है। दोनों ही दलों ने अपने-अपने मेयर प्रत्याशी के लिए कल देर रात तक मंथन किया। सूत्रों की माने तो भाजपा की तरफ से रश्मि सैनी को मेयर पद का उम्मीदवार बनाया जा रहा है।

भाजपा में एन वक्त पर नाम बदला। पहले सुखप्रीत बंसल का नाम फाइनल था। वहीं, कांग्रेस ने हेमा सिंघानिया का नाम तय किया है। हालांकि पार्टी की तरफ से आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। भाजपा और कांग्रेस दोनों में ही देर रात तक मंथन किया गया था। कांग्रेस में भी एक-दो नामों पर चर्चा की गई। इसके बाद सिंघानिया का नाम तय किया गया।

**भाजपा से थे प्रबल दावेदार**

शील धाबाई, रश्मि सैनी, और सुखप्रीत बंसल का नाम भाजपा में सबसे आगे था। हालांकि शील धाबाई के नाम पर देर रात सहमति बन गई थी, लेकिन शुक्रवार सुबह फिर पार्टी ने इसमें बदलाव किया। हालांकि पार्टी ने चारों पार्षदों सुखप्रीत बंसल, शील धाबाई, रश्मि सैनी और भारती लख्यानी से फार्म भरवाए हैं।

**क्रॉस वोटिंग का खतरा**

रश्मि सैनी के नाम पर एक नेगेटिव फेक्टर विद्याधर नगर क्षेत्र के पार्षदों की नाजारगी है। यहां के 25 में से 12 से ज्यादा पार्षद नाराज है। सैनी वर्तमान में लाइट समिति की चेयरमैन हैं। उनके पति की दखलअंदाजी के चलते पार्षद उनसे नाराज हैं। वे पिछले दिनों सैनी के पति के खिलाफ प्रदर्शन भी कर चुके हैं।

## हमारे कुछ नेता घोटाला करने की वजह से ईडी और सीबीआई से डरते हैं : आचार्य प्रमोद

मानगढ़, 4 नवंबर (एजेंसियां)। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने मानगढ़ गौरव गाथा कार्यक्रम में शिरकत कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ की थी। जिसके बाद पीएम ने भी राजस्थान के सीएम की तारीफ की। इसको लेकर कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने सवाल उठाया। इसको लेकर सियासी पारा हाई हो गया। इसी विषय पर हो रही एक टीवी डिबेट के दौरान कांग्रेस नेता आचार्य प्रमोद ने राजस्थान के अपने ही नेताओं पर सवाल उठाए। जिस पर लोगों ने चुटकी ली। एक समाचार चैनल के कार्यक्रम में शामिल हुए आचार्य प्रमोद ने कहा कि राजस्थान के कांग्रेस के अंदर हमारे कई ऐसे मंत्री हैं, जिन्होंने हजारों – करोड़ों रुपए कमाए हैं... उन्होंने पैसा इकट्ठा कर लिया है इसलिए वह सीबीआई और ईडी की जांच से डरते हैं। वहीं कांग्रेस को खतरे में डाल रहे हैं। इसी विषय पर हम लोग चिंतन कर रहे हैं।

# मां-बाप और दो बेटों का मर्डर कर सुसाइड किया

## पिता को कुल्हाड़ी से मारा, बाकी परिजनों को नींद की गोलियां दे टैंक में फेंका

जोधपुर, 4 नवंबर (एजेंसियां)। जोधपुर में एक युवक ने पूरा परिवार की हत्या कर दी। इसके बाद खुद भी सुसाइड कर लिया। यह दिल दहला देने वाली वारदात लोहावट के पीलवां गांव की है। एक साथ 5 लाशें मिलने से गांव वालों में सनसनी फैल गई। शुरुआती जांच में सामने आया कि सनकी युवक दो दिन से अपने परिवार को नींद की गोलियां दे रहा था।

लोहावट थाना के सीआई बद्री प्रसाद ने बताया कि किसान शंकर लाल (38) ने गुरुवार शाम पहले अपने पिता सोनाराम (65) पर कुल्हाड़ी से हमला कर घायल कर दिया और मौके से भाग गया। सोनाराम को घायल देख कुछ लोगों ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया, जहां देर रात इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

घर पहुंचकर शंकर ने बाकी परिजनों के खाने में नींद की गोलियां मिला दीं। इससे सभी बेहोश हो गए तो सबसे पहले अपनी मां चंपा (55) को घर में बने पानी के टांके में फेंक दिया। उसका बेटा लक्ष्मण (14) भी वहीं सो रहा था, उसे भी पानी में फेंक दिया। शंकर का छोटा बेटा दिनेश (8) अपनी मां के पास सो रहा था, सुबह करीब 5 बजे उसे भी टांके में फेंक दिया। शुक्रवार सुबह लोगों ने पानी के टांके में शव तैरते देखे और पुलिस को सूचना दी। शंकर लाल को नशे की लत थी, वह अफीम का नशा करता था। उसकी अपनी पत्नी मैना से अनबन थी।

# शादी करना 25 फीसदी महंगा, जयपुर के 'बाबू' हाथी की डिमांड

## दो महीने में 1.50 लाख शादियां होगी, 10 हजार करोड़ का होगा कारोबार

जयपुर, 4 नवंबर (एजेंसियां)। आज देवउठनी एकादशी है। आज से बैंड-बाजा-बारात और शुभ मुहूर्त शुरू हो गए हैं। सभी तरह के मांगलिक कार्यों का शुभारंभ हो गया है। देवउठनी एकादशी पर आज स्वयं सिद्ध अबूझ मुहूर्त है। शादियों की भरमार है। राजस्थान में इस साल नवम्बर-दिसम्बर में करीब 1 लाख 50 हजार शादियां होंगी। जबकि पिछले साल नवंबर-दिसंबर में करीब 70 हजार ही शादियां हुई थीं।

नवंबर से लेकर मार्च तक विंटर वेडिंग सीजन में साढ़े 3 लाख से ज्यादा शादियां प्रदेश में होंगी। राजधानी जयपुर के अलावा उदयपुर, सवाईमाधोपुर, जोधपुर, कुम्भलगढ़, अलवर एरिया में कई डेस्टिनेशन वेडिंग होंगी। अगले 5 महीने में होने वाली इन शादियों के लिए मैरिज गार्डन, रिसॉर्ट, होटलों के बैंक्वेट और रूम्स की बुकिंग हो रही है। जो 25 फीसदी तक महंगे हो गए हैं। राजस्थान में पूरे शादी सीजन में करीब 10 हजार करोड़ के कारोबार की उम्मीद है। वहीं, इस सीजन में शादी के लिए जयपुर के हाथी बाबू की सबसे ज्यादा डिमांड है। इस बार गोल्ड ज्वेलरी, डायमंड, पोलकी (कुन्दन-मीना) का क्रेज अच्छा है। गोल्ड ज्वेलरी भी अच्छी बिक रही है। इस साल शादी में मेहमानों की संख्या और लिमिट को लेकर किसी तरह की कोविड गाइडलाइंस नहीं है। साथ ही नवंबर और दिसंबर 2022 में सबसे श्रेष्ठ मुहूर्त हैं। पिछले 2 साल के कोविड पीरियड के बाद यह किसी सीजन में होने वाली सबसे ज्यादा शादियां होंगी। माना जा रहा है कि इस बार बाजार में अब तक के खरीदारी के सभी रिकॉर्ड टूट जाएंगे। ज्वेलरी, वाहन, कपड़ों और शू, इलेक्ट्रॉनिक्स, फर्नीचर, कैटरिंग और हलवाई, टेंट और डेकोरेशन, इवेंट, आर्ट एंड हैंडी क्राफ्ट्स, गिफ्ट, फूलों का बड़ा कारोबार होगा।

**नवंबर-दिसंबर में शादी के 10 बड़े सावे**



जयपुर में ज्योतिष परिषद एवं शोध संस्थान के अध्यक्ष ज्योतिषाचार्य पंडित पुरुषोत्तम गौड़ ने दैनिक भास्कर को बताया देवउठनी एकादशी के दिन भगवान विष्णु की 4 महीने की नींद पूरी हो जाती है। वह पाताल लोक से अपने धाम वैकुण्ठ में फिर से लौटते हैं। देवउठनी एकादशी से ही भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी का पूजन दोबारा एक साथ शुरू होता है। इसी कारण से देवउठनी एकादशी के साथ ही सभी मांगलिक कार्य न केवल विवाह सम्बंधित बल्कि गृह प्रवेश, नींव मुहूर्त, मुंडन और दूसरे मांगलिक कार्यों का की भी शुरुआत होती है। देवउठनी तिथि का समापन आज शाम 6 बजकर 9 मिनट पर होगा। 3 नवंबर से यह शुरू हो चुकी है। आज उदया तिथि के अनुसार एकादशी का व्रत भी रखा जाएगा। व्रत का समय 5 नवंबर को सुबह 8 बजकर 52 मिनट तक है। देवउठनी एकादशी से लेकर नवंबर और दिसम्बर में 10 बड़े सावे और शुभ मुहूर्त हैं, जो शादी-विवाह, मांगलिक और शुभ कार्यों के लिए बहुत ही उत्तम हैं।

**पुष्कर के पास मंदिर कानबाय सूरजकुण्ड में विराजित श्री हरि भगवान विष्णु प्रतिमा से मूर्ति पूजा की शुरु**

अजमेर के पुष्कर से 9 कि.मी दूर मंदिर कानबाय सूरजकुण्ड में विराजित श्री हरि की प्रतिमा दुनिया की सबसे प्राचीन प्रतिमाओं में से एक मानी जाती है। देवउठनी एकादशी पर आज यहां विष्णु स्तुति स्तवन हो रहा है। क्षीर सागर में विराजित भगवान विष्णु की यह प्रतिमा बेहद सुन्दर और अलौकिक रूप में है। जो सिंगल काले पत्थर की एक शिला से बनी हुई है। कार्बन डेटिंग में यह मूर्ति 4000 साल पुरानी पाई गई। जबकि मंदिर महंत महावीर प्रसाद वैष्णव का दावा है कि इतिहास के मुताबिक मूर्ति 41 हजार 70 साल पुरानी है।

# अग्र महिला मंच तेलंगाना का दिवाली स्नेह मिलन व अन्नकूट प्रसादी संपन्न



हैदराबाद, 4 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। अग्र महिला मंच तेलंगाना ने दोमलगुड़ा स्थित बाला सुंदरी देवी मंदिर में आंवला नवमी एवं अन्नकूट महोत्सव 70 महिलाओं के साथ मनाया। प्रेस विज्ञप्ति में मंच की अध्यक्षा दीपा गर्ग ने बताया कि महाराजा श्री अग्रसेन जी को पदाधिकारीयों द्वारा माल्यार्पण किया गया। तत्पश्चात मधु गोयल द्वारा आंवला नवमी की कथा व उसकी महत्ता सुनाई गई। सभी महिलाओं ने कार्तिक मास के उपलक्ष्य में सुंदर भजनों की गंगा से वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

सुंदर दीपों की अवलि व रंगोली से सजावट की गई। पदाधिकारियों द्वारा स्वयं के हाथों से बनाए हुए अन्नकूट प्रसाद से मंदिर में भोग लगा कर आरती की गई। इस अवसर पर अध्यक्षा दीपा गर्ग, मंत्राणी अंजु गोयल, मंजू केजरीवाल, सीमा पंसारी, सरला अग्रवाल, सरला जिंदल, सपना अग्रवाल, द्रौपदी अग्रवाल, सुनीता बंसल प्रभावती अग्रवाल, मधु गोयल, अनिता गुप्ता, मीता पंसारी, सुधा दादू, सुनीता अग्रवाल ने प्रसादी व्यवस्था में अपना अमूल्य सहयोग दिया। मंदिर के प्रमुख सेवक श्यामलाल ने उपस्थित रहकर कार्यक्रम को सुचारू रूप से सफल बनाने में अपना सहयोग प्रदान किया।

## श्री जगदीश मंदिर अलवाल में अन्नकूट महोत्सव आज

हैदराबाद, 4 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। श्री जगदीश मंदिर अलवाल में महंत नारायण दास के सान्निध्य में कल 5 नवंबर शनिवार को कार्तिक मास शुक्ल पक्ष द्वादशी को अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। आरती सायं 6 बजे तत्पश्चात् छप्पन भोग दर्शन व महाप्रसादी का आयोजन रहेगा। सभी भक्तजनों से अनुरोध है कि अधिक से अधिक संव्खया में पधारकर श्री ठाकुर जी दर्शनों का लाभ लें।

## बीजेपी ने कभी टीआरएस विधायकों को हथियाने की कोशिश नहीं की : तरुण चुघ

हैदराबाद, 4 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री के. चंद्रशहर राव द्वारा अपनी सरकार को अस्थिर करने की भारतीय जनता पार्टी की साजिश का पर्दाफाश करने के एक दिन बाद, पार्टी तेलंगाना प्रभारी तरुण चुघ ने कहा कि उनकी पार्टी का गिरफ्तार किए गए तीन एजेंटों से कोई लेना-देना नहीं है और कहा कि भाजपा ने कभी भी टीआरएस विधायकों को खरीदने की कोशिश नहीं की। शुक्रवार को नई दिल्ली में पत्रकारों से बात करते हुए तरुण चुघ ने तेलंगाना के मुख्यमंत्री पर विधायक के अवैध शिकार की घटना के बारे में झूठ फैलाने का आरोप लगाया। उन्होंने तर्क दिया कि मुख्यमंत्री ने सरकार और उनकी पार्टी के विधायकों पर नियंत्रण खो दिया है। हमने कभी भी टीआरएस विधायकों को पैसे या अनुबंध के साथ लुभाने की कोशिश नहीं की। वे अपने आप जा रहे हैं। हमारा पूरे प्रकरण से कोई लेना-देना नहीं है। वास्तव में, चंद्रशेखर राव इस पूरे नाटक का मास्टरमाइंड है।

# प्रकाशोत्सव के उपलक्ष्य में 'नगर कीर्तन' का आयोजन



हैदराबाद, 4 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। पहले सिख गुरु श्री गुरु नानक देवजी के 553वें जन्मदिन समारोह (प्रकाश उत्सव) के उपलक्ष्य में 'नगर कीर्तन' का आयोजन किया गया। प्रकाश उत्सव पर 8 नवंबर तक कई कार्यक्रम आयेजित किये जाएंगे। गौरतलब है कि गुरु नानक देवजी के महत्वपूर्ण 553वें जन्म समारोह को चिह्नित करने के लिए, गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा, गुरु नानक मार्ग, अशोक बाजार, अफजलगंज और गुरुद्वारा साहब सिकंदराबाद की प्रबंधक समितियों ने इस समारोह को भव्य रूप से सफल बनाने के लिए हाथ मिलाया है। इसी सिलसिले में गुरुद्वारा साहब सिकंदराबाद द्वारा भव्य रंगारंग 'नगर कीर्तन' निकाला गया। यह जुलूस मनोहर टॉकीज, घंटाघर, बाटा, पटनी सर्कल, किंग्सवे, मोंडा मार्केट, अल्फा होटल से होते हुए आगे बढ़ा और शाम को गुरुद्वारा साहब सिकंदराबाद पहुंचा। जुलूस में राज्य भर से हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल रहे। गुरु ग्रंथ साहेबजी (सिखों के श्रद्धेय पवित्र ग्रंथ) को जुलूस के साथ 'निशान साहेबों' (धार्मिक झंडे) के साथ एक खूबसूरती से सजाए गए वाहन पर ले जाया गया। उसी प्रकार गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा, गुरु नानक मार्ग, अशोक बाजार से 5 नवंबर (शनिवार) शाम 4 बजे निकाला जाएगा। 8 नवंबर (मंगलवार) को पड़ने वाले 'प्रकाश उत्सव समारोह' के दिन सुबह 10.30 बजे से शाम 4 बजे तक प्रदर्शनी मैदान, नामपल्ली में एक भव्य 'विशाल दीवान' (जनसंग्रह) आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में भारी संख्या में सिख बंधुओं ने भाग लिया। इस दौरान प्रबंधक समिति, अध्यक्षों, एस. बलदेव सिंह बग्गा (जीएसएस), एस. कुलदीप सिंह बग्गा (जीएसजीएसएस) और महासचिवों, एस. इंद्रजीत सिंह टुटेजा (जीएसजीएसएस), एस. जगमोहन सिंह (जीएसएस) और अन्य समिति के सदस्यों ने भाग लिया।

# सीवीसी के मुख्य तकनीकी परीक्षक ने एनएमडीसी का दौरा किया



हैदराबाद, 4 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। खनन क्षेत्र की प्रमुख कंपनी एनएमडीसी लिमिटेड ने आज हैदराबाद में अपने प्रधान कार्यालय में केंद्रीय सतर्कता आयोग के मुख्य तकनीकी परीक्षक अशोक कुमार (आईआरएसएस) को आमंत्रित किया, जिसमें उन्होंने सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2022 के एक हिस्से के रूप में सार्वजनिक खरीद पर व्याख्यान दिया। एनएमडीसी लिमिटेड के सीवीओ श्री बी विश्वनाथ के नेतृत्व में सतर्कता विभाग द्वारा 31 अक्टूबर से 6 नवंबर, 2022 तक मनाए जा रहे सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2022 के दौरान विभिन्न गतिविधियों और जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। निवारक सतर्कता के नियमों और प्रक्रियाओं पर प्रकाश डालते हुए, अशोक कुमार ने एनएमडीसी कर्मचारियों को संबोधित किया और कहा कि भ्रष्टाचार मुक्त भारत का लक्ष्य केवल तभी हासिल किया जा सकता है जब संगठन के प्रत्येक कर्मचारी द्वारा अपने आधिकारिक लेनदेन में सतर्क रहने के लिए एक मजबूत प्रतिबद्धता हो। प्रत्येक नागरिक की नैतिकता और अखंडता को आत्मसात करने की जिम्मेदारी है जबकि केंद्रीय सतर्कता आयोग और इसके अधीन विभाग समाज में प्रभावी सतर्कता के लिए एक अनुकूल वातावरण बनाते हैं। एनएमडीसी के सीवीओ ने अपने स्वागत भाषण में निवारक उपाय और संगठन की दक्षता में वृद्धि के उपाय के रूप में हमारी प्रणाली और प्रक्रियाओं में निरंतर सुधार पर जोर दिया। एनएमडीसी के निदेशक (उत्पादन) दिलीप कुमार मोहंती भी सत्र में उपस्थित रहे। उन्होंने पारदर्शिता और दक्षता में वृद्धि के लिए प्रणालियों और प्रक्रियाओं की निगरानी में सकारात्मक सलाहकार भूमिका निभाने के लिए कंपनी के सतर्कता विभाग के श्रमसाध्य प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कर्मचारियों को सलाह दी कि कंपनी के विकास में योगदान दें, सतर्क रहें, और एक विकसित राष्ट्र के निर्माण के लिए भ्रष्टाचार का मुकाबला करें। इस सप्ताह के दौरान खरीद और सामग्री प्रबंधन पर विक्रेताओं की बैठक और जागरूकता सत्र का भी आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन एनएमडीसी के सीवीओ बी. विश्वनाथ ने किया और इसमें एनएमडीसी के विक्रेताओं, आपूर्तिकर्ताओं और ओईएम के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। जे.पी. सिंह, मुख्य महाप्रबंधक (सामग्री) ने बैठक के विषय पर एक प्रस्तुति दी और सामग्री प्रबंधन विभाग, परियोजना समन्वय विभाग और वित्त विभाग के अधिकारियों ने बैठक में भाग लेने वाले विक्रेताओं के सवालों के जवाब दिए। कंपनी ने प्रधान कार्यालय के कर्मचारियों के लिए निबंध लेखन, वाक, नारा लेखन और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं और कई जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया

## ब्रह्मर्षि सेवा समाज का दीपावली व छठ मिलन कल

हैदराबाद, 4 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। ब्रह्मर्षि सेवा समाज, हैदराबाद की ओर से 6 नवंबर रविवार को आरके पुरम हनुमान मंदिर के बग़ल में, सिकंदराबाद में दिवाली सह छठ पर्व मिलन समारोह का आयोजन किया गया है। समाज के महासचिव निशिकांत पांडेय ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि हैदराबाद सिकंदराबाद में रहने वाले ब्रह्मर्षि बधुओं का यह पारिवारिक मिलन समारोह रविवार दोपहर 12 बजे से होगा। इसमें परंपरागत तरीके से प्रतीकात्मक त्योहार के रंग बिखरेंगे। कार्यक्रम को आयोजित करने की जिम्मेवारी इस वर्ष कमलेश राय, रघुवीर सिंह और राम कुमार सिंह को सौंपी गयी है। अध्यक्ष श्रीमती इंदिरा राय ने सभी ब्रह्मर्षि बंधुओं से सपरिवार इस स्नेह मिलन समारोह में पधारने का अनुरोध किया है।

# तेलुगु भाषा में लोहिया साहित्य का लोकार्पण सम्पन्न



हैदराबाद, 4 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। कृष्णदेवराय भाषा निलयम में "तेलुगु भाषा में लोहिया साहित्य" का लोकार्पण संपन्न हुआ। लोहिया के पौराणिक साहितय के आधुनिक संदर्भों को रेखांकित करते हुए प्रो. आनन्द कुमार ने सावित्री, द्रौपदी, श्रीराम, कृष्ण, शिव, वाल्मीकि, वशिष्ट के चरित्रों पर प्रकाश डालते हुए उनके औचित्य को दर्शाया। उन्होंने कहा कि आज की आधुनिक युवा पीढ़ी को भी इनके आदर्शों की तुलना करके, आत्मसात करने की आवश्यकता है, तभी समाज को सही दिशा मिलेगी। तिब्बत की आज़ादी की आवश्यकता का ज़िक्र करते हुए प्रो. आनंद कुमार ने आगे बताया चूँकि तिब्बत हमारा पडोसी है तथा चीन अभी भी तिब्बत पर अपना दबाव बना हुआ है, भारत को भी स्वतंत्रता प्राप्त करने के लिये एक सदी से भी ज्यादा का समय लगा। तिब्बत भी आज़ाद होगा और उससे भारत की सीमाओं को भी बल मिलेगा। चित्रा वीरमदुङ (सेवा निवृत्त प्रशासनिक अधिकारी (आई.ए.एस)) ने भी अपने विचार व्यक्त किये। सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायधीश बी. सुदर्शन रेड्डी ने अपने लोहियावादी अनुभव साझा किये। रावेला साम्बशिव राव ने लोहियाजी के साहित्य का तेलुगु अनुवाद किया। प्रसिद्ध समाजवादी एवं सामाजिक कार्यकर्ता रघु कुमार एडवोकेट ने भी अपने विचार व्यक्त किये। आर. शंकरलाल यादव ने जस्टिस वी. सुदर्शन रेड्डी का और अन्य वरिष्ठ वक्ताओं का सम्मान किया। अन्त में पूर्व न्यायधीश टी. गोपाल सिंह द्वारा आभार व्यक्त करने के साथ ही समारोह सम्पन्न हुआ।

## डोंगाली सोसायटी के अंतर्गत धान खरीदी केंद्र का शुभारंभ



मदनूर, 4 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना सरकार के आदेशानुसार डोंगली सोसायटी अध्यक्ष राम पाटील, कृषि बाजार समिति उपाध्यक्ष अशोक पाटील, जेडपीटीसी अनीता नामेवाड ने श्रीफल फोड़कर मदनूर मंडल डोंगली सोसायटी अंतर्गत कुर्ला, एनबुरा, इलेगाव, महाधन हिपरगा गांव में धान खरीदी केंद्र का शुभारंभ किया। इस इस समय डोंगली सोसायटी अध्यक्ष राम पाटील ने स्थानिक जनता को बताया कि प्रत्येक एक किंटल ए ग्रेड 2060, बी ग्रेड 2020 रूपये से खरीदी की जायगी। किसानों को कभी भी दलालों की बातों में न आना है। केवल सोसायटी द्वारा ही धान की बिक्री करें। इस समय चांद पशा, शशांक पटेल, गणेश पटेल, मुरलीधर गौड़, अलीम के साथ अन्य लोग उपस्थित थे।

# एनटीपीसी निदेशक (वित्त) ने दक्षिणी क्षेत्र मुख्यालय का किया दौरा



हैदराबाद, 4 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। जयकुमार श्रीनिवासन, निदेशक (वित्त) ने एनटीपीसी-दक्षिणी क्षेत्र मुख्यालय (एसआरएचक्यू), सिकंदराबाद का दौरा किया। एसआरएचक्यू के अपने पहले दौरे पर नरेश आनंद, क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (दक्षिण) ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उनका स्वागत किया।

बाद में श्रीनिवासन ने प्रगति और आगे की चुनौतियों पर चर्चा करने के अलावा दक्षिणी क्षेत्र के स्टेशनों के प्रदर्शन की समीक्षा की। उन्होंने कंपनी की समग्र उत्कृष्टता में और सुधार करने के लिए कुछ मुद्दों पर अपने अनुभव और विचार साझा किए। इस अवसर पर एनटीपीसी के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# मिधानि में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का समापन



हैदराबाद, 4 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। रक्षा मंत्रालय के उपक्रम मिश्र धातु निगम लिमिटेड (मिधानि), में केंद्रीय सतर्कता आयोग के निर्देशानुसार "भ्रष्टाचार मुक्त भारत-सशक्त भारत" विषय पर आयोजित सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2022 का समापन कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्म के मुख्य अतिथि सुरजीत सिंह मान, पूर्व निदेशक, केंद्रीय सतर्कता आयोग ने पेशेवर और व्यक्तिगत जीवन में भ्रष्टाचार को मिटाने के तरीकों जोर देते हुए विषय पर अपने व्यावहारिक विचार साझा किए। कार्यक्रम में डॉ. एस.के. झा, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एन. गौरी शंकर राव, निदेशक (वित्त), टी. मुत्तुकुमार, निदेशक (उत्पादन एवं विपणन), डॉ. उपेंद्र वेन्नम, आईपीओएस, मुख्य सतर्कता अधिकारी, मिधानि के अन्य वरिष्ठ अधिकारी, जागृति पत्रिका के लेखक, तथा प्रतियोगिताओं के विजेता कर्मचारी व डीएवी स्कूल के छात्र शामिल हुआ।

मिधानि में "भ्रष्टाचार मुक्त भारत-सशक्त भारत" विषय पर कार्यक्रमों की एक श्रृंखला; कर्मचारियों के लिए कोविड -19 महामारी के मद्देनजर ऑनलाइन मोड में "मिधानि उत्पाद, नीति और प्रक्रियाएं", "मिधानि में कॉर्पोरेट शासन अनुपालन" और " भारत को भ्रष्टाचार मुक्त बनाने के लिए भारत सरकार द्वारा की गई पहल" जैसे विषयों पर विभिन्न प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएँ आयोजित की गई। सीवीसी के निर्देश के अनुरूप, भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ने के लिए समाज के हितधारकों को प्रेरित करने के लिए मिधानि ने विक्रेता बैठक, ग्राहक शिकायत निवारण सत्र और अपने आस-पास के क्षेत्र में 4-किमी वॉकथॉन का आयोजन किया। मिधानि ने सतर्कता विभाग के अनुरोध पर, सप्ताह के दौरान आउटरीच गतिविधियों के हिस्से के रूप में बीपीडीएवी स्कूल प्रबंधन के माध्यम से छात्रों के लिए भाषण, पोस्टर मेकिंग और स्लोगन लेखन प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं।

सतर्कता जागरूकता सप्ताह के आयोजन की शुरुआत डॉ. एस.के. झा, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, मिधानि ने मिधानि निदेशक, वरिष्ठ अधिकारीगण और कर्मचारियों की उपस्थित में सतर्कता शपथ से किया था। समापन कार्यक्रम में सप्ताह भर आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेताओं को और जागृति पत्रिका के लेखकों को पुरस्कारों से सम्मानित किया।

## प्रथम पृष्ठ का शेष भाग

### हाईकोर्ट ने भाजपा ...

अतिरिक्त महाधिवक्ता ने भी तीनों आरोपियों की पुलिस हिरासत के लिए याचिका दायर करने की अनुमति मांगी, लेकिन कोर्ट ने अनुमति देने से इनकार कर दिया। गौरतलब है कि गुरुवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुख्यमंत्री ने मामले में सबूत जारी किए थे। उन्होंने कहा कि यह तेलंगाना उच्च न्यायालय को प्रस्तुत किया गया है और भारत के मुख्य न्यायाधीश, सर्वोच्च न्यायालय के सभी न्यायाधीशों, सभी उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीशों और विभिन्न एजेंसियों को भी भेजा गया है। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि लोकतंत्र खतरे में है। उन्होंने न्यायपालिका से इसकी रक्षा करने की अपील की। उच्च न्यायालय ने 29 अक्टूबर को मामले की चल रही जांच पर रोक लगा दी थी और राज्य सरकार और अन्य प्रतिवादियों को 4 नवंबर तक जवाबी दाखिल करने को कहा था। उच्च न्यायालय की एक और एकल न्यायाधीश की पीठ ने उसी दिन निचली अदालत के तीनों आरोपियों की रिमांड खारिज करने के आदेश को रद्द कर दिया था। न्यायाधीश ने निचली अदालत से आरोपियों को पुलिस द्वारा पेश किए जाने पर न्यायिक हिरासत में लेने की मांग करने को कहा। साइबराबाद पुलिस ने बाद में रामचंद्र भारती उर्फ सतीश शर्मा, कोरे नंदा कुमार उर्फ नंदू और सिम्हायाजी को गिरफ्तार किया और एसपीई तथा एसीबी मामलों के पहले अतिरिक्त विशेष न्यायाधीश के समक्ष पेश किया, जिन्होंने उन्हें दो सप्ताह के लिए न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

### 7वीं के स्टूडेंट ...

उसे डराया-धमकाया गया। यह बात बच्चे के दिल में इतनी असर कर गई कि घर पहुंच कर उसने खुद को कमरे में बंद कर लिया। माता-पिता ने तुरंत हाव भाव देख उससे बात की, तो बच्चे ने पूरी घटना बताई।

पेरेंट्स, एबीवीपी, बजरंग दल और सामाजिक संगठन के लोग गुरुवार दोपहर करीब 12 बजे स्कूल पहुंच गए। यहां पहुंचकर हंगामा शुरू कर दिया। वे स्कूल में परिसर में धरने पर बैठ गए। उन्होंने नारेबाजी करते हुए हनुमान चालीसा का पाठ किया। सूचना पर पुलिस और प्रशासन के अफसर भी मौके पर पहुंच गए। स्कूल प्रबंधन ने घटना को लेकर लिखित में माफी मांगी। साथ ही, संबंधित टीचर पर भी कार्रवाई का आश्वासन दिया। इसके बाद सामाजिक संगठन स्कूल मैनेजमेंट पर एफआईआर की बात पर अड़ गए। एसडीएम, सीएसपी ने भी मामला शांत कराने का प्रयास किया। शाम करीब 4: 30 बजे तक हंगामा चलता रहा। अफसरों के आश्वासन के बाद मामला शांत हुआ।

इधर, पूर्व विधायक और पूर्व नपाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह सलूजा भी कुछ दस्तावेज लेकर स्कूल पहुंच गए। उन्होंने बताया कि स्कूल ने कैंपस के अंदर सरकारी जमीन पर कब्जा जमा रखा है। उन्होंने एसडीएम से जमीन को मुक्त कराने की मांग की। सलूजा भी समर्थकों के साथ धरने पर बैठ गए। सलूजा ने कहा कि भारत में भारत माता की जय नहीं बोलेंगे, तो कहां बोलेंगे। इस तरह का व्यवहार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### तिहाड़ के डीजी ...

सुकेश चंद्रशेखर मनी लांड्रिग मामले में तिहाड़ जेल में बंद है पिछले दिनों सुकेश चंद्रशेखर ने जेल में रहते हुए दिल्ली के एलजी वीके सक्सेना को पत्र लिखकर दिल्ली के मंत्री सत्येंद्र जैन पर गंभीर आरोप लगाए थे। एलजी को लिए गए पत्र में सुकेश ने लिखा था, दिल्ली सरकार के मंत्री सत्येंद्र जैन मुझे लगातार पैसे देने के लिए दबाव बना रहे हैं पिछले 2-3 महीनों के दौरान उन्होंने मुझसे 10 करोड़ रुपये वसूल लिए हैं। सुकेश ने आगे बताया कि ये पूरा पैसा कोलकाता में सत्येंद्र जैन के नजदीकी चतुर्वेदी ने लिया है।

इसके पहले तिहाड़ जेल में बंद आम आदमी पार्टी के नेता और दिल्ली सरकार के मंत्री सत्येंद्र जैन को वीआईपी ट्रीटमेंट देने के आरोप के मामले में गृह मंत्रालय ने दिल्ली के चीफ सेक्रेटरी से रिपोर्ट मांगी थी। दरअसल, प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी ने केंद्रीय गृह मंत्रालय से सत्येंद्र जैन को वीआईपी ट्रीटमेंट देने की शिकायत की थी, इसी के बाद एमएचए ने इसकी रिपोर्ट तलब की है।

## राजा सिंह को रिहा किया जाए : अमरसिंह राजपुरोहित



हैदराबाद, 4 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। समाजसेवी अमर सिंह राजपुरोहित ने कहा कि गोशामहल के विधायक टी. राजासिंह को पी.डी. एक्ट के तहत इतने लम्बे समय तक हिरासत में रखना सही नहीं है। पी.डी. एक्ट एक हिस्ट्रिसिटर को लगता है। गोशामहल विधायक ने वैसा कोई काम नहीं किया, जिसे सरकार व तेलंगाना पुलिस पी.डी. एक्ट के तहत जेल में बंद करे। विधायक टी. राजासिंह के खिलाफ क्रिमनल कोर्ट में मुकदमें चल रहे थे, जिसमें मुकदमों में वो बरी हो चुके हैं। उन्होंने तेलंगाना सरकार व पुलिस कमिश्नर से विधायक को तुरन्त हरा करने का अनुरोध किया।



बाबा श्याम के जन्मदिन पर श्री भाग्यनगर श्याम सेवा समिति, बेला द्वारा निकाली गई निशान यात्रा में भाग लेते हुए सोनू पांडे, देवेन्द्र जायसवाल, प्रवीण कुमार, नंदकिशोर शर्मा।

# कुमावत समाज का दीपावली स्नेह मिलन कल, हुई बैठक



हैदराबाद, 4 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। कुमावत समाज, हैदराबाद-सिकंदराबाद का दीपावली स्नेह मिलन ज्ञानबाग कालोनी स्थित कुमावत समाज भवन कम्युनिटी हॉल में 6 नवंबर को सायं 4 बजे से आयोजित किया जाएगा। आज इस संदर्भ में हुई एक बैठक में समाज के अध्यक्ष रुपाराम भोपा ने बताया कि इस दौरान कार्यक्रम के दौरान हैदराबाद-सिकंदराबाद स्थित समाज की सभी शाखाओं के अध्यक्ष व मंत्रियों का अभिनंदन किया जाएगा तथा समाज की शाखाओं के अध्यक्ष व मंत्री अपने-अपने विचार रखेंगे। बैठक में अध्यक्ष रुपाराम भोपा ने सभी का स्वागत किया तथा सभी समजबंधुओं से कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने की अपील की। बैठक में रुपाराम भोपा, शंकरलाल माणनिया, कानाराम हांगर, नारायणलाल घोडावड, धर्मीचंद कुमावत, राकेश हांगर अन्य उपस्थित थे।



हश्मतगंज में आयोजित तुलसी पूजन कार्यक्रम मं भाग लेते हुए समाजसेवी गोविंद राठी, कमला राठी, सुमित, रमा, अनीता, पलक और कार्तिक।

# वर्ल्ड कप सेमीफाइनल में पहुंचने वाली पहली टीम न्यूजीलैंड

## आयरलैंड को 35 रन से हराया, 7 पॉइंट्स के साथ ग्रुप-1 में टॉप पर




### लिटिल की हैट्रिक

आयरलैंड के लेफ्ट आर्म मीडियम पेसर जोशुआ लिटिल ने इस वर्ल्ड कप की दूसरी हैट्रिक पूरी की है। उनसे पहले यूएई के लेग ब्रेक स्पिनर कार्तिक मयप्पन ने हैट्रिक हासिल की थी। ओवर ऑल वर्ल्ड कप की बात करें तो यह इस टूर्नामेंट के इतिहास की छठवीं हैट्रिक है। नीचे के ग्राफिक में देखिए लिटिल से पहले यह कारनामा किस-किस गेंदबाज ने किया है।

एडिलेड, 4 नवंबर (एजेंसियां)। न्यूजीलैंड ने ऑस्ट्रेलिया में चल रहे टी-20 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। उसने आयरलैंड को 35 रनों से हराया। न्यूजीलैंड इस सीजन की पहली सेमीफाइनलिस्ट टीम बनी है।

वह टूर्नामेंट के इतिहास में सिर्फ तीसरी बार फाइनल-4 में जगह बना सकी है। इससे पहले वह 2021 के सीजन में टॉप-4 में प्रवेश कर पाई थी। एडिलेड में शुक्रवार को न्यूजीलैंड ने पहले तो 185 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया। उसके बाद आयरिश बल्लेबाजों को 20 ओवर में 150/9 रन पर रोक दिया।

केन ने कप्तानी पारी खेली। उन्होंने 174.28 के रन रेट से 35 गेंदों पर 61 रन बनाए। विलियमसन ने 5 चौके और तीन छक्के जमाए। 52 रन पर पहला विकेट गिरने के बाद विलियमसन ने एक छोर संभाला और टीम का स्कोर 174 रन पहुंचाया। वे लिटिल का शिकार बने। फर्ग्युसन ने न्यूजीलैड के लिए सटीक गेंदबाजी की। उन्होंने 4 ओवर में 22 रन दे कर 3 विकेट झटके और आयरलैंड के मिडिल आर्डर को पवेलियन लौटाया। लॉकी ने पहले डेलानी (10) को आउट किया। फिर फिन हैंड (5) और डॉकरेल (23) को चलता कर दिया। इन दोनों के अलावा साउदी, सेंटनर और सोढ़ी (2-2 विकेट) ने बॉल और फिन एलेन (32) और डेरिल मिचेल (31) ने बल्ले से योगदान दिया।

**जोशुआ लिटिल की हैट्रिक के बाद भी हारी आयरलैंड**

पहली पारी में बाएं हाथ के मीडियम फास्ट बॉलर जोशुआ लिटिल ने हैट्रिक लेकर 200 पार जा रही न्यूजीलैंड को 185 रन के स्कोर पर रोका। जोशुआ ने अर्धशतक जमा चुके केन विलियमसन, जेम्स नीशाम और सेंटनर को चलता किया।

**ओपनर्स ने दिलाई मजबूत शुरुआत**

आयरलैंड के ओपनर्स ने टीम को मजबूत शुरुआत दिलाई। कप्तान एंड्रयू बालबर्नी और पॉल स्टर्लिंग की जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 49 बॉल में 68 रन जोड़े। इसमें पॉल ने 24 गेंद में 36 रन और बालबर्नी ने 25 गेंद में 30 रन बनाए। टीम ने पावर प्ले में 39 रन ही बनाए थे। बाद में तेजी से रन बनाने शुरू किए। तभी बालबर्नी बोल्ड हो गए।

### मैच ब्रीफ

T20 WORLD CUP

**टीम स्कोर**

| न्यूजीलैंड | | आयरलैंड | |
|---|---|---|---|
| 185/6 ओवर (20) | | 150/9 ओवर (20) | |
| बैटर | बॉलर | बैटर | बॉलर |
| केन विल्लियम्सन 61 (35) | जोशुआ लिटिल 3/22 | पॉल स्टर्लिंग 37 (27) | लॉकी फर्ग्युसन 3/22 |
| फिन एलन 32 (18) | गैरेथ डेलानी 2/30 | जॉर्ज डॉकरेल 30 (25) | मिचेल सैंटनर 2/26 |

**न्यूजीलैंड ने आयरलैंड को 35 रन से हराया**

## टिम साउदी ने अपने नाम किया बॉलिंग रिकॉर्ड

### टी-20 इंटरनेशनल में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले खिलाड़ी बने; शाकिब को किया पीछे




नएडिलेड, 4 नवंबर (एजेंसियां)। न्यूजीलैंड ने ऑस्ट्रेलिया में चल रहे टी-20 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। न्यूजीलैंड इस सीजन की पहली सेमीफाइनलिस्ट टीम बनी हैं। इसी बीच न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज टिम साउदी ने अपने नाम एक रिकॉर्ड दर्ज किया। टिम साउदी टी-20 इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए हैं। उन्होंने बांग्लादेश के कप्तान शाकिब अल हसन का रिकॉर्ड तोड़ा। टिम साउदी ने 104 मैच में 108 विकेट झटके।

**आयरलैंड के खिलाफ हुए मैच में रिकॉर्ड तोड़ा**

टिम साउदी ने टी-20 वर्ल्डकप में ग्रुप स्टेज के आखिरी मुकाबले में आयरलैंड के खिलाफ 2 विकेट झटके। इसी के साथ उन्होंने रिकॉर्ड तोड़ा।

**2022 टी-20 वर्ल्डकप में टूटे कई रिकॉर्ड**

टिम साउदी ऐसे इकलौते खिलाड़ी नहीं है जिन्होंने इस वर्ल्ड कप में रिकॉर्ड तोड़ा। विराट कोहली ने भी इस टूर्नामेंट में बल्लेबाजी का रिकॉर्ड तोड़ा है। टी-20 वर्ल्ड कप में बांग्लादेश के खिलाफ कोहली ने 64 रनों की पारी खेली। ये इस वर्ल्ड कप में उनकी तीसरी और टी-20 इंटरनेशनल में 36वीं फिफ्टी है। कोहली टी-20 वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा 1065 रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने श्रीलंका के महेला जयवर्धने (1016) को पीछे छोड़ा।

## भारत की पुरुष स्क्वैश टीम ने रचा इतिहास

### दक्षिण कोरिया में एशियाई चैंपियनशिप में जीता पहला स्वर्ण



चेउंग्जू, 4 नवंबर (एजेंसियां)। अनुभवी सौरव घोषाल की अगुवाई में भारतीय पुरुष स्क्वैश टीम ने शुक्रवार को दक्षिण कोरिया के चेउंग्जू में स्वर्णिम सफलता हासिल की। उसने एशियाई स्क्वैश टीम चैंपियनशिप के फाइनल में कुवैत को 2-0 से हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम कर लिया। रमित टंडन ने अली अरामजी को 11-5, 11-7, 11-4 से सीधे गेमों में हराकर भारत को बढ़त दिलाई। उनके बाद स्टार खिलाड़ी सौरव घोषाल ने स्वर्ण पदक पर मुहर लगा दी। सौरव घोषाल ने अम्मार अल्तामिमी को 11-9, 11-2, 11-3 से हराकर टीम को अजेय बढ़त दिलाई।

अभय सिंह और फलाह मोहम्मद के बीच तीसरा मैच नहीं खेला गया क्योंकि टंडन और घोषाल की जीत के बाद भारत 2-0 से अजेय बढ़त हासिल कर चुका था। पिछले दो मौकों पर रजत पदक के साथ संतोष करने वाली भारतीय टीम ने इस बार कोई गलती नहीं की। सेमीफाइनल में मलेशिया को 2-1 से हराने से पहले भारत ने कतर, पाकिस्तान, कुवैत, दक्षिण कोरिया और चीनी ताइपे पर जीत दर्ज करते हुए पूल ए में शीर्ष स्थान हासिल किया था। महिला टीम को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। सेमीफाइनल में उसे मलेशिया ने 1-2 से हराया। महिला टीम पूल बी में दो जीत और एक हार के साथ दूसरे स्थान पर रही थी। महिलाओं ने ईरान और सिंगापुर को हराया था। वहीं, हॉन्ककॉन्ग के खिलाफ उसे हार का सामना करना पड़ा था।

### विवियन रिचर्डस बने लंका प्रीमियर लीग के ब्रांड एंबेसडर

कोलंबो । वेस्टइंडीज के दिग्गज क्रिकेटर विवियन रिचर्डस लंका प्रीमियर लीग (एलपीएल) 2022 में इसके ब्रांड एंबेसडर के रूप में शामिल हो गए हैं। इससे 6 से 23 दिसंबर तक खेले जाने वाले टूर्नामेंट के तीसरे सीजन को बड़ा बढ़ावा मिलेगा।

रिचर्डस ने कहा कि वह श्रीलंका जाने के लिए उत्साहित हैं, एक ऐसा देश जहां उन्हें हमेशा क्रिकेट प्रशंसकों से बहुत ज्यादा समर्थन मिला है। रिचर्डस ने कहा, मैं एलपीएल के तीसरे सीजन का ब्रांड एंबेसडर बनकर खुश हूं और यह कहना चाहता हूं कि यह टूर्नामेंट श्रीलंका में कुछ महान प्रतिभाओं का पता लगा रहा है। हमने इस साल एशिया कप में श्रीलंकाई क्रिकेट की ताकत देखी। मैंने इस टूर्नामेंट के पिछले दो सीजन देखे हैं और क्रिकेट की गुणवत्ता शानदार थी और मुझे यकीन है कि खिलाड़ी इसे आगामी संस्करण में भी बनाए रखेंगे।

## ऑस्ट्रेलिया ने अफगानिस्तान को 4 रन से हराया

### लेकिन अफगानिस्तान बन गया सेमीफाइनल की राह में बाधा?



ओवल, 4 नवंबर (एजेंसियां)। आईसीसी टी20 विश्व कप 2022 के 38वें मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने अफगानिस्तान 4 रन से हरा दिया। इस जीत के बाद वह टूर्नामेंट में सुपर-12 के ग्रुप 1 की अंक तालिका में दूसरे नंबर पर पहुंच गया। ग्लेन मैक्सवेल प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए। ऑस्ट्रेलिया यह मैच जरूर जीत गया है, लेकिन उसकी चिंता अभी खत्म नहीं हुई है, क्योंकि उसका नेट रनरेट (-) में है। ऐसे में श्रीलंका के खिलाफ इंग्लैंड की जीत मेजबान टीम को खिताब की रेस से बाहर कर देगी। वहीं, इंग्लैंड को अब सिर्फ श्रीलंका के खिलाफ जीत सेमीफाइनल में पहुंचा देगी।

एडिलेड के एडिलेड ओवल पर खेले गए इस मैच में अफगानिस्तान ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ गेंदबाजी चुनी। ऑस्ट्रेलिया ने अपनी टीम में 3 बदलाव किए। नियमित कप्तान एरोन फिंच भी प्लेइंग इलेवन में नहीं थे। उनकी जगह टीम की कमान मैथ्यू वेड ने संभाली।

जोश हेजलवुड ने ऑस्ट्रेलिया को पहली सफलता दिलाई। उन्होंने उस्मान गनी को मिड-ऑन पर पैट कमिंस के हाथों कैच कराया। गनी 7 गेंद में 2 रन ही बना पाए। अफगानिस्तान को दूसरा झटका रहमानुल्ला गुरबाज के रूप में केन रिचर्डसन ने दिया था। उसने मिड-ऑफ पर डेविड वार्नर के हाथों उन्हें कैच कराया। गुरबाज 17 गेंद में 30 बनाकर आउट हुए। उन्होंने अपनी पारी के दौरान 2 चौके और 2 छक्के लगाए। ऑस्ट्रेलिया को छठी सफलता जोश हेजलवुड ने दिलाई। उन्होंने 15वें ओवर की तीसरी गेंद पर मोहम्मद नबी को डीप स्क्वायर लेग पर डेविड वार्नर के हाथों लपकवाया। नबी 2 गेंद में एक रन ही बना पाए। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया की ओर से ग्लेन मैक्सवेल 6 चौके और 2 छक्के की मदद से 32 गेंद में 54 रन बनाकर नाबाद रहे। नवीन-उल-हक ने 4 ओवर में 21 रन देकर 3 विकेट लिए। फजलहक फारुकी ने 29 रन देकर दो विकेट लिए। ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत तूफानी हुई थी। उसने 2 ओवर में ही 22 रन ठोक दिए थे, लेकिन तीसरे ओवर की पहली गेंद पर उसे कैमरन ग्रीन का विकेट गंवाना पड़ा। ग्रीन 2 गेंद में 3 रन बनाकर फजलहक फारुकी की गेंद पर गुलबदीन नायब को कैच थमा बैठे। इसके बाद उसने पावरप्ले के अंतिम ओवर यानी छठे ओवर में 2 विकेट गंवाए। नवीन-उल-हक ने दूसरी गेंद पर डेविड वार्नर को बोल्ड किया। वार्नर 18 गेंद में 25 रन बनाकर आउट हुए।

## शाहिद अफरीदी के बाद अब महिला टीम की कप्तान ने खोली पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड की पोल

### कहा-8 साल से नहीं बढ़ी मैच फीस



लाहौर, 4 नवंबर (एजेंसियां)। शाहिद अफरीदी के बाद अब महिला क्रिकेट टीम की कप्तान बिस्माह मारूफ ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड की कलई खोली है। उन्होंने पिछले आठ साल में महिला खिलाड़ियों की मैच फीस बढ़ाने में पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) की नाकामी पर अपनी नाराजगी जाहिर की है।

बिस्माह मारूफ की टिप्पणी आयरलैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज की शुरुआत से पहले लाहौर में एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान आई। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय टीम के खिलाड़ियों की मैच फीस पिछले आठ साल से नहीं बढ़ाई गई है। इससे पहले पाकिस्तान क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान शाहिद अफरीदी ने शाहीन शाह अफरीदी के इलाज को लेकर पीसीबी पर आरोप लगाया था। उन्होंने कहा था कि युवा तेज गेंदबाज ने इंग्लैंड में अपने रिहैब का खर्च खुद उठाया। 22 साल के शाहीन शाह अफरीदी जुलाई 2022 में श्रीलंका में पहले टेस्ट में फील्डिंग के दौरान अपने घुटना चोटिल कर बैठे थे। इसके कारण वह एशिया कप से बाहर हो गए थे। उन्होंने टी20 विश्व कप 2022 से वापसी की। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने हाल ही में घोषणा की थी कि उसकी महिला क्रिकेटर्स को पुरुषों के समान मैच फीस का भुगतान किया जाएगा। बिस्माह मारूफ से बीसीसीआई के इस कदम के बारे में सवाल किया गया था।

उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि महिला क्रिकेटर्स ने भी काफी मेहनत की है। लेकिन इसमें कोई संदेह नहीं है कि पाकिस्तान में महिला क्रिकेट को अब भी भारत, इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया आदि देशों के स्तर तक आगे बढ़ने की जरूरत है।' हालांकि, बिस्माह मारूफ ने यह भी साफ किया, 'यह भी एक सच्चाई है कि हाल के वर्षों में पीसीबी ने महिला क्रिकेटर्स को पुरस्कृत करने और उन्हें बेहतरीन सुविधाएं और कोच मुहैया कराने के लिए काफी कुछ किया है।' मातृत्व के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी करनी वाली पाकिस्तानी कप्तान और बैटर बिस्माह मारूफ ने कहा कि आयरलैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज से खिलाड़ियों को अगले साल होने वाले टी20 विश्व कप की तैयारी में मदद मिलेगी। पाकिस्तान की महिला टीम ने पिछले महीने बांग्लादेश में हुए एशिया कप में भारत को हराकर सबको चौंका दिया था। हालांकि, कुल मिलाकर बड़े टूर्नामेंटों में टीम का प्रदर्शन काफी निराशाजनक रहा है।

## बाईजुस के ब्रांड एंबेसडर बने लियोनेल मेसी




नई दिल्ली, 4 नवंबर (एजेंसियां)। डटेक कंपनी बाईजुस ने शुक्रवार को पॉपुलर फुटबॉल खिलाड़ी लियोनेल मेसी को अपनी सोशल इम्पैक्ट आर्म-एजुकेशन फॉर ऑल का ब्रांड एंबेसडर बनाने की घोषणा की। बाईजुस की को-फाउंडर दिव्या गोकुलनाथ ने कहा, 'हम अपने ग्लोबल एंबेसडर के रूप में लियोनेल मेसी के साथ कोलेबोरेट करने के लिए उत्साहित हैं। वो वन-इन-ए-जनरेशन टैलेंट हैं। वह जमीनी स्तर से उठकर अब तक के सबसे सफल खिलाड़ियों में से एक बने हैं।'

कंपनी ने यह खुलासा नहीं किया है कि मेसी को ब्रांड एंबेसडर बनाने के लिए उन्हें कितना पेमेंट करना पड़ा है। यह पहली बार नहीं है जब बाईजुस ने प्रमोशन और ब्रांड एंबेसडर को लेकर बड़ा कदम उठाया है। 2017 में, उन्होंने बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान को अपना ब्रांड एंबेसडर बनाया था। 2019 में, कंपनी भारतीय क्रिकेट टीम की लीड स्पॉन्सर बनी थी, जिसका 2017- 2022 के लिए अनुबंध 1,079 करोड़ रुपए का था।

**2,500 कर्मचारियों की छंटनी**

दिलचस्प बात यह है कि बाईजुस ने ये डील ऐसे समय में साइन की है जब प्रॉफिटेबिलिटी की तरफ बढ़ने और कॉस्ट को कंट्रोल करने के लिए करीब 2,500 कर्मचारियों की छंटनी की है। ये उसके कुल 50,000 कर्मचारियों का लगभग 5% है। कंपनी को FY21 में 4,589 करोड़ रुपए का घाटे हुआ है, जो किसी भी भारतीय स्टार्टअप का दर्ज अब तक का सबसे बड़ा घाटा है।

## चेन्नई सुपर किंग्स के साथ बने रहेंगे जडेजा

### टीम मैनेजमेंट उनको रिलीज करने को राजी नहीं, 15 नवंबर तक रिटेन खिलाड़ियों की देनी है सूची




चेन्नई, 4 नवंबर (एजेंसियां)। पिछले साल आईपीएल के बीच सीजन में टीम को छोड़ने वाले रविंद्र जडेजा चेन्नई सुपर किंग्स के साथ बने रहेंगे। टीम मैनेजमेंट उनको रिलीज नहीं कर रहा है। कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने टीम मैनेजमेंट को कहा है कि वह जडेजा को टीम में चाहते हैं। वहीं आईपीएल टीमों को 2023 के लिए रिटेन खिलाड़ियों की लिस्ट 15 नवंबर तक सौंपना है।

दरअसल जडेजा की टीम मैनेजमेंट से दूरी की बात सामने आ रही थी। पिछले आईपीएल सीजन के शुरुआत में जडेजा को टीम की कप्तानी सौंपी गई थी। वह टीम मैनेजमेंट और धोनी से विवाद के बाद बीच में ही टीम को छोड़कर लौट गए थे। बाद में उन्होंने इंजरी का हवाला दिया था। वहीं उन्होंने सोशल मीडिया से सीएसके से संबंधित सभी पोस्ट को डिलीट कर दिया था। जिसके बाद मीडिया में यह रिपोर्ट आई कि जडेजा सीएसके की मैनेजमेंट से नाराज हैं और वह अगले सीजन में सीएसके छोड़ सकते हैं।

अब मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक सीएसके के सीईओ काशी विश्वानथन ने कहा कि जडेजा टीम के अहम सदस्य हैं और वह फ्रेंचाइजी के साथ रहेंगे।

**जडेजा सबसे ज्यादा कीमत पर हुए थे रिटेन**

पिछले सीजन में चेन्नई सुपर किंग्स ने रविंद्र जडेजा को महेंद सिंह धोनी से ज्यादा पैसों में रिटेन किया था। उन्होंने 16 करोड़ रुपये मिले थे, जबकि धोनी को 12 करोड़ रुपये में रिटेन किया था। जडेजा 2012 से चेन्नई सुपर किंग्स के साथ जुड़े थे। 0 सालों में उन्होंने टीम के साथ दो खिताब जीते।

**8 मैचों में सीएसके की कप्तानी**

जडेजा पिछले सीजन में सीएसके को बीच में छोड़ने से पहले उन्होंने 8 मैचों में टीम की कप्तानी की। जिसमें टीम को 6 में हार मिली थी और केवल दो मैचों में ही टीम को जीत मिली थी।

# फर्जी दावों के घोटाले में शामिल गिरोह का भंडाफोड़, दो गिरफ्तार



वारंगल, 4 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। वारंगल के पुलिस आयुक्त डॉ. तरुण जोशी ने कहा कि एक संयुक्त अभियान में, नरसमपेट और नेकोंडा पुलिस के साथ टास्कफोर्स की टीमों ने श्रम विभाग में फर्जी दावों के एक घोटाले में शामिल एक गिरोह का भंडाफोड़ किया और शुक्रवार को यहां दो लोगों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किए गए नेक्कोंडा गांव के रापाका वीरभद्रस्वामी (47) और चेन्नारावपेट गांव के परशा रवि (39) हैं और अन्य आरोपी एल. नरसिम्हा, चंदू, एल. पुलिया, चिंदम अशोक और मोहम्मद अली, एक सहायक श्रम अधिकारी (एएलओ) शामिल हैं। श्री जोशी ने कहा कि पुलिस ने गिरफ्तार किए गए लोगों के पास से एलओ एमडी अली की मदद से 10 दावा आवेदनों, एक सीपीयू, मॉनिटर, एक स्मार्ट फोन और 5,000 रुपये नकद के साथ एप्रमाण पत्र की प्रतियां जब्त की हैं।

पूछताछ के दौरान, उन्होंने खुलासा किया कि उन्होंने तेलंगाना भवन और अन्य निर्माण श्रमिक कल्याण बोर्ड' के माध्यम से राज्य सरकार द्वारा मजदूरों को दी गई 10 विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाया है। उन्होंने फोटो, आधार कार्ड, राशन कार्ड, छोटी राशि की पेशकश करने वाले मजदूरों की बैंक पासबुक एकत्र की और फर्जी प्रमाण पत्र के माध्यम से बोर्ड से भारी मात्रा में धन का दावा किया। उन्होंने कहा कि एएलओ ने जमीनी स्तर पर उचित सत्यापन के बिना आवेदनों का समर्थन करके उनकी मदद की।

सीपी ने गिरोह के सदस्यों को गिरफ्तार करने के लिए अतिरिक्त डीसीपी वैभव रघुनाथ गायकवाड़, एसीपी (टास्क फोर्स) डॉ. एम. जितेंद्र रेड्डी, इंस्पेक्टर वी. नरेश कुमार, एन वेंकटेश्वरलू, एसआईयू लवन कुमार और नरसमपेट और नेकोंडा पुलिस के अधिकारियों की सराहना की है।

## विधायक खरीद मामला : टीआरएस के 4 विधायकों की सुरक्षा बढ़ाई गई

हैदराबाद, 4 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। सत्तारूढ़ तेलंगाना राष्ट्र समिति (टीआरएस) के चार विधायकों को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के तीन एजेंटों द्वारा कथित रूप से पार्टी छोड़ने में विफल होने की साजिश को लेकर जारी विवाद के बीच, राज्य सरकार ने शुक्रवार को चार विधायक पायलट रोहित रेड्डी, जी. बालराजू, बी. हर्षवर्धन रेड्डी और रेगा कांता राव की सुरक्षा बढ़ा दी है। विधायकों को उनके आवासों के साथ-साथ उनके आवासों पर 4+4 सुरक्षाकर्मियों के साथ एक बुलेट प्रूफ वाहन प्रदान किया गया।

27 अक्टूबर को, साइबराबाद पुलिस ने टीआरएस विधायक पायलट रोहित रेड्डी की शिकायत पर मामला दर्ज किया, जिन्होंने दावा किया था कि तीन आरोपी रामचंद्र भारती, नंदकुमार और सिंह्याजी नंदू सौदे के तहत फार्महाउस आए और उन पर भाजपा में शामिल होने 'दबाव' दिया।

# आरटीआई अधिनियम पारदर्शिता लाने का एक शक्तिशाली उपकरण : वनजा सरना

### सूचना आयुक्त, सीआईसी ने वायु सेना अधिकारियों को संबोधित किया

हैदराबाद, 4 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। भारतीय वायु सेना द्वारा प्रायोजित और लोक प्रशासन केंद्र, डॉ एमसीआर एचआरडी संस्थान, तेलंगाना सरकार द्वारा संचालित सूचना के अधिकार अधिनियम पर एक एडवांस कोर्स में भाग लेने वाले देश भर से भारतीय वायु सेना के वरिष्ठ अधिकारियों को मुख्य सूचना आयुक्त, सीआईसी वनजा एन सरना ने संबोधित किया। श्रीमती सरना ने कहा कि आरटीआई अधिनियम शासन की प्रकृति और गुणवत्ता में पारदर्शिता लाने और यह सुनिश्चित करने के लिए कि यह नागरिक केंद्रित है, एक शक्तिशाली उपकरण है। इसलिए, उन्होंने अधिकारियों से आरटीआई अधिनियम के तहत उनके द्वारा प्राप्त आवेदनों को उच्च महत्व के साथ संसाधित करने का आह्वान किया। अपने संबोधन को जारी रखते हुए उन्होंने अधिकारियों से आरटीआईए आवेदनों में उठाए गए प्रश्नों को



उनके वास्तविक और कुल संदर्भ के संदर्भ में समझने, विभिन्न स्रोतों से प्रासंगिक जानकारी एकत्र करने और एक व्यापक, संगठित और बिंदुवार उत्तर भेजने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, "आरटीआई आवेदनों का एक बड़ा हिस्सा पदोन्नति, ग्रेच्युटी, पेंशन आदि जैसे प्रशासन से संबंधित मुद्दों से संबंधित है। एक मजबूत शिकायत निवारण तंत्र की उपस्थिति आरटीए आवेदनों को कम करने में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।", बेनहुर महेश दत्त एक्का, आईएएस, डीजी, डॉ एमसीआर एचआरडी इंस्टीट्यूट और तेलंगाना सरकार के प्रधान सचिव ने भारतीय वायु सेना के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बातचीत में सूचना के अधिकार पर अधिक से अधिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों की अवधारणा और निष्पादन के महत्व को रेखांकित किया। इस अवसर पर बोलते हुए एयर वाइस मार्शल आरएस सिंह, वीएसएम ने कहा कि डॉ एमसीआर एचआरडी संस्थान द्वारा आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रमों ने पेशेवर स्पर्श के साथ आरटीआई आवेदनों को संभालने में भारतीय वायु सेना के अधिकारियों को सशक्त बनाने में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

अनीता राजेंद्र, संयुक्त महानिदेशक और तेलंगाना सरकार के सचिव ने श्रीमती वनजा एन सरना, एयर वाइस मार्शल आरएस सिंह, वीएसएम और अन्य का स्वागत किया।

## अज्ञात वाहन ने बाइक को कुचला, दो की मौत

निर्मल, 4 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद-नागपुर राष्ट्रीय राजमार्ग 44 पर गुरुवार की रात सोन मंडल के कडथल गांव में एक अज्ञात वाहन ने मोटरसाइकिल को कुचल दिया, जिससे दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। घटना का खुलासा शुक्रवार को हुआ। सोन सब-इंस्पेक्टर एस. रविंदर ने कहा कि पीड़ितों में निजामाबाद जिले के फोटोग्राफर मुबस्सिर (28) और महाराष्ट्र के नांदेड़ जिले के राजमिस्त्री अमीर पठान (26) थे। घायल व्यक्ति अमीर का चचेरा भाई तौफीक खान (26) था, जो निर्मल शहर के बेस्टवारपेट का एक वीडियोग्राफर है।

रात करीब 11.30 बजे जब वाहन दोपहिया वाहन से टकरा गया तो मुबस्सर और आमिर की मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना के समय तीनों अपने रिश्तेदारों को शादी का निमंत्रण पत्र बांटकर निर्मल शहर लौट रहे थे। आरोप है कि वाहन चालक द्वारा तेज गति और लापरवाही से वाहन चलाने से यह हादसा हुआ। तौफीक खान के भाई आसिफ खान ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। जांच-पड़ताल की गई।

# दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र को खत्म करने पर तुले हैं मोदी और केसीआर : निरंजन

हैदराबाद, 4 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। टीपीसीसी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष जी. निरंजन ने आज आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र को खत्म करने पर तुले हैं। आज यहां एक प्रेस नोट में, टीपीसीसी के वरिष्ठ नेता ने कहा कि केसीआर और मोदी दोनों देश में लोकतंत्र को नुकसान पहुंचा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुनुगोड़े उपचुनाव में गुरुवार को हुए मतदान में टीआरएस और भाजपा दोनों दलों द्वारा धन और शराब का वितरण स्पष्ट रूप से स्पष्ट है। उन्होंने आरोप लगाया कि मतदाताओं ने मतदान केंद्रों पर वोट डालने के लिए अपनी इच्छा के अनुसार पैसे की मांग की। इस तरह की बिगड़ती स्थिति पैदा



करने के लिए कौन जिम्मेदार है? क्या इस तरह की खराब स्थिति के लिए केसीआर और मोदी जिम्मेदार नहीं हैं। निरंजन ने कहा कि राष्ट्रीय चैनल इन शर्मनाक घटनाओं का विवरण प्रसारित करते हैं जहां मतदाता वोट डालने के लिए पैसे की मांग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि टीआरएस अध्यक्ष केसीआर ने राष्ट्रीय समाचार चैनलों में इस प्रसारण पर शर्म महसूस करने के बजाय, फार्म हाउस प्रकरण का हवाला देते हुए देश में लोकतंत्र को नुकसान पर अपना रोना व्यक्त करने के लिए एक प्रेस मीट बुलाई। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राष्ट्रीय स्तर पर विपक्ष को खत्म करने की कोशिश कर रहे हैं और सीएम केसीआर राज्य स्तर पर विपक्ष को खत्म करने की कोशिश कर रहे हैं। फार्म हाउस प्रकरण केवल इसी नाटक का एक हिस्सा है, उन्होंने कहा कि टीआरएस ने पल्ली रविकुमार को छीन लिया, जो नामांकन पत्र दाखिल करने के समय कांग्रेस उम्मीदवार के साथ थे और प्रस्तावक के रूप में हस्ताक्षर किए थे। इसी तरह, बूरा नरसैय्या गौड़ नामांकन पत्र दाखिल करते समय टीआरएस उम्मीदवार के साथ थे, लेकिन बाद में उन्हें भाजपा ने छीन लिया। ये बदसूरत घटनाएं टीआरएस और बीजेपी के अलोकतांत्रिक तरीकों को साबित करती हैं और उन्हें लोकतंत्र के बारे में बोलने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। निरंजन ने कहा कि सीएम केसीआर ने कांग्रेस विधायकों को एक-एक करके लालच दिया और उन्हें जिस टीआरएस पार्टी में शामिल किया और अब वह कह रहे हैं कि वे लोकतांत्रिक तरीके से शामिल हुए। वह लोकतंत्र को अपनी परिभाषा दे रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि सीएम केसीआर खुद एक तानाशाह के रूप में राज्य पर शासन कर रहे हैं और अब रो रहे हैं कि लोकतंत्र खतरे में है। हालांकि, लोग निकट भविष्य में मोदी और केसीआर दोनों को सबक सिखाएंगे और देश में लोकतंत्र को बचाएंगे।

## बाइक के टकराने से दो युवकों की मौत

हैदराबाद, 4 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। शुक्रवार की तड़के नल्लाकुंटा में बाइक सवार दो युवकों की सड़क के बीचों बीच टक्कर हो जाने से दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गयी।

20 साल उम्र के पीड़ित उस्मानिया विश्वविद्यालय से नल्लाकुंटा की ओर जा रहे थे, जब दुर्घटना हुई। पुलिस का मानना है कि बाइक सवार बहुत तेज गति से चला रहा था, तभी उसने नियंत्रण खो दिया और दोपहिया वाहन को बीच वाले रास्ते से जा टकराया। शवों को पोस्टमार्टम के लिए गांधी अस्पताल के मुर्दाघर ले जाया गया। नालकुंटा पुलिस मामले की जांच कर रही है।







## विधायक घोटाले के पीछे केसीआर का हाथ : डीके अरुणा

हैदराबाद, 4 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। पूर्व मंत्री और भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डीके अरुणा ने गुरुवार की प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान सीएम द्वारा लगाए गए आरोपों पर मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव की आलोचना की। मुख्यमंत्री के आरोपों का खंडन करते हुए अरुणा ने मजाक उड़ाया कि अभी भी विधायक घोटाले के लिए उन्हें नकदी के बारे में पता नहीं हैं। केसीआर को अभी भी यह नहीं पता है कि विधायक घोटाले के लिए नकदी का आरोपी सत्ताधारी पार्टी के एक विधायक के फार्महाउस पर क्यों आया। वह नहीं जानते कि क्या आरोपी टीआरएस पार्टी के चार विधायकों को खरीदने आए थे।



उन्होंने आरोप लगाया कि सीएम केसीआर को उनकी पार्टी के दलित विधायक और सांसद पसंद नहीं हैं। उन्होंने कहा कि लोगों ने महसूस किया है कि केसीआर इस मुद्दे पर नाटक कर रहे हैं और कहा कि सीएम को भाजपा की आलोचना करने का कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि घोटाले में शामिल चार विधायकों में से तीन कांग्रेस पार्टी से आए हैं।

## नाबालिग का यौन शोषण करने वाले शख्स को 7 साल कैद की सजा

हैदराबाद, 4 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। 2019 में राजेंद्रनगर में दर्ज एक नाबालिग लड़की के यौन उत्पीड़न के मामले में एक स्थानीय अदालत ने शुक्रवार को एक व्यक्ति को सात साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई। अदालत ने उस पर 10,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया।

लड़की के पड़ोस में रहने वाले राजेंद्रनगर के एक व्यापारी एस सुभाष (33) ने उसे बहला-फुसलाकर कई बार यौन शोषण किया। एक लड़की की शिकायत के आधार पर, राजेंद्रनगर पुलिस ने मामला दर्ज किया है और बाद में सुभाष को गिरफ्तार कर लिया है।

## दुलापल्ली टी-जंक्शन के आसपास 31 दिसंबर तक ट्रैफिक एडवाइजरी जारी

हैदराबाद, 4 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। साइबराबाद पुलिस ने सेंट मार्टिन इंजीनियरिंग कॉलेज में दुलापल्ली टी-जंक्शन और दुलापल्ली गांव के बीच 31 दिसंबर तक पुलिया के निर्माण के मद्देनजर ट्रैफिक एडवाइजरी जारी की है। मेडचल से कोमपल्ली और दुलापल्ली 'टी' जंक्शन के माध्यम से दुलापल्ली और बहादुरपल्ली गांवों की ओर आने वाले यातायात को मेडचल चेकपोस्ट और कांडलकोया पर सुतारीगुडा-अयोध्या जंक्शन-गंडीमैसम्मा-बहादुरपल्ली जंक्शन से दुलपल्ली गांव की ओर मोड़ दिया जाएगा। सुचित्रा जंक्शन से दुलापल्ली टी-जंक्शन के माध्यम से दुलापल्ली और बहादुरपल्ली गांवों की ओर यातायात सुचित्रा जंक्शन बाएं मोड़-कुतुबुल्लापुर गांव-कुतबुल्लापुर जीएचएमसी कार्यालय 'वाई' जंक्शन दाएं मोड़-शापुरनगर-जीडिमेटला औद्योगिक क्षेत्र जेईटीएल हाई-टेंशन रोड-धूलपल्ली की ओर और बहादुरपल्ली गांव मोड दिया जाएगा।

बहादुरपल्ली और दुलापल्ली गांवों से दुलापल्ली टी-जंक्शन के रास्ते सुचित्रा जंक्शन की ओर जाने वाले वाहनों को दुलापल्ली गांव एनटीआर स्टैच्यू-जीडिमेटला औद्योगिक क्षेत्र-जेईटीएल जंक्शन बाएं मोड़-शापुरनगर-कुतबुल्लापुर 'वाई' जंक्शन-कुतबुल्लापुर गांव-सुचित्रा जंक्शन पर डायवर्ट किया जाएगा।




## राज्यपाल ने 'स्वतंत्र स्पूर्ति-तेलुगु दीप्ति' पुस्तक का विमोचन किया

विजयवाड़ा,4 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। आंध्र प्रदेश के राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने यहां राजभवन में आयोजित एक कार्यक्रम में 'आजादी का अमृत महोत्सव' समारोह के उपलक्ष्य में 'स्वतंत्र स्पूर्ति-तेलुगु दीप्ति' शीर्षक से तेलुगु में लाई गई एक पुस्तक का विमोचन किया।राज्यपाल हरिचंदन ने की डॉ. बी.ए. के प्रयासों की सराहना रेड्डी, अध्यक्ष और कला संघों के अन्य सदस्यों को स्वतंत्रता आंदोलन में उनके योगदान के बारे में संक्षिप्त जानकारी के साथ दोनों तेलुगु राज्यों के 133 प्रख्यात स्वतंत्रता सेनानियों के चित्रण वाली 'स्वतंत्र स्पूर्ति- तेलुगु दीप्ति' पुस्तक लाने के लिए धन्यवा दिया। उन्होंने कहा कि पुस्तक से युवा और बच्चे लाभान्वित होंगे और यह सभी के बीच देशभक्ति की भावना को फिर से जगाने में एक लंबा सफर तय करेगा।




स्वतंत्र वार्ता
Email :
svaarttha2006@gmail.com
svaarttha@rediffmail.com
svaarttha2006@yahoo.com
Epaper :
epaper.swatantravaartha.com
For Advertisement :
swadds1@gmail.com

## नौकरी, दोस्ती का ऑफर कर सकता है बर्बाद

### साइबराबाद पुलिस ने लोगों को किया आगाह

हैदराबाद, 4 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। साइबर अपराधों में तेजी से बढ़ रहे है। नौकरी के नाम पर, दोस्ती करना, लॉटरी जीतना आदि के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले लोगों को अपना शिकार बना रहे है। ऐसे मामले पर दिन पर दिन पर बढ़ते जा रहे हैं और लोग अपनी मेहनत की कमाई खो रहे हैं। आए दिन लोगों को एचआर बनकर धोखाधड़ी करने वाले नौकरी देने का मैसेज दे रहे है। नौकरी में भारी वेतन देने का लालच दिया जा रहा है। इसके साथ ही प्रतिदिन हजारों रुपए कमाने का ऑफर दिया जा रहा है। इसी तर दोस्ती का ऑफर लड़कियों के नाम पर दिया जा रहा है। दोस्तों के साथ नॉन-स्टॉप चैट के साथ फोन काल करने की बात कही जा रही है। साइबराबाद पुलिस का कहना है कि ऐसे संदेशों से सावधान रहें जिनका उद्देश्य विभिन्न तरीकों से भोले-भाले लोगों को धोखा देना है। सबसे अच्छी बात यह है कि अपने नंबर का उल्लेख किए बिना किसी दूसरे के संदेश को हटा दिया जाए।




Printed and published by Dr. Gireesh Sanghi on behalf of AGA Publications Ltd., at 396, Lower Tankbund, Hyderabad-500080 Editor: *Dhirendra Pratap Singh *responsible for selection of news under the PRB Act. Postal Licence H/SD/380/21-22, Phone:27644999. Fax:27642512, RNI No.69340/98, Regd.:No.AP/HIN/00196/01/1/97/TC.